7 तब यहोवा नूह स कहेस, "मइँ लखेउँ ह कि इ समइ क बुरे मनइयन मँ तू ही एक नीक मनई अहा। ऍह बरे तू आपन परिवार क बटोरा अउ तू पचे सबहिं जहाजे मँ चला जा। 2हर एक सुद्ध जनावर क सात जोड़ा, (सात ठु नर अउ सात ठु मादा) संग मँ लइ ल्या अउ धरती क ऊपर दूसर असुद्ध जनावरन मँ स एक एक जोड़ा नर अउ मादा लिआवा। इ सबहिं जनावरन क आपन संग जहाजे मँ लइ आवा। 3हवा मँ उड़इवाला सब पंछिन क सात ठु जोड़ा (सात ठु नर अउ सात ठु मादा) लिआवा। एहसे इ सबइ जनावरन भुइँया प जिअत रइहीं, जब कि दूसर जनावरन मिटि जइहीं। 4अब स सतएँ दिन मइँ भुइँया प बहोतइ भारी बर्खा पठउब। इ बर्खा चालीस दिन अउ चालीस रात रही। पृथ्वी क सबहिं जिअइवाले प्राणी मर बिलाइ जइहीं। मोर बनई सब चिजियन नस्ट होइ जइहीं।" 5नूह ओन सबहिं बतियन क मानेस जउन यहोवा हुकुम दिहे रहा। 6बर्खा आवइ क टेँम नूह छः सौ बरिस क रहा। 7नूह अउ ओकर परिवार बाढ़ क पानी स बचइ बरे जहाजे मँ चला गवा। नूह क मेहरारु, ओकर पूतन अउ ओनकइ मेहररुअन ओकरे संग रहिन। 8पृथ्वी क सब सुध्द जनावरन अउ असुध्द जनावरन, पंछियन अउ भुइँया प रेंगइवाला सब जीउ। नूह क संग जहाजे मँ चढ़ेन। 9इ सबइ जनावरन क नर अउ मादा जोड़ा परमेस्सर क हुकुम स जहाजे मँ चढ़ेन। 10सात दिना पाछे बाढ़ सुरु भइ। धरती प बर्खा होइ लाग।

11-13दूसर महीना क सतरहें दिन, जब नूह छःसौ बरिस क रहा, धरती क नीचे क सब सोता फूट पड़ेन अउ धरती स पानी बहब सुरु होइ गवा। उहइ दिन धरती प भारी बर्खा होइ लाग। अइसा लाग माना कि अकासे क खिड़की खुल गइ होइ। चालीस दिन अउ चालीस रात तलक बर्खा धरती प होत रही।" ठीक उहइ दिन नूह, ओकर मेहरारु, ओकर पूत, सेम, हाम अउ येपेत अउर ओकर मेहररुअन जहाजे प चढ़ेन। 14उ पचे अउ धरती प हर किसिम किसिम क जनावर जहाजे मँ रहेन। हर तरह क गोरु, धरती प रेंगइवाले हर किसिम क जीउ अउ हर तरह क पंछी जहाजे मँ रहेन। 15इ सबइ जनावरन नूह क संग जहाजे मँ रहेन हर जाति क जिअत जनावरन क इ सबइ जोड़ा रहेन। 16परमेस्सर क हुकुम क मुताबिक सबहिं जनावरन जहाजे मँ चढ़ेन। ओकरे भीतर जाए क पाछे यहोवा दरवाजा बन्द कइ दिहस।

17चालीस दिना तलक भुइँया प पानी क प्रलय होत रहा। पानी बाढ़ब सुरु भवा अउ उ जहाजे क धरती स ऊपर उठाइ दिहस। 18पानी बाढ़त रहा अउ जहाज धरती स बहोतई ऊपर तैरत रहा। 19पानी ऍतना ऊँच उठा कि ऊँचा त ऊँचा पहाड़ भी पानी मँ बूड़ गएन। 20पानी पहाड़े क ऊपर बहत रहा। पानी सब स ऊँच पहाड़े स पन्द्रह हाथ ऊँच रहा।

21-22धरती क सब जीउ मारा गएन। हर एक मेहरारु अउर मनई मरि गएन। सबहिं पंछी अउ सबहिं तरह क जनावर मर गएन। सबहिं तरह क जनावरन अउर रेंगइवालन जनावरन मरि गएन। धरती क हर एक जीउ, सांस लेइवालन परानी मरि गएन। 23इ तरह परमेस्सर धरती क सब जिअत हर एक मनई, हर एक जनावर, हर एक रेगंइवाला जीउ अउ हर एक पंछी क नास कइ दिहस। इ सबइ धरती स खतम होइ गएन। सिरिफ नूह, ओकरे संग जहाजे मँ चढ़े मनइयन अउ जनावरन क जिन्नगी बची रही। 24अउर पानी एक सौ पचास दिना तलक भुइँया क बोरे रहा।

पानी क प्रलय खतम होत ह

8 मुला परमेस्सर नूह क नाहीं बिसरा। परमेस्सर नूह अउ जहाजे मँ ओकरे संग रहइवालन सब पसुअन अउ जनावरन क सुमिरे रहा। परमेस्सर धरती प हावा चलाएस अउ सारा पानी घटइ होइ लाग। 2अकासे स बर्खा थमि गइ अउ धरती क नीचे स पानी बहब रुकि गवा। 3धरती क बोरइवाला पानी लगातार घटत चला गवा। एक सौ पचास दिन पाछे पानी ऍतना उतरि गवा कि जहाज फुनि स धरती प उतरा। 4जहाज अरारात क पहाड़न मँ स एक प आइके टिक गवा। इ सतएँ महीना क सत्रहवाँ दिन रहा। 5पानी उतरत गवा अउ दसवें महीना क पहिला दिन पहाड़न क चोटी पानी क ऊपर देखॉए देइ लाग।

6जहाजे मँ बनी खिड़की क नूह चालीस दिन पाछे खोलेस। 7नूह एक कौआ क बाहेर उड़ाएस। कौआ उड़िके तब तलक फिरतइ रहा जब तलक धरती पूरी तरह झुराइ न गइ। 8नूह एक ठु फ़ाक्ता भी बाहेर पठएस। उ इ जानइ चाहत रहा कि पानी धरती प घटि गवा या नाहीं।

9फ़ाक्ता क कहूँ बइठइ क ठउर नाहीं मिला काहेकि अबहुँ तलक पानी धरती प फइला रहा। ऍह बरे उ नूह क निअरे जहाजे प पुनि लौटि आवा। नूह आपन हाथ फइलाइके फ़ाक्ता क जहाजे प वापस भितरे लइ लिहेस।

10सात दिन पाछे नूह फुनि फ़ाक्ता क पठएस। 11उ दिन दुपहर क पाछे फ़ाक्ता नूह क लगे आवा। फ़ाक्ता क मुँह मँ एक ठु ताजी जइतून क पाती रही। इ चीन्हा नूह क इ बतावइ बरे रहा कि अब धरती प झुरान भुइँया अहइ। 12नूह सात दिन पाछे फुन फ़ाक्ता क पठएस। मुला इ टेम फ़ाक्ता लौटा ही नाहीं।

13ओकरे पाछे नूह जहाजे क दरवाजा खोलेस। नूह लखेस अउ पाएस कि भुइँया झुरान बा। इ नूह क छः सौ एक बरिस क पहिले महीना क पहिला दिन रहा। 14दूसर महीना क सत्ताइसवाँ दिन तलक भुइँया पूरी तरह झुराइ गइ।

15तब परमेस्सर नूह स कहेस, 16"जहाज क तजा। तू, तोहार पत्नी तोहार पूत लोग अउ ओनकइ मेहररुअन सब अब बाहेर आवा। 17हर एक जिअत प्राणी, सब पंछी, जनावरन अउ भुइँया प रेगंवालन सबहिं क जहाज स बाहेर लिआवा। इ सबइ जनावरन बहोत स जनावरन पइदा करिहीं अउ भुइँया क भरि देइहीं।"

18ऍह बरे नूह आपन पूतन, आपन मेहरारु, आपन पूतन क मेहरारुअन क संग जहाज स बाहेर आवा। 19सबहिं जनावरन, सब रेगंइवाला जीउ अउ सब पंछी जहाज क तजि दिहेन। सब जनावर जहाज स नर अउ मादा क जोड़ा क संग बाहेर आएन।

20तब नूह यहोवा बरे एक वेदी बनाएस। उ कछू सुध्द पंछियन अउ कछू सुध्द जनावरन क लिहेस अउ ओनका वेदी प परमेस्सर क भेंट क रुप मँ बारेस।

21यहोवा इ सब बलिदानन क सुगन्धि पाइके खुस भवा। यहोवा मन-ही-मन कहेस, "मइँ फिन कबहुँ मनई क कारण भुइँया क न सरापब। मनई छोटी उम्र स ही बुरी बात सोचइ लागत ह। ऍह बरे जइसा मइँ अबहिं किहेउँ ह। इ तरह अब मइँ कबहुँ सब प्राणियन क सजा न देब। 22जब तलक इ भुइँया रही तब तलक यह पइ फसल पइदा करइ अउ फसल काटइ क समइ हमेसा रही। भुइँया प गरमी अउ जाड़ा अउ दिन अउ रात हमेसा होत रइहीं।"

नई सुरुआत

9 परमेस्सर नूह अउ ओकर पूतन क असीसेस अउ ओनसे कहेस, "बहोत स बच्चा पइदा करा अउ आपन लोगन स भुइँया भरि द्या। 2भुइँया क सब जनावरन तोहरे डरे स थरथरइहीं अउ अकासे क हर एक पंछी तोहसे डरिहीं। भुइँया प रेंगइवाला हर एक जीउ अउ समुद्दर क हर एक मछरी तू मनइयन क अदब करी अउ तू पचन स डेराइ। तू इ सबहिं क ऊपर हुकुम चलउब्या। 3बीते भए समइ मँ तू पचन क मइँ हर एक ठु पेड़-पौधा खाइ बरे दिहेउँ रहेउँ। अब हर एक जनावर भी तोहार भोजन होइ। मइँ भुइँया क हर चीज तू पचन क देत हउँ-अब इ सबइ तोहार अहइँ। 4किन्तु मइँ तू पचन क एक हुकुम देत अहउँ कि तू कउनो जनावरन क तब तलक न खाया जब तलक ओहमा ओनका रकत बाटइ। 5मइँ तोहरी जिन्नगी क बदले तोहार रकत माँगब कहइ क अरथ अहइ मँइ उ जानवरे क जिन्नगी माँगब जउन कउनो मनई क मारी। अउर मँइ उ मनई क जिन्नी माँगब जउन दूसरे मनई क मारी।

6"परमेस्सर मनई क आपन सरुप मँ बनाएस ह। ऍह बरे जउन कउनो मनई क खून बहाइ, ओकर खून मनई क जरिये बहावा जाइ।

7"नूह तोहका अउ तोहरे पूतन क ढेर लरिका होइँ अउ धरती क मनइयन स भाँठि द्या।"

8तब परमेस्सर नूह अउ ओकरे पूतन स कहेस, 9"अब मइँ तोहका अउ तोहरे सन्ताने क बचन देत हउँ। 10मइँ इ बचन तोहरे संग जहाजे स बाहेर आवइवालन सबहिं पंछिन, सब गोरुअन अउ सब जनावरन क देत हउँ। मइँ धरती पइ रहइवालन सबहिं वस्तुअन क बचन देत हउँ। 11मइँ तोहका बचन देत हउँ, "पानी क बाढ़ स धरती क सब जिन्नगी बर्बाद होइ गइ मुला अब इ कबहुँ न होइ। अब बाढ़ फिन कबहुँ धरती क जिन्नगी क बर्बाद न करी।"

12अउर परमेस्सर कहेस, "इ सिद्ध करइ बरे मइँ तोहका इ बचन दिहेउँ ह कि मइँ तोहका कछू देब। इ सबूत बताइ कि मइँ तोहसे अउ भुइँया क सबहिं जिअत प्राणियन स एक ठु करार किहेउँ ह। इ करार भविस्स मँ सदा बनी रही जेकर सबूत इ अहइ। 13कि मइँ बदरन मँ इन्द्र धनुख बनाएउँ ह। इन्द्र धनुख मोरे अउ भुइँया क बीच करार क सबूत अहइ। 14जब मइँ भुइँया क ऊपर बदरे क लिआउब तउ तू बादरन मँ इन्द्र धनुख देखब्या। 15जब मइँ इ इन्द्र धनुख क निहारब तबहि मइँ तोहरे, भुइँया क सबहिं जिअत प्राणियन अउ आपन बीच भई करार क सुमिरब। इ करार इ बात क बाटइ कि बाढ़ फुन कबहुँ भुइँया क प्राणियन क नास न करी। 16जब मइँ धियान स बादरन मँ इन्द्र धनुख क निहारब तब मइँ सदा बनी रहइवाली करार क सुमिरब। मइँ आपन अउ भुइँया क सब जिअत प्राणियन क बीच भइ करार क सुमिरब।"

17इ तरह यहोवा नूह स कहेस, "उ इन्द्र धनुख मोरे अउ भुइँया क सब जिअत प्राणियन क बीच भइ करार क सबूत बाटइ।"

समस्या फुन सुरु होत हीं

18नूह क पूत लोग ओकरे संग जहाज स बाहेर आएन। ओनकइ नाउं सेम, हाम अउ येपेत रहेन। (हाम तउ कनान क बाप रहा।) 19इ तीनउ नूह क पूतन रहेन अउ संसारे क सबहि मनई इ तीनउ स पइदा रहेन।

20नूह किसान बना। अंगूर क बगिया लगाएस। 21नूह अंगूर क दाखरस बनाएस अउ पिएस। उ दाखरस पीके मस्त होइ गवा अउ तम्बू मँ लोटि गवा। उ कउनो ओढ़ना नाहीं पहिरे रहा। 22कनान क बाप हाम अपने बाप क नंगा देखेस। उ तम्बू स बाहेर आपन भइयन क बताएस। 23तबहिं सेम अउ येपेत एक ठु ओढ़ना लिहस। उ दुइनउँ ओढ़ना क पीठ प डाइके उलटे मुहँ तम्बू मँ गएन। उ पचे आपना बाप उ नंगापन क ढाँक दिहस जबकि उ समइ ओकर मुहँ क रुख तम्बू क समन्वा रहा। इ तरह उ पचे आपन बाप क नंगापन नाहीं लखेन।

24पाछे नूह सोइके उठा। (उ दाखरस क नसा क कारण सोअत रहा।) तब ओका पता लाग कि ओकर सब त नान्ह पूत हाम ओकरे संग का किहे रहा।

25ऍह बरे नूह सराप दिहेस,

"इ सराप कनान बरे होइ कि उ आपन भइयन क दास होइ।"

26नूह इ भी कहेस,

"सेम क परमेस्सर यहोवा धन्न होइ! कनान सेम क दास होइ।

27परमेस्सर येपेत क जिआदा भुइँया देइ। परमेस्सर सेम क तम्बू मँ रहइ अउर कनान ओकर दास बनइ।"

28बाढ़ क पाछे नूह साढ़े तीन सौ बरिस जिअत रहा। 29नूह पूरा साढ़े नौ सौ बरिस जिअत रहा, तब उ मरा।

रास्ट्र बाढ़इ अउ फइल जाइ

10 नूह क पूत सेम। हाम अउ येपेत रहेन। बाढ़ क
पाछे इ तीनउँ बहोत स पूतन क बाप भएन। हिआँ
सेम, हाम अउ येपेत स पइदा होइवालन पूतन क सूची दीन्ह
जात अहइः

येपेत क संतानन

2येपेत क पूत रहेनः गोमेर, मागोग, मादै, यावान, तूबल,
मेसेक अउ तीरास।

3गोमेर क पूत रहेनः असकनज, रीपत अउ तोगर्मा

4यावान क पूत रहेनः एलीसा, तर्सीस, कित्ती अउ दोदानी।

5भूमध्य सागर क चारिहुँ कइँती तटे प जउन मनई रहइ
लागेन उ पचे येपेत क संतान ही रहेन। हर एक पूत क
आपन अलग प्रदेस रहा। सब परिवार बाढ़ेन अउ अलग
अलग रास्ट्र बन गएन। हर एक रास्ट्र क आपन आपन
भाखा रही।

हाम क संतानन

6हाम क पूत रहेनः कूस, मिस्र, फूत अउ कनान। 7कूस
क पूत रहेनः सबा, हवीला, सबता, रामा, सबूतका। रामा क
पूत रहेनः सबा अउ ददान। 8कूस क एक पूत निम्रोद नाउं
क भी रहा। निम्रोद भुइँया प बहोत बरिआर मनई भवा रहा।
9यहोवा क समन्वा निम्रोद, एक बड़का सिकरी रहा। ऍह बरे
लोग दूसर मनइयन क बराबरी निम्रोद स करत हीं अउर
कहत हीं, "इ मनई, यहोवा क समन्वा बड़का सिकारी निम्रोद
क तरह अहइ।"

10निम्रोद क राज्ज सिनार देस मँ बाबुल, एरेख, कलना
अउ अक्कद प्रदेस स सुरु भवा। 11निम्रोद अस्सूर मँ भी
गवा। हुवाँ उ नीनवे, रहोबोतीर, कालह अउ 12रेसेन नाउँ क
नगरन क बसाएस। (रेसेन, नीनवे अउ बड़का सहर कालह,
क बीच क सहर बाटइ।)

13मिस्रप (मिस्र) - लूद, अनाम, लहाब, नप्तूह, 14पत्रूस,
कसलूह अउ कप्तोर देसन क लोगन क बाप रहा।
(पलिस्ती लोग कसलूह लोगन स आए रहेन।) 15कनान
सीदोन क बाप रहा। सिदोन कनान क पहिला पूत रहा।
कनान, हित क भी बाप रहा। हित, हित्ती लोगन क बाप
रहा। 16अउर कनान, यबूसी, एमोरी, गिर्गासी, 17हिव्वी,
अर्की, सीनी, 18अर्वदी, समारी, हमाती लोगन क भी बाप
रहा। कनान क परिवार संसार क अलग अलग हींसा मँ
फइला रहेन,

19कनान लोगन क भुइँया उत्तर मँ सीदोन स दक्खिन मँ
गरार तलक, पच्छिम मँ अज्जा स पूरब मँ सदोम अउ
अमोरा तलक, अदमा अउ सबोयीम स लासा तलक रहा।

20इ सबइ लोग हाम क संतानन रहेन। उ पचे
परिवारन, भाखान, देसन अउर रास्ट्रन क अनुसार व्यवस्थित
रहेन।

सेम क संतानन

21सेम येपेत क बड़का भाई रहा। सेम क एक संतानन
एबेर हिब्रू लोगन क बाप रहा।

22सेम क पूत एलाम, अस्सूर, अर्पखद, लूद अउ अराम
रहेन।

23अराम क पूत ऊस, हूल, गेतेर अउ मस रहेन।

24अर्पखद सेलह क बाप रहा। सेलह एबेर क बाप रहा।
25एबेर क दुइ पूत रहेन। एक पूत क नाउँ पेलेग रहा।
ओका इ नाउँ ऍह बरे दीन्ह गवा काहेकि जिन्नगी क टेम मँ
धरती क बटवारा भवा। दूसर भाई क नाउँ योक्तान रहा।

26योक्तान अल्मोदाद, सेलेप, हसर्मावेत, येरह, 27यदोरवाम,
ऊजाल, दिक्ला, 28ओबाल, अबीमाएल, सबा, 29ओपीर
हवीला अउ योबाब क बाप रहा। इ सबहिं लोग योक्तान क
संतान भएन। 30इ सबइ लोग मेसा अउ पुर्बिहा पहाड़ी प्रदेस
क बीच क भुइँया मँ रहत रहेन। मेसा सपारा प्रदेस कइँती
रहा।

31उ लोग सेम क परिवारे स रहेन। उ सबइ परिवार,
परिवार क आधार पइ, भाखा क आधार पइ, देस क
आधार पइ अउर रास्ट्र क आधार पइ बँटा भवा रहा।

32नूह क पूतन स चलइ वाला परिवारन क इ सूची
अहइ। उ पचे आपन आपन रास्ट्र मँ बँटा भवा रहत रहेन।
बाढ़ क पाछे सारी भुइँया प फइलइवाला लोग भी एनही
परिवारे स निकरि आएन।

संसार बाँटि गवा

11 बाढ़ क पाछे संसार एक ही भाखा बोलत रहा। सब
लोग एक ही सब्द-भण्डार बइपरत रहेन। 2लोग
पूरब कइँती स बढ़ेन। ओनका सिनार देस मँ एक मइदान
मिला। लोग हुवाँ बसइ गएन। 3लोग कहेन, "हम पचन क
ईंटा बनउब अउ ओका पजावा मँ तपावइ चाही, ताकि उ
सबइ पक्की होइ जाईं।" ऍह बरे मनइयन आपन घर बनावइ
बरे पाथरन क जगह ईंटा क बइपरेन। अउ मनइयन चूना क
गारा क जगह राल क प्रयोग किहेन।

4लोग कहेन, "हम पचे आपन खातिर एक ठु सहर बनाई
अउ हम सबइ एक बहोत ऊँच इमारत बनाउब जउन अकासे
क छुइ। हम पचे नामी होइ जाब। अगर हम पचे अइसा
करब तउ पूरी धरती प बिखरेब नाहीं। हम पचे एक ही
ठउर प एक संग रहब।"

5यहोवा सहर अउ बहोत ऊँच इमारत क लखइ बरे
तरखाले आवा। यहोवा मनइयन क इ सब बनावत लखेस।
6यहोवा कहेस, "इ सबइ लोग एक भाखा बोलत हीं अउर
मइँ निहारत हउँ कि उ पचे इ काम खतम करइ बरे एकउटा
अहइँ। इ तउ, इ सबइ जउन कछू कइ सकत हीं ओकर,
सिरिफ सुरुआत अंहइ। हाली ही उ पचे सब कछू करइ
जोग्ग होइ जइहीं जउन इ पचे करइ चइहीं। 7ऍह बरे आवा
हम तरखाले चली अउ एनकइ भाखा क गड्डमड्ड कइ
देइ। तब उ पचे एक दूसर क बात न बूझि पइहीं।"

8यहोवा मनइयन क समूचइ धरती प फइलाइ दिहस।
ऍहसे मनइयन सहर क बनाउब पूरा नाहीं किहन। 9इहइ उ
ठउर रहा जहाँ यहोवा समूचइ संसार क भाखा क गड्डमड्ड
कइ दिहस। ऍह बरे इ ठउर क नाउँ बाबुल धरा गवा। इ
तरह यहोवा उ जगहिया स मनइयन क पृथ्वी क सब देसन
मँ फइलाएस।

सेम क परिवार क कहानी

10इ सेम क परिवारे क कहानी बाटइ। बाढ़ क दुइ बरिस
पाछे जब सेम सौ बरिस क रहा ओकर पूत अर्पखद क
जनम भवा। 11ओकरे पाछे सेम पाँच सौ बरिस जिअत रहा।
ओकरे दूसर पूत अउ बिटियन रहीं।
12जब अर्पखद पैंतीस बरिस क रहा ओकर पूत सेलह क
जनम भवा। 13सेलह क पइदा होइ क पाछे अर्पखद चार सौ
तीन बरिस जिअत रहा। इ दिन ओकर दूसर पूतन अउ
बिटियन पइदा भइन।
14सेलह क तीस बरिस होइ क पाछे ओकर पूत एबेर क
जन्म भवा। 15एबेर क जन्म क पाछे सेलह चार सौ तीन
बरिस जिअत रहा। इ दिनन मँ ओकरे पूतन अउ बिटियन
पइदा भएन।
16एबेर क चौंतीस बरिस क होइ क पाछे ओकरे पूत
पेलेग क जन्म भवा। 17पेलेग क जन्मे क पाछे एबेर चार
सौ तीस बरिस अउर जिअत रहा। इ दिनन मँ ओकरे दूसर
पूतन अउ बिटियन पइदा भइन।
18जब पेलेग तीस बरिस क भवा, ओकर पूत 'रु' क
जन्म भवा। 19'रु' क जन्म क पाछे पेलेग दुइ सौ नौ बरिस
अउर जिअत रहा। उ दिनन मँ ओकरे दूसर बिटियन अउ
बेटवन क जन्म भवा।
20जब रु बत्तीस बरिस क भवा, ओकरे पूत सरुग क
जन्म भवा। 21सरुग क जन्मे क पाछे रु दुइ सौ सात बरिस
अउर जिअत रहा। इ दिनन ओकरे दूसर बेटवन अउ बिटियन
पइदा भएन।
22जब सरुग तीस बरिस क भवा, ओकरे पूत नाहोर क
जन्म भवा। 23नाहोर क जन्म क पाछे सरुग दुइ सौ बरिस
अउर जिअत रहा। इ दिनन मँ ओकरे दूसर पूतन अउ
बिटियन क जन्म भवा।
24जब नाहोर उनतीस बरिस क भवा, ओकर पूत तेरह क
जन्म भवा। 25तेरह क जन्म क पाछे नाहोर एक सौ उन्नीस
बरिस अउर जिअत रहा। इ दिनन मँ ओकरे दूसर बिटियन
अउ बेटवन क जन्म भवा।
26तेरह जब सत्तर बरिस क भवा, ओकरे पूत अब्राम,
नाहोर अउ हारान क जन्म भवा।

तेरह क परिवार क कहानी

27इ तेरह क परिवार क कहानी अहइ। तेरह अब्राम,
नाहोर अउ हारान क बाप रहा। हारान लूत क बाप रहा।
28हारान आपन जन्मभूमि कसदियन क उर सहर मँ मरा। जब
हारान मरा तब ओकर पिता तेरह जिअत रहा। 29अब्राम अउ
नाहोर दुइनउँ आपन आपन बियाह किहन। अब्राम क मेहरारु
सारै रही। नाहोर क मेहरारु मिल्का रही। मिल्का हारान क
बिटिया रही। हारान मिल्का अउ यिस्का क बाप रहा। 30सारै
क कउनो बच्चा नाहीं रहा काहेकि उ कउनो बच्चा क जन्म
देइ जोग्ग नाहीं रही। 31तेरह आपन परिवार क संग लिहेस
अउ कसदियन क उर सहर क तजि दिहस। उ पचे कनान
क जात्रा करइ क मन मँ ठान लिहन। तेरह आपन पूत
अब्राम, आपन पोता लूत (हारान क पूत), आपन पतोहू
(अब्राम क मेहरारु) सारै क संग लिहस। उ पचे हारान
तलक जात्रा किहन अउ हुआँ ठहराउब तय किहन। 32तेरह
दुइ सौ पाँच बरिस जिअत रहा। तब उ हारान मँ मरि गवा।

परमेस्सर अब्राम क बोलावत ह

12 यहोवा अब्राम स कहेस, "आपन देस अउ आपन
लोग्न क तजि द्या। आपन बाप क परिवारे क
तजि द्या अउर उस देस जा जेका मइँ तोहका देखाउब।
2मइँ तोहका आसीर्बाद देब। मइँ तू पचन स एक महान
रास्ट्र बनाउब। मइँ तू सबन क नाउँ मसहूर करब। लोग
तोहरे नाउँ क प्रयोग दूसर लोग्न क आसीर्बाद देइ बरे
करइहीं।
3मइँ उ पचन क असीसब, जउन तोहका असीसिहीं। मुला
मइँ ओनका सराप देब जउन तोहका सराप दिहेस। मइँ धरती
प सब मनइयन क असीसइ बरे तोहका बइपरब।"

अब्राम कनान जात ह

4तउ अब्राम यहोवा क हुकुम मानेस। उ हारान क तजि
दिहस अउ लूत ओकरे संग गवा। इ समइ अब्राम पचहत्तर
बरिस क रहा। 5अब्राम जब हारान तजेस तउ उ अकेल्ला
नाहीं रहा। अब्राम आपन मेहरारु सारै, भतीजा लूत अउ हारान
मँ ओनकइ संग जउन कछू रहा, सबक संग लइ आवा।
अब्राम क जउन सब दास लोग मिला रहेन, उ सबइ भी
ओकरे संग गएन। अब्राम अउ ओकर दल छारान क तजि
दिहेस अउ कनान देस तलक जात्रा किहेस। 6अब्राम कनान
देस मँ सकेम क सहर अउ मोरे क बड़का बृच्छ तलक
जात्रा किहस। उ समइ कनानी लोग हुआँ रहत रहेन।
7यहोवा अब्राम क समन्वा परग्ट भवा। यहोवा कहेस,
"मइँ इ देस तोहरे संतानन क देब।"
यहोवा अब्राम क समन्वा जउने जग्ह प परग्ट भवा उ
जग्ह प अब्राम एक वेदी यहोवा क आराधना बरे बनाएस।
8तब अब्राम उ जग्ह क तजि दिहेस अउ बेतेल क पूरब
पहाड़े प जात्रा किहस। अब्राम हुवाँ आपन तम्बू गाड़ेस। बेतेल
सहर पच्छिम मँ रहा। आइ सहर पूरब मँ रहा। उ जग्ह
अब्राम यहोवा बरे दूसर वेदी बनाएस अउ अब्राम हुवाँ यहोवा
क उपासना किहेस। 9एकरे पाछे अब्राम फुन जात्रा किहस।
उ नेग्व कइँती जात्रा किहस।

मिस्र मँ अब्राम

10इ दिनन भुइँया बहोतइ झुरान रही अउ कउनो खाइ क
चीज नाहीं जमत रही। ऍह बरे अब्राम जिअत रहइ बरे मिस्र
चला गवा। 11अब्राम लखेस कि ओकर मेहरारु सारै बहोत
सुन्नर रही। ऍह बरे मिस्र मँ आवइ क पहिले अब्राम सारै स
कहेस, "मइँ जानत हउँ कि तू बहोतइ सुन्नर अहा। 12जब
मिस्र क लोग तोहका निहरिहीं तउ उ पचे कहिहीं, 'इ
मेहरारु एकर पत्नी अहइ।' तब उ सबइ मोका मारि डइहीं
काहेकि तोहका बइठाइ लेइहीं। 13इ खातिर तू मनइयन स
कह्या कि तू मोर बहिन अहा। तब उ पचे मोका नाहीं
मरिहीं। उ पचे मोहे प दया करिहीं काहेकि उ पचे बूझि
लेइहीं कि मइँ तोहार भाई अहउँ। इ तरह तू मोर जिन्नगी
बचउबिउ।"

14इ तरह अब्राम मिस्र मँ पहोंचा। मिस्र क लोग लखेन, सारै बहोत सुन्नर मेहरारु अहइ। 15कछू मिस्र क अफसर लोग ओका लखेन। उ पचे फिरौन स कहेन कि उ बहोतइ सुन्नर मेहरारु अहइ। उ सबइ अफसरन सारै क फिरौन क घर लइ गएन। 16फिरौन अब्राम क ऊपर दया किहेस काहेकि उ पचे बूझ गएन कि उ सारै क भइया बाटइ। फ़िरौन अब्राम क भेड़ी, गोरु अउ गदहन क दिहस। अब्राम ऊँटन क संग मनसेधु अउ मेहरारु नउकरन पाएस।

17फिरौन अब्राम क मेहरारु क रखि लिहस। एहसे यहोवा फिरौन अउ ओकरे घरे क मनइयन मँ खराब बेरामी सँचराइ दिहस। 18तउ फिरौन अब्राम क बोलाएस। फिरौन कहेस, "तू मोरे संग बड़ा खोट किहा ह। तू इ नाहीं बताया कि सारै तोहार पत्नी अहइ। काहे? 19तू कह्या, 'इ मोर बहिन अहइ।' तू अइसा काहे कह्या? मइँ ऍका ऍह बरे राखा कि इ मोर मेहरारु होइ। मुला अब मइँ तोहार मेहरारु क तोहका लउटावत अहउँ। ऍका ल्या अउ जा।"

20तब फिरौन आपन मनइयन क हुकुम दिहस कि उ पचे अब्राम क मिस्र क बाहेर पहोंचाइ देंइ। इ तरह अब्राम अउ ओकर मेहरारु उ जगह तजेन अउर उ पचे सब चिजियन क संग लइ गएन जउन ओनकइ रही।

अब्राम कनान लउटा

13 अब्राम मिस्र तजि दिहस। अब्राम आपन मेहरारु अउ आपन सबहिं सामान क संग नेगव स होइ के जात्रा किहस। लूत भी ओकरे संग रहा। 2इ टेम अब्राम बहोतइ धनी रहा। ओकरे संग ढेरिके जनावर, बहोत सी चाँदी अउ ढेर क सोना रहा।

3अब्राम चारिहुँ कइँती जात्रा करत रहा। उ नेगेव क तजेस अउ बेतेल वापस गवा। उ बेतेल अउर आइ क बीच क जगह मँ पहोंचेस। इ उहइ ठउर रहा जहाँ अब्राम अउ ओकर परिवार पहिले तम्बू लगाइके ठहरा रहा। 4इ उहइ ठउर रहा जहाँ अब्राम एक वेदी बनाए रहा। ऍह बरे अब्राम इहाँ यहोवा क आराधना किहस।

अब्राम अउ लूत अलग भएन

5इ टेम लूत भी अब्राम क संग जात्रा करत रहा। लूत क लगे ढेरिके जनावर अउ तम्बू रहेन। 6अब्राम अउ लूत क लगे ऍतना जिआदा जनावर रहेन कि भुइँया एक लागे ओनका चारा नाहीं दइ सकत रही। 7अब्राम अउ लूत क गड़ेरिया या आपुस मँ तखड़ावइ-बखड़ावइ लागेन। (उ दिनन मँ कनानी लोग अउ परिज्जी लोग भी इहइ पहँटा मँ रहत रहेन।)

8अब्राम लूत स कहेस, "हमरे अउ तोहरे बीच कउनो तखड़ा बखड़ा न होइ चाही। हमार अउर तोहार गड़ेरियन क बीच मँ झगड़ा नहीं होइ चाही। हम पचे सबहिं भाई अही। 9हम पचन क अलग होइ जाइ चाही। तू जउन चाहा ठउर चुन ल्या। अगर तू बाईं कइँती जाब्या तउ मइँ दाहिन कइँती जाब। अगर तू दाहिन कइँती जाब्या तउ मइँ बाईं कइँती जाब।"

10लूत द्रिस्टी दउड़ाएस अउ यरदन क घाटी क निहारेस। लूत निहारेस कि हुवाँ बहोत पानी अहइ। (इ बात उ टेम क बाटइ जब यहोवा सदोम अउ अमोरा क नास नाहीं किहे रहा। उ टेम यरदन क घाटी सोअर तलक यहोवा क बगिया क नाईं पूरे राह क संग संग फइली रही। इ भुइँया मिस्र देस क भुइँया क नाईं नीक रही।) 11ऍह बरे लूत यरदन क घाटी मँ रहब अंगीकार किहस। इ तरह दुइनउँ मनई अलग अलग होइ गएन अउ लूत पूरब कइँती जात्रा सुरु किहेस।

12अब्राम कनान प्रदेस मँ रहा अउ लूत घाटी क सहरन मँ रहा। लूत सदोम क दक्खिन मँ बढ़ा अउ रुकि गवा। 13सदोम क मनई बहोत पापी रहेन। उ पचे सदा यहोवा बरे खिलाफ पाप करत रहेन।

14जब लूत चला गवा तब यहोवा अब्राम स कहेस, "आपन चारिहुँ कइँती निहारा, उत्तर, दक्खिन, पूरब अउ पच्छिम कइँती लखा। 15इ सारी भुइँया, जेका तू लखत अहा, मइँ तोहका अउ तोहरे पाछे जउन तोहार लोग रइहीं ओनका देत अहउँ। इ प्रदेस सदा तोहार अहइ। 16मइँ तोहरे लोगन क धरती क धूल क कण क नाईं अनगिनत बनउब। अगर कउनो धरती क कण क गन सकइ तउ उ तोहरे मनइयन क भी गन सकी। 17ऍह बरे आवा। आपन धरती प चला। मइँ एका अब तोहका देत अहउँ।"

18इ तरह अब्राम आपन तम्बू हटाएस। उ मम्रे क बड़का बृच्छ क लगे रहइ लाग। इ हेब्रोन सहर क निचके रहा। उ ठउरे प अब्राम एक वेदी यहोवा क आराधना बरे बनाएस।

लूत धरा गवा

14 अम्रापेल सिनार क राजा रहा। अर्योक एल्लासार क राजा रहा। कदोर्लाओमेर एलाम क राजा रहा। तिदाल गोयीम क राजा रहा। 2इ सबहिं राजा लोगन मँ सदोम क राजा बेरा, अमोरा क राजा बिर्सा, अद्मा क राजा सिनाब, सबोयीम क राजा सेमेबेर अउ बेला। (बेला सोअर भी कहा जात रहा।) क राजा क संग एक जुद्ध भवा।

3सिद्दीम क घाटी मँ इ सबहिं राजा आपन आपन फउज स मिलेन। (सिद्दीम क घाटी आजुकल नून क समुद्दर अहइ।) 4इ सबइ राजा लोग कदोर्लाओमेर क सेवा बारह बरिस तलक किहन। मुला तेरहवाँ बरिस उ सबइ ओकरे खिलाफ होइ गएन। 5ऍह बरे चौदहवें बरिस मँ राजा कदोर्लाओमेर दूसर राजा लोगन क संग ओनसे लड़इ आवा। कदोर्लाओमेर अउ ओकरे संग क राजा लोग रपाई लोगन क असतरोत्कनम मँ हराएन। उ पचे हाम मँ जूजि लोगन क भी हराएन। उ पचे एमि लोगन क। उ सबइ एमि लोगन क साबेकिर्यातैम मँ हराएन। 6अउर उ पचे होरीत लोगन क सेईर क पहाड़ी पहँटा स हराइके एल्पारान कइँती खदेरेन। (एल्पारान मरुभूमि क निचके बाटइ।) 7तब राजा कदोर्लाओमेर पाछे कइँती घूमा अउ एन्मिसपात क गवा। इ कादेस कहा जात ह। अउर सबहिं अमालेकी लोगन क हराएस। उ एमोरी लोगन क भी हराएस। इ पचे हससोन्तामार मँ रहत हीं।

8उ समइ सदोम क राजा, अमोरा क राजा, अदमा क राजा, सबोयीम क राजा, अउ बेला क राजा, (बेला सोअर ही अहइ।) सबहिं एक संग मिलिके आपन दुस्मनन स लड़इ

बरे गएन। 9उ पचे एलाम क राजा कदोर्लाओमेर, गोयीम क राजा तिदाल, सिनार क राजा अम्रापेल, अउर एल्लासार क राजा अर्योक स लड़ेन। इ तरह चार राजा पाँच राजा लोगन स लड़त रहेन।

10सिद्दीम क घाटी मँ राल स भरा भवा ढेरिके गड्ढा रहेन। सदोम अउ अमोरा क राजा अउ ओकर फउजियन पराइ गएन। ओकरे बहुत सारे फउजियन ओन गड्ढन मँ गिर गएन। मुला दूसर लोग पहाड़ी मँ पराइ गएन।

11सदोम अउ अमोरा क लगे जउन कछू रहा ओका ओनकइ दुस्मनन लइ लिहन। उ पचे ओनकइ सब भोजन-ओढ़ना क लइ लिहन अउ उ पचे चला गएन। 12अब्राम क भाई क पूत लूत सदोम मँ रहत रहा, ओका दुस्मन कैद कइ लिहन। उ पचे ओका अउर ओकरे लगे जउन कछू भी रहा लइ लिहेन। 13एक ठु मनई जउन धरा नाहीं जाइ सका उ हिब्रू मनई अब्राम क इ सबइ सारी बातन क बताएस। एमोरी मम्रे क बृच्छन क लगे अब्राम आपन डेरा डाएस। मम्रे एस्कोल अउ आनेर एक समझौता एक दूसरे क मदद करइ बरे किहे रहेन अउर उ पचे अब्राम क मदद खातिर एक समझौता किहे रहेन।

अब्राम लूत क छोड़ावत ह

14तब अब्राम क पता लाग कि लूत धरा ग अहइ। तउ उ आपन पूरा परिवार क बटोरेस अउ ओनमाँ स तीन सौ अठारह प्रसिच्छित फउजियन क अब्राम दान नगर तलक दुस्मनन क पाछा किहस। 15उहइ रात उ अउर ओकर मनइयन ओनका खिलाफ धावा बोलि दिहन। उ पचे दुस्मनन क हराएन अउ दमिस्क क उत्तर मँ होवा तलक ओनकइ पाछा किहन। 16तब अब्राम दुस्मनन क जरिये चोरॉइ गइ सब चिजियन लइ आएन। अब्राम लूत, ओकर मेहरारुअन अउर ओकरे नउकरन अउर ओकरे सबहिं चिजियन क लइ आवा। 17कदोर्लाओमेर अउ ओकरे संग क सब राजा लोगन क हराए क पाछे अब्राम आपन घरे लौटि आवा। जब उ घर आवा तउ सदोम क राजा ओसे भेटंइ सावे क घाटी मँ पहोंचा। (ऍका अब राजा क घाटी कहत हीं।)

मेल्कीसेदेक

18सालेम क राजा मेल्कीसेदेक भी अब्राम स भेटंइ गवा। मेल्कीसेदेक, सर्वोच्य परमेस्सर क याजक रहा। मेल्कीसेदेक रोटी अउ अंगूरे क दाखरस लइ आवा। 19मेल्कीसेदेक अब्राम क आसीर्बाद दिहस अउ कहेस:

"अब्राम, सर्वोच्य परमेस्सर तोहका आसीर्बाद देइ। परमेस्सर भुइँया अउ अकास बनाएस।

20अउर हम सर्वोच्य परमेस्सर क उपासना करित ह। परमेस्सर दुस्मनन क हरावइ मँ तोहार मदद किहेस।"

तबहिं अब्राम लड़ाई मँ मिली हर चीज क दसवाँ हीसां मेल्कीसेदेक क दिहस। 21तब सदोम क राजा कहेस, "तू इ सब चीजन क अपने लगे रखि सकत ह, मोका सिरिफ ओन मनइयन क दइ द्या जेनका दुस्मन धइ ल गए रहेन।"

22मुला अब्राम सदोम क राजा स कहेस, "मइँ सर्वोच्य परमेस्सर यहोवा जउन भुइँया अउ आकास क बनएस ह: ओकरे समन्वा इ किरिया खावा ह 23कि जउन आप क चीज बाटइ ओहमाँ स कछू भी न लेब। हियाँ तलक कि एक ठु धागा व पनही क फीता भी न लेब। मइँ इ नाहीं चाहित कि आप कहइँ, 'मइँ अब्राम क धनी बनाएउँ।' 24मइँ सिरिफ उ भोजन क अपनाउब्या जेका हमार जवान लोग खाएस ह। मुला तू दूसर मनइयन क भी ओकर हींसा देइँ। हमरी लड़ाई मँ जीती भइ चीजन्क आप लइ लेइँ अउ एहमाँ स कछू आनेर, एस्कोल अउ मम्रे क दइ देइँ। इ मनइयन लड़ाई मँ हमार मदद किहेन रहेन।"

अब्राम क संग परमेस्सर क करार

15 इ बातन क होइ जाए क पाछे यहोवा क हुकुम अब्राम क एक ठु दरसन मँ आवा। परमेस्सर कहेस, "अब्राम, डेराअ, नाहीं। मइँ तोहार रच्छा करब अउ मइँ तोहका बड़का पुरस्कार देब।"

2मुला अब्राम कहेस, "हे यहोवा अइसा कछू भी नाहीं अहइ जेका तू मोका देब्या अउर उ मोका खुस करी। काहेकि मोरे पूत नाहीं अहइँ।। ऍह बरे मोर दास दमिस्क क बसइया एलीएजेर मोरे मरइ क पाछे मोर सब कछू पाइ।"

3अब्राम कहेस, "तू ही लखा, तू मोका कउनो पूत नाहीं दिहा ह। ऍह बरे मोरे घरे मँ पइदा भवा एक ठु दास मोर सबहिं चिजियन क पाइ।"

4तब यहोवा अब्राम स बात किहस। परमेस्सर कहेस, "तोहरी चीजन क तोहार इ दास न पाइ। तोहरे एक ठु बेटवा होइ अउर तोहार पूत ही तोहार चिजियन क पाइ।"

5तब परमेस्सर अब्राम क बाहेर लइ गवा। परमेस्सर कहेस, "आकास क लखा। अनगिनत तारन क निहारा। इ सबइ ऍतना अहइँ कि तू गन नाहीं सक्त्या। भविस्स मँ तोहार परिवार अइसा ही होइ।"

6अब्राम यहोवा पइ बिस्सास किहेस अउर उ ओका नीक समझेस।

7परमेस्सर अब्राम स कहेस, "मइँ ही उ यहोवा अहउँ जउन तोहका कसदियन क ऊर स बाहेर लइ आएउँ। इ मइँ ऍह बरे किहउँ कि इ पहँटा मइँ तोहका दइ सकउँ, तू इ पहँटा क आपन कब्जा मँ कइ सका।"

8मुला अब्राम कहेस, "हे यहोवा, मोर सुआमी, मइँ कइसे पतियाउँ कि इ पहँटा मोका मिली?"

9परमेस्सर अब्राम स कहेस, "हम पचे एक करार करब। तू मोका तीन बरिस क एक ठु गइया, तीन बरिस क एक बोकरी, अउ तीन बरिस क एक भेड़ा लिआवा। एक ठु फ़ाक्ता अउ एक कबूतर क बच्चा भी लिआवा।"

10अब्राम इ सबहिं चिजियन क परमेस्सर क लगे लइ आवा। अब्राम इ जनावरन क मारि डाएस अउ हर एक क दुइ दुकड़ा कइ डाएस। अब्राम एक आधा टूक एक कइँती अउ दूसर आधा टूक दूसर कइँती ओकरे ठीक आमने-सामने धरेस। अब्राम पंछिन क दुइ टूका नाहीं किहेस। 11तनिक देर पाछे मांसाहारी पंछी मरे भए जनावरन क खाइ क बरे खाले आइ गएन मुला अब्राम ओनका खदेरेस।

12पाछे सूरज बूड़इ लाग। अब्राम क गहरी नींद आइ गइ। खौफनाक अँधियारा ओका चारिहुँ कइँती स घेरि

लिहस। 13तब यहोवा अब्राम स कहेस, "तोहका इ सबइ
बातन क जानइ चाही। तोहार संतानन बिदेसी बनिहीं अउर उ
पचे देस मँ जइहीं जउन ओनका न होइ। उ पचे हुअँ दास
होइहीं। चार सौ बरिस तलक ओनके संग बुरा बिउहार होइ।
14मइँ उ रास्ट्र क निआव करब अउ ओका सजा देब जउन
ओन लोगन क गुलाम बनाएस अउर जब तोहरे सन्तानन उ
देसे क तजि देइहीं तउ आपन संग ढेर नीक चीज लइ
जइहीं।

15"तू बहोत लम्बी उमर तलक जिअत रहब्या। तू सान्ति
स मरब्या अउ तू आपन पुरखन क लगे दफनावा जाब्या।
16चार पीढ़ीयन क पाछे तोहार लोग इहइ पहँटा मँ फुन
अइहीं। इ टेम तोहार लोग एमेरियो क हरइहीं। हिअँ क
बसइयन एमोरियन क, सजा देइ बरे मइँ तोहरे लोगन क
बइपरब। इ बात भविस्स मँ होइ काहेकि एमोरियन सजा
पावइ लायक बुरा अबहिं नाहीं भवा अहइँ।"

17जब सूरज बूड़ि गवा, तउ बहोत अँधियारा छाइ गवा।
मरा भवा जनावर अबहिं तलक जमीन प ओलरा भए रहेन।
हर एक जनावर दुइ हींसा मँ कटा भवा बहावा रहेन। उहइ
समइ धुअँ अउ आग्गी क एक खम्भा जनावरन क टूक क
बीच स गवा।

18इहइ तरह उ दिन यहोवा अब्राम क बचन दिहस अउ
ओनके संग करार किहस। यहोवा कहेस, "मइँ इ पहँटा
तोहरे संतानन क देब। मइँ मिस्र क नदी अउ बड़की नदी
परात क बीच क पहँटा ओनका देब। 19इ देस केनी,
कनिज्जी, कदमोनी, 20हित्ती, परीज्जी, रपाई, 21एमोरी,
कनानी, गिर्गासी अउ यबूसी लोगन क अहइ।"

दासी हाजिरा

16 सारै अब्राम क मेहरारु रही। अब्राम अउ ओकरे
कउनो लरिका नाहीं रहा। सारै क लगे एक ठु
मिस्र क दासी रही। ओकर नाउँ हाजिरा रहा। 2सारै अब्राम स
कहेस, "लखा, यहोवा मोका कउनो बच्चा नाहीं दिहे अहइ।
ऍह बरे मोरी दासी क संग सारीरिक संबन्ध करा होइ सकत
ह कि ओकर बच्चा मोर अपना बच्चा होइ जाब।"

अब्राम आपन मेहरारु क कहब मान लिहस। 3कनान मँ
अब्राम क दस बरिस रहइ क पाछे इ बात भइ अउ सारै
आपन भतार अब्राम बरे हाजिरा क दइ दिहस। हाजिरा मिस्र
क दासी रही।

4हाजिरा, अब्राम स गाभिन भइ। जब हाजिरा इ देखेस तउ
ओका बहोत गरब भवा अउ इ महसूस करइ लाग कि मइँ
आपन मालकिन सारै स बढ़िया अहउँ।

5मुला सारै अब्राम स कहेस, "मोर दासी अब मोसे घिना
करत ह अउ एकरे बर मइँ तोहका दोखी मानत हउँ। मइँ
ओका तोहरे बरे दिहेउँ। उ गाभिन भइ अउर तब उ महसूस
करइ लाग कि उ मोसे बढ़िया बा। मइँ चाहत हउँ कि
यहोवा सही निआव करी।"

6मुला आब्राम सारै स कहेस, "तू हाजिरा क मालकिन
अहा। तू ओकरे संग जउन चाहा कइ सकत ह।" ऍह बरे
सारै आपन दासी पइ अत्याचार किहस अउर ओकर दासी
पराइ गइन।

हाजिरा क पूत इस्माएल

7यहोवा क सरगदूत रेगिस्तान मँ पानी क सोता क लगे
हाजिरा क पाएस। इ सोता सूर जाइवाला राहे प रहा।
8सरगदूत कहेस, "हाजिरा, तू सारै क दासी अहा। तू हिअँ
काहे अहा? तू कहाँ जात अहा?"

हाजिरा कहेस, "मइँ आपन मालकिन सारै क हिअँ स
पराइ जात अहउँ।"

9यहोवा क सरगदूत ओसे कहेस, "तू आपन मालकिन क
घर जा अउर ओका सोंप द्या।" 10यहोवा क सरगदूत ओसे
फुन कहेस, "तोहसे बहोत स लोग पइदा होइहीं। इ सबइ
लोग ऍतना होइ जइहीं कि गना नाहीं जाइ सकिहीं।"

11यहोवा क सरगदूत अउर भी कहेस,

"अबहिं तू गर्भ धरे अहा अउर तोहका एक पूत होइ। तू
ओकर नाउँ इस्माएल राख्या। काहेकि यहोवा तोहका देइ भए
कस्ट क सुनेस ह।

12इस्माएल एक ठु जंगली गदहा क तरह जंगली अउ
अजाद होइ उ सब क खिलाफ होइ अउर सबहीं ओकर
खिलाफ होइ जाइ। उ आपन भाइयन क लगे आपन डेरा
डाइ मुला उ ओनके खिलाफ होइ।"

13तब हाजिरा परमेस्सर क जउन ओसे बात करत रहा,
एक नवा नाउँ स यहोवा क पुकारेस। उ कहेस, "तू परमेस्सर
ह जउन मोका लखत ह।" उ ओसे उ नाउँ ऍह बरे दिहस
काहेकि उ आपन आप स कहेस, "मइँ महसूस करत हउँ
कि उ मोरे ऊपर निगाह राखत ह।" 14ऍह बरे उ कुआँ क
नाउँ लहैरोइ पड़ा। उ कुआँ कादेस अउ बेरेद क बीच मँ
बाटइ।

15हाजिरा अब्राम क पूत क जन्म दिहस। अब्राम पूत क
नाउँ इस्माएल धरेस। 16अब्राम उ टेम छियासी बरिस क रहा
जब हाजिरा इस्माएल क जन्म दिहस।

खतना करार क सबूत

17 जब अब्राम निन्यानबे बरिस क भवा, यहोवा ओह
पइ परगट भवा। यहोवा कहेस, "मइँ सर्वोच्च
परमेस्सर अहउँ। मोरे आगे चला अउर इमानदार रहा। 2जदि
तू इ करा, तउ मइँ आपन अउ तोहरे बीच एक करार
करब। मइँ तोहका बचन देत हउँ कि मइँ तोहका बहोत
सारा संतान देबउ।"

3अब्राम परमेस्सर क समन्वा आपन मुँह जमीन कइँती
निहुराएस। तब परमेस्सर ओहसे बात किहस अउ कहेस,
4"हमरे करार क इ हींसा मोर अहइ। मइँ तोहका कइउ
रास्ट्र क बाप बनाउब। 5मइँ तोहरे नाउँ क बदल देब। तोहार
नाउँ अब्राम नाहीं होइ। तोहार नाउँ इब्राहीम होइ। मइँ तोहका
इ नाउँ ऍह बरे देत अहउँ कि तू बहोत स रास्ट्रन क बाप
बनब्या। 6"मइँ तोहका बहोत संतानन देब। तोहसे नवा रास्ट्र
अउर राजा लोग पइदा होइहीं। 7अउर मइँ आपन अउ तोहरे
बीच एक करार करब। इ करार तोहरे सबहिं संतानन बरे
होइ। मइँ तोहार अउ तोहरे सबहिं संतानन क परमेस्सर रहब।
इ करार सदा बनी रही। 8अउर मइँ इ प्रदेस तोहका अउ
तोहरे सबहिं संतानन क देब। मइँ उ प्रदेस तोहका देब जेहसे
होइके तू जात्रा करत रहब्या। मइँ तोहका कनान प्रदेस देब।

मइँ तोहका इ प्रदेस सदा बरे देब अउर मइँ तोहार परमेस्सर रहब।"

9परमेस्सर इब्राहीम स कहेस, "अब करार क इ हींसा तोहार हींसा अहइ। मोर इ करार क मानब तू अउ तोहार संतानन करिहीं। 10इ उ करार अहइ कि जेका तू मनब्या। इ करार मोरे अउ तोहरे बीच अहइ। इ तोहरे सबहिं संतानन बरे अहइ। हर एक लरिका जउन पइदा होइ ओकर खतना जरूर होइ। 11तू बाहरी चाम क एक निसान बरे कटब्या कि तू आपन अउ मोरे बीच क करार क मानत रहब्या। 12जब लरिका आठ दिन क होइ जाइ तब तू ओकर खतना कर्‌या। हर एक लरिका जउन तोहरे मनइयन क बीच पइदा होइ या कउनो लरिका जउन विदेसी स खरीदइ भवा तोहार दास स पइदा होइ, ओकर खतना जरुर होइ। 13इ तरह तोहरे रास्ट्र क हर एक लरिका क खतना होइ। जउन लरिका तोहरे परिवारे मँ पइदा होइ या दास क रुप मँ बसेहा जाइ ओकर खतना होइ। 14इहइ मोर नेम अहइ अउर मोरे अउ तोहरे बीच करार अहइ। जउन कउनो मनई क खतना नाहीं होइ उ आपन मनइयन स अलगाइ दीन्ह जाइ। काहेकि उ मनई मोरे करार क तोड़ दिहस।"

इसहाक प्रण क पूत

15परमेस्सर इब्राहीम स कहेस, "मइँ सारै क जउन तोहार मेहरारु अहइ, नवा नाम देब। ओकर नाउँ सारा होइ। 16मइँ ओका असीस देब। मइँ ओका पूत देब अउ तू बाप होइ। उ बहोत स नए रास्ट्रन क महतारी होब्या। ओहसे रास्ट्रन क राजा लोग पइदा होइहीं।"

17इब्राहीम आपन मूँड़ी परमेस्सर क भगति देखावइ बरे जमीन कइँती निहुराएस। मुला उ हँसा अउ आपन स बोला, "मइँ सौ बरिस क होइ ग अहउँ। मइँ पूत नाहीं पइदा कइ सकत हउँ अउ सारा नब्बे बरिस क बुढ़िया बाटइ। उ लरिकन क जन्म नाहीं दइ सकत।"

18तउ इब्राहीम परमेस्सर स कहेस, "मोका उमीद अहइ कि इस्माएल जिइहीं अउ तोहार सेवा करइहीं?"

19परमेस्सर कहेस, "नाहीं, मइँ कहेउँ कि तोहार मेहरारु सारा पूत क जन्म देइ। तू ओकर नाउँ इसहाक रखब्या। मइँ ओकरे संग करार करब। इ करार अइसा होइ जउन ओकरे सबहिं संतानन क संग सदा बनी रही।

20"तू इस्माएल क नाउँ लिहस अउर मइँ तोहार बात सुनेउँ। मइँ ओका असीसब। ओकरे बहोत स सन्तानन होइहीं। उ बारह बड़का राजा क बाप होइ। ओकर परिवार एक बहोत बड़ा रास्ट्र बनी। 21मुला मइँ आपन करार इसहाक क संग करब। इसहाक ही उ पूत होइ जेका सारा पइदा करी। इ पूत अगला बरिस मँ इहइ टेम मँ, पइदा होइ।"

22परमेस्सर जब इब्राहीम स बात करब बन्द किहस, इब्राहीम अकेल्ला रहि गवा। परमेस्सर इब्राहीम क लगे स आकास कइँती उठि गवा। 23परमेस्सर कहे रहा कि तू अपने परिवार क सबहिं लरिकन अउ मनइयन क खतना कराया। ऍह बरे इब्राहीम इस्माएल अउ आपन घरे मँ पइदा भए सबइ नउकर लोगन क एक संग बोलाएस। इब्राहीम ओन नउकर लोगन क एक संग बोलाएस जउन धने स बेसहा ग रहेन। इब्राहीम क घर क सबहिं मनसेधू अउ लरिकन बटुरेन अउ ओन सबहिं क खतना उहइ दिन ओनकइ बाहरी चाम काटिके कइ दीन्ह गवा। इब्राहीम ओन लोगन क खतना ठीक उहइ तरह स किहेस जे तरह परमेस्सर कहे रहेन। 24जब इब्राहीम क खतना भवा उ निन्यानबे बरिस क रहा। 25अउर ओकर पूत इस्माएल आपन खतना होइके टेम तेरह बरिस क रहा। 26इब्राहीम अउ ओकरे पूत क खतना उहइ दिन भवा। 27उहइ दिन इब्राहीम क सबहिं मनइयन क खतना भवा। इब्राहीम क घरे मँ पइदा भए सबहिं मनइयन क अउ बेसहा गए सबहिं दासन क खतना उहइ दिन भवा।

तीन ठु मेहमान

18 पाछे यहोवा फुन इब्राहीम क समन्वा परगट भवा। इब्राहीम मम्रे क बलूत क बृच्छन क लगे रहत रहा। एक दिन, इब्राहीम दिन क सब स गर्म पहर मँ तम्बू क दुआरे बइठा रहा। 2इब्राहीम आँखि उठाइके लखेस अउ आपन समन्वा तीन मनइयन क खड़ा निहारेस। जबहिं इब्राहीम मनइयन क लखेस, उ ओनके लगे गवा अउ ओनका पैलगी किहेस। 3इब्राहीम कहेस, "साहेब लोगो! आप आपन इ सेवक क संग तनिक देर रुकि जाइँ। 4मइँ आप लोगन बरे गोड़वा पखारइ खातिर पानी लइ आवत अहउँ। आप बृच्छन क खाले सुहताइ लेइँ। 5मइँ आप पचन क कछू खइया के लिआवत अहउँ अउ आप लोग जेतना चाहइँ खाइ लेइँ। ऍकरे पाछे आप सबइ आपन जात्रा प जाब सुरु कइ सकत हीं।"

तीनउँ कहेन, "इ बहोतइ बढ़िया बा। तू जइसा कहत बाट्‌या, करा।"

6इब्राहीम हाली स तम्बू मँ घुसा। इब्राहीम सारा स कहेस, "हाली हाली तीन ठु रोटी बरे आटा साना"। 7तब इब्राहीम आपन गोरुअन कइँती भागा। इब्राहीम सबन त नीक एक ठु जवान बछवा लिहस। इब्राहीम बछवा नउकर क दिहस। इब्राहीम नउकर स कहेस कि तू हाली हाली करा, इ बछवा क मारा अउ खइया खातिर तइयार करा। 8इब्राहीम तीनहुँ क खाइ बरे गोस दिहस। उ दूध अउ माखन भी दिहस। जब तलक तीनहुँ मनई खात रहेन तब तलक इब्राहीम बृच्छ क खाले ठाड़ रहा।

9उ मनइयन इब्राहीम स कहेस, "तोहार मेहरारु सारा कहाँ बा?"

इब्राहीम कहेस, "उ तम्बू मँ बा।"

10तब यहोवा कहेस, "मइँ बसन्त मँ फुन आउब। उ टेम तोहार मेहरिया सारा एक ठु पूत क जन्मी।"

सारा तम्बू मँ अनकत रही अउर उ इ बातन क सुनेस। 11इब्राहीम अउ सारा बहोत बुढ़ाइ ग रहेन। सारा लड़कोर होइ क उमिर क पार कइ चुकी रही।

12सारा आपन आप प हँसी। उ आपन स कहेस, "मइँ अउ मोर भतार दुइनउँ बुढ़ान बाटेन। मइँ लरिका जन्मइ बरे ढेर बुढ़ाइ गइ अहउँ।"

13तब यहोवा इब्राहीम स कहेस, "इ सोचत भवा सारा काहे हँसेन कि, 'मइँ ऍतना बूढ़ी हउँ कि लरिका नाहीं पइदा कइ सकत हउँ?' 14का यहोवा बरे कछू भी असंभव बाटइ?

नाहीं, मइँ फुन बसन्त मँ आपन बताए भए टेम प आउब अउ तोहार मेहरारु सारा पूत क जन्म देइ।"

15मुला सारा कहेस, "मइँ हसेउँ नाहीं।" उ अइसा कहेस, काहेकि उ डेरान रही।

मुला यहोवा कहेस, "नाही, मइँ जानत हउँ कि तोहार कहब सही नाहीं अहइ। तू जरुर हँसिउ ह।"

16तब उ मनईयन जाइ बरे उठेन। उ पचे सदोम कइँती लखेन अउ उहइ कइँती चल पड़ेन। इब्राहीम ओनका बिदा करइ बरे कछू दूर तलक ओनके संग गवा।

परमेस्सर क संग इब्राहीम क सौदा

17यहोवा मन मँ कहेस, "का मइँ इब्राहीम स कहि देउँ जउन मइँ अबहुँ करब? 18इब्राहीम एक बड़का सक्तीवाला रास्ट्र बन जाइ। इ कारण स धरती क सारे मनइयन आसीर्बाद पइहीं। 19मइँ इब्राहीम क संग खास करार किहेउँ ह। मइँ इ ऍह बरे किहेउँ ह कि उ आपन लरिकन अउ आपन संतानन क तरह जिन्नगी बितावइ बरे हुकुम देइ जउने तरह जिन्नगी बिताउब यहोवा चाहत ह। मइँ इ ऍह बरे किहेउँ ह कि उ पचे सच्चाई स रइहीं अउर इन्साफ पसन्द बनिहीं। तब मइँ यहोवा प्रण कीन्ह गइ चीजन क देब।"

20तब यहोवा कहेस, "सदोम अउर गमोरा का चीख-पुकार बहोत जबरदस्त अहइ। ओनका पाप बहोत गम्भीर अहइ। 21एह बरे मइँ हुँवा जाब अउर देखब कि जउन कूछ मइँ सुन्या ह, यदि उ सही बा तब मइँ जानब कि उ सही बाटइ या गलत।"

22तब उ मनइयन घूमेन अउ सदोम कइँती चल पड़ेन। मुला इब्राहीम यहोवा क समन्वा खड़ा रहा। 23तब इब्राहीम यहोवा स बोला, "हे यहोवा, का तू खोट मनइयन क नास करइ क संग भले मनइयन क नास करइ क बात सोचत अहा? 24जदि उ सहर मँ पचास भला मनई होइँ तउ का होइ? का तब भी तू सहर क नास कइ देब्या? फुरइ ही तू हुँआ क बसइया पचास भले मनइयन बरे उ सहर क बचाइ लेब्या। 25फुरइ ही तू उ सहर क नास न करब्या। खोट मनइयन क मारइ बरे तू पचास भले मनइयन क नास न करब्या। अगर अइसा भवा तउ भला अउ खोटा लोग एक ही होइ जइहीं। दुइनउँ क ही सजा मिली। तू समूचइ भुइँया क निआव देइवाला अहा। मइँ जानत अहउँ कि तू निआव करब्या।"

26फुन यहोवा कहेस, "जदि मोका सदोम सहर मँ पचास भला लोग मिलइँ तउ मइँ समूचइ सहर क बचाइ लेब।"

27तब इब्राहीम कहेस, "हे यहोवा, तोहरे अगवा, मइँ सिरिफ धूर अउ राख अहउँ। मुला तू मोका फुन तनिक कस्ट देइ क मौका द्या अउ मोका इ प्रस्न पूछइ द्या कि: 28जदि पाँच नीक लोग कमती होइँ तउ का होइ? जदि सहर मँ पैंतालीस ही नीक लोग होइँ तउ का होइ? का तू सिरिफ पाँच लोगन बरे समूचइ सहर क नास करिब्या?" तब यहोवा कहेस, "जदि मोका हुआँ पैंतालीस नीक लोग मिलइँ तउ मइँ सहर क नास न करब।"

29इब्राहीम फुन यहोवा स कहेस, "जदि तोहका हुआँ सिरिफ चालीस नीक लोग मिलइँ तउ का तू सहर क नास कइ देब्या?" यहोवा कहेस, "अगर मोका चालीस बढ़िया लोग हुआँ मिलइँ तउ मइँ सहर क बर्बाद न करब।"

30तब इब्राहीम कहेस, "हे यहोवा कृपा कइके मोहे प किरोध जिन करा। मोका इ पूछेइ द्या कि अगर सहर मँ सिरिफ तीस नीक लोग होइँ तउ का तू सहर क नास कइ देब्या?"

यहोवा कहेस, "जदि मोका तीस नीक लोग मिलइँ तउ मइँ सहर क बर्बाद न करब।"

31तब इब्राहीम कहेस, "हे यहोवा, का मइँ तोहका फुन कष्ट देउँ अउ पूछ लेउँ कि जदि बीस ही सहर मँ नीक लोग हुआँ होइँ तउ?"

यहोवा जवाब दिहस, "अगर मोका बीस बढ़िया लोग मिलइँ तउ भी मइँ सहर क नास न करब।"

32तब इब्राहीम कहेस, "हे यहोवा तू मोहे प गुस्सा जिन करा। मोका आखिरी दाईं कस्ट देइ क मौका द्या। जदि तोहका हुआँ दस बढ़िया लोग मिलइँ तउ तू का करिब्या?"

यहोवा कहेस, "जदि मोका सहर मँ दस नीक लोग मिलइँ तउ भी मइँ सहर क नास न करब।"

33यहोवा इब्राहीम स बोलब बंद कइ दिहस, ऍह बरे यहोवा चला गवा अउ इब्राहीम आपन घर लउटि आवा।

लूत क अतिथि

19 ओनमाँ स दुइ सरगदूत संझा क सदोम सहर मँ आएन। लूत सहर क दुआर प बइठा रहा अउ उ सरगदूतन क लखेस। लूत विचारेस कि उ पचे सहर क बीचउ बीच स जात्रा करत अहइँ। लूत उठा अउ सरगदूतन क लगे गवा अउ भुइँया तलक निहुरा। 2लूत कहेस, "महोदय, कृपा कइके मोरे घर चलइँ अउर मइँ आप लोगन क सेवा करब। हुआँ आप लोग आपन गोड़ धोइ सकत हीं अउर रात मँ रुकि सकत हीं। तब भियान आप लोग आपन जात्रा सुरु कइ सकत हीं।"

सरगदूतन जवाब दिहन, "नाहीं, हम पचे सहर क चौराहे मँ रुकब।"

3मुला लूत आपन घर चलइ बरे बार बार कहत रहा। इ तरह सरगदूत लूत क घर जाइ बरे तइयार होइ गएन। जब उ पचे घरे पहोंचेन तउ लूत ओनका कछू पिअइ बरे लइ आवा। लूत ओनके बरे रोटी बनाएस। लूत क बनावा भवा भोजन सरगदूत खाएन।

4उ संझा क सोवइ क टेम स पहिले ही उ सबइ मँ स सदोम क जवान अउर बूढ़े दुइनउँ मनइयन लूत क घरे आएन। सदोम क मनइयन लूत क घर घेरि लिहन अउ पूछेन। 5उ पचे कहेन, "आज राति क जउन लोग तोहरे लगे आएन, उ सब दुइनउँ मनई कहाँ बाटेन? उ मनइयन क बाहेर हमका दइ द्या। हम ओनके संग संभोग करइ चाहत ह।"

6लूत बाहेर निकरा अउ आपन पाछे स दरवाजा बंद कइ दिहस। 7लूत मनइयन स कहेस, "नाहीं मोर भाई लोगो, मइँ बिनती करत हउँ कि आप इ बुरा कर्म न करइँ। 8लखा, मोरे दुइ बिटिया अहइँ, उ सबइ ऍकरे पहिले कउनो मनई क संग नाहीं सोई अहइँ। मइँ आपन बिटियन क तू मनइयन क दइ देत अहउँ। तू लोग ओनके संग जउन चाहा कइ सकत

ह। मुला इ मनइयन क संग कछू न करा। इ सब लोग हमरे घरे आवा अहइँ अउर मइँ ऍनकइ रच्छा जरुर करब।"

9घरे क चारिहुँ कइँती क मनइयन जवाब दिहन, "राहे स हटि जा।" तब मनइयन आपन मने मँ बिचार किहन, "इ मनई लूत हमरे सहर मँ मेहमान क रुप मँ आवा अहइ। अब इ सिखावइ चाहत ह कि हम पचे कैसे जिन्नगी गुजारइ चाही।" तब उ पचे लूत स कहेन, "हम पचे ओनसे भी जियादा बुरा तोरे संग करब।" ऍह बरे उ मनइयन लूत क घेरि क ओकरे निअरे आउब सुरु किहन। उ सबइ दरवाजा क तोड़िके खोलइ चाहत रहेन।

10मुला लूत क संग क ठहरे भए मनइयन दरवाजा खोलेन अउ लूत क घरे क भीतर हींच लिहेन। तब उ पचे दरवाजा बंद कइ दिहन। 11दुइनउँ मनइयन दरवाजे क बाहेर क मनइयन क आँधर कइ दिहन। इ तरह घरे मँ घुसरइ क जतन करइ वालन जवान अउ बुढ़वा सबइ आँधर होइ गएन अउर दरवाजा न पाइ सकेन।

सदोम स बच निकरब

12दुइनउँ मनइयन लूत स कहेन, "का इ सहर मँ अइसा कउनो मनई अहइ जउन तोहरे परिवारे क बाटइ? का तोहार दामाद, तोहार बिटिया या दूसर कउनो तोहरे परिवारे क मनई अहइ? जदि कउनो दूसर इ सहर मँ तोहरे परिवार क बाटइ तउ तू अबहिं सहर तजि देइ बरे कहि द्या। 13हम पचे इ सहर क बर्बाद करब। यहोवा ओन सबहिं बुराइयन क सुनि लिहे अहइ जउन इ सहर मँ अहइ। ऍह बरे यहोवा हम मनइयन क ऍका नास करइ बरे पठए अहइ।"

14ऍह बरे लूत बाहेर गवा अउ आपन दूसर बिटियन स बियाह करइ वालन दामादन स बात किहेस। लूत कहेस, "हाली करा अउ इ सहर क तजि द्या।" यहोवा ऍका फउरन बर्बाद कइ देइ। मुला उ मनइयन समझेन कि लूत मजाक करत बाटइ। 15दूसर दिन भिन्सारे भोर क टेम ही सरगदूत लूत स हाली करइ क कोसिस किहस। उ पचे कहेन, "लखा इ सहर क सजा मिली। ऍह बरे तू आपन मेहरारु अउ तोहरे संग जउन दुइ बिटियन जउन अबहिं तलक अहइँ, ओनका लइके इ जगह तजि द्या। तबहिं तू सहर क संग बर्बाद न होब्या।"

16मुला लूत देर करइ लगा अउ सहर तजि देइ क उ हाली नाहीं किहेस। ऍह बरे सरगदूतन लूत, ओकर मेहरारु अउ ओकर दुइनउँ बिटियन क हाथ धइ लिहन, काहेकि ओन पइ यहोवा क द्या रहा। उ दुइनउँ लूत अउ ओकरे परिवार क सहर क बाहेर पहोंचाएन। लूत अउ ओकरे परिवार प यहोवा क कृपा रही। 17ऍह बरे दुइनउँ लूत अउ ओकरे परिवार क सहर क बाहेर पहोंचाइ दिहन। जब उ पचे बाहेर होइ गएन तउ ओनमँ स एक कहेस, "आपन जिन्नगी बचावइ बरे पराइ जा। सहर कइँती घूमिके जिन लखा। इ घाटी मँ कउनो जगह जिन रुका। तब तलक परात रहा जब तलक पहाड़े मँ न जाइके पहोंचा। अगर तू अइसा नाहीं करत्या, तउ तू सहर क संग नस्ट होइ जाब्या।"

18तब लूत दुइनउँ स कहेस, "श्रीमान लोगो, कृपा कइके ऍतना दूर दौड़इ बरे बेबस जिन करा। 19आप लोग मो सेवक प ऍतनी कृपा किहा ह। आप लोग मोका बचावइ क कृपा किहा ह। मुला मइँ पहाड़ी ताईं नाहीं दौड़ि सकत हउँ। अगर मइँ जरुरत स जियादा धीमे धीमे दौड़उँ तउ कछू बुरा होइ अउ मइँ मारा जाब। 20मुला लखइँ हिआँ निअरे एक बहोत छोटा सहर बाटइ। हम पचन क उ सहर तलक दौड़इ द्या। तब हमार जिन्नगी बचि जाइ।"

21सरगदूत लूत स कहेस, "ठीक बाटइ, मइँ तोहका अइसा ही करइ देब। मइँ उ सहर क नास नाहीं करब जेहमाँ तू जात अहा। 22मुला हुआँ तलक तेज दउड़ा। मइँ तब तलक सदोम क बर्बाद नाहीं करब जब तलक तू उ सहर मँ सुरच्छित नाहीं पहोंच जात्या।" (इ सहर क नाउँ सोअर अहइ काहेकी इ छोट अहइ।)

सदोम अउ अमोरा बर्बाद कीन्ह गएन

23जब लूत सोअर मँ घुसत रहा, भिन्सारे क सूरज चमकइ लाग 24अउर यहोवा सदोम अउ अमोरा क बर्बाद करब सुरु कइ दिहस। यहोवा आगी अउ बरत भवा गन्धक क अकासे स खाले बरसाएस। 25इ तरह यहोवा उ सहरन क अउर समूची घाटी क बर्बाद कइ दिहस अउ सबहिं जिअत मनइयन अउ सबहिं पेड़-पौधन क बर्बाद कइ दिहस। 26जब उ पचे परात रहेन, तउ लूत क मेहरारु घूमिके सहर क निहारेस। जब उ घूमिके लखेस तब उ एक नोन क भीटा होइ गइ।

27उहइ दिना बहोत तड़के इब्राहीम उठा अउ उ ठउरे प गवा जहाँ उ यहोवा क समन्वा ठाड़ होत रहा। 28इब्राहीम सदोम अउ अमोर सहरन कइँती निगाह दौड़ाएस। इब्राहीम उ घाटी क समूची भुइँया कइँती लखेस। इब्राहीम उ पहँटा स उठत भए घना धुआँ क लखेस। बड़ी खौफनाक आगी स उठत धुआँ क तरह उ देखाइ पड़ा।

29परमेस्सर घाटी क सहरन क नास कइ दिहस। परमेस्सर इब्राहीम क याद किहस अउर लूत क नास नाहीं किहेस। जब उ ओन सहरन क नास किहेस जेहमा लूत रहत रहेन।

लूत अउ ओकर बिटियन

30लूत सोअर मँ लगातार रहइ स डेरान। ऍह बरे उ अउ ओकर दुइनउँ बिटियन पहाड़न मँ गएन अउर उ हुवँइ रहइ लगेन। उ पचे हुवाँ एक गुफा मँ रहत रहेन। 31एक दिना बड़की बिटिया छोटकी बिटिया स कहेस, "भुइँया प चारिहुँ कइँती मनसेधू अउ मेहरारु बियाह करत हीं। मुला हिआँ आसपास कउनो मनसेधू नाहीं जेहसे हम बियाह करी। हम पचन क पिता बुढ़ाइ ग बाटेन। 32ऍह बरे हम पचे आपन पिता का प्रयोग लरिकन क जन्म देइ बरे करी जेसे हम लोगन क बंस चलि सकइ। हम लोग आपन पिता क लगे चलब अउ अंगूरे क दाखरस पिआउब अउ ओका नसा मँ बुत्त कइ देब। तब हम ओकरे संग सोइ सकित ह।"

33उहइ राति दुइँनउँ बिटियन आपन पिता क लगे गइन अउ ओका उ पचे दाखरस पिआइके नसा मँ बुत्त कइ दिहन। तब बड़की बिटिया पिता क बिछउना मँ गइ अउ ओकरे संग सोइ गइ। लूत जियादा नसा मँ बुत्त रहा। ऍह बरे इ न जानि सका कि ओकरे संग कउन सोएस।

34दूसर दिन बड़की बिटिया छोटकी बिटिया स कहेस,
"पिछली राति मइँ आपन पिता क संग सोएउँ। आवा इ रात
फुन हम ओका दाखरस पिआइके नसा मँ बुत्त कइ देइ। तब
तू ओकरे बिछउना मँ जाइ सकत ह अउर ओकरे संग सोइ
सकत ह। इ तरह हम पचन क आपन पिता क प्रयोग
लरिकन क जन्म दइके आपन बंस चलावइ बरे करइ
चाही।" 35ऍह बरे उ दुइनउँ बिटियन आपन पिता क दाखरस
पिआइके नसा मँ बुत्त कइ दिहन। तब छोटकी बिटिया
ओकरे बिछउना मँ ओलरी अउ ओकरे संग सोएस। लूत इ
दाईं भी न जानि सका कि ओकर बिटिया ओकरे संग
सोएस।

36इ तरह लूत क दुइनउँ बिटिया गर्भ धारण किहेन।
ओनका पिता ही ओनके लरिकन क पिता रहा। 37बड़की
बिटिया एक पूत क जन्म दिहस। उ बेटवा क नाउँ मोआब
धरेस। मोआब ओन सबहिं मोआबी लोगन क पिता रहा,
जउन अब तलक रहत अहइँ। 38छोटकी बिटिया भी एक
पूत जन्मेस। इ आपन पूत क नाउँ बेनम्मी धरेस। बेनम्मी
ओन सबहिं अम्मोनी लोगन क पिता अहइ जउन अब
तलक रहत बाटेन।

इब्राहीम गरार जात ह

20 इब्राहीम उ ठउरे क तजि दिहस और नेगेव क
जात्रा किहेस। इब्राहीम कादेस अउ सूर क बीच
गरार मँ बस गवा। 2गरार मँ इब्राहीम मनइयन स कहेस कि
सारा मोर बहिन अहइ। गरार क राजा अबीमेलक इ बात
सुनेस। अबीमेलेक क सारा चाहत रहा ऍह बरे उ कछू
नउकर ओका लावइ बरे पठएस। 3मुला एक रात परमेस्सर
अबीमेलेक स सपन मँ बात किहस। परमेस्सर कहेस, "देखा,
तू मरि जाब्या। जउने मेहरारु क तू लिहा ह उ सोहागिन
अहइ।"

4मुला अबीमेलेक अबहिं सारा क संग नाहीं सोवा रहा।
ऍह बरे अबीमेलेक कहेस, "हे यहोवा, मइँ दोखी नाहीं
अहउँ। का तू बेदोखी मनई क मरब्या? 5इब्राहीम मोसे खुद
कहेस, 'इ मेहरारु मोर बहिन अहइ' अउ मेहरारु भी कहेस,
'इ मनई मोर भाई अहइ।' मइँ बेदोखी अहउँ। मइँ नाहीं
जानत रहेउँ कि मइँ का करत हउँ?"

6तब परमेस्सर अबीमेलेक स सपन मँ कहेस, "हाँ, मइँ
जानत हउँ कि तू निर्दोख अहा अउर मइँ इ भी जानत हउँ
कि तू इ नाहीं जानत रह्या कि तू का करत रह्या? मइँ
तोहका बचाएँउ। मइँ तोहका आपन खिलाफ पाप नाहीं करइ
दिहेउँ। इ मइँ ही रहेउँ जउन तोहका ओकरे संग सोवइ नाहीं
दिहेउँ। 7ऍह बरे इब्राहीम क ओकर मेहरारु लौटाइ द्या।
इब्राहीम एक ठु नबी बाटइ। उ तोहरे बरे पराथना करी अउर
तू जिअत रहब्या मुला जदि तू सारा क नाहीं लौटउब्या तउ
मइँ सरापत हउँ कि तू मरि जाब्या। तोहार सारा परिवार तोहरे
संग मरि जाइ।"

8ऍह बरे दूसर दिन बहोत भिंसारे अबीमेलेक आपन सबइ
नउकरन क बोलाएस। अबीसेलेक सपने मँ भइ सारी बातन
क ओनका बताएस। नउकर बहोतइ डेराइ गवा। 9तब
अबीमेलेक इब्राहीम क बोलाएस अउ ओसे कहेस, "तू हम
पचन क संग अइसा काहे किहा? मइँ तोहार का बिगाड़ेउँ
ह? तू इ झूठ काहे बोल्या कि उ तोहार बहिन अहइ। तू
हमरे राज्ज प बहोत बड़ी बिपत्ति लइ आवा ह। इ बात
तोहका मोरे संग नाहीं करइ चाही। 10तू कउने बात स डेरात
अहा? तू इ सबइ बातन मोरे संग काहे किहा ह?"

11तब इब्राहीम कहेस, "मइँ ससान रहेउँ। काहेकि मइँ
सोचेउँ कि हिअाँ कउनो भी परमेस्सर क आदर नाहीं करत।
मइँ बिचारेउँ कि सारा क पावइ बरे कउनो मोका मारि डाइ।
12उ मोर मेहरारु अहइ, मुला उ मोर बहिन भी अहइ। उ
मोरे पिता क बिटिया तउ अहइ मुला मोरी महतारी क
बिटिया नाहीं अहइ। 13परमेस्सर मोका मोरे पिता क घरे स
दूर पहोंचाए अहइ। परमेस्सर कइयऊ अलग अलग पहँटा मँ
मोका भटकाएस। जब अइसा भवा तउ मइँ सारा स कहेउँ,
'मोरे बरे कछू करा। जहाँ कहुँ भी हम जाइ तू मनइयन स
कहा कि तू मोर बहिन अहा।'"

14अब अबीमेलेक जान लिहेस कि का होइ चुका बाटइ।
ऍह बरे अबीमेलेक इब्राहीम क सारा लौटाइ दिहस। अबीमेलेक
इब्राहीम क कछू भेड़िन, जनावर अउ दास भी दिहस।
15अबीमेलेक कहेस, "तू चारिहुँ कइँती लखि ल्या। इ मोर
देस अहइ। तू जउने ठउर चाहा, रहि सकत ह।"

16अबीमेलेक सारा स कहेस, "लखा, मइँ तोहरे भाई क
एक हजार चाँदी क टूक दिहेउँ ह। मइँ इ ऍह बरे किहेउँ ह
कि जउन कछू भवा ओहसे मइँ दुःखी अहउँ। मइँ चाहत हउँ
कि हर एक मनई इ लखइ कि मइँ नीक काम किहेउँ ह।"

17-18परमेस्सर अबीमेलेक क ओकर पत्नी क अउर
ओकर मेहरारु नउकरन क लरिका जन्मइ क अयोग्ग
बनाएस। परमेस्सर उ ऍह बरे किहस कि उ इब्राहीम क
मेहरारु सारा क बइठाइ लिहे रहा। मुला इब्राहीम परमेस्सर स
पराथना किहस अउ परमेस्सर अबीमेलेक, ओकर मेहररुअन
अउ दास-कन्या क चंगा कइ दिहस।

आखिर मँ सारा क एक लरिका

21 अब यहोवा सारा लग्गे आएन काहेकि उ कहेस
रहा, अउर उ सारा बरे उहइ किहेस जउन उ
करइ क वादा किहे रहा। 2सारा गरभ धरेस अउर इब्राहीम
बरे ओकर बुढ़ापे मँ एक लरिका क जन्मेस। सही टेम प
जइसा परमेस्सर वचन दिहे रहा वइसा ही भवा। 3सारा पूत
जन्मेस अउ इब्राहीम ओकर नाउँ इसहाक राखेस। 4परमेस्सर
क हुकुम क मुताबिक इब्राहीम आठ दिन होए प इसहाक क
खतना किहस।

5इब्राहीम सौ बरिस क रहा जब ओकर पूत इसहाक पइदा
भवा 6अउ सारा कहेस, "परमेस्सर मोका सुखी बनाइ दिहस
ह। हर एक मनई जउन इ बारे मँ सुनी उ मोहसे खुस होइ।
7कउनो भी इ नाहीं सोचत कि मइँ सारा इब्राहीम बरे पूत
देबउँ। मुला मइँ इब्राहीम क ओकरे बुढ़ापे क उमर मँ एक
ठु पूत दिहेउँ ह।"

घरे मँ परेसानी

8अब बचवा ऍतना बाढ़ गवा कि महतारी क दूध तजिके
ठोस भोजन सुरु करइ। जउने दिन ओकर दूध छोंड़वावा गवा

उ दिन इब्राहीम एक बहोत बड़का भोज दिहस। 9बीते भए टेम मँ मिस्र क दासी एक ठु पूत क जन्मेस। इब्राहीम उ पूत क बाप रहा। सारा लखेस कि हाजिरा क पूत इसहक क तंग करत ह। 10ऍंह बरे सारा इब्राहीम स कहेस, "उ दासी मेहरारु अउ ओकरे पूत क हिऑं पठइ द्या। जब हम पचे मरब हम पचन क सबहिं चिजियन इसहाक क मिलिहीं। मइँ नाहीं चाहत कि ओकर पूत इसहाक क संग ओन चिजियन मँ हींसा लेइ।"

11इस्माएल क बरे इ कीन्ह जाना एका सोच इब्राहीम क बहोत ज्यादा दु:खी कइ दिहन। 12मुला परमेस्सर इब्राहीम स कहेस, "उ लड़का क बारे मँ दु:खी जिन ह्वा। उ दासी क बारे मँ दु:खी जिन ह्वा। जउन सारा चाहत ह तू उहइ करा। तोहार बंस इसहाक क बंस स चली। 13मुला मइँ तोहरे दासन क पूतन क असीसब। उ तोहार पूत अहइ ऍंह बरे मइँ ओकरे परिवार क भी एक बड़ा रास्ट्र बनाउब।"

14दूसर दिन बहोत भिन्सारे इब्राहीम कछू भोजन अउ पानी लिहस। इब्राहीम इ चीजन हाजिरा क दइ दिहस। हाजिरा उ सबहि चीजन क लिहस अउ बच्चा क संग दूर चली गइ। हाजिरा उ ठउर तजि दिहस अउर उ बेर्सोबा क रेगिस्तान मँ भटकइ लाग।

15कछू टेम पाछे हाजिरा क सारा पानी खतम होइ गवा। पिअइ बरे कछू पानी भी नाहीं बचा। ऍंह बरे हाजिरा आपन लरिका क एक झाड़ी तरे राखेस। 16हाजिरा हुऑं स कछू दूर गइ। तब उ रुकी अउ बइठि गइ। हाजिरा सोचेस कि ओकर पूत मरि जाइ काहेकि हुऑं पानी नाहीं रहा। उ ओका मरता भवा नाहीं देखइ चाहत रही। उ हुऑं बइठि गइ अउ रोवइ लाग।

17यहोवा लरिका क रोउब सुनेस। सरग स एक दूत हाजिरा क लग्गे आवा। उ पूछेस, "हाजिरा, तोहका का तकलीफ अहइ। डेराउ नाहीं काहेकि परमेस्सर हुवॉं लरिका क रोउब सुन लिहेस। 18जा, अउर आपन पूत क सँभारा। ओकर हाथ धइ ल्या अउ ओका संग लइ चला। मइँ ओका बहोत बड़का रास्ट्र क पिता बनाउब।"

19परमेस्सर हाजिरा क ऑंखी इ तरह खोलेस कि उ एक पानी क कुऑं निहारि सकी। ऍंह बरे हाजिरा कुऑं प गइ अउ उ थैला क पानी स भरि लिहस। तब उ बच्चा क पानी पिअइ बरे दिहस। 20बच्चा जब तक बाढ़ा नाहीं तब तलक परमेस्सर ओकरे संग रहा। इस्माएल रेगिस्तान मँ रहा अउ एक सिकारी बन गवा। उ बहोत बढ़िया तीर चलाउब सीख लिहस। 21ओकर महतारी मिस्र स ओकरे बरे दुल्हन लइ आइ। उ पचे सबइ पारान रेगिस्तान मँ रहइ लाग्गेन।

इब्राहीम अबीमेलेक स सौदा करत ह

22तब अबीमेलेक अउ पीकोल इब्राहीम स बात किहन। पीकोल अबीमेलेक क फउज क सेनापति रहा। उ पचे इब्राहीम स कहेन, "तू जउन कछू करत अहा, परमेस्सर तोहार साथ देत ह। 23ऍंह बरे तू परमेस्सर क समन्वा इ बचन द्या कि तू मोरे अउ मोरे बच्चन बरे भला रहब्या। तू इ बचन द्या कि तू मोरे बरे अउ जहॉं तू रह्या ह उ देस बरे दयालु रहब्या। तू इ भी बचन द्या कि मइँ तोहरे बरे जेतॅना दयालु रहा ओतॅना तू मोहे प दयालु रहब्या।" 24इब्राहीम कहेस, "मइँ बचन देत हउँ कि तोहसे मइँ वइसा ही बिउहार करब जइसा तू मोरे संग बिउहार किया ह।" 25तब इब्राहीम अबीमेलेक क ओराहना दिहस। इब्राहीम ऍंह बरे ओराहना दिहस कि अबीमेलेक क नउकरन पानी क कुऑं प कब्जा कइ लिहन।

26अबीमेलेक कहेस, "ऍंकरे बारे मँ मइँ इ पहिली बार सुनेउँ ह। मोका पता नाहीं बाटइ, कि इ के किहेस ह अउर तू भी ऍंकर चर्चा मोहसे ऍंहसे पहिले कबहुँ नाहीं किह्या।"

27ऍंह बरे इब्राहीम अउ अबीमेलेक एक समझौता किहन। इब्राहीम समझौता क सबूत क रुप मँ अबीमेलेक क कछू भेड़िन अउ गोरु दिहस। 28इब्राहीम सात ठु मादा भेड़ी क बच्चा भी अबीमेलेक क समन्वा लावा। 29अबीमेलेक इब्राहीम स पूछेस, "तू इ सबइ सात ठु भेड़ी क मादा बच्चन क काहे अलग्गाइ कइ दिह्या?"

30इब्राहीम कहेस, "जब तू इ सातहु* भेड़ी क बच्चन स मोहसे लेब्या तउ इ सबूत रही कि इनारा मइ खनेउँ ह।" 31ऍंह बरे ऍंकरे पाछे उ इनारा बेर्सेबा कहवावा गवा। उ पचे इनारा क इ नाउँ दिहन काहेकि इ उ ठउर रहा जहॉं उ पचे एक दूसर क बचन दिहे रहेन।

32इ तरह इब्राहीम अउ अबीमेलेक बेर्सेबा मँ एक समझौता किहन। तब अबीमेलेक अउ सेनापति दुइनउँ पलिस्तियन क पहँटा मँ लौटि गएन।

33इब्राहीम बेर्सेबा मँ झाऊ क एक बृच्छ लग्गाएस। उ ठउरे प इब्राहीम परमेस्सर, जउन हमेसा रहत ह स पराथना किहस। 34अउर इब्राहीम पलिस्तियन क देस मँ बहोत समइ तलक रहा।

इसहाक क बलि क रूप मँ देन

22 इ बातन क पाछे परमेस्सर इब्राहीम क पतियाइ क परीच्छा लेब तय किहस। परमेस्सर ओसे कहेस, "इब्राहीम!" अउ इब्राहीम कहेस, "हॉं!"

2परमेस्सर कहेस, "आपन पूत ल्या, आप इकलौता पूत, इसहाक जेका तू पिरेम करत ह मोरिय्याह प जा। तू उ पहाड़े प जा जेका मइँ तोहका देखॉउब। तू हुऑं आपन पूत क बलिदान देब्या अउ ओका होम बलि क सरुप मँ मोका अर्पण करिब्या।"

3भिन्सारे इब्राहीम उठा अउ उ गदहा क तइयार किहस। इब्राहीम इसहाक अउ दुइ नउकरन क संग लिहस। इब्राहीम बलि बरे काठ काटिके तइयार किहस। तब उ पचे उ ठउरे प गएन जहॉं जाइ बरे परमेस्सर कहेस। 4उ पचे तीन दिना तलक जात्रा किहेन। ओकरे पाछे इब्राहीम ऊपर लखेस अउ दूरी प उ ठउरे क निहारेस जहॉं उ पचे जात रहेन। 5तब इब्राहीम आपन नउकरन स कहेस, "हिऑं गदहा क संग ठहरि जा। मइँ आपन पूत क उ ठउरे लइ जाब अउ आराधना करब। तब हम पाछे लौटि आउब।"

6इब्राहीम बलि बरे लकड़ी क आपन पूत क काँधे प धरेस। इब्राहीम एक खास छुरी अउ आग्गी लिहस। तब

सात बरे हिब्रू सब्द या बचन दे जइसा अहइ। यह बरे सात गोरु ओका बचन देइ क सबूत रहेन।

इब्राहीम अउ ओकर पूत दुइनउँ आराधना बरे उ ठउरे प एक संग गएन।

7इसहाक आपन बाप इब्राहीम स कहेस, "पिताजी!"

इब्राहीम जवाब दिहस, "हाँ, बेटवा।" इसहाक कहेस, "मइँ ईंधन अउ आगी तउ लखत हउँ, मुला उ भेड़ा कहाँ बाटइ जेका हम बलि क रुप मँ बारब?" 8इब्राहीम जवाब दिहस, "बेटवा, परमेस्सर बलि बरे भेड़ा अपने आप जुटावत बाटइ।"

इसहाक बचावा गवा

नउकरन क दिहस। तब याकूब नउकरन स कहेस, "सब जनावरन क हर झुण्ड क अलग कइ ल्या। मोरे अगवा - अगवा चला अउ हर झुण्ड क बीच कछू दूरी राखा।" 17याकूब ओनका हुकुम दिहस। जनावरन क पहिले झुण्ड वाला नउकर स याकूब कहेस, "मोर भाई एसाव जब तोहरे लगे आवइ अउ तोहसे पूछइ, 'इ केकर जनावर अहईं? तू कहाँ जात अहा? तू केकर नउकर अहा?' 18तब तू जवाब दिहा, 'इ सबइ जनावरन आप क सेवक याकूब क अहईं। याकूब एनका आपन सुआमी एसाव क भेंट क रुप मँ पठएस ह, अउ याकूब भी हम लोगन क पाछे आवत अहइ।'"

19याकूब क दूसर नउकर, तीसरा नउकर, अउर सबहिं दूसर नउकरन क इहइ बात करइ क हुकुम दिहस। उ कहेस, "जब तू पचे एसाव स भेट्या तउ इहइ एक बात कहब्या। 20तू पचे कहब्या, 'इ आप क भेंट अहइ, अउर आप क सेवक याकूब भी लोगन क पाछे आवत अहइ।'"

याकूब सोचेस, "जदि मईं भेंट क संग इ मनइयन क आगे पठवत हउँ तउ इ होइ सकत ह कि एसाव मोका छिमा कइ देइ अउ मोका अंगीकार कइ लेइ।" 21ऍह बरे याकूब एसाव क भेंट पठएस। मुला याकूब उ रात आपन पड़ाव मँ ही ठहरा।

22पाछे उहइ रात याकूब उठा अउ उ जगह क तजि दिहस। याकूब आपन दुइनउँ मेहररुअन, आपन दुइनउँ दासिन अउ आपन ग्यारहु पूतन क साथ लिहस। घाटे प जाइेक याकूब यब्बोक नदी क पार किहस। 23याकूब आपन परिवार क नदी क उ पार पठएस। तब याकूब आपन सबहिं चिजियन क नदी क ओह पार पठइ दिहस।

परमेस्सर स मल्ल जुद्ध

24याकूब नदी क पार करइवाला आखिर मनई रहा। मुला पार करइ स पहिले जब तक उ अकेला ही रहा, एक ठु मनई आवा अउ ओसे कुस्ती लड़इ लाग। उ मनई ओसे तब तलक कुस्ती लड़ेस जब तलक सूरज न निकरा। 25मनई लखेस कि उ याकूब क हराइ नाहीं सकत। ऍह बरे उ याकूब क गोड़ क ओकरे कूल्हा क जोड़ प छुएस। उ टेम याकूब क कूल्हा क जोड़ आपन जगह स हट गवा।

26तब उ मनई याकूब स कहेस, "मोका छोड़ द्या। सूरज ऊपर चढ़त बाटइ।"

मुला याकूब कहेस, "मईं तोहका न छोड़ब। मोका तोहका असीर्बाद देइ क होइ।"

27अउर उ मनई ओसे कहेस, "तोहार का नाउँ अहइ?"

अउर याकूब कहेस, "मोर नाउँ याकूब बाटइ।"

28तब मनई कहेस, "तोहार नाउँ याकूब नाहीं रही। अब तोहार नाउँ इस्राएल होइ। मईं तोहका इ नाउँ ऍह बरे देत हउँ कि तू परमेस्सर क संग अउ मनइयन क संग जुद्ध किहा ह अउ तू हरावा नाहीं जाइ सक्या।"

29तब याकूब ओसे पूछेस, "कृपा कइके मोका आपन नाउँ बतावईं।"

मुला उ मनई कहेस, "तू मोर नाउँ काहे पूछत अहा?" उ टेम उ मनई याकूब क असीसेस।

30ऍह बरे याकूब उ जगह क नाउँ पनीएल राखेस। याकूब कहेस, "इ जगह मईं परमेस्सर क साच्छात दरसन किहेउँ ह। किन्तु मोर जिन्नगी बच गइ।" 31जइसे ही उ पनीएल स गुजरा, सूरज निकरि आवा। याकूब आपन गोड़े क कारण लँगड़ाइ के चलत रहा। 32ऍह बरे आजु भी इस्राएल क लोग पुट्ठा क मांस पेसी क नाहीं खातेन काहेकि इहइ मांस पेसी प याकूब क चोट लागि रही।

याकूब आपन बहादुरी देखावत ह

33 याकूब निगाह उठाएस अउ एसाव क आवत लखेस। एसाव आवत रहा अउ ओकरे संग चार सौ मनई रहेन। याकूब आपन परिवार क चार टोली मँ बाटेस। लिआ अउ ओकर बच्चन एक दल मँ रहेन, राहेल अउ यूसुफ एक दले मँ रहेन, दासी अउ ओकर लरिकन दुइ दले मँ रहेन। 2याकूब दासियन अउ ओनके बच्चन क अगवा राखेस। ओकरे पाछे ओनके पाछे लिआ अउ ओकरे बच्चन क राखेस अउर याकूब राहेल अउ यूसुफ क सब क आखिर मँ राखेस।

3याकूब एसाव की ओर बढ़ा। ऍह बरे उ पहिला मनई रहा जेकरे संग एसाव मिलेस। अपने भाई कईँती बढ़त टेम प याकूब सात दाईं भुइँया प निहुरिके पैलगी किहेस।

4जब एसाव याकूब क लखेस, उ ओसे भेटंइ दौड़ गवा। एसाव याकूब क आपन बाँही मँ भरि लिहस अउ छाती स चिपकाएस तब एसाव ओकर गरदन स चिपकाएस अउ ओकर चुम्बन लिहस। अउ दुइनउँ आनन्द स रोइ पड़ेन। 5एसाव निगाह उठाएस अउ मेहररुअन अउ बच्चन क लखेस। उ कहेस, "तोहरे संग इ सबइ कउन लोग अहईं?" याकूब जवाब दिहस, "इ सबइ उ बच्चन अहईं जेका परमेस्सर मोका दिहे अहइ। परमेस्सर मोहे प दयालु रहा ह।"

6तब दुइनउँ दासियन आपन बच्चन क संग एसाव क लगे गएन। उ पचे ओका निहुरिके पैलगी किहन। 7तब लेआ आपन बच्चन क संग एसाव क समन्वा गइन अउ उ पैलगी किहस अउर तब राहेल अउ यूसुफ एसाव क समन्वा गएन अउ उ पचे भी पैलगी किहन।

8एसाव कहेस, "मईं जउन सब मनइयन क हिऑं आवत समइ देखेउँ उ सबइ कउन रहेन? अउ उ सबइ गोरुअन काहे बरे रहेन?"

याकूब जवाब दिहस, "उ सबइ तोहका मोर भेंट अहईं जेहसे तू मोका अंगीकार कइ सका।"

9मुला एसाव कहेस, "भाई, तोहका मोहे बरे कउनो भेंट नाहीं देइ चाही काहेकि मोरे लगे सब कछू इफरात बाटइ।"

10याकूब कहेस, "नाहीं! मईं तोहसे बिनती करत अहउँ। जदि तू फुरे मोका अपनावत ह तउ कृपा कइके जउन भेंट देत अहउँ तू अपनावा। मईं तोहका दूसरी दाईं लखि के बहोत खुस अहउँ। इ तउ परमेस्सर क लखइ जइसा बाटइ। मईं इ लखिके बहोत खुस अहउँ कि तू मोका अपनावत ह। 11ऍह बरे मईं बिनती करत हउँ कि जउन भेंट मईं देत अहउँ ओका भी अंगीकार करा। परमेस्सर मोरे ऊपर बहोतइ कृपालु रहा ह। मोरे लगे आपन जरुरत स बेसी अहइ।" इ

तरह याकूब एसाव स भेंट अंगीकार करइ के बिनती किहेस। ऍह बरे एसाव भेंट अपनाइ लिहस।

12तब एसाव कहेस, "अब तू आपन जात्रा जारी किहे रहि सकत ह। मइँ तोहरे संग चलब।"

13मुला याकूब ओसे कहेस, "तू इ जानत ह कि मोरे बच्चन अबहिं दुर्बल बाटेन अउर मोका आपन झुण्ड अउ ओनके बच्चन क खास देख-रेख करइ चाही। अगर मइँ ओनका बहोत दूर एक दिन मँ चलइ बरे मजबूर करत हउँ तउ सबहिं गोरु मरि जइहीं। 14ऍह बरे तू आगे चला अउ मइँ रसे रसे तोहरे पाछे आउब। मइँ गोरुअन अउ दूसर जनावरन क रच्छा बरे धीमे बढ़ब अउ मइँ बहोतइ रसे-रसे ऍह बरे चलब कि मोर गदेलन बहोत जियादा थक न जाइँ। मइँ सेइर मँ तोहसे मिलब।"

15ऍह बरे एसाव कहेस, "तब मइँ आपन कछू संगियन क तोहरी मदद बरे छोड़ देब।"

मुला याकूब कहेस, "इ तोहार बिसेस दाया बाटइ।" मुला अइसा करइ क कउनो जरुरत नाहीं बा।"

16ऍह बरे उ दिन एसाव सेईर क वापसी जात्रा प चल पड़ा। 17मुला याकूब सुक्कोत क गवा। हुआँ उ आपन बरे एक ठु घर बनाएस अउर आपन गोरुअन बरे एक नान्ह नान्ह गोसालन क बनाएस। इहइ कारण इ जगह क नाउँ सुक्कोत राखेस।

18याकूब सुरच्छा क साथ आपना जात्रा पद्दन-अराम स सुरू कई क कनान पहँटा मँ सकेम सहर तलक समाप्त किहेस। याकूब सहर क निचके मइदान मँ डेरा डाएस। 19याकूब उ भुइँया क सकेम क बाप हमोर क परिवारे स बेसहेस। याकूब चाँदी क एक सौ सिक्का दिहस। 20याकूब परिवार क आराधना बरे हुआँ एक ठु वेदी बनाएस। याकूब जगह क नाउँ "एले, इस्राएल क परमेस्सर" राखेस।

दीना क संग कुकर्म

34 दीना लिआ अउ याकूब क बिटिया रही। एक दिन दीना उ पहँटा क मेहररुअन क लखइ बाहेर गइ। 2उ पहँटा क राजा हमोर क पूत सकेम दीना क निहारेस। उ ओका धइ लिहस अउ आपन संग तने क सम्बंध राखइ बरे ओका बेबस किहस। 3तउ सकेम याकूब क बेटी दीना स पिरेम करइ लाग। ऍह बरे उ ओकर दिल जीतइ क कोसिस किहेस। 4सकेम आपन बाप स कहेस, "कृपा कइके इ लउँडिया क मोका दिआवा जेहसे मइँ एकरे संग बियाह कइ सकउँ।"

5याकूब इ जान लिहेस कि सकेम ओकरी बिटिया दीना क संग बहोत बुरा कर्म किहस ह। मुला याकूब क सबहिं पूत आपन गोरुअन क संग मइदान मँ गएन। ऍह बरे उ सबइ जब तलक नाहीं आएन, याकूब कछू नाहीं किहस। 6उ टेम सकेम क बाप हमोर याकूब क संग बात करइ गवा। 7खेतन मँ याकूब क पूतन जउन कछू भवा रहा, ओकर खबर सुनेन। जब उ पचे इ सुनेन तउ उ पचे बहोत कोहाइ गएन। उ पचे पगलाइ स गएन काहेकि सकेम याकूब क बिटिया क बलात्कार कइ के इस्राएल क बदनाम किहस। सकेम बहोतइ घिनौनी बात किहे रहा। ऍह बरे सबहिं भाई लोग खेतन स घर लउटेन।

8मुला हमोर भाइयन स बात किहेस। उ कहेस, "मोर पूत सकेम दीना स बहोत पिरेम करत ह। मेहरबानी कइके ओका एकरे संग बियाह करइ द्या। 9इ बियाह इ बात क प्रमाण होइ कि हम पचे खास सन्धि कीन्ह ह। तब हमार लोग तू पचन क मेहररुअन स अउ तोहार लोग हम पचन क मेहररुअन क संग बियाह कइ सकत हीं। 10तू लोग हमरे संग एक पहँटा मँ रहि सकित ह। तू भुइँया क सुआमी बनब्या अउर हिआँ बइपार करइ बरे अजाद होब्या।"

11सकेम याकूब अउ दीना क भाइयन स भी बात किहस। सकेम कहेस, "कृपा कइके मोका अंगीकार करा अउ मइँ जउन किहेउँ ओकरे बरे छिमा करा। 12मइँ तोहका जउन कछू उपहार तू चाहत ह देब, अगर तू मोका सिरिफ दीना क संग बियाह करइ द्या।" मोका जउन कछू आप लोग करइ क कइहीं करब, मुला दीना क बियाह मोर संग होइ द्या।"

13याकूब क बेटहनन सकेम अउ ओकरे बाप स झूठ बोलइ क ठान लिहन। भाइयन अबहुँ भी पागल होत रहेन काहेकि सकेम ओनकइ बहिन दीना क संग अइसा घिनौना बेउहार किहे रहेन। 14ऍह बरे भाइयन ओसे कहेन, "हम लोग तोहका आपन बहिन क संग बियाह नाहीं करइ देब काहेकि तोहार खतना अबहिं नाहीं भवा अहइ। हमरी बहिनी क तोहसे बियाह करब ठीक न होइ। 15मुला हम पचे तोहका ओकरे संग बियाह करइ देब अगर तू इहइ एक काम करा कि तोहरे सहर क हर मनई क खतना हम पचन क तरह होइ जाइ। 16तब तोहरे मनई हमरी अउरतन स बियाह कइ सकत हीं अउर हमार मनई तोहरी अउरतन स बियाह कइ सकत हीं। तब हम पचे एक ही लोग बन जाब। 17जदि तू खतना कराउब नाहीं कबूल करब्या तउ हम लोग दीना क लइ जाब।"

18इ सन्धि हमोर अउ सकेम क बहोत खुस किहस। 19दीना क भाइयन जउन कछू कहेन ओका करइ मँ सकेम बहोत खुस भवा।

बदला

सकेम परिवार क सबसे जियादा मर्जादी मनई रहा। 20हमोर अउ सकेम अपने सहर क सभाघर क गएन। उ पचे सहर क लोगन स बातन किहन अउ कहेन 21"इस्राएल क इ सबइ लोग हमार मीत होवा चाहत हीं। हम लोगन क पास हम सबहिं लोगन बरे संतुट्ठ भुइँया अहइ। एह बरे उ लोगन क हम लोगन क भुइँया रहइ द्या अउर एहमाँ बइपार करइ द्या। हम पचे ऍनकी मेहररुअन क संग बियाह करइ क अजाद अही अउ हम लोग आपन मेहरारुअन ओनका बियाहे बरे देइ मँ खुस अही। 22मुला एक बात अहइ जेका करइ बरे सबहिं क सन्धि करइ क होइ। ताकि उ पचे हम लोगन क बीच रही सका अउर हम पचे एक ही लोगन होइ सकब। हमार सबइ लोग भी उपचन्क क नाईं खतना करावइ बरे राजी हो जाब। 23जदि हम अइसा करब तउ ओनके गोरुअन अउ जनावरन स हम धनी होइ

जाब। ऍह बरे हम लोग ओनके संग इ सन्धि करी अउर उ पचे हिअँा हम लोगन क संग रइहीं।" 24सभाघरे प जउन लोगन इ बात सुनेन उ पचे हमोर अउ सकेम क संग राजी होइ गएन अउ उ टेम हर एक मनई क खतना कइ दीन्ह गवा।

25तीन दिना पाछे, खतना कइ दीन्ह गए मनइयन क अबहिं जख्म रहेन। याकूब क दुइ पूत सिमोन अउ लेवी जानत रहेन कि टेम लोग कमजोर होइहीं, ऍह बरे उ नगर क गएन अउर उ पचे सबहिं मनइयन क मारि डाएन। 26दीना क भाई सिमोन अउ लेवी हमोर अउ ओकरे पूत सकेम क मारि डाएस। उ पचे दीना क सकेम क घरे स बहियाइ दिहेन अउ उ पचे चला गएन। 27याकूब क दूसर पूतन सहर मँ गएन अउ उ पचे हुअँा जउन कछू रहा, लूटि लिहन। सकेम जउन कछू ओनकइ बहिनी क संग किहे रहा, ओसे उ सबइ तब तलक कोहान रहेन। 28ऍह बरे भाइयन ओनकइ सबहिं जनावरन लइ लिहेन। उ पचे ओनकइ गदहन अउ सहर अउ खेतन मँ दूसर जउन कछू रहा, सब स लइ लिहन। 29भाइयन ओन सबन क सब कछू लइ लिहन। भाइयन ओनकइ मेहररुअन अउ बच्चन तलक क लइ लिहन।

30मुला याकूब सिमोन अउ लेवी स कहेस, "तू पच मोर बरे मुसीबत खड़ी कइ दिहा ह। अउ इ प्रदेस क बसइयन क मन मँ घिना पइदा कराया ह। सबहिं कनानी अउ परिज्जी लोग हमरे खिलाफ होइ जइहीं। हिअँा हम बहोत तनिक अही। अगर इ पहँटा क लोग हम पचन क खिलाफ लड़इ खातिर बटुरि जइहीं तउ हम पचन बर्बाद होइ जाब। अउ हमरे संग हमार सबहिं लोग नस्ट होइ जाइहीं। अउर मइँ अउ मोरे घरे क सबहिं लोगन बर्बाद होइ जाइहीं।"

31मुला भाइयन जवाब दिहन, "कम हम पचे ओंन मनइयन क आपन बहिनी क संग पतुरिया जइसा बेउहार करइ देइ? नाहीं हमरी बहिनी क संग वइसा बेउहार करइ वाला लोग बुरा रहेन।"

याकूब बेतेल मँ

35 परमेस्सर याकूब स कहेस, "बेतेल सहर क जा, हुअँा बस जा अउ हुवँइ "एल," परमेस्सर बरे जउन तोहरे समन्वा परगट भवा रहा जब तू आपन भाई एसाव स बचि के परात रह्या एक वेदी बनावा।"

2ऍह बरे याकूब आपन परिवार अउ आपन सबहिं नउकरन स कहेस, "काठ अउ धातु क बना जउन बिदेसी देवतन तू पचन क लगे अहइँ ओनका नस्ट कइ द्या। अपने क पवित्र करा। ओढ़ना साफ पहिरा। 3हम पचे इ जगह क तजि देब अउ बेतेल क जाब। उ जगह मँ आपन परमेस्सर बरे एक वेदी बनाउब। इ उहइ परमेस्सर अहइ जउन मोरे कस्ट क समइ मोर मदद किहस अउ जहाँ कहूँ मइँ गवा उ मोरे संग रहा।"

4ऍह बरे मनइयन क लगे जउन बिदेसी देवता रहेन, ओन सबहिं क उ पचे याकूब क दइ दिहन। उ पचे आपन काने मँ पहिरी भइ सब बालियन क भी याकूब क दइ दिहन। याकूब सकेम नाउँ क सहर क नगिचे एक बलूत क बृच्छ क तरे इ सबहिं चिजियन क गाड़ दिहस।

5तउ उ पचे तजि गएन अउर परमेस्सर ओनका चरीहू कइँती क सभी सहरन पइ भयंकर डर डाल दिएन। ऍह ठू बरे उ पचे याकूब क पूतन पाछा नाहीं किहस। 6ऍह बरे याकूब अउ ओकर लोग लूज पहोंचेन। अब लूज क बेतेल कहत हीं। इ कनान प्रदेस मँ बाटइ। 7याकूब हुअँा एक ठु वेदी बनाएस। याकूब उ जगह क नाउँ "एल बेतेल" राखेस। याकूब इ नाउँ क ऍह बरे चुनेस कि जब उ आपन भाई क हिअँा स परात रहत रहा, तब पहिली दाईं परमेस्सर हिअँई परगट भवा।

8रिबका क धाई दबोरा हिअँइ मरी रही, उ पचे बेतेल मँ सिन्दूर क बृच्छ क खाले ओका गाड़ दिहन। उ पचे उ ठउर क नाउँ अल्लोनबक्कूत रखेन।

याकूब क नवा नाँउ

9जब याकूब फद्दान आराम स लउटा तब परमेस्सर फुन ओकरे समन्वा परगट भवा। परमेस्सर याकूब क असीसेस। 10परमेस्सर याकूब स कहेस, "तोहार नाँउ याकूब अहइ। मुला मइँ उ नाउँ क बदलब। अब तू याकूब नाहीं कहवउब्या। तोहार नवा नाउँ इस्राएल होइ।" ऍह बरे एकरे पाछे याकूब क नाँउ इस्राएल भवा।

11परमेस्सर ओसे कहेस, "मइँ सर्वोच्च परमेस्सर अहउँ अउ तोहका मइँ इ आसीर्बाद देत हउँ तोहरे बहोत संतान होइँ अउर तू एक महान रास्ट्र बनी जाब्या। बहोत सारे रास्ट्र तोहसे अइहीं अउर राजा लोग तोहसे आइहीं। 12मइँ इब्राहीम अउ इसहाक क इ भुइँया दिहे रहेउँ। अब मइँ इ भुइँया तोहका अउर तोहार सन्तानन क देत अहउँ।" 13तब परमेस्सर उ जगह तजि दिहस। 14-15याकूब इ ठउरे प एक स्मृति चट्टान खड़ी किहस। याकूब ओह चट्टान पइ दाखरस अउर तेल क भेंट उड़ेरेस। इ एक खास ठउर रहा काहेकि परमेस्सर हुअँा याकूब स बात किहस अउर याकूब उ ठउर क नाउँ बेतेल राखेस।

राहेल जन्म देत समइ मरी

16याकूब अउ ओकर दल बेतेल क तजि दिहन। एप्राता आवइ स ठीक पहिले राहेल आपन बच्चन क जन्म देइ लाग। 17मुला राहेल क इ जन्म स बहोत तकलीफ होइ लाग। ओका बहोत दर्द होत रहा। राहेल क धाई ओका लखेस अउ कहेस, "राहेल, डेराअ जिन। तू एक अउर पूत क जन्म देति अहा।"

18पूत क जन्म देत समइ राहेल मरि गइ। मरइ क पहिले राहेल बच्चा क नाउँ बेनोनी राखेस। मुला याकूब ओकर नाँउ बिन्यामीन राखेस।

19एप्राता क आवइवाली सड़क प राहेल क दफनावा गवा। (एप्राता बेतलेहेम अहइ।) 20अउर याकूब राहेल क सम्मान मँ ओकरी कब्रे प एक ठु चट्टान धरेस। उ खास चट्टान हुअँा आजु तलक बाटइ। 21तब इस्राएल आपन जात्रा जारी राखेस। उ एदेर बुर्ज खम्भा क ठीक दक्खिन मँ आपन सिबिर डाएस।

22इस्राएल हुआँ तनिक समइ ठहरा। जब उ हुआँ रहा तब
रूबेन इस्राएल क मेहरारु नउकरन बिल्हा क संग सोएस।
इस्राएल इ बारे मँ सुनेस अउ बहोत कोहाइ गवा।

इस्राएल क परिवार

याकूब क बारह पूत रहेन।

23ओकरी मेहरारु लिआ स ओकरे छः पूत रहेनः रूबेन,
सिमोन, लेवी, यहूदा, इस्साकार, जबूलून।

24ओकरी मेहरारु राहेल स ओकरे दुइ पूत रहेनः यूसुफ
अउ बिन्यामीन।

25राहेल क दासी बिल्हा स ओकरे दुइ पूत रहेनः दान
अउ नप्ताली।

26अउर लिआ क दासी जिल्पा स ओकरे दुइ पूत रहेनः
गाद अउ आसेर। इ सबइ क पूत अहईँ जउन पद्दनराम मँ
पइदा भए रहेन।

27मम्रे क किर्यत-अर्बा अर्थात् हेब्रोन मँ याकूब आपन
पिता इसहाक क लगे गवा। इ उहइ जगह अहइ जहाँ
इब्राहीम अउ इसहाक रहि चुका रहेन। 28इसहाक एक सौ
अस्सी बरिस क रहा। 29इसहाक बहोत बरिस तलक जिअत
रहा। जब उ मरा, उ बहोत बुढ़वा रहा। ओकरे पूत एसाव
अउ याकूब ओका हुअँइ दफनाएन जहाँ ओकरे पिता क
दफनावा गवा रहा।

एसाव क परिवार

36 एसाव अर्थात् एदोम क परिवार क इतिहास अहइ।
2एसाव कनान देस क मेहररुअन स बियाह किहस।
एसाव क मेहररुअन रहिनः आदा, हित्ती एलोन क बिटिया।
ओहोलीबामा हिव्वी सिबोन क नतिनी अउ अना क बिटिया।
3बासमत इस्माएल क बिटिया अउ नबायोत क बहिन। 4आदा
एसाव क एक पूत एलीपज दिहस। बासमत क रूएल नाउँ
क पूत भवा। 5ओहोलीबामा एसाव क तीन पूत दिएस यूस,
यालाम अउ कोरह इ सबइ एसाव क पूत रहेन। इ सबइ
कनान पहँटा मँ पइदा भए रहेन।

6-8याकूब अउ एसाव क परिवार अब बहोत बाढ़ि गएन
अउ अउ कनान मँ इ बड़ा परिवार क खाइ-पिअइ क जुटाइ
पाउब कठिन होइ गवा। ऍह बरे एसाव कनान तजि दिहस
अउ आपन भाई याकूब स दूर दूसर पहँटा मँ चला गवा।
एसाव आपन सबहिं चीजन क आपन संग लिआवा। कनान
मँ रहत भवा उ सबहि इ चीजन क पाए रहा। ऍह बरे एसाव
आपन संग आपन मेहररुअन, पूतन, बिटियन सबहिं नउकरन,
गोरु अउ दूसर सबहिं जनावरन क लिहस। एसाव अउ
याकूब क परिवार ऍतना बाढ़त रहेन कि ओनका एक जगह
प रहब कठिन रहा। उ भुइँया दुइनउँ परिवारे क पेट पालइ
बरे जियादा नाहीं रही। ओनके लगे बहोत जियादा गोरु रहेन।
एसाव पहाड़ी पहँटा सेईर कइँती बढ़ा। (एसाव क नाउँ एदोम
भी अहइ।)

9एसाव एदोम क मनइयन क आदि बाप रहा। सेईर क
पहाड़ी पहँटा मँ बसइयन एसाव क घराने क इ नाउँ अहईँ।

10एसाव क पूत रहेनः एलीपज, आदा अउ एसाव क पूत।
रूएल बासमत अउ एसाव क पूत।

11एलीपज क पाँच पूत रहेनः तेमान, ओमार, सपो, गाताम
अउ कनज। 12एलीपज क एक तिम्ना नाँउ क उपपत्नी भी
रही। तिम्ना अउ एलीपज अमालेक क जन्म दिहन।

13रूएल क चार पूत रहेनः नहत, जेरह, सम्मा, मिज्जा।
इ सबइ एसाव क मेहरारु बासपत स ओकरे पोता रहेन।

14एसाव क तीसर मेहरारु अना क बिटिया ओहोलीबामा
रही। (अना सिबोन क पूत रहा।) एसाव अउ ओहोलीबामा
क पूत रहेनः यूस, यालाम, कोरह।

15एसाव स चलइ वाला बंस इ सबइ ही बाटेन।
एसाव क पहिला पूत एलीपज रहा। एलीपज स तेमान,
ओमार, सपो, कनज, 16कोरह, गाताम, अमालेक भएन।
इ सबहिं परिवार एसाव क मेहरारु आदा स भएन।

17एसाव क पूत रूएल इ परिवारन क आदि पिता रहाः
नहत, जेरह, सम्मा, मिज्जा।
इ सबहिं परिवार एसाव क मेहरारु बासमत स भएन।

18अना क बिटिया एसाव क मेहरारु ओहोलीबामा यूस,
यालाम अउ कोरह क जन्म दिहन। इ सबइ तीनउँ आपन-आपन
घराने क बाप रहेन। 19इ सबहिं परिवार एसाव स चलेन।

20एसाव क पहिले एदोम मँ सईर नाँउ क एक ठु होरी
मनई रहत रहा। सेईर क पूत इ सबइ अहईँः लोतान,
सोबाल, सिबोन, अना 21दीसोन, एसेर, दिसान। इ सबइ पूतन
आपन परिवार क मुखिया रहेन।

22लोतान, होरी, हेमाम क बाप रहा। (तिम्ना लोतान क
बहिन रही।) 23सोबल, अल्वान, मानहत एबल सपो, ओनाम
क पिता रहा।

24सिबोन क दुइ पूत रहेनः अय्या अउर अना। (अना उ
मनई अहइ जउन आपन पिता क गदहन क देखरेख करत
समइ रेगिस्तान मँ गरम पानी क झरना हेरेस।)

25अना, दीसोन अउ ओहोलीबामा क पिता रहा।

26दीसोन क चार पूत रहेनः हेमदान, एस्बान, यित्रान,
करान।

27एसेर क तीन पूत रहेनः बिल्हान, जावान, अकान।

28दीसान क दुइ पूत रहेनः ऊस अउ अरान।

29इ होरी परिवारन क मुखियन क नाउँ अहईँ। लोतान,
सोबाल, सिबोन, अना। 30दिसोन, एसेर, दीसान। इ सबइ
मनइयन ओन परिवारन क मुखिया रहेन जउन सेईर पहँटा मँ
रहत रहेन। 31उ टेम एदोम मँ कइउ राजा रहेन। इस्राएल मँ
राजा होइ के बहोत पहिले एदोम मँ राजा रहेन।

32बोर क पूत बेला एदोम मँ राज्ज करइ वाला राजा रहा।
उ दिन्हाबा सहर प राज्ज करत रहा। 33जब बेला मरा तउ
योबाब राजा भवा। योबाब बोस्रा क जेरह क पूत रहा। 34जब
योबाब मरा, हूसाम राज्ज किहस। हूसाम तेमानी लोगन क
देस क रहा। 35जब हूसाम मरा, हदद उ पहँटा प राज्ज
किहस। हदद बदद क पूत रहा। (हदद उ मनई रहा जउन
मिद्यानी लोगन क मोआब देस मँ हराए रहा।) हदद अबीत
सहर क रहा। 36जब हदद मरा, सम्ला उ प्रदेस प राज्ज
किहस। सम्ला मस्रेक क रहा। 37जब सम्ला मरा, साऊल उ
पहँटा प राज्ज किहस। साऊल फरात नदी क किनारे रहोबोत
क रहा। 38जब साऊल मरि गवा, बाल्हानान उ देस प
हूकूमत किहस। बाल्हानान अकबोर क पूत रहा। 39जब

बाल्हानान मरा, हदर उ प्रदेस प राज्ज किहस। हदर पाऊ सहर क रहा। मत्रेद क बिटिया हदर क मेहरारु क नाउँ महेतबेल रहा। मत्रेद क बाप मेजाहब रहा।

40-43एदोमी परिवारन, तिम्ना, अल्बा, यतेत, ओहोलीबामा, एला, पीपोन, कनज, तेमान, मिबसार, मग्दीएल अउ ईराम आदि क बाप एसाव रहा। हर एक परिवार एक ठु अइसे प्रदेस मँ रहत रहा जेकर नाउँ उहइ रहा जउन ओनकइ परिवारे क नाउँ रहा।

सपन क देखइवाला यूसुफ

37 याकूब ठहरि गवा अउ कनान पहँटा मँ रहइ लाग। इ उहइ प्रदेस अहइ जहाँ ओकर बाप आइके बसा रहा। 2याकूब क परिवार क इहइ कथा अहइ।

यूसुफ एक सत्रह बरिस क जवान रहा। ओकर पेसा भेड़ी बोकरियन क देखरेख करब रहा। यूसुफ इ काम अरथ अहइ कि बिल्हा अउ जिल्पा क पूतन क संग करत रहा। (बिल्हा अउ जिल्पा ओकरे बाप क मेहररुअन रहिन।) यूसुफ आपन बाप क आपन भाइयन क बुरी बातन बतावत रहा। 3यूसुफ उ टेम पइदा भवा जब ओकर पिता इस्राएल बहोत बुढ़वा रहा। ऍह बरे इस्राएल, यूसुफ क आपन दूसर पूतन स बेसी पिआर करत रहा। याकूब आपन पूत क एक खास कोट बनवाएस। इ कोट लम्बा अउ बहोत सुन्नर रहा। 4यूसुफ क भाइयन लखेन कि ओनकइ बाप ओनसे बेसी यूसुफ क जियादा पिआर करत ह। उ पचे इहइ कारण आपन भाई स घिना करत रहेन। उ पचे यूसुफ स अच्छी तरह बात नाहीं करत रहेन।

5एक दाईं यूसुफ एक खास सपन लखेस। पाछे यूसुफ आपन इ सपना क बारे मँ आपन भाइयन क बताएस। एकरे पाछे ओकरे भाई पहिले स भी जियादा ओसे घिना करइ लागेन।

6यूसुफ कहेस, "मइँ एक सपना देखेउँ ह। 7हम पचे सबहिं खेते मँ काम करत रहे। हम पचे गोहूँ क एक साथ बोझ बाँधत रहेन। मोर बोझा खड़ा होइ गवा अउ तू पचन क बोझ मोरे बोझे क चारिहुँ कइँती घेरि लिहस। तब तोहार सबहिं बोझ मोरे बोझे क निहुरिके प्रणाम किहस।"

8ओकर भाइयन कहेन, "का, तू सोचत ह कि ऍकर अरथ अहइ कि तू राजा बनब्या अउर हम पचन प राज्ज करब्या?" ओकर भाइयन यूसुफ स अब अउर बेसी घिना करब सुरु किहेस काहेकि उ ओकरे बारे मँ सपना देखत रहा।

9तब यूसुफ दूसर सपना देखेस। यूसुफ आपन भाइयन स इ सपना क बारे मँ बताएस। यूसुफ कहेस, "मइँ दूसर सपना लखेउँ ह। मइँ सूरज, चन्द्रमा अउ गियारह नछत्रन क आपन क प्रणाम करत लखेउँ।"

10यूसुफ आपन बाप क भी इ सपना क बारे मँ बताएस। मुला ओकर पिता ओका डाँटेस। ओकर पिता कहेस, "इ कउने तरह क सपना अहइ? का तोहका बिस्सास अहइ कि तोहार महतारी, तोहार भाई अउ हम पचे तोहका प्रणाम करिबइ?" 11यूसुफ क भाई ओहसे बराबर जलन करत रहा। मुला यूसुफ क पिता इ सबहिं बातन क बारे मँ बहोत गहराई स बिचार किहस अउ सोचेस कि ओनकइ अरथ का होई?

12एक दिन यूसुफ क भाई आपन बाप क भेड़िन क देखरेख बरे सकेम गएन। 13याकूब यूसुफ स कहेस, "सकेम जा। तोहार भाई मोर भेड़िन क साथ हुआँ अहइ।"

यूसुफ जवाब दिहस, "मइँ जाब।"

14यूसुफ क बाप कहेस, "जा अउ लखा कि तोहार भाई सुरच्छित बाटइ। लौटिके आवा अउ बतावा कि का मोर भेड़िन ठीक अहइँ?" इ तरह यूसुफ क पिता ओका हेब्रोन क घाटी स सकेम क पठएस।

15सकेम मँ यूसुफ हेराइ गवा। एक मनई ओका खेतन मँ भटकत भवा पाएस। उ मनई कहेस, "तू का हेरत अहा?"

16यूसुफ उत्तर दिहस, "मइँ आपन भाइयन क हेरत अहउँ। का तू बताइ सकत ह कि उ सबइ आपन भेड़िन क संग कहाँ अहइँ?"

17मनई जवाब दिहस, "उ पचे पहिले ही चला गवा अहइँ। मइँ ओनका कहत भवा सुनेउँ कि उ पचे दोतान क जात अहइँ।" ऍह बरे यूसुफ आपन भाइयन क पाछे गवा अउ उ ओनका दोतान मँ पाएस।

यूसुफ गुलामी बरे बेचा गवा

18यूसुफ क भाइयन बहोत दूर स ओका आवत लखेन। उ पचे ओका मारि डावइ क कुचाल बनावइ क ठान लिहन। 19भाइयन एक दूसर स कहेन, "इ सपना लखइवाला यूसुफ आवत अहइ। 20मौका मिलत ही हम पचे ओका मारि डाइ। हम ओकरे तने क झुरान भए इरनन मँ स कउनो एक मँ लोकाइ सकित ह। हम आपन पिता स कहि सकित ह कि एक ठु जंगली जनावर ओका मारि डाएस। तब हम पचे ओका देखाउब कि ओकर सपना बेकार अहइँ।"

21मुला रूबेन यूसुफ क बचावइ चाहत रहा। रूबेन कहेस, "हम पचे ओका मारी नाहीं। 22हम लोग ओका बिना चोट किहे एक ठु इनारा मँ नाइ सकित ह।" रूबेन यूसुफ क बचावइ अउर ओकरे बाप क लगे पठवइ क जोजना बनाएस। 23यूसुफ आपन भाइयन क लगे आवा। उ पचे ओह प धावा बोल दिहन अउ ओकरे लम्बे अउ सुन्नर कोट क फाड़ डाएन। 24तब उ पचे ओका खाली झुरान इनारा मँ बहाइ दिहन।

25यूसुफ इनारा मँ ओकर भाइयन क भोजन करइ बरे बइठइ तलक रहा। तब उ पचे नजर उठाएन अउ बइपारियन क एक दल क लखेन। जउन गिलाद स मिस्र क जात्रा प रहेन। ओनकइ ऊँटन कइउ तरह क मसाला अउ धन लइ जात रहेन। 26ऍह बरे यहूदा आपन भाइयन स कहेस, "अगर हम लोग आपन भाई क मारि देब अउ ओकरी मउत क छुपाउब तउ ओहसे हमका का लाभ मिली? 27हम सबन क बेसी फायदा तब होइ जब हम ओका बइपारियन क हाथ बेचि देइ।" दूसर भाई लोग मान गएन। 28जब मिद्रयानी बइपारी लोग लगे आएन, भाई लोग यूसुफ क इनारा स बाहेर निकारेन। उ पचे बीस ठु चाँदी क टूका मँ ओका बेचि दिहन। बइपारियन ओका मिस्र लइ गएन।

29इ पूरा टेम रूबेन भाइयन क संग हुआँ नाहीं रहा। उ
नाहीं जानत रहा कि उ पचे यूसुफ क बेचि दिहे रहेन। जब
रूबेन इनारा प लौटिके आवा तउ उ लखेस कि यूसुफ हुआँ
नाहीं अहइ। रूबेन बहोत जियादा दु:खी भवा। उ आपन
ओढ़ना क फाड़ेस। 30रूबेन भाइयन क लगे गवा अउ उ
ओनसे कहेस, "लरिका कुआँ प नाहीं अहइ। मइँ का
करउँ?" 31भाइयन एक बोकरी क मारेन अउ ओकरे खून
क युसुफ क सुन्नर कोट प डाएस। 32तब भाईयन उ कोट
क आपन पिता क देखाएन अउ कहेन, "हमका इ कोट
मिला बाटइ, का इ यूसुफ क कोट अहइ?"

33बाप कोट क लखेस अउ पहिचानेस कि इ यूसुफ क
अहइ। पिता कहेस, "हाँ, इ उहइ क बाटइ। होइ सकत ह
कि ओका कउनो जंगली जनावर मारि डाए होइ। मोरे पूत
यूसुफ क कउनो जंगली जनावर खाइ गवा।" 34याकूब
आपन ओढ़ना फाड़ि डाऐस अउर सोक क ओढ़ना पहिर
लिहेस। याकूब लम्बे समइ तलक आपन बेटवा क दु:ख
अउ सोक मँ पड़ा रहा। 35याकूब क सबइ बेटवन, बिटियन
ओका धीरे बँधावइ क जतन किहन। मुला याकूब कबहुँ धीरे
न धरि सका। याकूब कहेस, "मइँ मरइ क दिन तलक
आपन पूत यूसुफ क दु:ख मँ डूबा रहब।" अउर याकूब
आपन पूत क दु:ख परगट करना जारी रखा।

36ओनँ मिद्यानी बइपारियन जउन यूसुफ क बेसहे रहेन,
पाछे ओका मिस्त्र मँ बेचि दिहन। उ पचे फिरौन क
अंगरच्छकन क सेनापति पोतीपर क हाथ ओका बेचेन।

यहूदा अउ तामार

38 ओनही दिनन मँ यहूदा आपन भाइयन क तजि
दिहस अउ हीरा नाउँ क मनई क संग रहइ चला
गवा। हीरा अदुल्लाम सहर क रहा। 2यहूदा एक कनानी
मेहरारु स हुआँ मिला अउ ओसे बियाह कइ लिहस। मेहरारु
क बाप क नाउँ सूआ रहा। 3कनानी मेहरारु एक पूत क
जन्म दिहस। उ पचे ओकर नाउँ एर धरेन। 4पाछे दूसर पूत
क जन्म दिहस। उ पचे लरिका का नाउँ ओनान धरेन। 5पाछे
ओका दूसर पूत सेला नाउँ क भवा। यहूदा तीसर बच्चा क
जन्म क टेम कजीब मँ रहत रहा।

6यहूदा आपन पहिले पूत एर बरे बहू क रुप मँ एक ठु
मेहरारु क चुनेस। मेहरारु क नाउँ तामार रहा। 7मुला एर
बहोत सी बुरी बातन क किहेस। यहोवा ओसे खुस नाहीं
रहा। ऍह बरे यहोवा ओका मारि डाएस। 8तब यहूदा एर क
भाई ओनान स कहेस, "जा अउर मरे भाई क मेहरारु क
संग सोआ।*। तू ओकरे भतार क नाईं बना। अगर लरिका
होइहीं तउ उ पचे तोहरे भाई एर क होइहीं।"

9ओनान जानत रहा कि जोड़ा स पइदा भए लरिकन
ओकर नाहीं होइहीं। ओनान तामार क संग तने क सम्बंध
किहस। मुला उ ओका आपन गरभ धारण करइ नाहीं
दिहस। 10एहसे यहोवा कोहाइ गवा। ऍह बरे यहोवा ओनान
क भी मारि डाएस।

11तब यहूदा आपन पतोहू तामार स कहेस, "आपन बाप
क घरे लौटि जा। हुअँइ रहा अउर तब तलक बियाह जिन
करा जब तलक मोर लहुरा पूत सेला बाढ़ न जाइ।" यहूदा
क डर रहा कि सेला भी आपन भाइयन क तरह मारि डावा
जाइ। तामार आपन बाप क घर लौटि गइ।

12पाछे सुआ क बिटिया यहूदा क मेहरारु मरि गइ। यहूदा
आपन दु:ख क टेम क पाछे अदुल्लाम क आपन मीत हीरा
क संग तिम्ना गवा। यहूदा आपन भेड़ी क ऊन कतरइ
तिम्ना गवा।

13तामार क इ मालूम भवा कि ओकर ससुर यहूदा आपन
भेड़िन क ऊन कतरइ तिम्ना क जात अहइ।

14तामार हमेसा अइसे ओढ़ना पहिरत रही जेहसे मालूम
होइ कि इ राँड़ अहइ। ऍह बरे उ कछू दूसर ओढ़ना पहिरेस
अउ मुँह क पर्दा मँ ढाँकि लिहस। तब उ तिम्ना सहर क
लगे एनैम क जाइवाली सड़क क किनारे बइठि गइ। तामार
जानत रही कि यहूदा क लहुरा बेटवा अब बाढ़ि ग अहइ।
मुला यहूदा ओसे ओकरे बियाहे क कउनो योजना नाहीं
बनावत अहइ।

15यहूदा उहइ सड़क स जात्रा किहस। उ ओका लखेस,
मुला बिचारेस कि उ पतुरिया अहइ। (ओकरे मुँह पतुरिया क
तरह ढका भवा रहा।) 16ऍह बरे यहूदा ओकरे लगे गवा
अउ बोला, "मोका आपन संग तने क सम्बंध करइ द्या।"
(यहूदा नाहीं जानत रहा कि उ ओकर पतोहू तामार अहइ।)

तामार बोली, "तू मोका केतना देब्या?"

17यहूदा जवाब दिहस, "मइँ आपन भेड़ी क झुण्ड स
तोहका एक नई बोकरी पठउब।"

उ जवाब दिहस, "मइँ एका अंगीकार करत अहउँ मुला
पहिले तू मोका कछू रखइ क द्या जब तलक तू बोकरी
नाहीं पठउत्या।"

18यहूदा पूछेस, "मइँ बोकरी पठउब एकरे सबूत बरे मोसे
का लेइ चहुबिउ?"

तामार जवाब दिहस, "मोका तोहार मोहर अउर धागा द्या
अउ मोका आपन टहरइ क कुबरी द्या।" यहूदा इ सबइ
चीजन ओका दिहस। तब यहूदा अउ तामार तने क सम्बंध,
किहन अउ तामार गोड़े स भारी होइ गइ। 19तामार घरे गइ
अउ मुँह क ढाँपइ वाला पर्दा क हटाएस। तब उ फुन आपन
क राँड़ बतावइ वाला खास ओढ़ना क पहिरेस।

20पाछे यहूदा आपन मीत हीरा क पतुरिया क बोकरी देइ
एनैम पठएस जेका उ जबान दिहे रहा। यहूदा हीरा स खास
मोहर अउ टहरइ क कुबरी भी ओसे लेइ बरे कहेस। मुला
हीरा ओका न पाइ सका।

21हीरा एनैम सहर क कछू लोगन स पूछेस, "सड़क क
किनारे जउन पतुरिया रही, उ कहाँ बाटइ?" मनइयन जवाब
दिहन, "हिअँ कबहुँ कउनो पतुरिया नाहीं रही।"

22तउ यहूदा क मीत यहूदा क लगे लौटि गवा अउ ओसे
कहेस, "मइँ उ मेहरारु क पता नाहीं लगाइ सकेउँ। जउन
मनइयन उ जगह बसत अहइँ उ पचे मोका बताएन कि हुआँ
कबहुँ कउनो पतुरिया नाहीं रही।" 23ऍह बरे यहूदा कहेस,

जा ... सोआ इस्राएल मँ इ रिवाज रहा कि जदि कउनो मनई
बे सन्ताने क मरि जात रहा तउ उ राँड़ क भाइयन मँ स कउनो
एक ओका बइठाइ लेत रहा। अगर कउनो लरिका पइदा होत रहा
तउ उ मरे मनई क लरिका समझा जात रहा।

"ओका उ सबइ चीजन राखइ दया। मइँ नाहीं चाहत कि लोग हम पचन प हँसउआ करइँ। मइँ ओका बोकरी देइ चाहेउँ, मुला हम ओकर पता नाहीं लगाइ सके। इहइ बहोत अहइ।"

तामार लड़कोर होइवाली अहइ

24लगभग तीन महीना पाछे कउनो यहूदा स कहेस, "तोहार पतोहू तामार एक पतुरिया क नाईं पाप किहे अहइ अउ अब उ गरभ धारण किहे अहइ।"

तब यहूदा कहेस, "ओका बाहेर निकारा अउ ओका जराइ के मार डावा।"

25ओकर आदमी तामार क मारइ गएन। मुला तामार आपन ससुर क लगे सँदेसा पठएस। तामार कहेस, "जउन मनई मोका गरभधारण कराएस ह उहइ क इ सबइ चीजन अहइँ। इ सबइ चीजन क लखा। उ सबइ केकर अहइँ? केकर इ खास मोहर अउ इ धागा अउर इ टहरइ क कुबरी अहइ?"

26यहूदा ओन सबहिं चीजन क पहिचानेस अउ कहेस, "इ ठीक कहत बाटइ। मइँ गल्ती किहेउँ। मइँ आप क बचन क अनुसार आपन बेटवा सेला क ऍका नाहीं दिहेउ" अउ यहूदा ओकरे संग फुन नाहीं सोवा।

27तामार क लरिका जन्मइ क टेम आवा अउ उ पचे लखेन कि उ जुड़ौधा बच्चन क जन्मी। 28जउन टेम उ जन्मत रही एक लरिका बाहेर हाथ निकारेस। धाई हाथे प लाल धागा बाँधेस अउ कहेस, "इ बच्चा पहिले पइदा भवा।" 29मुला उ बच्चा आपन हाथ वापिस भितरे हींच लिहस। तब दूसर बच्चा पहिले पइदा भवा। तब दाई कहेस, "लखा तू कैसे निकरइ आएस।" ऍह बरे उ पचे ओकर नाउँ पेरेस राखेन। 30ऍकरे पाछे दूसर बच्चा पइदा भवा। इ उहइ बच्चा रहा जेकरे हाथे प लाल धागा रहा। उ पचे ओकर नाउँ जेरह राखेन।

यूसुफ क मिस्र क पोतिपर क बेचा गवा

39 बइपारी लोग जउन यूसुफ क बेसहे रहेन उ ओका मिस्र लइ गएन। उ पचे फिरौन क अंगरच्छक क नायक पोतीपर क हाथ ओका बेच दिहन। 2मुला यहोवा यूसुफ क मदद किहस। यूसुफ एक सफल मनई बन गवा। यूसुफ आपन मिस्र क मालिक पोतीपर क घरे मँ रहा।

3पोतीघर लखेस कि यहोवा यूसुफ क संग अहइ। पोतीपर इ भी लखेस कि यहोवा जउन कछू करत ह, ओहमा ओका सफल बनवइ मँ सहायक बाटइ। 4ऍह बरे पोतीपर यूसुफ क पाइके बहोत खुस रहा। पोतीपर ओका आपन बरे काम करइ अउ घर क सासन मँ मदद करइ बरे राखेस। पोतीपर क आपन हर एक चीज क यूसुफ अफसर रहा। 5जब यूसुफ घरे क अफसर बनइ दीन्ह गवा तब यहोवा उ घर अउ पोतीपर क हर एक चीज क असीसेस। यहोवा इ यूसुफ क कारण किहेस अउ यहोवा पोतीपर क खेतन मँ उगाइवाली हर चीज क असीसेस। 6ऍह बरे पोतीपर घर क हर चीज क जिम्मेदारी यूसुफ क दिहस। पोतीपर कउनो चीज क चिन्ता नाहीं करत रहा। उ जउन खइया क खात रहा सिरिफ ओकर ओका फिकिर रही।

यूसुफ पोतीपर क मेहरारु क अस्वीकार करत ह

यूसुफ बहोत सुन्नर अउ रुपवान रहा। 7कुछ टेम पाछे यूसुफ क मालिक क मेहरारु यूसुफ स पिरेम करइ लाग। एक दिन उ ओसे कहेस, "मोरे संग सोआ।"

8मुला यूसुफ मना कइ दिहस। उ कहेस, "मोर मालिक घर क हर चीज बरे मोहे प बिस्सास करत ह। उ हिऑं क हर चीज क जिम्मेदारी मोका दिहेस ह। 9मोर मालिक आपन घर मँ मोका लगभग आपन क बराबर सम्मान दिहेस ह। मुला मोका ओकरी मेहरारु क संग नाहीं सोवइ चाही। इ गलत अहइ। इ परमेस्सर क खिलाफ पाप अहइ।"

10उ मेहरारु हर दिन यूसुफ स बात करत रही मुला यूसुफ ओकरे संग सोवइ स मना कइ दिहस। 11एक दिन यूसुफ आपन काम करइ घरे मँ गवा। उ टेम उ घरे मँ अकेल्ला मनई रहा। 12ओकरे मालिक क मेहरारु ओकर कोट धइ लिहस अउ ओसे कहेस, "आवा अउ मोरे संग सोवा।" मुला यूसुफ घरे स पराइ गवा अउ उ आपन कोट ओकरे हाथे मँ छोड़ दिहस।

13मेहरारु लखेस कि यूसुफ आपन कोट ओकरे हाथे मँ छोड़ दिहे अहइ अउ उ जउन कछू भवा ओकरे बारे मँ झूठ बोलइ क ठान लिहस। उ बाहेर दौड़ी। 14अउर उ घरे क उ मनइयन क गोहराएस। उ कहेस, "लखा, इ हिब्रू दास हम पचन क मजाक करइ हिऑं आवा रहा। उ भितरे आवा अउ मोरे संग सोवइ क कोसिस किहस। मुला मइँ जोर स नरियाइ पड़ी। 15मोर नरियाब ओका ससाइ दिहस अउ उ पराइ गवा। मुला उ आपन कोट मोरे लगे छोड़ गवा।" 16ऍह बरे उ यूसुफ क मालिक आपन भतारे क घर लौटइ क समइ तलक ओकरे कोट क आपन लगे राखेस। 17अउर उ आपन भतार क कहानी सुनाएस। उ कहेस, "जउन हिब्रू दास क तू हिऑं लिआया उ मोह प हमला करइ क कोसिस किहस। 18मुला जब उ मोरे लगे आवा तउ मइँ चिचियाई। उ पराइ गवा, मुला आपन कोट छोड़ गवा।"

यूसुफ कारगार मँ

19यूसुफ क मालिक जउन ओकरी मेहरारु स कहेस, ओका सुनेस अउ उ बहोत रिसियाइ गवा। 20हुऑं एक जेल रही जेहमौं राजा क दुस्मन रखा जात रहेन। ऍह बरे पोतीपर यूसुफ क उहइ जेल मँ धाँध दिहस अउ यूसुफ हुऑं पड़ा रहा। 21मुला यहोवा यूसुफ क संग रहा। यहोवा ओह पइ कृपा करत रहा। 22कछू टेम पाछे जेल क रच्छक क मुखिया यूसुफ स सोनेह करइ लाग। रच्छकन क मुखिया सबहिं कैदियन क अफसर यूसुफ क बनाएस। यूसुफ ओनकइ मुखिया रहा, मुला काम उहइ करत रहा जउन उ पचे करत रहेन। 23रच्छकन क मुखिया जेल क सबहिं चीजन क बरे यूसुफ प पतियात रहा। इ ऍह बरे भवा कि यहोवा यूसुफ क संग रहा। यहोवा यूसुफ क, उ जउन कछू करत रहा, सुफल होइ मँ मदद करत रहा।

यूसुफ दुइ सपना क अरथ बतावत ह

40 पाछे फिरौन क दुइ नउकरन ओकर संग कछू गलत किहेन। इ नउकरन मँ स एक ठु रोटी पोवइया अउ दूसर दाखरस देइ क सेवा करत रहा। 2फिरौन आपन रोटी पोवइया अउ सरब देइवाला नउकर पर रिसियाइ गवा। 3ऍह बरे फिरौन उहइ जेल मँ ओनका पठएस जेहमाँ यूसुफ रहा। फिरौन क अंगरच्छक लोगन क नायक पोतीपर उ जेल क अफसर रहा। 4नायक दुइनउँ कैदियन क यूसुफ क देखरेख मँ राखेस। दुइनउँ कछू टेम तलक जेल मँ रहेन। 5एक रात दुइनउँ कैदियन सपना देखेन। दुइनउँ कैदी मिस्र क राजा क रोटी पोवइया अउ दाखरस देइवाला नउकर रहेन। हर एक कैदी क आपन-आपन सपना रहेन अउ हर एक सपना क अलग अलग अरथ रहा। 6यूसुफ दूसर भिन्सारे ओनकइ लगे गवा। यूसुफ लखेस कि दुइनउँ मनई परेसान रहेन। 7यूसुफ पूछेस, "आजु तू पचे ऍतना परेसान काहे देखाइ पड़त ह?"

8दुइनउँ मनई जवाब दिहन, "पिछली रात हम पचे सपना देखा, मुला हम लोग नाहीं बूझित कि सपना क का अरथ अहइ? कउनो मनई अइसा नाहीं अहइ कि जउन सपना क अरथ बतावइ या हम पचन क साफ साफ बतावइ।"

यूसुफ ओनसे कहेस, "सिरिफ परमेस्सर ही अइसा अहइ जउन सपना क बूझत अउ अरथ बतावत ह। ऍह बरे मइँ निवेदन करत हउँ कि आपन सपना मोका बतावा।"

दाखरस देइवाला नउकर क सपना

9ऍह बरे दाखरस देइवाला नउकर यूसुफ क आपन सपना बताएस। नउकर कहेस, "मइँ सपना मँ अंगूरे क लता देखेउँ। 10उ अंगूरे क लता क तीन ठु डारियन रहिन। मइँ डारियन मँ फूल आवत अउ ओनकइ अंगूर बनत लखेउँ। 11मइँ फिरौन क पिआला लिए रहेउँ। ऍह बरे मइँ अगूंरन क लिहेउँ अउ पिआला मँ रस निचोड़ेउँ। तब मइँ पिआला फिरौन क दिहेउँ।"

12तब यूसुफ कहेस, "मइँ तोहका सपन क अरथ बताउब। तीन ठु डारियन क अरथ तीन दिन अहइ। 13तीन दिन बीतइ क पहिले फिरौन तोहका छिमा करी अउ तोहका तोहरे कामे प लौटे प देइ। तू फिरौन क बरे उहइ काम करब्या अउर जउन पहिले करत रह्या। 14मुला जब तू अजाद होइ जाब्या तउ मोका सुमिर्‌या। मोर मदद किह्या। फिरौन स मोरे बारे मँ कह्या जेहसे मइँ इ जेल स बाहेर होइ सकउँ। 15मोका हिब्रू लोगन क देस स लावा गवा रहा। मइँ हियाँ कउनो अपराध भी नाहीं किहेउँ ह। ऍह बरे मोका जेल मँ न होइ चाही।"

रोटी पोवइया क सपना

16रोटी बनावइ वाला लखेस कि दूसर नउकर क सपना अच्छा रहा। ऍह बरे रोटी पोवइया यूसुफ स कहेस, "मइँ भी सपना देखेउँ। मइँ देखेउँ कि मोरे मूँड़े प तीन ठु रोटी क टोकरी बाटइ। 17सब त ऊपर क टोकरी मँ हर किसिम क पका भवा भोजन रहेन। इ भोजन राजा बरे रहा। मुला खइया क चिरइयन चुगत रहिन।"

18यूसुफ जवाब दिहस, "मइँ तोहका बताउब कि सपना क का अरथ अहइ? तीन टोकरी क अरथ तीन दिन बाटइ। 19तीन दिन बीतइ स पहिले राजा तोहका इ जेलि स बाहेर निकारी। तब राजा तोहार मूँड़ काटि डाइ। उ तोहरे तने क एक ठु खम्भा स लटकाइ अउ चिरइयन तोहरे तने क खइहीं।"

यूसुफ क भुलाइ दीन्ह गवा

20तीन दिना पाछे फिरौन क जन्म दिन रहा। फिरौन आपन सबहिं नउकरन क दावत दिहस। दावत क टेम फिरौन दाखरस देइवाला अउ रोट पोवइया नउकरन क जेल स निकसइ दिहस। 21फिरौन दाखरस देइवाला नउकर क अजाद कइ दिहस। फिरौन ओका नउकरी प लौटाइ दिहस अउ दाखरस देइवाला नउकर फिरौन क हाथे मँ एक ठु पिआला दिहस। 22मुला फिरौन रोटी पोवइया क मार डाएस। सब बातन जइसे यूसुफ होइ बरे बताए रहा वइसेन ही भइन। 23मुला दाखरस देइवाला नउकर क यूसुफ क मदद करब याद नाहीं रहा। उ यूसुफ क बारे मँ फिरौन स कछू नाहीं कहेस। दाखरस देइवाला नउकर यूसुफ क बारे मँ बिसरि गवा।

फिरौन क सपना

41 दुइ बरिस बाद फिरौन सपना लखेस। फिरौन सपने मँ लखेस कि उ नील नदी क किनारे खड़ा अहइ। 2तब फिरौन सपने मँ नदी स सात गइयन क बाहेर आवत लखेस। गइयन मोटी अउ सुन्नर रहिन। गइयन हुआँ खड़ी रहिन अउ घासे प चरत रहिन। 3तब सात दूसर गइयन नदी स बाहेर आइन, अउर नदी क किनारे मोटी गइयन क निचके ठाड़ होइ गइन। मुला इ गइयन दूबर अउ देखन मँ बीमार लगत रहिन। 4इ सातउ दूबर अउर बीमार गइयन, सुन्नर मोटी सात गइयन क खाइ गइन। तब फिरौन जाग उठा।

5फिरौन फुन सोवा अउ दूसर दाईं सपना लखेस। उ सपने मँ अनाज क सात बाल एक ही पउधा प लखेस। अनाजे क बालन मोटी अउ अच्छी रहिन। 6तब उ उहइ अनाज क पाछे सात अनाजे क बालन क जमी लखेस। अनाजे क इ बालन पातर अउ गरम हवा स नस्ट होइ गइ रहिन। 7तब्बइ सात पातर बालन सात ठु मोटवार अउ बढ़िया बालन क खाइ लिहन। फिरौन पुन जागि उठा अउ उ समझेस कि इ सिरिफ सपना ही बाटइ। 8दूसर भिन्सारे फिरौन इ सपनन क बारे मँ परेसान रहा। ऍह बरे उ मिस्र क सबहिं जादूगर लोग अउ सबहिं गुनी लोगन क बोलाएस। फिरौन ओनका सपना बताएस। मुला ओन लोगन मँ स कउनो भी सपना क साफ या ओकर अरथ न बताइ सका।

नउकर फिरौन क यूसुफ क बारे मँ बतावत ह

9तब दाखरस देइवाला नउकर क यूसुफ याद आवा। नउकर फिरौन स कहेस, "मोरे संग जउन कछू भवा रहा उ मोका याद आवत अहइ। 10आप मोह प अउ रोटी पोवइया प कोहान रहेन अउ आप हम दुइनउँ क जेलि मँ धाँध दिहे

रहेन। 11जेल मँ एक ही रात हम दुइनउँ सपना देखेन। हर एक सपना अलग अरथ रखत रहा। 12एक ठु हिब्रू नउजवान हम पचन क संग जेल मँ रहा। उ अंगरच्छकन क नायक क नउकर रहा। हम पचन आपन आपन सपना ओका बतावा, अउ उ सपना क अरथ हम लोगन क बुझाएस। उ हर सपना क अरथ हम पचन क समझाएस। 13जउन अरथ उ बताएस उ सबइ ठीक निकरेन। उ बताएस कि मइँ अजाद होब अउ आपन काम मँ वापस लउट आउब। अउर इहइ भवा उ कहेस कि रोटी पोवइया क मार कइ टाँग दीन्हा जाइहीं। अउ उहइ भवा।"

यूसुफ सपन क अरथ बतावइ
बरे बोलावा गवा

14ऍह बरे फिरौन यूसुफ क जेल स बोलाएस। रच्छक हाली स यूसुफ क जेल स बाहेर लिआएन। यूसुफ हजामत बनावइके अउर कपड़े बदल के फिरौन क समन्वा खड़ा भवा। 15तब फिरौन यूसुफ स कहेस, "मइँ एक सपना लखेउँ ह। मुला कउनो अइसा नाहीं अहइ जउन सपना क अरथ मोका समझाइ सकइ। मइँ सुनेउँ ह कि जब कउनो सपना क बारे मँ तोहसे कहत ह कि तब तू सपन क अरथ अउ ओनका फरियाइ सकत ह।"

16यूसुफ जवाब दिहस, "मोर आपन बुद्धि नाहीं अहइ कि मइँ सपनन क बूझ सकउँ। सिरिफ परमेस्सर ही अहइ जउन अइसी सक्ती राखत ह अउर फिरौन बरे परमेस्सर ही इ करी।"

17तब फिरौन कहेस, "अपने आप क, मइँ नील नदी क किनारे ठाड़ लखेउँ। 18मइँ सात गइयन क नदी स बाहर आवत लखेउँ अउ घास चरत देखेउँ। इ गइयन मोटी अउ सुन्नर रहिन। 19तब मइँ दूसर सात गइयन क नदी स बाहेर आवत देखेउँ। इ सबइ गइयन पातर अउ भद्दी रहिन। मइँ मिस्र देस मँ जेतनी गइयन देखेउँ ह ओनमाँ स उ सबइ सब स जियादा बुरी रहिन। 20अउ ऍन भद्दी अउर पातर गइयन पहिली सुन्नर सात गइयन क खाइ डाएन। 21मुला सातउ गइयन क खाए क पाछे भी उ पचे पातर अउ भद्दी रहिन। तू ओनका लखा तउ नाहीं जान सक्त्या कि उ पचे दूसर सात गइयन क खाया ह। उ पचे ओतनी ही भद्दी अउ पातर देखाइ पड़त रहिन जेतना सुरु मँ रहिन। तब मइँ जाग गवा।

22"तब मइँ आपन दूसर सपना मँ अनाज क सात बालन एक ही पउधा प उग्गी भइ देखेउँ। इ सबइ अनाज क बालन अच्छी अउ दानन स भरी भइ रहिन। 23तब ओनके पाछे सात दूसर बालन उग्गिन। मुला इ सबइ सात बालन पातर, भद्दी अउ गरम हवा स नस्ट भइ रहिन। 24तब सात पातर बालन सात अच्छी बालन क खाइ डाएन।

"मइँ इ सपना क आपन जादूगर लोगन क बताएउँ मुला कउनो सपने क अरथ मोका नाहीं समझाएस। एकर अरथ का अहइ?"

यूसुफ सपना क अरथ बतावत ह

25तब यूसुफ फिरौन स कहेस, "इ दुइनउँ सपना एक ही अरथ रखत हीं। परमेस्सर तोहका बतावत ह कि उ हाली का करइ क जात अहइ। 26सात अच्छी गइयन अउ सात अच्छी अनाजे क बालन सात बरिस अहइँ-दुइनउँ सपना एक ही अहइँ। 27सात दूबर अउ भद्दी गइयन अउ सात बुरी अनाजे क बालन देस मँ भुखमरी क सात बरिस अहइँ। इ सबइ सात बरिस, बढ़िया सात बरिस क पाछे अइहीं। 28परमेस्सर आप क इ देखाइ दिहस ह कि हाली ही का होइवाला अहइ। इ वइसा ही होइ जइसा मइँ कहेउँ ह। 29आप क सात बरिस मिस्र मँ अच्छी पइदावार अउ भोजन इफरात होइहीं। 30मुला इ सात बरिस क पाछे पूरे देस मँ भुखमरी क सात बरिस अइहीं। जउन समूचइ मिस्र मँ पइदा भ अहइ ओका लोग बिसरि जइहीं। इ अकाल देस क बर्बाद कइ देइ। 31काहेकि अकाल ऍतना भयानक होइ कि लोग प्रयाप्त खइया खाइ का होत ह इ बिसरि जाइहीं।

32"हे फिरौन, आपन एक ही बारे मँ दुइ सपना लखे रहेन। इ इ बात क देखावइ बरे भवा कि परमेस्सर फुरइ ही अइसा होइ देइ अउर इ बताएस ह कि परमेस्सर ऍका हाली ही होइ देइ। 33ऍह बरे हे फिरौन आप एक अइसा मनई चुनइँ जउन बहोत चुस्त अउ बुध्दिमान होइ। आप ओका मिस्र देस क निगराँकार बनावइँ। 34तब आपन दूसर मनई क जनता स भोजन बटोरइ बरे चुनइँ। लोगन क सात अच्छे बरिस मँ जेतॅना अनाज पइदा करइँ, ओकर पाँचवाँ हींसा ओनका देइ चाही। 35ओनका हुकुम देइँ कि जउन अच्छे बरिस आवइँ ओहमाँ भोजन बटोरइँ। उ सहरन मँ भोजन क जमा करइँ। तब उ पचे भोजन क रच्छा उ टेम तलक करिहीं जब ओनकइ जरुरत होइ। 36उ भोजन मिस्र देस मँ आवइवाली भुखमरी क सात बरिस मँ मदद करी। तब मिस्र मँ सात बरिस मँ लोग भोजन क कमी स मरिहीं नाहीं।"

37फिरौन क इ नीक बिचार मालूम भवा। एहसे सबहिं अफसर राजी रहेन। 38फिरौन आपन अफसरन स पूछेस, "का तू लोगन मँ स कउनो इ काम क करइ बरे यूसुफ स अच्छा मनई हेरि सकत ह? परमेस्सर क आतिमा इ मनई क फुरइ बुध्दिमान बनाइ दिहस ह।" 39फिरौन यूसुफ स कहेस, "परमेस्सर इ सबहिं चीजन क तोहका देखॅाएस ह। ऍह बरे तू ही सबन त जियादा बुध्दिमान अहा। 40ऍह बरे मइँ तोहका आपन महल क निगराँ अधिकारी बनउब। जनता तोहरे हुकुम क मानी। सिरिफ मइँ राजा ही तोहसे बड़वार रहब।"

41एक खास जलसा अउ नुमाइस रही जेहमाँ फिरौन यूसुफ क नवाब बनाएस। तब फिरौन यूसुफ स कहेस, "मइँ अब तोहका पूरे देस क राजा बनावत अहउँ।" 42तब फिरौन आपन सरकारी मोहरवाली अंगूठी यूसुफ क दिहस अउ यूसुफ क एक सुन्नर रेसमी ओढ़ना पहिरइ क दिहस। फिरौन यूसुफ क गले मँ एक ठु सोना क हार डाएस। 43फिरौन दूसर रथे प यूसुफ क सवार होइ क कहेस। ओकरे रथे क अगवा खास रच्छक चलत रहेन। उ पचे लोगन स कहत रहेन, "हे मनइयो, यूसुफ क निहुरिके पैलगी करा।"

इ तरह यूसुफ पूरे मिस्र क राजपाल बना। 44फिरौन ओसे कहेस, "मइँ सम्राट फिरौन अहउँ। ऍह बरे मइँ जउन करइ चाहब, करब। मुला मिस्र मँ कउनो दूसर मनई हाथ गोड़ नाहीं हिलाइ सकत ह जब तलक तू ओसे न कहा।"

45फिरौन ओका दूसर नाउँ सपन तपानेह दिहस। फिरौन आसनत नाउँ क मेहरारु जउन ओन क पुजारी पोती पर क बिटिया रही, यूसुफ क मेहरारु क रुप मँ दिहस। इ तरह यूसुफ समूचइ मिस्र देस क राज्जपाल होइ गवा।

46यूसुफ उ टेम तीस बरिस क रहा जब उ मिस्र क सम्राट क सेवा करइ लाग। यूसुफ पूरा मिस्र देस मँ जात्रा किहस। 47अच्छे सात बरिसन मँ देसे मँ पइदावार बहोतइ ढेर क भइ 48अउर यूसुफ मिस्र मँ सात बरिस खइया क चीजन क बचाएस। यूसुफ खइया क सहरन मँ बटोरेस। यूसुफ सहर क चारिहुँ कइँती क खेतन मँ पइदा भवा अनाजे क हर सहर मँ बटोरेस। 49यूसुफ बहोत अनाज बटोरेस। इ समुद्दर क बालू क नाईं रहा। उ ऍतना अनाज बटोरेस कि ओकर वजन क भी न कूत कीन्ह जाइ सकइ।

50यूसुफ क मेहरारु आसनत ओन क याजक पोतीपरा क बिटिया रही। भुखमरी क पहिले बरिस क आवइ स पहिले यूसुफ अउ आसनत क दुइ पूत भएन। 51पहिले पूत क नाउँ मनस्से धरा गवा। यूसुफ ओकर इ नाउँ राखेस काहेकि उ बताएस, "मोका जेतना सारे कस्ट भएन अउ घरे क हर बात परमेस्सर मोसे बिसराइ दिहस।" 52यूसुफ दूसर पूत क नाउँ एफ्रैम रखेस। यूसुफ ओकर नाउँ इ राखेस काहेकि उ बताएस, "मोका बहोतइ दु:ख मिला, मुला परमेस्सर मोका हर एक चीज मँ सफलता दिहेस।"

भुखमरी क समइ सुरु होत ह

53सात बरिस तलक लोगन क लगे खाइ बरे उ सब कछू भोजन रहा जेनकइ ओनका जरुरत रही अउर जउन चिजियन ओनका जरुरी रहिन उ सबइ सबहिं जमत रहिन। 54मुला सात बरिस बाद भुखमरी क दिन सुरु भएन। इ ठीक वइसा ही भवा जइसा यूसुफ कहे रहा। उ पहाँटा क कउनो भी देस मँ अन्न पइदा न भवा। मनइयन क लगे खाइ क कछू न रहा। मुला मिस्र मँ खाइ बरे इफरात रहा, काहेकि यूसुफ अनाज बटोरे रहा। 55भुखमरी क टेम सुरु भवा अउ मनइयन भोजन बरे फिरौन क समन्वा रोवइ लाग्गेन। फिरौन मिस्र क मनइयन स कहेस, "यूसुफ स पूछा। उहइ करा जउन उ कहइ क कहत ह।"

56ऍह बरे जब देस मँ सब ठउरे प भुखमरी रही, यूसुफ अनाजे क गोदाम स मनइयन क अन्न बाँटेस। यूसुफ बटोरा भवा अन्न क मिस्र क लोगन क बेचेस। मिस्र मँ बहोत भयंकर अकाल रहा। 57मिस्र क चारिहुँ कइँती क देसन क लोग अनाज बेसहइ मिस्र आएन। उ पचे यूसुफ क लगे आएन काहेकि हुऑ संसार क उ हींसा मँ सब ठउरे प भुखमरी रही।

सपना फुरइ भवा

42 इ समइ याकूब क प्रदेस मँ भुखमरी रही। मुला याकूब क इ पता लाग कि मिस्र मँ अनाज अहइ। ऍह बरे याकूब आपन बेटवन स कहेस, "हम लोग हिऑ हाथ प हाथ धरे काहे बइठा अहइ? 2मइँ सुनेउँ ह कि मिस्र मँ खरीदइ क अनाज बाटइ। ऍह बरे हम पचे हुऑ चली अउ हुऑ स आपन खाइ क बरे अनाज बेसही, तब हम लोग जिअत रहब, मरब नाहीं।"

3ऍह बरे यूसुफ क भाइयन मँ स दस अन्न खरीदइ बरे मिस्र गएन। 4याकूब बिन्यामीन क नाहीं पठएस। (बिन्यामीन यूसुफ क एक ही सगा भाई रहा।) याकूब एह बरे डरा भवा रहा कि बिन्यामीन पइ कउनो तरह क खतरा आवइ सकत ह।

5कनान मँ भुखमरी क समइ बहोत खौफनाक रहा। ऍह बरे कनान क बहोत स लोग अन्न बेसहइ मिस्र गएन। ओनहीं लोगन क संग मँ इस्त्राएल क पूतन भी रहेन।

6इ टेम यूसुफ मिस्र क राज्जपाल रहा। सिरिफ यूसुफ ही रहा जउन मिस्र आवइ वालन लोगन क अन्न बेचइ क हुकुम देत रहा। यूसुफ क भाई ओकरे लगे आएन अउ उ पचे ओकर निहुरिके पैलग्गी किहेन। 7यूसुफ आपन भाइयन क लखेस अउ उ ओनका पहिचान लिहेस कि उ पचे कौन अहइँ। मुला यूसुफ ओनसे इ तरह बात करत रहा जइसे उ ओनका पहिचानत नाही। उ ओनके संग कड़ाई स बात किहस। उ कहेस, "तू लोग कहाँ स आया ह?"

भाइयन जवाब दिहन, "हम कनान देस स आए अहइँ। हम पचे अनाज बेसहइ आवा अही।"

8यूसुफ ने पहिचान लिहेस कि उ पचे ओकर भाई अहइँ। मुला उ पचे नाहीं जानत रहेन कि उ कउन अहइ? 9यूसुफ ओन सपनन क याद किहेस जेनका उ आपन भाइयन क बारे मँ लखे रहा।

यूसुफ आपन भाइयन क जासूस कहत ह

युसुफ आपन भाइयन स कहेस, "तू पचे अनाज बेसहइ नाहीं आया ह। तू लोग जासूस अहा। तू लोग इ पता लगावइ आया ह कि हम कहाँ कमजोर अही?"

10मुला भाइयन ओसे कहेन, "नाहीं। महोदय! हम तउ आपक सेवक क रुप मँ आइ अही। हम पचे सिरिफ अनाज बेसहइ आइ अही। 11हम सबहिं लोग भाई अही, हम पचन क एक ही पिता अहइ। हम लोग ईमानदार अही। हम लोग सिरिफ अनाज बेसहइ आइ अही।"

12तब यूसुफ ओनसे कहेस, "नाहीं! तू लोग इ पता लगावइ आया ह कि हम पचे कहाँ कमजोर अही?"

13भाइयन कहेन, "नाहीं! हम सबहिं भाई भाई अही। हमरे परिवारे मँ बारह भाई अहइँ। हम सब क एक ही पिता अहइ। हम लोगन क सब स लहुरा भाई अबहुँ भी हमरे पिता क संग घरे प बाटइ अउ दूसर भाई बहोत समइ पहिले मरि गवा। हम लोग आप क समन्वा सेवक क नाईं अही। हम लोग कनान देस क अही।"

14मुला यूसुफ कहेस, "नाहीं! मोका पता अहइ कि मइँ ठीक अहउँ। तू भेदिया अहा। 15मुला मइँ तू लोगन क इ साबित करइ क मौका देब कि तू लोग फुरइ कहत बाट्या। तू लोग इ जगह तब तलक नाहीं तजि सकत्या जब तलक तू पचन क लहुरा भाई हिऑ नाहीं आवत। 16ऍह बरे तू लोगन मँ स एक ठु लउटइ अउ आपन लहुरे भाई क हिऑ लइ आवइ। उ समइ तलक दूसर हिऑ कैद मँ रइहीं। हम देखब कि का तू लोग फुरइ बोलत अहा। मुला मोका

बिस्सास अहइ कि तू पचे जासूस अहा।" 17तब यूसुफ ओन सब क तीन दिना बरे जेल मँ नाईं दिहस।

सिमोन बन्धक क रुप मँ रखा गवा

18तीन दिन बाद यूसुफ ओनसे कहेस, "मइँ परमेस्सर क भय मानत हउँ। ऍह बरे मइँ तू लोगन क इ सिद्ध करइ क एक मौका देब कि तू लोग फुरइ बोलत अहा। तू लोग इ काम करा अउर मइँ तू लोगन क जिअइ देब। 19अगर तू लोग ईमानदार मनई अहा तउ आपन भाइयन मँ स एक क जेल मँ रहइ द्या। दूसर भाइयन जाइ सकत हीं अउ आपन लोगन बरे अनाज लइ जाइ सकत हीं। 20तब यदि तू आपन सब स लहुरा भाई क लइके हिअँ मोरे लगे आवा। इ तरह मइँ पतियाब कि तू लोग फुरइ बोलत अहा।"

भाइयन इ बात क मान लिहन। 21उ पचे आपुस मँ बतियानेन "हम पचन क सजा दीन्ह गइ ह। काहेकि हम पचे आपन सब स लहुरा भाई क संग बुरा किहे अही। हम पचे ओकरे मुसीबत क निहारा जेहमँ उ रहा। उ आपन रच्छा बरे हम पचन स बिनती किहस। मुला हम सबइ ओकर एकहु न सुना। ऍह बरे हम पचे दु:खन मँ अही।"

22तब रूबेन ओनसे कहेस, "मइँ तोहसे कहेउँ रहा कि उ लरिका क कछू भी बुरा जिन करा। मुला तू पचे मोरउ एक न सुन्या। ऍह बरे अब हम ओकरी मउत बरे सजा पावत अही।"

23यूसुफ आपन भाइयन स बात करइ एक ठु दु भासिया स काम लेत रहा। ऍह बरे भाइयन नहीं जान पाया कि यूसुफ ओनकइ भाखा जानत बाटइ। मुला उ पचे जउन कछू कहत रहेन ओका यूसुफ सुनत अउ समझत रहा। 24ओनकइ बातन स यूसुफ बहोत दु:खी भवा। ऍह बरे यूसुफ ओनसे अलग हटि गवा अउ रोइ पड़ा। तनिक देर मँ यूसुफ ओनके लगे लउटा। यूसुफ उ भाइयन मँ स सिमौन क धरेस अउ ओका बाँधेस जब कि दूसर भाई लखत रहेन। 25यूसुफ कछू सेवकन क ओनकइ बोरा मँ अनाज भरइ क कहेस। भाइयन इ अनाजे क दाम यूसुफ क दिहन। मुला यूसुफ उ धने क नाहीं लेइ क फइसला किहस। उ उ धने क ओनकई अनाज क बोरन मँ धरइ बरे सेवकन क हुकम दिहस। तब यूसुफ ओनका उ सबइ चीजन क दिहस, जेनकइ जरुरत ओनकइ घरे तलक लउटइ वाली जात्रा मँ होइ सकत रही।

26ऍह बरे भाइयन अनाजे क आपन गदहन प लादेन अउ हुअँ स निकरि पड़ेन। 27उ सबइ सबहिं भाइयन राति क ठहरेन अउ भाइयन मँ स एक कछू अनाजे बरे आपन बोरा खोलेस अउ उ आपन धन बोरा मँ पाएस। 28उ दूसर भाइयन स कहेस, "लखा, जउन दाम मइँ अनाजे बरे चुकाएउँ ह, उ हिअँ अहइ। कउनो मोरे बोरा मँ इ धन लौटाइ दिहे अहइ!" उ सबइ सबहिं भाई बहोत जियादा डेराइ गएन। उ पचे आपुस मँ बतियानेन, "परमेस्सर हम पचन क संग का करत अहइ?"

भाइयन याकूब क सूचना दिहेन

29उ सबइ भाई कनान देस मँ आपन पिता याकूब क लगे गएन। उ पचे जउन कछू भवा आपन पिता क बताएन। 30उ पचे कहेन, "उ देस क राज्पाल हम लोगन स बहोत रुखा होइके बोला। उ सोचेस कि हम पचे जासूस अही। 31मुला हम लोग कहेन कि हम पचे ईमानदार अही। अउर हम पचे जासूस नाहीं अही। 32हम पचे ओका बतावा कि हम लोग बारह भाई अही। अउर हम लोगन क सब स लहुरा भाई अब भी कनान देस मँ हमार बाप क संग बाटइ। अउर हमार दूसर भाई मरि गवा ह।"

33"तब देस क राज्पाल हम लोगन स इ कहेस, 'इहइ सिद्ध करइ बरे कि तू ईमानदार अहा इ रस्ता अहइ: आपन भाइयन मँ स एक क हमरे लगे हिअँ छोड़ि द्या। आपन अनाज लइके आपन आपन परिवारन क लगे लउटि जा। 34आपन सब स लहुरा भाइ क हमरे लगे लिआवा। तब मइँ समझब कि तू लोग ईमानदार अहा या तू लोग जासूस अहा। जदि तू पचे फुरइ बोलत अहा तउ मइँ तोहरे भाई क तोहका दइ देब। अउर तू लोग हमार देस स अनाज खरीदइ बरे आजाद होइ जाब्या।'"

35तब सब भाई आपन बोरन स अनाज लेइ गएन अउ हर एक भाई आपन धने क थइली आपन अनाजे क बोरा मँ पाएस। भाइयन अउर ओनकइ पिता धन क लखेन, अउर उ सबइ बहोत डरि गएन।

36याकूब ओनसे कहेस, "का तू लोग चाहत ह कि मइँ आपन सबहिं पूतन स हथवा धोइ बइठउँ। यूसुफ मरि गवा, सिमोन भी चलि गवा अउ तू लोग बिन्यामीन क भी मोसे दूरि लइ जावा चाहत ह!"

37तब रूबेन आपन पिता स कहेस, "पिता जी आप मोरे दुइनउँ पूतन क मारि डाया जदि मइँ बिन्यामीन क आप क लगे न लउटावउँ। मोहे प बिस्सास करा। मइँ आप क लगे बिन्यामीन क लउटाइ लिआउब।"

38मुला याकूब कहेस, "मइँ बिन्यामीन क तू लोगन क संग नाहीं जाइ देब। ओकर भाई अउर महतारी मरि गवा अहइँ अउर मोर मेहरारु राहेल क उहइ अकेल्ला पूत बचा बाटइ। मिस्र तक क जात्रा मँ जदि ओकरे संग कछू भवा तउ उ होनी मोका मारि डाइ। तू लोग मोका एक दु:ख स भवा अउ बूढ़ा मनाई क कब्र मँ पठउब्या।"

याकूब बिन्यामीन क मिस्र जाइ क आग्या दिहस

43 उ देस मँ अकाल बहोत भयंकर रहा। 2मनइयन उ सारा अन्न खाइ गएन जउन उ पचे उ सबइ मिस्र स लिआइ रहेन। जब अनाज खतम होइ गवा, याकूब आपन बेटवन स कहेस, "फुन मिस्र जा। हम लोगन क खाइ बरे कछू अउर अनाज बेसहा।"

3मुला यहूदा याकूब स कहेस, "उ देस क राजा हम लोगन क चिताउनी दिहस ह। उ कहेस ह, 'जदि तू लोग आपन भाई क मोरे लगे वापिस नाहीं लउब्या तउ मइँ तू लोगन स बात करइ स मना भी कइ देब।' 4जदि तू हम लोगन क संग बिन्यामीन क पठउब्या तउ हम पचे जाब अउ अनाज खरीदब। 5अन्यथा, हम लोग नाहीं जाब। उ मनई चिताउनी दिहस कि हम लोग बिन्यामीन के बिना वापस न आइ।"

6इस्राएल कहेस, "तू लोग उ मनई स काहे कह्या, कि
तोहार दूसर भाई भी अहइ। तू पचे मोरे संग अइसी बुरी बात
काहे किह्या?"
7भाइयन जवाब दिहन, "उ राज्जपाल हुसियारी स हम पचन
स प्रस्न पूछेस। उ हम लोगन अउ हम लोगन क परिवार
क बारे मँ जानइ चाहत रहा। उ हम लोगन स पूछेस, 'का
तू पचन क पिता अबहिं जिअत अहइ? का तू लोगन क
दूसर भाई घरे प बाटइ?' हम लोग सिरिफ ओकरे प्रस्न क
जवाब दीन्ह। हम लोग नाहीं जानत रहे कि उ हमरे दूसर
भाई क आपन लगे लइ आवइ क कही।"
8तब यहूदा आपन पिता इस्राएल स कहेस, "बिन्यामीन क
मोरे संग पठवा। मइँ ओकर देखभाल करब। हम पचे मिस्र
जरुर जाब अउ भोजन लिआउब। अगर हम पचे नाहीं जाई
तउ हम सबहीं लोग आपन गदेलन क संग मरि जाबइ।
9मइँ बिस्सास दियावत अहउँ कि उ सुरच्छित रही। मइँ एकर
जिम्मेदार रहब। जदि मइँ ओका तोहरे लगे लउटाइके न
लिआवउँ तउ तू सदा बरे मोका दोखी ठहराइ सकत ह।
10जदि तू हमका पहिले जाइ दिहे होत्या तउ भोजन बरे हम
लोग दुइ जात्रा अबहिं तलक कर चुके होतेन।"
11तब ओनके पिता इस्राएल कहेस, "अगर इ फुरइ सही
अहइ तउ बिन्यामीन क आपन संग लइ जा। मुला राज्जपाल
बरे कछू भेंट लइ जा। ओन चीजन मँ स कछू लइ जा
जउन हम पचे आपन देस मँ बटोरि सका अही। ओकरे बरे
कछू सहद, पिस्ता, बादाम, गोदं अउ लोहबान लइ जा। 12इ
टेम, पहिले स दुई गुना धन भी लइ ल्या उ धन क भी लइ
ल्या जउन पिछली दाईं दिहे क पाछे लउटाइ दीन्ह गवा रहा।
होइ सकत ह कि राज्जपाल स गलती भइ ह। 13बिन्यामीन
क संग ल्या अउ उ मनई क लगे लइ जा। 14मइँ पराथना
करत हउँ कि सर्वसक्तिमान परमेस्सर तू पचन क उ टेम
मदद करी जब तू उ राज्जपाल क समन्वा ठाड़ होब्या। मइँ
इ पराथना भी करत हउँ कि उ बिन्यामीन अउ सिमोन क
भी सुरच्छित आवइ देइ। अगर नाहीं तउ मइँ आपन पूतन स
वंचित होइ जाब।"
15ऍह बरे भाइयन राजा क देइ बरे भेंट लिहन अउ उ
पचे जेतॅना धन पहिले लिहे रहेन ओकर दुइ गुना आपन साथ
लिहन। बिन्यामीन भाइयन क संग मिस्र गवा।

भाइयन क यूसुफ क घर निमंत्रण मिलत ह

16मिस्र मँ यूसुफ ओनके संग बिन्यामीन क लखेस।
यूसुफ आपन सेवक स कहेस: "ओन मनइयन क मोरे घरे
लिआवा। एक ठु जनावर मारा अउ पकावा। उ सबइ मनई
क आजु दुपहरिया मोरे संग भोजन करइ द्या।" 17नउकर क
जइसा कहा गवा रहा वइसा किहस। उ ओन मनइयन क
यूसुफ क घर लइ गवा।
18भाई लोग ससान रहेन जब उ सबइ यूसुफ क घर
गएन। उ पचे कहेन, "हम पचे हिआँ उ धन बरे लिआवा ग
अही जउन पिछली दाईं हम लोगन क बोरन मँ रखि दीन्ह
ग रहा। उ पचे ऍका हम लोगन क बिरुद्ध प्रयोग करिहीं।
तब उ पचे हम पचन क गदहन क लइ लेइहीं अउ हम
लोगन क गुलाम बनइहीं।"
19ऍह बरे यूसुफ क घरे क देख रेख करइवाला नउकर
क लगे सबहिं भाई गएन। 20उ पचे कहेन, "महोदय हम
सपथ लइके कहत हउँ कि पिछली दाईं हम लोग हिआँ
भोजन खरीदइ बरे आए रहेन। 21-22घर लउटत समइ हम
पचे आपन बोरन क खाली कीन्ह अउ हर एक बोरा मँ
आपन धन पावा। हम पचे नाहीं जानत रहेन कि ओनमाँ धन
कइसे पहोंचा। मुला हम उ धन आप क लउटावइ बरे साथ
लाए अहइँ अउ इ समइ हम लोग जउन अनाज बेसहइ
चाहित ह ओकरे बरे धन लाए अही"
23नउकर जवाब दिहस, "डेराअ जिन, मोहे प पतिआ।
तोहरे पिता क परमेस्सर तू लोगन क धन क तोहरे बोरवन
मँ भेंट क रुप मँ धरे होइ। मोका सुमिरन अहइ कि तू
लोगन पिछली दाईं अनाज क दाम मोका दइ दिहे रह्या।"
तब नउकर सिमौन क जेल स बाहेर लिआवा। 24नउकर
ओन लोगन क यूसुफ क घरे लइ गवा। उ ओनका पानी
दिहस अउ उ पचे आपन गोड़ पखारेन। उ ओनके गदहन
क खाइ बरे चारा दिहस।
25भाइयन सुनेन कि यूसुफ क संग खइया क खइहीं। ऍह
बरे ओकर भाई आपन भेंट तइयार करइ मँ उ पचे दुपहर
तलक लगा रहेन।
26यूसुफ आपन घर गवा अउ भाइयन ओका भेंट दिहन
जउन उ पचे आपन संग लइ आए रहेन। तब उ पचे धरती
प निहुरिके पैलगी किहन।
27यूसुफ ओनकइ कुसल पूछेस। यूसुफ कहेस, "तू पचन
क बुढ़वा पिता जेकरे बारे मँ तू लोगन क बताया, ठीक तउ
अहइ? का उ अब तलक जिअत अहइ?"
28भाइयन जवाब दिहेन, "हम पचन क बाप नीक अहइँ।
उ सबइ अब तलक जिअत अहइँ" अउर उ पचे फुन यूसुफ
क समन्वा निहुरेन।

यूसुफ आपन भाई बिन्यामीन स मिलत ह

29तब यूसुफ आपन भाई बिन्यामीन क लखेस। (बिन्यामीन
अउ यूसुफ क एक ही महतारी रहिन।) यूसुफ कहेस, "का
इ तू लोगन क सब स लहुरा भाई अहइ जेकरे बारे मँ तू
बताए रह्या?" तब यूसुफ बिन्यामीन स कहेस, "परमेस्सर तोह
प कृपालु होइ।"
30तब यूसुफ कमरा स बाहेर दौड़ि गवा। आपन भाइ
बिन्यामीन क सहानुभूति मँ बेकाबू होइ गवा रहेन। ऍह बरे
उ रोवइ वास्ते गुप्त ठउर खोजेस। उ आपन कमरा मँ गवा
अउर हुवाँ रोवा। 31तब यूसुफ आपन मुँह धोएस अउ बाहेर
आवा। उ आपन आप पइ काबू रखेस अउर कहेस, "अब
खइया क खाइके टेम बाटइ।"
32यूसुफ अकेले एक ठु मेज प खइया खाएस। ओकर
भाइयन दूसर मेज प एक साथ भोजन किहन। मिस्र क
लोगन दूसर मेज प एक संग खाएन। ओनकइ बिस्सास रहा
कि ओनके बरे इ ठीक नाहीं कि उ पचे हिब्रू लोगन क
संग खाइँ। 33अब उ पचन्क यूसुफ क समन्वा मेज पइ
पहलोठा स लइ क सबन त छोटा क तरतीब मँ बइठा गवा
रहेन। ऍह बरे सबइ भाइयन अचरज करत भए रहेन।
34नउकर लोग यूसुफ क मेज प ओनका भोजन लइ जात

रहेन। मुला अउरन स अपेच्छा नउकर लोग बिन्यामीन क पाँच गुना बेसी दिहन। यूसुफ क संग उ सबहिं भाई तब तलक खात रहेन अउ दाखरस पिअत रहेन जब तलक उ पचे नसा मँ मस्त नाहीं होइ गएन।

यूसुफ जाल बिछावत ह

44 तब यूसुफ आपन नउकरन क जउन कि घर क निगराँकार रहेन। हुकुम दिहेस। यूसुफ कहेस, "ओन मनइयन क बोरियन मँ ऍतना अनाज भरि द्या जेतॅना उ पचे लइ जाइ सकइँ। तउ हर एक मनइयन क पैसा ओकरे बोरा मँ उपर रख द्या। 2मुला सब स लहुरा भाई क बोरा मँ उपर ओकरे आनाज क पैसा क संग मोर चाँदी क पियाला भी रख द्या।" नउकर यूसुफ क हुकुम पूरा किहस।

3दूसरे दिन भिन्सारे सब भाई लोग आपन गदहन क संग अपने देस क वापिस पठइ दीन्ह गएन। 4जब उ पचे सहर बाहर कछू ही दूर गए रहेन तउ यूसुफ आपन नउकर क हुकुम दिहेस, "जा अउर ओन लोगन क पाछा करा। ओनका रोका अउ ओनसे कहा, 'हम लोग आपन लोगन बरे नीक रह्या! मुला आप सबन हम लोगन बरे बुरा काहे रहे? 5हमार मालिक यूसुफ इहइ पियाला स पिअत हीं। उ पचे राज क बात जानइ बरे इहइ पियाला क प्रयोग करत ह। इ पियाला क चोराइके आप लोगन काहे अपराध किहेन?'"

6ऍह बरे नउकर हुकुम क मानेस। उ सवार होइ के भाइयन तलक गवा अउ ओनका रोकेस। नउकर ओनसे उ ही बातन किहेस जउन यूसुफ ओनसे कहइ बरे कहे रहा।

7मुला भाइयन नउकर स कहेन, "राज्जपाल अइसी बातन काहे कहत हीं? हम पचे अइसा अपराध कबँहू नाहीं करब! 8लखा हम पचे उ पैसा कनान देस लउटाइके लाए रहेन जउन पहिले हम लोगन क आपन बोरन मँ मिला रहा। एह बरे हम लोगन तोहार मालिक क घरे स चाँदी या सोना नाहीं चोरावइ चाही? 9जदि आपन कउनो बोरा मँ चाँदी क उ पियाला पाइ जाइँ तउ उ मनई क मारि दीन्ह जाइ। तू ओका मार सकत ह अउर हम लोग तोहार नउकर होब।"

10नउकर कहेस, "जइसा तू कहत ह हम वइसा ही करब, मुला मइँ उ मनई क मारब नाहीं। जदि मोका चाँदी क पियाला मिली तउ उ मनई मोर नउकर होइ। दूसर भाई लोग जाइ बरे अजाद होइहीं।"

जाल बिछावा गवा, बिन्यामीन धरा गवा

11तब सब भाई आपन आपन बोरा क हाली हाली भुइयाँ प खोलेन। 12नउकर बोरन मँ लखब सुरु किहेस। उ सब स जेठ भाई स सुरु किहस अउ सब स लहुरा भाई प खतम किहस। उ बिन्यामीन क बोरा मँ पियाला पाएस। 13सबइ भाई लोग बहोत दुःखी भएन। ऍह बरे उ पचे आपन ओढ़ना फारि डाएन। तउ आपन आपन गदहन पइ बोरन क लादेन अउर सहर क लउट पड़ेन।

14यहूदा अउ ओकर भाई यूसुफ क घर लौटि गएन। यूसुफ तब तलक हुआँ रहा। भाइयन भुइँया तलक निहुरिके प्रणाम किहेन। 15यूसुफ ओनसे कहेस, "तू पचे इ काहे किहा? का तू लोगन क पता नाहीं अहइ कि छिपी बातन क फरियावइ क मोर खास ढंग बाटइ। मोहसे बढ़िके अच्छी तरह कउनो दूसर इ नाहीं कइ सकत।"

16यहूदा कहेस, "महोदय, हम पचन क कहइ बरे कछू नाहीं अहइ। ऍका फरियावइ क कउनो दूसर तरीका नाहीं बा। इ देखावइ क कउनो तरीका नाहीं बा कि हम पचे अपराधी नाहीं अही। हम पचे अउर कछू किहे होइ जेकरे बरे परमेस्सर हमका अपराधी ठहराएस ह। एह बरे, हम सबहिं बिन्यामीन क साथ, आपका दास होब।"

17मुला यूसुफ कहेस, "मइँ तू पचन्क सबहिं क आपन दास न बनाउब। सिरिफ उहइ मनई जेकर बोरा मँ पियाला पावा गवा रहा, मोर दास होइ। तू दूसर लोग आपन पिता क लगे जाइ बरे अजाद अहइँ।"

यहूदा बिन्यामीन क बारे मँ सिफारिस करत ह

18तब यहूदा यूसुफ क लगे गवा अउ उ कहेस, "महोदय, मेहरबानी कइके मोका खुद आपसे साफ कहि लेइ द्या। कृपा कइके मोसे नाखुस न ह्वा। मइँ जानत अहउँ कि आप खुद फिरौन जइसे अहइँ। 19जब हम लोग पहिले हिआँ आए रहे, आप पूछे रहेन कि 'का तोहार पिता या भाई अहइँ?' 20अउर हम आप क जवाब दीन्ह, 'हमरे एक ठु पिता अहइँ, उ बुढ़ान अहइँ अउ हम लोगन क एक लहुरा भाई अहइ। हमार पिता ओसे बहोत ज्यादा पियार करत हीं काहेकि ओकर जन्म ओकरे बुढ़ापे मँ भवा रहा, अउर लहुरा बेटवा क भाई मरि गवा एह बरे इ सिरिफ अकेला बचा अहइ जउन उ मेहरारु स जनमे रहा। हम पचन क पिता ओका बहोत पियार करत हीं।' 21तब आप हमसे कहे रहेन, 'उ भाई क मोरे लगे लिआवा। मइँ ओका लखइ चाहत हउँ।' 22अउ हम लोग कहे रहे, 'इ नान्ह लरिका नाहीं आइ सकत। उ आपन बाप क नाहीं तजि सकत। अगर ओकरे पिता क ओसे हाथ धोवइ पड़इ तउ ओकर पिता ऍतना दुःखी होइ कि उ मरि जाइ।' 23मुला आप हमसे कहेन, 'तू लोग आपन छोटका भइया क जरुर लिआवा, नाहीं तउ मइँ फुन तू लोगन क हाथे अनाज न बेचब।' 24ऍह बरे हम लोग आपन पिता क लगे लउटे अउ आप जउन कछू कहेन, ओनका बतावा।

25"पाछे हम पचन क पिता कहेन, 'फुन जा अउ हम लोगन बरे कछू अउर अन्न खरीदा।' 26हम लोग ओसे कहा, 'हम लोग आपन सब स लहुरा भाई क बिना नाहीं जाइ सकित। राज्जपाल कहेस ह कि उ तब तलक हम लोगन क अनाज नाहीं बेची जब तलक उ हमरे सबन त लहुरे भइया क नाहीं लखि लेत।' 27तब मोर पिता हम लोगन स कहेस, 'तू लोग जानत ह कि मोर मेहरारु राहेल मोका दुइ पूत दिहस। 28मइँ एक पूत क दूरी जाइ दिहेउँ अउ ओका जंगली जनावर मारि डाएन अउ तब स मइँ ओका नाहीं लखेउँ ह। 29अगर तू पचे मोर पूत क मोसे दूर लइ जाइ चाहत बाट्या अउ ओका कछू होइ जात ह तउ मोका ऍतना दुःख होइ कि मइँ मरि जाब।' 30ऍह बरे अब हम लोग आपन छोटका भाई क बिना घरे जाब तब हम पचन क पिता क इ निहारइ क पड़ी। उ छोटका बेटवा हमरे पिता क जिन्नगी मँ सबसे बेसी मानता रखत ह। 31जब उ

पचे लखिहीं कि छोटका बेटवा हम लोगन क संग नाहीं अहइ उ पचे मरि जइहीं अउर इ हम लोगन क दोख होइ। हम पचे आपन पिता क घोर दु:ख अउ मउत क कारण होइ जाब।

32"मइँ छोटके बेटवा क जिम्मेदारी लीन्ह ह। मइँ आपन पिता स कहेउँ, 'जदि मइँ ओका आप क लगे लउटाइके न लावउँ तउ आप सारी जिन्नगी भइ मोका दोखी ठहराइ सकत हीं।' 33ऍह बरे मइँ आप स मँगत अहउँ, अउर आप पराथना करत हउँ कि कृपा कइके छोटके लरिका क आपन भाइयन क संग लौटि जाइ देइँ अउ मइँ हिआँ रुकब अउ आप क दास होब। 34मइँ आपन पिता क लगे लौट नाहीं सकत जदि हमरे संग छोटका भाई नाहीं रही। मइँ इ बात स बहोत ससान अहउँ कि मोरे बाप क संग का घटी।"

यूसुफ आपन क परगट करत ह कि उ कउन अहइ

45 यूसुफ आपन क अउर जियादा न संभारि सका। उ हुआँ हाजिर सबहिं लोगन क समन्वा रोइ पड़ा। यूसुफ कहेस, "हर एक स कहा कि हिआँ स हट जाइँ।" ऍह बरे सबहिं लोग चला गएन। सिरिफ ओकर भाई ही यूसुफ क संग रहि गएन। तब यूसुफ ओनका बताएस कि उ कउन अहइ। 2यूसुफ रोवत रहा, अउर फिरौन क महल क सब मिस्र क मनइयन सुनेन। 3यूसुफ आपन भाइयन स कहेस, "मइँ आप लोगन क भाई यूसुफ अहउँ। का मोर पिता अब भी जीवित अहइँ?" मुला भाइयन ओका जवाब नाहीं दिहेन। उ पचे डेरान अउ उलझन मँ रहेन।

4ऍह बरे यूसुफ आपन भाइयन स फुन कहेस, "मोरे लगे आवा।" ऍह बरे यूसुफ भाई क निअरे गएन अउ यूसुफ ओनसे कहेस, "मइँ आप लोगन क भाई यूसुफ अहउँ। मइँ उहइ अहउँ जेका मिस्री लोगन क हाथे आप लोग गुलाम क रुप मँ बेचे रहेन। 5अब परेसान न होइँ। आप लोग आपन किहे भए पइ गुस्सा न करइँ। उ तउ मोरे बरे परमेस्सर क योजना रही कि मइँ हिआँ आवउँ। मइँ हिआँ तू लोगन क जिन्नगी बचावइ बरे आवा हउँ। 6इ खौफनाक भुखमरी क समइ दुइ बरिस ही अबहिं बीता अहइ अउर अबहिं पाँच बरिस बे पौध लगावइ या उपज क अइहीं। 7ऍह बरे परमेस्सर तू लोगन स पहिले मोका हिआँ पठएस जेहसे मइँ इ देस मँ तू लोगन क बचाइ सकउँ। 8इ आप लोगन क दोख नाहीं रहा कि मइँ हिआँ पठवा गवा। इ परमेस्सर क जोजना रही। परमेस्सर मोका फिरौन बरे पिता क समान बनाएस। ताकि मइँ ओकर सारा घर अउ समूचइ मिस्र क राजपाल बनि सकउँ।"

इस्राएल क मिस्र बरे आमन्त्रण मिला

9यूसुफ कहेस, "ऍह बरे हाली मोरे पिता क लगे जा। मोरे पिता स कहा कि ओकर पूत यूसुफ इ सँदेसा पठएस ह।"

परमेस्सर मोका समूचइ मिस्र क राजपाल बनाएस ह। मोरे लगे आवइँ। इन्तजार न करइँ। अबहिं आवइँ। 10आप मोरे निचके गोसेन प्रदेस मँ रइहीं। आप क, आप क बेटवन क, आप क सबहिं जनावरन अउ झुण्ड क सुआगत अहइ। 11भुखमरी क अगले पाँच बरिस मँ मइँ आप क देखरेख करब। इ तरह आप क अउ आप क परिवारे क जउन चीजन अहइँ ओनसे आप क हाथ धोवइ क न होइ।

12यूसुफ आपन भाइयन स बात करत रहा। उ कहेस, "अब आप लोग निस्चित रूप स लख सकत अहइँ कि इ फुरइ मइँ ही यूसुफ अहइँ अउर आप लोगन क भाई बिन्यामीन जानत ह कि इ मइँ ही आप लोगन क भाई अहउँ जउन आप लोगन स बात करत हउँ। 13ऍह बरे मोरे पिता स मोका मिस्र क जउन सम्मान प्राप्त अहइ क बारे मँ कहइँ। आप लोगन जउन हिआँ लखेन ह उ हर एक चीज क बारे मँ मोरे पिता क बतावइँ। अब हाली करा अउ मोरे पिता क लइके मोरे लगे लौटा।" 14तब यूसुफ आपन भाई बिन्यामीन क गले लगाएस अउ रोइ पड़ा अउ बिन्यामीन भी रोइ पड़ा। 15तब यूसुफ सबहिं भाइयन क चूमेस अउ ओन कइ बरे रोइ पड़ा। ऍकरे पाछे भाई ओकरे संग बतियाइ लागेन।

16फिरौन क पता लाग कि यूसुफ क भाई ओकरे पास आवा अहइँ। इ खबर फिरौन क पूरे महल मँ सँचर गइ। फिरौन अउ ओकर नउकर इ बारे मँ बहोत खुस भएन। 17ऍह बरे फिरौन यूसुफ स कहेस, "आपन भाइयन स कहा कि ओनका जेतना खइया क चाही, लइ लेइँ अउ कनान देस क लौटि जाइँ। 18आपन भाइयन स कहा कि उ पचे आपन पिता अउ आपन परिवार क लइके हिआँ मोरे लगे आवइँ। मइँ तोहका रोजी बरे मिस्र मँ बढ़िया धरती देब अउ तोहार परिवार सब स अच्छा खइया क खाइ जउन हमरे लगे हिआँ अहइ।" 19तब फिरौन कहेस, "हमरी सबन त बढ़िया गाड़ियन मँ स कछू आपन भाइयन क द्या। ओनका कनान जाइ अउ गाड़ियन मँ स आपन पिता, मेहररुअन अउ गदेलन क हिआँ आवइ द्या। 20ओनकी सबइ चिजियन क हिआँ लावइ बारे मँ चिन्ता जिन करा। हम ओनका मिस्र मँ जउन सबन त बढ़िया अहइ, देब।"

21ऍह बरे इस्राएल क पूतन इहइ किहेन। यूसुफ फिरौन क बचन क मुताबिक नीक गाड़िन क दिहस अउ यूसुफ जात्रा बरे ओनका भरपूर भोजन दिहस। 22यूसुफ हर एक भाई क एक एक जोड़ा सुन्नर ओढ़ना दिहस। मुला यूसुफ बिन्यामीन क पाँच जोड़ा सुन्नर ओढ़ना दिहस अउ यूसुफ बिन्यामीन क तीन सौ चाँदी क सिक्का भी दिहस। 23यूसुफ आपन पिता क भेंट पठएस। उ मिस्र स बहोत स बढ़िया चीजन स भरा बोरन स लदा दस ठु गदहन क पठएस अउ उ आपन पिता बरे अनाज, रोटी अउ दूसर भोजन स लदी भइ दस ठु गदहियन क ओनकी वापसी जात्रा बरे पठएस। 24तब यूसुफ आपन भाइयन क जाइ बरे कहेस। जब उ पचे जाइ क रहेन यूसुफ ओनसे कहेस, "सोझइ घरेजा अउ रस्ता मँ जिन लड़या।"

25इ तरह भाइयन मिस्र क तजेन अउ कनान देस मँ आपन पिता क लगे गएन, 26भाइयन ओनसे कहेन, "पिता जी यूसुफ अबहिं जिअत अहइ अउ उ पूरा मिस्र देस क राजा अहइ।"

ओनकइ पिता असमंजस मँ पड़ि गवा। उ ओन पइ नाहीं पतियान। 27मुला यूसुफ जउन बातन क कहे रहा, भाइयन हर एक बात आपन पिता स कहेन। तब याकूब ओन गाड़ियन क लखेस जेनका यूसुफ मिस्र क वापसी जात्रा बरे पठए रहा। तब याकूब भाव बिभोर होइ गवा अउ बहो बहोतइ खुस भवा। 28इस्राएल कहेस, "अब मोका बिस्सास अहइ कि मोर पूत यूसुफ अबहिं जिअत अहइ। मइँ मरइ स पहिले ओका देखइ जात अहउँ।"

परमेस्सर इस्राएल क पतियावत ह

46 ऍह बरे इस्राएल मिस्र क आपन जात्रा सुरु किहस। पहिले इस्राएल बेर्सेबा पहोंचा। हुऑं इस्राएल आपन पिता इसहाक क परमेस्सर क आराधना अउर बलि भेंट किहस। उ बलि दिहेस। 2राति मँ परमेस्सर इस्राएल स सपना मँ बोला। परमेस्सर कहेस, "याकूब, याकूब"

अउ इस्राएल जवाब दिहेस, "मइँ हिऑं अहउँ।"

3तब परमेस्सर कहेस, "मइँ यहोवा तोहरे बाप क परमेस्सर अहउँ। मिस्र जाइ स डेराअ जिन। मिस्र मँ मइँ तोहका महान रास्ट्र बनाउब। 4मइँ तोहरे संग मिस्र चलब अउ मइँ तोहका फुन मिस्र मँ स बाहेर निकारि लाउब। तू मिस्र मँ मरिब्या। मुला यूसुफ तोहरे संग रही। जब तू मरब्या तउ उ खुद आपन हाथन स तोहार ऑंखी बन्द करी।"

इस्राएल मिस्र क जात ह

5तब याकूब बेर्सेबा तजेस अउ मिस्र तलक जात्रा किहस। ओकर बेटवन, अर्थात इस्राएल क बेटवन अउ बाप, आपन मेहररुअन अउ आपन सबहिं बच्चन क मिस्र लइ गएन। उ पचे फिरौन क जरिये पठई गइन गाड़ियन मँ जात्रा किहेन। 6ओनके लगे, ओनकइ गोरु अउ कनान देस मँ ओनका आपन जउन कछू रहा, उ भी संग रहा। इ तरह इस्राएल आपन सबहिं लरिकन अउ आपन परिवारे क संग मिस्र गवा। 7ओकरे संग ओकर बेटवन अउ बिटियन अउ पोतन अउर पोतिन रहिन। ओकर सारा परिवार ओकरे संग मिस्र गवा।

याकूब क परिवार

8इ इस्राएल क ओन पूतन अउ परिवारन क नाउँ अहइँ जउन ओकरे संग मिस्र गएन।

रूबेन याकूब क पहिला पूत रहा। 9रूबेन क पूत रहेन: हनोक, पल्लू, हेस्त्रोन अउ कर्म्मी।

10सिमोन क पूत: यमूएल, यामीन, ओहद, याकीन अउ सोहर। हुऑं साऊल भी रहा। (साऊल कनानी मेहरारु स पइदा भवा रहा।)

11लेवी क बेटवन: गोर्सोन, कहात अउ मरारी

12यहूदा क पूतन: एर, ओनान, सेला, पेरेस अउ जेरह। (एर अउ ओनान कनान मँ रहत समइ मर ग रहेन।) पेरेस क पूतन: हेस्त्रोन अउ हामूल।

13इस्साकार क पूतन: तोला, पुब्बा, योब अउ सिम्रोन।

14जबूलून क पूतन: सेरेद, एलोन अउ यहलेल।

15रूबेन, सिमोन लेवी, यहूदा, इस्साकार अउ जबूलून जउन याकूब क मेहारु लिआ क पूतन रहेन। लिआ क उ पूतन पद्दन-अराम मँ रहेन अउर ओकर संग दीना नाउँ क एक ठू बिटिया भी रही। इ परिवारे मँ तैंतीस मनई रहेन।

16गाद क पूतन: सिय्योन, हाग्गी, सूनी, एसबोन, एरी, अरोदी, अउर अरेली।

17आसेर क पूतन: यिम्ना, यिस्वा, यिस्वी, बरीआ अउ ओनकइ बहिन सेरह अउ बरीआ क पूतन: हेबेर अउ मल्कीएल रहेन।

18इ सबइ याकूब क मेहारु क दासी जिल्पा स ओकरे पूत रहेन। (जिल्पा लाबान क दुआरा ओकरे बिटिया लिआ क दीन्ह गवा रहेन।) इ परिवारे मँ सोलह मनई रहेन।

19याकूब क संग ओकर मेहारु राहेल स पइदा भवा पूत बिन्यामीन भी रहा। (यूसुफ भी राहेल स पइदा रहा, मुला उ पहिले स ही मिस्र मँ रहा।)

20मिस्र मँ यूसुफ क दुइ पूतन रहेन, मनस्से अउ एप्रैम। (यूसुफ क मेहारु ओन क याजक पोतीपेरा क बिटिया आसनत रही।)

21बिन्यामीन क पूत: बेला, बेकेर, अस्बेल, गेरा, नामान, एही, रोस, मुप्पीम, हुप्पीम अउ आर्द।

22उ पचे याकूब क मेहारु राहेल स पइदा भए ओकर दुइ पूत रहेन। इ परिवार मँ चौदह मनई रहेन। 23दान क पूत: हूसीम। 24नप्ताली क पूतन: यहसेल, गूनी, सेसेर, अउर सिल्लेम।

25उ पचे याकूब अउ बिल्हा क पूत रहेन। (बिल्हा राहेल क नउकरानी रही। जेका लाबन ओका दिहे रहेन) इ परिवारे मँ सात मनई रहेन।

26इ तरह याकूब क सन्तानन मिस्र मँ पहोंचिन। ओनमाँ छाछठ ओकर सोझ संतान रहिन। (इ गनती मँ याकूब क बेटवन क मेहररुअन सामिल नाहीं रहिन।)

27यूसुफ क भी दुइ पूत रहेन। उ पचे मिस्र मँ पइदा भ रहेन। इ तरह मिस्र मँ याकूब क परिवार मँ सत्तर मनई रहेन।

इस्राएल मिस्र पहोंचत ह

28इस्राएल पहिले यहूदा क यूसुफ क लगे पठएस। यहूदा गोसेन प्रदेस मँ यूसुफ क लगे गवा। जब इस्राएल अउ ओकर लोग उ प्रदेस मँ गएन। 29यूसुफ क पता लाग कि ओकर पिता नगिचे आवत अहइ। ऍह बरे यूसुफ आपन रथ तइयार कराएस अउ आपन पिता इस्राएल स गोसेन मँ भेटंइ चला। जब यूसुफ आपन पिता क लखेस तब उ ओकरे गटइया स लपटि गवा अउ देर तलक रोवत रहा।

30तब इस्राएल यूसुफ स कहेस, "अब मइँ सान्ति स मरि सकत हउँ। मइँ तोहार मुँह देखि लिहेउँ ह अउर मइँ जानत हउँ कि तू अबहिं जिअत अहा।"

31यूसुफ आपन भाइयन अउ आपन पिता क परिवार स कहेस, "मइँ जाब अउ फिरौन स कहब कि मोरे पिता हिऑं आइ ग अहइँ। मइँ फिरौन स कहब, 'मोर भाइयन अउ मोर पिता क परिवार कनान देस तजि दिहे अहइ अउर हिऑं मोरे लगे आइ ग अहइँ। 32इ गड़रिया क परिवार अहइ। उ पचे

हमेसा गोरु अउ खरका राखे अहइँ। उ पचे आपन सबहिं जनावर अउ ओनकइ जउन कछू आपन अहइ ओका आपन संग लइ आए अहइँ।' 33जब फिरौन आप लोगन क बोलइहीं अउ आप लोगन स पूछिहीं, 'आप लोग का काम करत हीं?' 34आप लोग ओनसे कह्या, 'हम पचे गड़रिया अही। हम सबइ पूरी जिन्नगी जनावरन क देखरेख मँ बितावा ह। हम लोगन स पहिले हमार पुरखन भी अइसे रहेन।' तब फिरौन तू लोगन क गोसेन प्रदेस मँ रहइ क आग्या दइ देइ। मिस्त्र क लोग गड़रिया क पसन्द नाहीं करतेन, ऍह बरे बढ़िया उहइ होइ कि आप लोग गोसेन मँ ही ठहरइँ।"

इस्राएल गोसेन मँ बसत ह

47 यूसुफ फिरौन क लगे गवा अउ उ कहेस, "मोर पिता, मोर भाई अउ ओनके सबहिं परिवार हिआँ आइ ग अहइँ। उ सबइ आपन सबइ जनावर तथा कनान मँ ओनकइ आपन जउन कछू रहा, ओकरे संग अहइ। इ टेम उ सबइ गोसेन प्रदेस मँ अहइँ।" 2यूसुफ आपन भाइयन मँ स पाँच क फिरौन क समन्वा हाजिर होइ बरे चुनेस। 3फिरौन भाइयन स पूछेस, "तू लोग का काम करत अहा?"

भाइयन फिरौन स कहेन, "महोदय, हम पचे गड़रिया अही। हम लोगन स पहिले हमार पुरखन भी गड़रिया रहेन।" 4उ पचे फिरौन स कहेन, "कनान मँ भुखमरी क इ टेम बहोत बुरा बाटइ। हम लोगन क गोरुअन क घास वाला कउनो खेत बचा नाहीं रहि गवा बाटइ। ऍह बरे हम लोग इस देस मँ बसइ आवा अही। आप से हम पचे बिनती करत अही कि आप कृपा कइके हम लोगन क गोसेन प्रदेस मँ रहइ देइँ।"

5तब फिरौन यूसुफ स कहेस, "तोहरे पिता अउ तोहार भाई तोहरे लगे आवा अहइँ। 6तू मिस्त्र मँ कउनो भी जगह ओनके रहइ बरे चुन सकत ह। आपन पिता अउ आपन भाइयन क सबसे अच्छी भुइँया द्या। ओनका गोसेन पहँटा मँ रहइ द्या अउ अगर उ सबइ कुसल गड़रिया अहउँ, तउ उ पचे मोरे जनावरन क भी देख भाल कइ सकत हीं।"

7तब यूसुफ आपन पिता याकूब क भितरे फ़िरौन क समन्वा बोलाएस। याकूब फिरौन क आसीर्बाद दिहस। 8तब फिरौन याकूब स पूछेस, "आप क उमिर का अहइ?" 9याकूब फिरौन स कहेस, "बहोत स कस्टन क संग मोर छोटी जिन्नगी रही। मइँ सिरिफ एक सौ तीस बरिस जिन्नगी बिताएउँ ह। मोर पिता अउ ओनके पुरखन मोसे बेसी उमिर तक जिअत रहेन।"

10याकूब फिरौन क आसीर्बाद दिहस। तब फिरौन स बिदा लेइके चल दिहस। 11यूसुफ फिरौन क हुकुम मानेस। उ आपन पिता अउ भाइयन क मिस्त्र मँ भुइँया दिहस। इ रामसेस सहर क निअरे मिस्त्र मँ सबसे बढ़िया भुइँया रही। 12यूसुफ आपन पिता, भाइयन अउ ओनके आपन लोगन क, जउन भोजन ओनका जरुरी रहा, दिहस।

यूसुफ फिरौन बरे भुइँया खरीदत ह

13भुखमरी क समइ अउर भी जियादा बुरा होइ गवा। देस मँ कहीं भी भोजन न रहा। इ बुरा समइ क कारण मिस्त्र अउ कनान बहोत गरीब होइ गएन। 14देस मँ लोग जियादा स जियादा अनाज बेसहइ लागेन। यूसुफ धन बचाएस अउ ओका फिरौन क महल मँ लिआएस। 15कछू समइ पाछे मिस्त्र अउ कनान मँ लोगन क लगे पइसा नाहीं रहा। उ पचे आपन सारा धन अनाज बेसहइ मँ खर्च कइ दिहन। ऍह बरे लोग यूसुफ क लगे गएन अउ बोलेन, "कृपा कइके हम पचन क खइया क द्या। हम पचन क धन खतम होइ ग अहइ। अगर हम लोग नाहीं खाब तउ आप क लखत लखत मरि जाब।"

16मुला यूसुफ जवाब दिहस, "आपन गोरु मोका द्या अउर मइँ तू लोगन क भोजन देब।" 17ऍह बरे लोग आपन गोरु, घोड़ा अउ दूसर सबहिं जनावरन क भोजन बेसहइ बरे प्रयोग मँ लावइ लागेन अउ उ बरिस यूसुफ ओनके गोरुअन क लिहस अउ भोजन दिहस।

18मुला दूसर बरिस लोगन क लगे जनावर नाहीं रहि गएन अउ भोजन बेसहइ बरे कछू न रहा। ऍह बरे मनई यूसुफ क लगे गएन अउ बोलेन, "आप जानत हीं कि हम लोगन क लगे धन नाहीं बचा बाटइ अउ हमार सबहिं गोरु आप क होइ गए अहइँ। ऍह बरे हम लोगन क लगे कछू नाहीं बचा अहइ। उ बचा अहइ सिरिफ, जउन आप लखत हीं, हमार तन अउ हमार भुइँया। 19आप क लखत भए ही हम फुरइ मरि जाब। मुला जदि आप मोका भोजन देत हीं तउ हम फिरौन क आपन भुइँया देब अउ ओकर गुलाम होइ जाब। हमका बिआ द्या जेनका हम बोइ सकी। तब हम लोग जिअत रहब अउ मरब नाहीं अउ भुइँया हम लोगन बरे फुन अनाज उगाई।"

20ऍह बरे यूसुफ मिस्त्र क सारी भुइँया फिरौन बरे बेसहेस। मिस्त्र क सबहिं लोगन आपन खेतन क यूसुफ क हाथ बेंचि दिहन। उ पचे इ ऍह बरे किहन काहे कि उ पचे बहोत भुखान रहेन। 21अउर सबइ लोग फिरौन क दास होइ गएन। मिस्त्र मँ सब जगह लोग फिरौन क दास रहेन। 22एक सिरिफ उहइ भुइँया यूसुफ नाहीं बेसहेस जउन याजकन क कब्जा मँ रही। याजकन क भुइँया बेंचइ क जरुरत नाहीं रही। काहेकि फिरौन ओनके काम बरे ओनका पगार देत रहा। ऍह बरे उ पचे इ धन क खाइ बरे भोजन बेसहइ मँ खरच किहन।

23यूसुफ लोगन स कहेस, "अब मइँ तू पचन क अउ तोहरी भुइँया क फिरौन बरे बेसहेउँ ह। ऍह बरे मइँ तू पचन क बिआ देब अउ तू लोग आपन खेतन मँ पौध लगाइ सकत ह। 24फसल काटइ क समइ तू लोग फसल क पाँचवाँ हींसा फिरौन क जरूर दिहा। तू पचे आपन खातिर पाँच मँ स चार हींसा रखि सकत ह। तू लोग उ बिआ क जेका भोजन अउ बोवइ बरे रखब्या ओका दुसरे बरिस प्रयोग कइ सकब्या। अब तू आपन परिवारन अउ गदेलन क खिआइ सकत ह।"

25मनइयन कहेन, "आप हम लोगन क जिन्नगी बचाइ लिहन ह।" हम लोग आप क अउ फिरौन क दास होइ मँ खुस अही।"

26ऍह बरे यूसुफ उ समइ देस मँ एक नेम बनाएस अउ उ नेम अब तलक चला आवत अहइ। नेम क मुताबिक

भुइँया स हर एक उपज क पाँचवाँ हींसा फिरौन क बाटइ। फिरौन सारी भुइँया क सुआमी अहइ। सिरिफ उहइ भुइँया ओकर नाहीं जउन याजकन क बाटइ।

"मोका मिस्र मेँ जिन दफनाया"

27इस्राएल मिस्र मेँ रहेउँ। उ गोसेन पहँटा मेँ रहा। ओकर परिवार बाढ़ा अउ बहोत बड़वार होइ गवा। उ पचे मिस्र मेँ उ भुइँया क पाएन अउ अच्छी जिन्नगी बिताएन। 28याकूब मिस्र मेँ सत्रह बरिस रहा। इ तरह याकूब एक सौ सैंतालीस बरिस क होइ गवा। 29उ समइ आइ गवा जब इस्राएल समझ गवा कि उ हाली ही मरी, ऍह बरे उ आपन पूत यूसुफ क आपन लगे बोलाएस। उ कहेस, "अगर तू मोसे पिरेम करत ह तउ तू आपन हाथ मोरी जाँघे क तरे धइके मोका बचन द्या कि तू, जउन मइँ कहब करब्या अउ तू मोरे बरे सच्चा रहब्या। जब मइँ मरब तउ मोका मिस्र मेँ जिन दफनाया। 30उहइ जगह मोका दफनाया जउने जगह मोरे पुरखन दफनावा गए अहइँ। मोका मिस्र स बाहेर लइ जा अउ मोरे पुरखन जहाँ दफनाए गवा अहइँ उहइ जगह मोका दफनावा।"

यूसुफ जवाब दिहस, "मइँ बचन देत हउँ कि उहइ करब जउन आप कहत हीं।" 31तब याकूब कहेस, "मोसे एक प्रण करा" अउर यूसुफ ओसे प्रण किहेस कि उ ऍका पूरा करी। तब इस्राएल आपन मूँड़ी खटिया प पाछे धरेस।*

मनस्से अउ एप्रैम क असीस

48 कछू टेम पाछे यूसुफ क पता लाग कि ओकर पिता बेराम अहइ। ऍह बरे यूसुफ आपन दुइनउँ बेटहनन मनस्से अउ एप्रैम क संग लिहस अउ आपन पिता क लगे गवा। 2जब यूसुफ पहोंचा तउ कउनो इस्राएल स कहेस, "तोहार पूत यूसुफ तोहका लखइ आवा ह।" इस्राएल बहोत दुर्बल रहा, मुला उ बहोत जतन किहेस अउ खटिया प बइठि गवा।

3तब इस्राएल यूसुफ स कहेस, "कनान देस मेँ लूज क जगह प सर्वसक्तीमान परमेस्सर मोका खुद दर्सन दिहस। परमेस्सर हुआँ मोका आसीर्बाद दिहस। 4परमेस्सर मोसे कहेस, 'मइँ तोहार एक बड़वार परिवार बनाउब। मइँ तोहका बहोत स बच्चन क देब अउर तू एक महान रास्ट्र बनब्या। तोहरे लोगन इ भुइँया प सदा बना रहीं।' 5अउर अब तोहार दुइ पूत बाटेन। मोरे आवइ स पहिले मिस्र देस मेँ हिआँ इ सबइ पइदा भए रहेन। तोहार दुइनउँ पूत एप्रैम अउ मनस्से मोरे आपन बेटवन क तरह होइहीं। उ पचे वइसेन होइहीं जइसे मोका रूबेन अउ सिमोन अहइँ। 6इ तरह इ दुइनउँ मोर पूत होइहीं। उ पचे मोर सबहिं चीजन मेँ हिस्सेदार होइहीं। मुला अगर तोहार दूसर पूत होइहीं तउ उ सबइ तोहार बच्चन होइहीं। मुला उ पचे भी एप्रैम अउ मनस्से क बेटवन क नाईं होइहीं। अरथ अहइ भविस्स मेँ एप्रैम अउ मनस्से क जउन कछू होइ, ओहमाँ हिस्सेदार होइहीं। 7पद्दनअराम स जात्रा करत समइ मेँ राहेल मरि गइ। इ बात मोका बहोतइ दुःखी किहस। उ कनान क भुइँया मेँ मरी। हम पचे अबहिं एप्राता कइँती जात्रा करत रहे। मइँ ओका एप्राता कइँती जाइवाली सड़क प दफनावा।" (एप्राता बेतलेहेम अहइ।)

8तब इस्राएल यूसुफ क पूतन क लखेस। इस्राएल पूछेस, "इ सबइ लरिकन कउन अहइँ?"

9यूसुफ आपन पिता स कहेस, "इ सबइ मोर बेटवन अहइँ। इ सबइ उ पचे लरिकन अहीं जेनका परमेस्सर मोका दिहस ह।"

इस्राएल कहेस, "आपन बेटवन क मोरे लगे लइ आवा। मइँ ओनका असीसब।"

10इस्राएल बुढ़वा रहा, अउर ओकर आँखिन ठीक नाहीं रहिन। ऍह बरे यूसुफ आपन बेटहनन क अपने बाप क निचके लइ गवा। इस्राएल बच्चन क चूमेस अउ गले स चिपकाएस। 11तब इस्राएल यूसुफ स कहेस, "मइँ कबहुँ नाहीं सोचेउँ कि मइँ तोहार मुँह फुन लखब मुला देखा। परमेस्सर तोहका अउर तोहरे गदेलन क मोका निहारइ दिहस।"

12तब यूसुफ बच्चन क गोदी स लिहस अउ उ पचे ओकरे पिता क समन्वा पैलगी करइ क निहुरेन। 13यूसुफ एप्रैम क आपन दाहिन कइँती किहस अउ मनस्से क आपन बाईं कइँती इ तरह एप्रैम इस्राएल क बाईं कइँती रहा अउ मनस्से दाईं कइँती रहा। 14मुला इस्राएल आपन हाथ क पहला बदलिके आपन दाहिन हाथ क लहुरा लरिका एप्रैम क मूँड़े प धरेस अउ तब बाएँ हाथ क इस्राएल जेठ लरिका मनस्से क मूँड़े प राखेस। उ आपन बाएँ हाथ क मनस्से प धरेस, तउ भी मनस्से क जन्म पहिले भवा रहा। 15अउर इस्राएल यूसुफ क आसीर्बाद दिहस अउ कहेस,

"मोरे पुरखा इब्राहीम अउ इसहाक हमरे परमेस्सर क आराधना किहस अउ उहइ परमेस्सर मोर पूरी जिन्नगी क रास्ता क देखेंवइया रहा बाटइ।

16उहइ सरगदूत रहा जउन मोका सबहिं कस्टन स बचाएस अउर मोर पराथना अहइ कि इ सबइ लरिकन क उ असीसइ। अब इ सबइ बच्चन मोर नाम पइहीं। उ पचे हमरे पुरखा इब्राहीम अउ इसहाक क नाउँ पइहीं। मइँ पराथना करत हउँ कि उ पचे धरती प महान परिवार अउ रास्ट्र बनिहीं।"

17यूसुफ लखेस कि ओकर पिता एप्रैम क मूँड़े प दाहिना हाथ रखेस ह। इ यूसुफ क खुस न कइ सका। यूसुफ आपन पिता क हाथे क धरेस। उ ओका एप्रैम क मूँड़े स हटाइके मनस्से क मूँड़ प रखइ चाहत रहा। 18यूसुफ आपन पिता स कहेस, "आप आपन दाहिन हाथ गलत लरिका प धरे अहा। मनस्से क जन्म पहिले अहइ।"

19मुला ओकर पिता नकारेस, अउ कहेस, "पूत, मइँ जानत हउँ। मनस्से क जन्म पहिले अहइ अउर उ महान होइ। उ बहोत स लोगन क पिता भी होइ। मुला लहुरा भाई जेठ भाई स बड़ा होइ अउ लहुरे भाई क परिवार ओसे

तब ... धरेस या तब इस्राएल लाठी क सहारा लइके पराथना मेँ आपन मूँड़ि निहराएस। डंडा बरे हिब्रू सब्द "बिछउना" सब्द क तरह बाटइ अउ पराथना बरे बइपरा सब्द का अरथ "पैलगी करब" "ओलरब" होत ह।

बहोत बड़ा होइ।" 20इ तरह इस्राएल उ दिन ओनका आसीर्बाद दिहस। उ कहेस,

"इस्राएल क लोग तोहरे नाउँ क प्रयोग आसीर्बाद देइ बरे करिहीं, उ लोगन कहब्या: 'परमेस्सर तोहका एप्रैम अउ मनस्से क तरह बनावइ।'"

इ तरह इस्राएल एप्रैम क मनस्से स बड़वार बनाएस।

21तब इस्राएल यूसुफ स कहेस, "लखा मोरी मउत क टेम निचकाइ ग अहइ। मुला परमेस्सर तोहरे साथ अब भी रही। उ तोहका तोहरे पुरखन क देस तलक लउटाइ लइ जाइ। 22मइँ तोहका अइसा कछू दिहेउँ ह जउन तोहरे भाइयन क नाहीं दिहेउँ ह। मइँ तोहका उ पहाड़े क देत अहउँ जेका मइँ एमोरी लोगन स जीतेउँ ह। उ पहाड़ बरे मइँ आपन तरवार अउ आपन धनुख स जुद्ध किहेउँ रहे अउर मोर जीत भइ रही।"

याकूब आपन पूतन क असीसत ह

49 तब याकूब आपन सबहिं बेटवन क आपन लग्गे बोलाएस। उ कहेस, "मोर सबइ बेटउनो, हिआँ मोरे लग्गे आवा। मइँ तोहका बताउब कि भविस्स मँ का होइ।

2"याकूब क पूते, एक साथे आवा अउ सुना, आपन पिता इस्राएल क सुना।"

रूबेन

3"रूबेन, तू मोर पहिलउटी क बेटवा अहा। तू मोर पहिलउटी क बेटवा अउ मोरी सक्ती क पहिला सबूत अहा। तू मोर सबहिं बेटवन स जियादा इज्जतदार अउ बरिआर अहा।

4मुला तोहार उमंग बाढ़े का लहर क नाईं बेकाबू रहा। इसलिए तू मोर सबहिं पूतन स जियादा सम्मानित पूत अउर नाहीं रहिसकब्या। तू आपन बाप क बिछाउना पइ चढ़्या अउ ओकर पत्नियन मँ स एक क संग सोया। तू आपन पिता क बिछाउना क लज्जित किहेस ह।"

सिमोन अउ लेवी

5"सिमोन अउ लेवी भाई अहइँ। ओनका आपन तरवारे स लड़ब पियारा अहइ।

6उ पचे छुपे रूप बुरी योजना बनाएन। मइँ ओनकइ योजना क कउनो हींसा नाहीं चाहत हउँ मइँ ओनकइ छुपी बइठकन क अनुमोदन नाहीं करब। उ पचे मनइयन क कतल किहन जब उ सबइ किरोध मँ रहेन। अउ उ पचे सिरिफ मजाक बरे जनावरन क चोट पहोंचाएन।

7ओनकइ किरोध एक सराप अहइ। इ सबइ बहोत जियादा कठोर अहइ जब उ सबइ पगलात हीं। याकूब क देस मँ ओनके परिवारन क आपन भुइँया न होइ। उ पचे पूरा इस्राएल मँ फइलि जइहीं।"

यहूदा

8"यहूदा, तोहार भाईयन तोहार प्रसंसा करिहीं। तू आपन दुस्मनन क हरउब्या। तोहरे भाई तोहरे समन्वा निहुरिहीं।

9यहूदा उ सेर क नाई अहइ जउन कउनो जनावर क मारे होइ। हे मोर पूत, तू उ सेर क तरह अहा जउन आपना सिकार क बाद अराम करई बरे सोइ जात ह। अउर कउनो ऍतना बहादुर नाहीं कि ओका छेड़ि देइ।

10यहूदा क परिवार क मनई राजा होइहीं। ओकरे परिवार क राज-चीन्हा सीलो* क अवाई स पहिले खतम न होइ। तब अनेक लोग ओकर हुकुम मनिहीं।

11उ आपन गदहा क अंगूरे क लता स बाँधत ह। उ आपन गदहा क बच्चन क सबसे बढ़िया अंगूरे क लता मँ बाँधत ह। उ आपन ओढ़ना क धोवइ बरे सबसे बढ़िया दाखरस क बइपरत ह।

12ओकर आँखिन दाखरस पिए स ललछउँड़ रहत हीं। ओकर दँतवन दूध पिए स उज्जर अहइँ।"

जबूलून

13"जबूलूब समुद्दर क निअरे रही। ऍकर समुद्दर क किनारा जहाजन बरे सुरच्छित रही। ऍकर पहँटा सीदोन तलक फइला होइ।"

इस्साकर

14"इस्साकर उ गदहा क तरह अहइ जउन बहोत जियादा कठोर काम किहे अहइ। उ भारी बोझ ढोवइ क कारण पस्त पड़ा अहइ।

15उ लखी कि ओकरे आराम क जग्गह अच्छी अहइ। अउर इ कि ओकर भुइँया आनन्दायक ह। तब उ भारी बोझा ढोवइ क तइयार होइ। उ गुलाम क रुप मँ काम करब अंगीकार करी।"

दान

16"दान आपन लोगन क निआव वइसे ही करब्या जइसे इस्राएल क दूसर परिवार क संग करत हीं।

17दान सड़क क किनारे सरप क तरह अहइ। उ रास्ता क लग्गे ओलरा भवा खौफनाक सरप क तरह अहइ, जउन घोड़न क गोड़न क डसत ह, अउ सवार भुइँया प भहराइ पड़त ह।

18"यहोवा, मइँ मुक्ति क जोहत अहउँ।"

गाद

19"डाकुअन क एक ठु गिरोह गाद प हमला करी। मुला गाद ओनका मार भगाई।"

आसेर

20"आसेर क भुइँया बहोत बढ़िया उपज देइ। ओका उहइ खइया क मिली जउन राजा लोगन बरे जोग्ग होइ।"

नप्ताली

21"नप्ताली एक अजाद मादा हिरन क तरह अहइ जेका अजाद कीन्ह गवा ह। उ सुन्नर सब्द कहत ह।"

सीलो एक कठिन इब्रानी सब्द, सम्भवत: एक नाउँ, जेका अरथ होसकत ह, "उहइ एक जेका अधिकार मँइ अहइ।"

यूसुफ

22"यूसुफ बहोत सुफल अहइ। यूसुफ फलन स लदी भइ
गवा क तरह अहइ। उ झरना क लगे जमी अंगूरे क गवा
क तरह बाटइ, बाड़ा क सहारे जमी अंगूरे क गवा क तरह
अहइ।
23ढेर मिला ओकरे खिलाफ भएन अउ ओसे लड़ेन।
धनुर्धारी मनइयन ओकर दुस्मन होइ गवा।
24मुला उ आपन सक्तीवाला धनुख अउ फुर्तीला बाँहें स
जुद्ध जीतेस। उ याकूब क सक्तीवाला परमेस्सर गड़रियन,
इस्राएल क चट्टान, स सक्ती पावत ह।
25अउर आपन पिता क परमेस्सर स सक्ती पावत ह।
परमेस्सर तोहका आसीर्बाद देइ। सर्वसक्तीमान परमेस्सर तोहका
आसीर्बाद देइ। उ तोहका ऊपर स आसीर्बाद देइ अउर खाले
गहिर समुद्दर स आसीर्बाद देइ। होइ सकत ह उ तोहका
छाती अउ गरभ स आसीर्बाद देइ।"
26मोरे महतारी-बाप क बहोत स बढ़िया चीजन होत रहिन।
अउर मइँ तोहार पिता बहोत जियादा आसीर्बाद पावत रहा।
अब मइँ आपन आसीर्बाद क यूसुफ पइ जमा करब जउन
पहाड़ क समान ऊँचा होइ, हाँ ओकरे सिर पइ जेका ओकरे
भाईयन स अल्गाइ दीन्ह गवा रहेन।"

बिन्यामीन

27"बिन्यामीन एक अइसा भूखा बड़का कूकुर क समान
अहइ। जउन भिन्सारे मारत ह ओका खात ह। संझा क उ
बचा खुचा स काम चलावत ह।"
28इ सबइ इस्राएल क बारह परिवार अहइँ। अउर उहइ
चीजन अहइँ जेनका ओनके पिता ओनसे कहे रहा। उ हर
एक पूत क उ आसीर्बाद दिहस जउन ओकरे बरे ठीक रहा।
29तब इस्राएल ओनका एक हुकुम दिहस। उ कहेस, "जब
मइँ मरउँ तउ मइँ आपन लोगन क बीच रहइ चाहत हउँ।
मइँ आपन पुरखन क संग हित्ती एप्रोन क खेतन क गुफा
मँ दफनावा जाइ चाहत हउँ।
30उ गुफा मम्रे क नगिचे मकपेला क खेते मँ अहइ। इ
कनान देस मँ अहइ। इब्राहीम उ खेत क एप्रोन स ऍह बरे
बेसहेस जेहसे ओकरे लगे एक ठु कब्रिस्तान होइ सकइ।
31इब्राहीम अउ ओकर मेहरारु सारा उहइ गुफा मँ दफनावा
गए अहइँ। इसहाक अउ ओकर मेहरारु रिबका उहइ गुफा
मँ दफनाए गएन। मइँ आपन मेहरारु लिआ क उहइ गुफा मँ
दफनावा। 32उ गुफा उ खेत मँ अहइ जेका हित्ती लोगन स
बेसहा ग रहा।" 33आपन पूतन स बातन खतम करइ क पाछे
याकूब ओलर गवा, गोड़वन क आपन बिछउना प धरेस अउ
मरि गवा।

याकूब क आखिरी किरिया करम

50 जब इस्राएल मरा, यूसुफ बहोत दुःखी भवा। उ
पिता स लपटि गवा, ओह प रोवा अउ ओका
चूमेस। 2यूसुफ आपन नउकरन क हुकुम दिहस कि उ पचे
ओकरे बाप क ल्हासे क तइयार करइँ। (इ सबइ नउकर
वैद्य रहेन।) वैद्य लोग याकूब क ल्हास गाड़इ बरे तइयार
किहन। उ पचे मिस्र क लोगन क खास तरीका स ल्हासे
क तइयार किहन। 3जब मिस्र क लोग खास तरह स ल्हास
तइयार किहन तब ओका गाड़इ क पहिले चालीस दिन
तलक जोहेन। ओकरे पाछे मिस्री लोगन दुःख क खास
समइ राखेन। इ समइ सत्तर दिन क रहा।
4सत्तर दिन पाछे दुःख क समइ खतम भवा। ऍह बरे
यूसुफ फिरौम क अफसरन स कहेस, "कृपा कइके फिरौन
स इ कहा, 5'जब मोर पिता मरत रहेन तब मइँ ओनसे एक
प्रण किहेउँ रहेउँ। मँइ प्रण किहेउँ रहे कि मइँ ओनका
कनान देस क गुफा मँ गाड़ब। इ उ गुफा बाटइ जेका उ
अपने खातिर बनाएस ह। ऍह बरे कृपा कइके मोका जाइ देइँ
अउर हुआँ पिता क गाड़इ देइँ। तब मइँ आपक लगे वापिस
लउटि आउब।'"
6फिरौन कहेस, "आपन प्रतिग्या पूरी करा। जा अउर
आपन बाप क गाड़ा।"
7ऍह बरे यूसुफ आपन पिता क गाड़इ गवा। फिरौन क
सबहिं अफसरन यूसुफ क संग गएन। फिरौन क बुजुर्गन
अउ मिस्र क बड़कवा लोग यूसुफ क संग गएन। 8यूसुफ
अउ ओकरे भाइयन क परिवार क सबहिं मनई ओकरे संग
गएन अउ ओकर पिता क परिवार क सबहिं लोग भी
यूसुफ क संग गएन। सिरिफ बच्चन अउ जनावरन गोसेन
पहँटा मँ रहि गएन। 9यूसुफ क संग जाइ बरे लोग रथन
अउ घोड़न प सवार भएन। इ बहोतइ बड़ा मनइयन क झुण्ड
रहा।
10उ पचे गोरन आताद क गएन। जउन यरदन नदी क
पूरब मँ रहा। इ ठउर प इ पचे इस्राएल क अखिरी संस्कार
किहन। इ सबइ आखिरी संस्कार सात दिन तलक होत रहा।
11कनान क बसइयन गोरन आताद मँ आखिरी संस्कार क
लखेन। उ पचे कहेन, "उ पचे मिस्र क लोग फुरइ बहोतइ
दुःख भरा संस्कार करत अहइँ।" एह बरे उ जगह क नाउँ
यरदन नदी क पार तलक अब आबेलमिस्त्रैम अहइ।
12इ तरह इस्राएल क बेटवन उहइ किहन जउन ओनके
पिता हुकुम दिहे रहेन। 13उ पचे ओकरे ल्हासे क कनान लइ
गएन अउ मकपेला क गुफा मँ ओका गाड़ेन। इ गुफा मम्रे
क निचके उ खेते मँ रही जेका इब्राहीम हित्ती एप्रोन स
खरीदा हा। इब्राहीम उ गुफा क कबरिस्तान बरे खरीदा रहा।
14यूसुफ क आपन पिता क दफनाइ क पाछे उ, ओकरे
भाईयन अउर ओकरे संग झुण्ड क हर एक मनई मिस्र क
लौट गवा।

भाई यूसुफ स डेराएन

15याकूब क मरइ क पाछे यूसुफ क भाई चिन्ता मँ पड़ेन।
उ पचे आपन स कहेन, "होइ सकत ह जउन कछू हम
कीन्ह ह ओकरे बरे यूसुफ अब भी हमसे घिना करत ह
अउर जउन बुरा काम हम लोगन ओकर संग किहस ह
ओकर बदला लेब।" 16ऍह बरे भाइयन इ सँदेसा यूसुफ क
पठएन:

तोहार पिता मरइ क पहिले हम लोगन क हुकुम दिहे
रहा। 17उ कहेस, 'यूसुफ स कहया कि मइँ निवेदन करत
हउँ कि कृपा कइके उ अपराधे क छिमा कइ देइँ जउन

उ पचे ओकरे संग किहेन।' ऍह बरे अब हम तोहसे पराथना करित अही कि उ अपराध क छिमा कइ द्या जउ, हम कीन्ह ह। हम लोग सिरिफ तोहरे पिता क परमेस्सर क सेवक अही।

यूसुफ क भाइयन जउन कछू कहेन ओसे ओका बड़ा दु:ख भवा अउर उ रोइ पड़ा। 18यूसुफ क भाई ओकरे सामने गएन अउ ओकरे समन्वा निहुरि के पैलगी किहन। उ पचे कहेन, "हम लोग तोहार सेवक होब।"

19तब यूसुफ ओनसे कहेस, "डेराअ जिन मइँ परमेस्सर नाहीं अहउँ। 20इ फुरइ अहइ कि तू मोका नोस्कान पहुँचावइ बरे जोजना बनाए रहा, मुला परमेस्सर फुरइ अच्छी योजना बनवत रहा। परमेस्सर क योजना बहोत स लोगन क जिन्नगी बचावइ बरे मोर प्रयोग करइ क रही अउर आजु भी ओकर इहइ योजना अहइ।

21ऍह बरे डेराअ जिन। मइँ तू लोगन अउ तोहरे बच्चन क देखरेख करब।" इ तरह, यूसुफ ओनका समझाइ बुझाइ क बात किहस अउ नम्र होइके बोला।

22यूसुफ आपन पिता क परिवार क संग मिस्त्र मँ रहत रहा। यूसुफ एक सौ दस बरिस होइके मरा। 23यूसुफ क जिन्नगी मँ एप्रैम क पूतन अउ पोतन भएन अउ ओकर पूत मनस्से क एक पूत माकीर नाउँ क भवा। यूसुफ माकीर क बच्चा क लखइ बरे जिअत रहा।

यूसुफ क मउत

24जब यूसुफ मरइ क भवा, उ आपन भाइयन स कहेस, "मोरे मरइ क टेम आइ गवा। मुला मइँ जानत हउँ कि परमेस्सर तू लोगन क रच्छा करी। उ इ देस स तू लोगन क बाहेर लइ जाइ। परमेस्सर तू लोगन क उ देस मँ लइ जाइ जेका उ इब्राहीम, इसहाक अउ याकूब क देइ क बचन दिहे रहा।"

25तब यूसुफ आपन लोगन क एक प्रण करइ क कहेस। यूसुफ कहेस, "मोसे प्रतिग्या करा कि तब मोर हड्डी आपन संग लइ जाब्या जब परमेस्सर तू लोगन क नवे देस मँ लइ जाइ।"

26यूसुफ मिस्त्र मँ मरा, जब उ एक सौ दस बरिस क रहा। वैद्य लोग ओकरी अर्थी क गाड़इ बरे तइयार भएन अउ मिस्त्र मँ ओकरी अर्थी क एक ठु ताबूत मँ धरेन।

मलाकी

1 परमेस्सर क सँदेसा। इ सँदेसा यहोवा क अहइ। इ सँदेसा
क मलाकी इस्राएल क दिहस।

परमेस्सर इस्राएल स पिरेम करत ह

2यहोवा कहेस, "लोगो, मइँ तू पचन्स पिरेम करत हउँ।"
मुला तू कह्या, "कइसे पता लागइ कि तू हम स पिरेम
करत अहा?"

यहोवा कहेस, "एसाव याकूब क भाई रहा। ठीक? मुला
मइँ याकूब क चुनेउँ 3अउर मइँ एसाव क अंगीकार नाहीं
किहेउँ। मइँ एसाव क पहाड़ी प्रदेस क नस्ट किहेउँ। एसाव
क देस नस्ट कीन्ह गवा अउर अब हुआँ सिरिफ जंगली
कूकुर रहत हीं।"

4संभव अहइ एदोम क लोग कहइँ, "हम पचे नस्ट
कीन्ह गएन। मुला हम लोग वापस जाब अउर आपन सहरन
क फुन बनाउब।"

मुला सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह, "अगर उ पचे ओन
सहरन क फुन बनावत हीं तउ मइँ ओनका फुन नस्ट
करब।" लोग एदोम स कहब, दुट्ठ प्रदेस अउर लोग जेहसे
यहोवा सदा बरे घिना करत रहेन।

5हे लोगो, तू पचे इ सबइ लखब्या अउर कहब्या,
"यहोवा इस्राएल स बाहेर भी समानित भएस ह।"

इ सबइ याजक परमेस्सर क सम्मान नाहीं देतेन

6सर्वसक्तीमान यहोवा कहेस, "गदेलन आपन बाप क
सम्मान करत हीं। नउकरन आपन सुआमियन क सम्मान
करत हीं। मइँ तोहरे बाप क जइसा हउँ, किन्तु उ सम्मान
कहाँ बाटइ जेका तोहका मोका देइ चाही? मइँ तोहार
सुआमी हउँ, किन्तु उ सम्मान कहाँ बाटइ जेका तोहका
मोका देइ चाही? यहोवा इ सबइ प्रस्न ओन याजकन स
पूछेस जउन ओकरे नाउँ क अपमान किहेस।"

मुला तू पचे कहत अहा, "हम पचे का कीन्ह ह, जउन
परगट करत ह कि हम पचे तोहरे नाउँ क सम्मान नाहीं
करत्या?"

7यहोवा कहेस, "तू पचे मोर वेदी पइ असुद्ध रोटी क
भेंट चढ़ाइके मोर अपमान किहेस ह।" मुला तू पचे कहत
अहा, "उ रोटी असुद्ध कइसे बाटइ?"

यहोवा कहेस, "तू पचे मोर वेदी क सम्मान नाहीं करत्या।
8तू पचे आँधर जनावर बलि बरे लिआवत ह अउर इ गलत
अहइ। तू पचे बलि बरे रोगी अउ विकलांग जनावर
लिआवत ह। इ गलत बाटइ। तू पचे आपन सासन
करइवालन क ओग रोगी जनावरन क भेंट देइ क जलन
करा। का उ एन जनावरन क भेंट क रूप मँ अंगीकार
करी? नाहीं। उ ओन भेंटन क अंगीकार नाहीं करी।"
सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहत ह।

9"याजक लोगो! तू पचन्क यहोवा स हमरे बरे नीक बना
रहइ क पराथना करइ चाही। मुला उ तोहार पचन्क नाहीं
सुनी अउर इ सारा दोख तोहार सबन्क अहइ।" सर्वसक्तीमान
यहोवा इ सब कहेस।

10"तोहका मोर मन्दिर क दुआरन क बन्द कइ देइ चाही
रहा अउर मोरे वेदी पइ बेकार मँ, बलि क आगी क जराइ
बन्द कइ देइ चाही रहा! काहेकि तउ मइँ तू लोगन स खुस
नाहीं हउँ अउर न ही तोहार भेंट अंगीकार करब।"
सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहत ह।

11"संसार मँ सब जगह लोग मोरे नाउँ क सम्मान करत
हीं। संसार मँ सब जगह लोग मोरे बरे नीक भेंट लिआवत
हीं। उ पचे अच्छी सुगन्धि मोरे बरे भेंट क रूप मँ बारत
हीं। काहेकि मोर नाउँ ओन सबहिं लोगन बरे महत्व स भरा
अहइ।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस।

12"मुला लोगो! तू पचे इ सब परगट करत अहा कि तू
पचे मोरे नाउँ क सम्मान नाहीं करत्या। तू पचे कहत अहा
कि यहोवा क वेदी पवित्तर नाहीं अहइ। 13अउर तू पचे उ
मेज स खइया क खाब पसंद नाहीं करत्या। तू पचे भोजन क
सूँघत अहा अउर ओका खाइ स इनकार करत अहा कि इ
बुरा अहइ। मुला इ फुरइ नाहीं। तू पचे रोगी, विकलांग अउ
चोट खाए भए जनावर मोरे बरे लिआवत अहा। तू पचे रोगी
जनावर क मोका बलि क रूप मँ भेंट करइ क जतन करत
अहा। मुला मइँ तू पचन्स ओन रोगी जनावरन क अंगीकार
नाहीं करब। 14कछू लोग मोरे लगे नीक जनावर क बलि
देइ क प्रतिग्या करत हीं। किन्तु उ पचे छिपे रूप स ओन
नीक जनावरन क बदल देत हीं अउर मोका रोगी जनावर देत
हीं। ओनकर संग बुरी बातन घटिहीं। मइँ महान राजा हउँ।
संसार मँ सब जगह लोग मोर सम्मान करत हीं।" सर्वसक्तीमान
यहोवा इ सब कहेस।

याजक लोगन बरे नेम

2 "याजक लोगो! इ नेम तोहरे पचन्क बरे बाटइ। मोर
सुना। जउन मइँ कहत हउँ ओह पइ धियान द्या। मोर
नाउँ क सम्मान करा। 2अगर तू पचे मोरे नाउँ क सम्मान
नाहीं करत्या तउ तोहरे सबन्क संग बुरा घटित होइ। तू पचे
आसीर्वाद देब्या, मुला उ पचे अभिसाप बनिहीं। मइँ बुरा घटइ
क कराउब काहेकि तू पचे मोरे नाउँ क सम्मान नाहीं
करब्या।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस।

3"लखा, मइँ तू पचन्क बंस मँ जनम लेइवालन क सजा
देब। याजक लोगो, तू पचे पवित्तर दिनन क मोका बलि भेंट

करत अहा। तू पचे गोबर अउ मरे जनावरन क अंतड़ियन क लेत अहा अउर ओन हीसंन क लोकाइ देत अहा। मुला मइँ ओन गोबर क तू पचन्क चेहरन पइ मलब अउर तू पचे एकरे संग लोकाइ दीन्ह जाब्या। 4तब तू पचे समुझब्या कि तू पचन्क इ आदेस काहे देत हउँ? मइँ तू पचन्क इ सबइ बातन एह बरे बतावत हउँ कि लेवी क संग मोर वाचा चलत रही।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस।

5यहोवा कहेस, "मइँ इ वाचा लेवी क संग किहेउँ। मइँ ओका सान्ति स भरि जिन्नगी देइ क प्रतिग्या किहेउँ अउर मइँ ओका उ दिहेउँ। लेवी मोका सम्मान दिहेस। उ मोरे नाउँ क सम्मान दिहस। 6लेवी सच्ची सिच्छा दिहस। लेवी लबार उपदेस नाहीं दिहस। लेवी ईमानदार अउ सान्ति चाहइवाला मनई रहा। लेवी मोर अनुसरण किहस अउर अनेक मनइयन क पाप करमन स बचाएस। 7याजक क परमेस्सर क उपदेसन क जरूर जानइ चाही। लोगन क याजक क लगे परमेस्सर क उपदेसन सुनइ बरे जाइ क जोग्ग होइ चाही। याजक क लोगन बरे परमेस्सर क दूत होइ चाही।"

8यहोवा कहेस, "याजक लोगो, तू पचे मोर अनुसरण करब तजि दिहा। तू पचे सिच्छन क उपयोग लोगन स बुरा करम करावइ बरे किहा। तू पचे लेवी क संग कीन्ह गए वाचा क भ्रस्ट किहा।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस। 9"काहेकि तू मोरे आदेसन क पालन नाहीं किहे अउर तू लोगन क बिस्सास स मोर नेम क सिच्छा नाहीं दिहेस एह बरे तू पचन्क बिना महत्व क बनाउब। लोग तोहार पचन्क सम्मान नाहीं करिहीं।"

यहूदा परमेस्सर बरे सच्चा नाहीं रहा

10हम सबइ क एक ही परमेस्सर अहइ। उहइ परमेस्सर हम सबन्क बनाएस। एह बरे लोग आपन भाइयन क ठग्गत हीं? उ सबइ लोग परग्गट करत हीं कि उ पचे वाचा क सम्मान नाहीं करतेन। उ पचे उ वाचा क सम्मान नाहीं करतेन जेका हमार पुरखन परमेस्सर क संग किहन। 11यहूदा क लोग दूसर लोगन क ठगेन। यरूसलेम अउ इस्राएल क लोग खउफनाक काम किहन। यहूदा क निवासी लोग यहोवा क पवित्तर मंदिर क सम्मान नाहीं किहन। परमेस्सर उ जगह स पिरेम करत ह। यहूदा क लोग ओन बिदेसी मेहररूअन स बियाह किहन जउन लबार देवतन क पूजा करत रहिन। 12यहोवा ओन लोगन क यहूदा क परिवार स दूर कइ देइ। उ सबइ लोग यहोवा क लगे भेंट लिआइ सकत हीं, मुला ओहसे कउनो मदद नाहीं मिली। 13तू पचे रोइ सकत ह अउर यहोवा क वेदी क आँसुअन स ढाँकि सकत ह, मुला यहोवा तोहार सबन क भेंट अंगीकार नाहीं करी। यहोवा ओन चिजियन स खुस नाहीं होइ, जेनका तू पचे ओकरे लगे लिअउब्या।

14तू पचे पूछत अहा, "हमार भेंटन यहोवा क जरिये अंगीकार काहे नाहीं कीन्ह जातिन?" काहेकि यहोवा तोहरे सबन्क बुरे करमन क लखेस, उ तोहरे सबन्क खिलाफ ग्वाह अहइ। उ लखेस कि तू पचे आपन पत्नियन बरे अविस्सासी रहा ह। तू पचे उ आपन पत्नी क संग तबहिं स ब्याहा अहा जब स तू पचे जवान भए रह्या। उ तोहार प्रेमिका रही। तब तू पचे आपुस मँ एक दूसर बरे किरिया खाए रहा। अउर उ तोहार पत्नी होइ ग्इ। मुला तू ओकरे बरे अविस्सासी रहा ह। 15परमेस्सर चाहत ह कि मनसेधू अउ मेहरारू एक बदन अउ एक आतिमा होइ जाइँ। काहे? ताकि ओनकर ग्देलन पवित्तर होइँ। एह बरे उ आध्यात्मिक एकता क रच्छा करा। आपन पत्नी क बिसस्साघाती जिन बना। उ तोहार पत्नी तब स अहइ जब स तू जवान भवा।

16इस्राएल क परमेस्सर यहोवा कहत ह, "मइँ बियाह-विच्छेद स घिना करत हउँ। मइँ मनसेधुअन क क्रूर करमन स घिना करत हउँ। एह बरे आतिमा क एका क सुरच्छा करा। आपन पत्नी का धोखा जिन द्या।"

निआव क खास समइ

17तू पचे ग्लत सिच्छा दिहा ह। अउर ओन ग्लत सिच्छन यहोवा क बहोत दुःखी किहन ह। तू पचे इ सिच्छा दिहा कि परमेस्सर ओनका पसंद करत ह जउन बुरे करम करत हीं। तू पचे कह्या कि परमेस्सर ओनका नीक लोग समुझत ह अउर तू पचे इ सिच्छा दिहा कि परमेस्सर लोगन क बुरा करम करइ बरे सजा नाहीं देत।

3 सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह, "लखा, मइँ आपन दूत पठवत हउँ। उ मोरे बरे मारग्ग तइयार करी। यहोवा जेकरी खोज मँ तू पचे अहा, उ एकाएक आपन मंदिर मँ आइ। वाचा क सँदेसा लेवइया फुरइ आवत बा!

2"कउनो मनई उ समइ बरे तइयारी नाहीं कइ सकत। कउनो मनई ओकरे खिलाफ खड़ा नाहीं होइ सकत, जब उ आइ। उ बरत आग्गी क नाईं होइ। उ बढ़िया रेह क तरह होइ जेका लोग चिजियन क स्वच्छ करइ उपयोग मँ बइपरत हीं। 3उ लेवीबंस क संतानन क पवित्तर करी। उ ओनका अइसे सुद्ध करी जइसे आग्गी चाँदी क सुद्ध करत ह। उ ओनका सुद्ध सोना अउ चाँदी क समान बनाइ। तब उ पचे यहोवा क भेंट लइहीं अउर उ पचे ओन करमन क ठीक तरिके स करिहीं। 4तब यहोवा यहूदा अउ यरूसलेम मँ भेंटन क अंग्गीकार करी। इ बीते काल क समान रही। इ पुरान लम्बा समइ क तरह होइ। 5तब मइँ तोहरे लग्गे निआव बरे आउब। मइँ उ ग्वाह क तरह होब जउन लोगन क जरिये कीन्ह ग्ए बुरे करमन क बारे मँ निआव क जज स कहत ह। कछू लोग बुरा जादू करत हीं। कछू लोग बिभिचार क पाप करत हीं। कछू लोग झूठी प्रतिग्यन करत हीं। कछू लोग आप मजदूरन क उग्गत हीं। उ पचे आपन वाचा क कीन्ह ग्इ रकम नाहीं देतेन। कछू लोग विधवा अउरत अउर अनाथन क मदद नाहीं करतेन। कछू लोग बिदेसियन क मदद नाहीं करतेन। कछू लोग मोसे नाहीं डरतेन अउर मोर सम्मान नाहीं करतेन।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस।

परमेस्सर क हिआँ स चोरी

6"मइँ यहोवा हउँ, अउर मइँ बदलत नाहीं। तू पचे याकूब क सन्तान अहा। सिरिफ मोर बिस्सासहीनता क कारण तू पचे पूरी तरह स नस्ट नाहीं कीन्ह जात्या। 7मुला तू पचे मोरे नियमन क कबहुँ अनुपालन नाहीं किह्या। हिआँ तक कि

तोहार सबन्क पुरखन मोर अनुसरण करब बंद कइ दिहन। मोरे लग्गे वापस लउटा अउर मइँ तोहरे पचन्क लग्गे वापस लउटब।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस।

तू पचे कहत अहा, "हम पचे वापिस कइसे लउटि सकित ह?"

8परमेस्सर क लूटब बंद करा। लोगन्क परमेस्सर क चिजियन नाहीं चोरावइ चाही!

मुला तू पचे मोर चिजियन चोराया?

"तू पचन्क मोका आपन चिजियन क दसवाँ हींसा देइ चाही रहा। तू पचन्क मोका खास भेंट देइ चाही रही। मुला तू पचे उ सबइ चिजियन मोका नाहीं दिहा। 9इ तरह तोहार पचन्क समूचा रास्ट्र मोर चिजियन क चोराएस ह। ऍहसे तू पचन्क समूचा रास्ट्र मोर चिजियन क चोराएस ह। ऍहसे बुरी सबइ घटना तू पचन्क संग घटति अहइँ।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सबइ कहत ह।

10सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह, "इ परीच्छा क जाँचा। आपन चिजियन क दसवाँ हीसां मोका लिआवा। ओन चिजियन क खजाने मँ रखा। मोरे घरे खइया क लिआवा। एहका परखिके तउ लखा। तू पचे अग्गर ओन करमन क करब्या तउ मइँ, फुरइ ही, तू पचन्क आसीर्वाद देब। तू पचन्क लग्गे नीक चिजियन वइसे ही होइ जइहीं जइसे ग्गन स बर्खा होत ह। तू पचे हर चीज जरूरत स जियादा पउब्या। 11मइँ कीड़न क तू पचन्क फसलन क नस्ट नाहीं करइ देब। तोहरे पचन्क अंग्गूरे क सबहिं बेलन अंग्गूर पइदा करिहीं।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सबइ कहत ह।

12"दूसर रास्ट्रन क लोग तू पचन्क बरे भले रइहीं। तोहार सबन्क देस फुरइ अचरजे स भरा देस होइ।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सबइ कहत ह।

निआव क खास समइ

13यहोवा कहत ह, "तू पचे मोहसे ओछी बातन कह्या।"

मुला तू पचे पूछत अहा, "हम पचे तोहरे बारे मँ का कहा?"

14तू पचे कह्या, "यहोवा क उपासना बेकार अहइ। हम पचे उ सबइ करम किहेन जउन यहोवा करइ क कहेस, मुला हम लोगन्क कछू नाहीं मिला। हम पचे आपन पापन बरे वइसे ही दु:खी रहेन जइसे मइयत मँ रोवत लोग। मुला एहसे कछू काम नाहीं निकरा। 15हम समुझत रहेन कि घमंडी लोग सुखी रहत हीं। दुस्ट लोग सफल होत हीं। उ पचे परमेस्सर क धीरज क परीच्छा करइ बरे बुरे करम करत हीं, अउर परमेस्सर ओनका सजा नाहीं देत।"

16उ लोगन क बीच मँ जउन ओकरे नाउँ क सम्मान किहेन आपुस मँ बतियानेन अउर यहोवा ओनका सुनेन। ओकरे समन्वा एक पुस्तक अहइ। उ किताबे म उ लोगन क नाउँ अहइ जउन यहोवा क नाउँ क सम्मान करत हीं।

17यहोवा कहेस, "उ सबइ लोग मोर अहइँ। मइँ ओन पइ कृपालु रहब। मनई आपन ओन लरिकन पइ जियादा कृपालु रहत ह जउन ओकर आग्याकारी होत हीं। उहइ तरह मइँ आपन मनवइयन पइ कृपालु रहब। 18हे लोगो, तू पचे मोरे निअरे वापिस लउटब्या अउर तू पचे नीक लोगन अउ बुरे लोगन क फरक जानब्या। तू पचे परमेस्सर क लोगन अउर दूसर लोगन क बीच क फरक समुझब्या।

4 "निआव क समइ आवत ह। इ ग्गरम भट्ठी जइसा होइ। सबहिं घमण्डी मनई उ समइ सजा पइहीं। उ पचे सबहिं बुरा करम करइवाले लोग सूखी घास क तरह बरिहीं। उ पचे उ पेड़ क जइसा बरत होइहीं, जउन सिखर स ठुँठ तलक बिना कछू छोड़े बारत हीं" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस।

2"मुला, तू सबइ जउन मोर नाउँ क सम्मान किहेस ह, तू पचन पइ अच्छाई उदय होत भए सूरज क तरह चमकी। इ सूरज क किरणन क तरह तन्दुरुस्ती लिआब्या। तू पचे अइसे ही अजाद अउ खुस होब्या जइसे अपने थान स अजाद भए बछवन। 3तब तू पचे ओन बुरे लोगन्क कुचरि डउब्या, उ पचे तोहरे सबन क ग्गोड़े क नीचे राखी जइसे होइहीं। मइँ निआव क समइ इ सबइ घटना क घटित कराउब।" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहेस।

4"मूसा क व्यवस्था क सुमिरा अउर अनुपालन करा। मूसा मोर सेवक रहा। मइँ होरेब पर्वति पइ ओन कानूनन अउ नेमन क ओका दिहेउँ। उ सबइ नेम इस्त्राएल क सबहिं लोगन बरे अहइँ।"

5यहोवा कहेस, "लखा, मइँ नबी एलिय्याह क तोहरे लग्गे पठउब। उ यहोवा क हिआँ स उ महान अउ खउफनाक निआव क समइ स पहिले आइ। 6एलिय्याह महतारी-बाप अउर ग्गदेलन क बीच पुन: रिस्ता कायम करी। वरना, मइँ, परमेस्सर आउब अउर तोहरे सबन क देस क पूरी तरह नस्ट करब।"

जकर्याह

यहोवा आपन लोगन क वापसी चाहत ह

1 दारा क राजकाल क दूसर बरिस क अठएँ महीना मँ, यहोवा क सँदेसा बेरेक्याह क पूत जकर्याह नबी क लगे आवा। बेरेक्याह इद्दो क पूत रहा। सँदेसा इ अहइ:

2यहोवा तोहरे पुरखन पइ बहोत कोहान रहा। 3एह बरे लोगन स कहा: इ उहइ अहइ जउन सर्वसक्तिीमान यहोवा कहत ह: "मोरे लगे वापस आवा अउर मइँ तोहार लगे वापस आउब।" इ उहइ अहइ जउन सर्वसक्तीमान यहोवा कहेस।"

4यहोवा कहेस, "आपन पुरखन क नाईं न बना जेनका बीते भए समइँ मँ नबी उपदेस दिहेस। उ पचे कहेन, 'सर्वसक्तीमान यहोवा चाहत ह कि तू पचे आपन बुरा रहन-सहन क तजि द्या। बुरा काम बंद कइ द्या।' मुला तोहार पचन्क पुरखन मोर नाहीं सुनेन।" यहोवा इ सबइ बातन कहेस।

5परमेस्सर कहेस, "अब तोहार पचन्क पुरखन कहाँ बाटइ? का नबी हमेसा जिअत रहतेन? 6नबी मोर सेवक रहेन। मइँ ओनकर उपयोग तोहरे पचन्क पुरखन क आपन व्यवस्था अउर आपन सिच्छा देइ बरे किहेस। आखिरकार तोहार पुरखन सिच्छा ग्रहण किहेन। उ पचे पस्चाताप किहेन अउर कहेन, 'सर्वसक्तीमान यहोवा हमार मारग अउ कामन क अनुसार ठीक वइसा ही जइसा उ निर्णय किहे रहा, किहेस ह।' इ तरह उ पचे परमेस्सर क लगे वापस लउटेन।"

घोड़न क दर्सन

7दारा क दूसर बरिस क सबित क ग्यारहनें महीना क चउबीसवें दिन यहोवा क इ सँदेसा बेरेक्याह क पूत जकर्याह नबी क लगे आवा। बेरेक्याह इद्दो क पूत रहा।

8रात मँ मइँ लखेउँ कि एक मनई लाल घोड़े पइ सवार अहइ। उ एक घाटी मँ कछू मेंहदियन क बृच्छ क बीच खड़ा रहा। ओकरे पाछे लाल, भूरा अउ सफेद रंग क घोड़न रहेन। 9मइँ पूछेउँ, "महोदय इ सबइ घोड़न क का मतलब अहइँ?"

सरगदूत जउन मोहसे बात करत रहा, मोका जवाब दिहेस, "मइँ तू पचन्क देखॉउब कि ओकर का मतलब अहइँ।"10एह बरे मेंहदियन क बृच्छ क बीच रहत भवा मनई जवाब दिहेस, "इ सबइ यहोवा दुआरा पृथ्वी प गस्त लगाइ बरे पठएस ह।"

11तब उ पचे यहोवा क सरगदूतन जउन मेंहदियन क बृच्छ क बीच खड़ा भवा रहा कहेन, "हम पचे पृथ्वी गस्त लगाइ चुका अहइ। फुरइ समूचा धरती सान्त अउ सुख-चैन मँ अहइ।"

12तब यहोवा क सरगदूत कहेस, "हे सर्वसक्तीमान यहोवा, आप यरूसलेम अउ यहूदा क सहरन पइ केतॅना दिना तलक दाया नाहीं करब जेकर संग तू सत्तर बरिस तलक किरोधित रहा ह।"

13तब यहोवा नीक अउ सान्तिदायक सब्दन स उ सरगदूत क जवाब दिहेस जउन मोसे बात करत रहा। 14एह बरे सरगदूत जउन मोसे बाप करत रहा मोसे कहेस, "इ घोसणा करा:

"सर्वसक्तीमान यहोवा इ कहत ह: मइँ यरूसलेम अउ सिय्योन स बहोत जलन अहइ।

15अउर मइँ ओन रास्ट्रन पइ बहोतइ कोहान हउँ जउन आपन क ऍतना सुरच्छित अनुभव करत हीं। हालाँकि मइँ कछू कोहाइ गवा हउँ, ओकर जगह उ सबइ रास्ट्र तोड़ा जियादा झेलस ह।"

16इसलिए, यहोवा इ तरह कहत ह: "मइँ दाया क संग यरूसलेम मँ लउटब।" सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह, "यरूसलेम क निर्माण फुन होइ। अउर हुआँ मोर मन्दिर स्थापित होइ।"

17सरगदूत कहेस, "लोगन स इ भी कहा: सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह, 'मोर सहर फुन संपन्न होइहीं, मइँ सिय्योन क आराम देब। मइँ यरूसलेम क आपन खास नगर चुनब।'"

सींगन क दर्सन

18तब मईं ऊपर नजर उठाएउँ अउर चार सींगन क दिखेउँ। 19तब मइँ उ सरगदूत पूछेस कउनो मोसे बातन करत रहा, "इ सींगन क अरथ का अहइ?"

उ जवाब दिहेस, "इ सबइ उ सब सींगन अहइँ, जउन इस्त्राएल, यहूदा अउ यरूसलेम क लोगन क रास्टन क बीच छितराइ दीन्ह गवा ह।

20तब यहोवा मोका चार सिल्पकारन क देखॉएस। 21मइँ ओनसे पूछेउँ, "इ सबइ का करइ बरे आवत अहइँ?"

उ जवाब दिहेस, "सींगन यहूदा क अइसा तितर-बितर कइ दिहे रहा कि कउनो आपन सिर न उठाइ सकी। परन्तु कारिगर ओका आतंकित करइ बरे अउ ओन जातियन क सींगन क काटन बरे आव ह जउन यहूदा लोगन देस क विरुद्ध आपन सींगन एह बरे उठाएस ह कि उ तितर-बितर हो जाइ।"

यरूसलेम क मापइ क दर्सन

2 तब मइँ आपन निगाह उठाएउँ अउर मइँ एक मनई क लखेउँ, अउ उ आपन हाथ मँ नापइ क डोरी लिए भए रहेन। 2तउ मइँ पूछेउँ, "तू कहाँ जात अहा?"

उ मोका जवाब दिहेस, "मइँ यरूसलेम क नापइ बरे जात हउँ कि उ केतॅना लम्बा अउ केतॅना चउड़ा बाटइ।"

3तब उ सरगदूत जउन मोसे बातन करत रहा, चल गवा अउर ओसे बातन करइ बरे दूसर सरगदूत बाहेर आवत रहा। 4उ ओसे कहेस, "दउड़िके जा, नउजवान स बात करा। अउर ओसे कहा यरूसलेम ऍतना बिसाल बाटइ कि ओका नापा नाहीं जाइ सकत। ओसे इ कहा,

'यरूसलेम बगैर चहारदीवारी क सहर क नाईं निवास करी काहेकि हुआँ असंख्य लोग अउर जनावर रइहीं।'

5यहोवा कहत ह, 'एकर जगह पइ मइँ खुद ओकर चारिहुँ कइँती आगी क देवार रहब, अउ मइँ ओकरे बीच मॅं गौरव रहब।'"

परमेस्सर आपन लोगन क घरे बोलावत ह

6यहोवा कहत ह, "उठा! उठा! उत्तर भूइँया स दउड़ जा। काहेकि मइँ तू पचन्क चारिहुँ कइँती बिखेरेउँ।

7सिय्योन क लोगो, तू पचे बाबुल मॅं बन्दी रह्या। मुला अब पराइ निकरा। उ सहर स पराइ जा।" काहेकि सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह (इ महिमा क मोका पठइ क पाछे) उ रास्ट्रन क बारे मॅं जउन तोहका लूटेस ह।

8उ तू पचन्क प्रतिस्ठा देइ क मोका पठएस ह।" मुला ओकरे पाछे, यहोवा मोका ओनके खिलाफ पठइ। काहेकि अगर उ पचे तू पचन्क चोट पहोंचइहीं तउ तउ यहोवा क आँखी क पुतरी क चोट पहोंचावइ क होइ। ओन रास्ट्र आपन सम्मान पाएन।

9काहेकि फुरइ मइँ ओन लोगन्क खिलाफ आपन हाथ उठाउब अउर उ पचे आपन दास लूट लेइ जाइहीं। तब तू पचे जान जाब्या कि सर्वसक्तीमान यहोवा मोका पठएस ह।"

10यहोवा कहत ह, "सिय्योन, प्रसन्न ह्वा। काहेकि मइँ आवति हउँ अउर मइँ तोहरे सहर मॅं रहब।

11उ समइ अनेक रास्ट्रन क लोग यहोवा क लगे अइहीं। उ पचे मोर लोग होइहीं। किन्तु सिय्योन, मइँ तोहार बीच रहब।" तउ तू पचे जान जाब्या कि जउन मोका तोहमाँ पठएस ह सर्वसक्तीमान यहोवा अहइ।

12यहोवा यहूदा क पवित्तर भूइँया मॅं आपन निवासी बनाउब। अउर उ फुन दोबारा यरूसलेम क चुनब।

13हे सब प्राणियन, यहोवा क समन्वा चपु रहा। काहेकि उ आपन पवित्तर निसवास स्थान स जागकर निकालेस ह।

महायाजक क बारे मॅं दर्सन

3 तब उ मोका महायाजक यहोसू क दिखाया। उ यहोवा क सरगदूत क समन्वा खड़ा भवा रहा। सइतान हुआँ यहोसू क जरिये कीन्ह गए बुरे करमन बरे दोख देइ बरे ओकर दहिना कइँती खड़ा रहा। 2तब यहोवा क सरगदूत कहेस, "सइतान, यहोवा तोहका फटकारइ। यहोवा जउन यरूसलेम क चुने रहा, तोहका फटकारइ। का इ मनई आगी स निकरा भवा बरत काठे क नाईं नाहीं बाटइ?"*

3यहोसू सरगदूत क समन्वा खड़ा रहा अउर ओकरे ओढ़नन गन्दा रहेन। 4तब आपन निअरे खड़े भए दूसर सरगदूतन स सरगदूत कहेस, "यहोसू स गन्दा ओढ़नन क उतारि ल्या।" तब सरगदूत यहोसू स बातन किहेस। उ कहेस, "मइँ तोहरे अपराधन क छोरि लिहेउँ ह अउर मइँ तोहका नवा ओढ़ना देइउँ ह।"

5तब उ कहेस, "ओकरे मूँड़ी पइ एक ठु साफ पगड़ी रखइ द्या।" यह बरे जब यहोवा क सरगदूत हुवाँ खड़ा रहा, उ पचे एक ठु साफ पगड़ी ओकरे मुँड़ी पइ रखेस अउर उ पचे ओका नवा ओढ़ना पहिराएन। 6तब यहोवा क सरगदूत यहोसू स अधिकार क संग कहेन:

7इ उहइ अहइ जउन सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह: "अगर तू मोर आदेसन क पालन करब्या अउर ओन बातन क करब्या जेका मइँ आदेस दिहेउँ ह, तउ तू मोर घरे पइ सासन करब्या अउर तू मोर मन्दिर क आँगन क अधिकारी होब्या। अउर मइँ तोहका ओन लगोन मॅं आवइ-जावइ देब्या जउन हिआँ खड़ा अहइँ।

8हे महायाजक यहोसू, सुना! तू अउर तोहका मीतन जउन तोहार समन्वा बइठा अहइ इ बात क प्रतीक अहइ कि इ सबइ बात होब्या! सच ही, मइँ आपन सेवक क लइ आउब जउन "साख" कहा जात ह।

9उ पाथर हिआँ अहइ जेका मॅं यहोसू क समन्वा राखेउँ। इ पाथर मॅं सात आँखन अहइँ। मइँ एह पइँ एक लेख खोदब। एक दिना मइँ ओह भूइँया प स पापन क खत्म करब" सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहत ह।

10सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह, "उ दिना तोहमाँ स प्रत्येक आपन पड़ोसियन क आपन दाख-लता अउर अंजीर क बृच्छ क नीचे आमंत्रित करब्या।"

दीपाधार अउ दुइ जइतून क बृच्छ

4 तब ओकर पाछे जउन सरगदूत मोहसे बातन करत रहा, वापिस आएस अउर मोका जगाएस। मोका अइसा लाग जइसा कउनो क नींद जगाया जात ह। 2उ मोसे पूछेस, "तू का लखत अहा?"

मइँ जवाब दिहेउँ, "मइँ एक ठु ठोस सोना क डीबट लखत हउँ। हुवाँ ओकरे सिरे पइ एक ठु पिआला अहइ। पिआले मॅं स सात ठु दीपक अहइँ। इ सबइ दीपक डीबट पइ अहइ अउर उ सबइ नाली क जुड़ा भवा अहइ।" 3अउर दुइ जइतून क पेड़ पिआला क पीछे मॅं अहइ एक ठु पिआल दाहिने तरफ अउर दूसरा पियाले क बाये तरफ अहइ।" 4तब मइँ, उ सरगदूत स जउन पूछेस जउन तोह स बातन करत रहा, "महोदय, एन सबन्क अरथ का अहइ?"

5तब सरगदूत जउन मोहसे बातन करत रहा जवाब दिहेस, "का तू नाहीं जानत्या कि इ सबइ चिजियन का अहइँ?"

मइँ कहेउँ, "नाहीं, महोदय।"

6तब उ मोहसे कहेस, "इ यहोवा क सँदेसा जरूब्बाबेल बरे बाटइ: 'तोहरी सक्ती अउ प्रभुता स मदद नाहीं मिली। वरना तोहका मदद मोरी आतिमा स मिली।' सर्वसक्तीमान यहोवा इ सब कहत ह। 7उ ऊँचके महान पर्वत, तू का अहइ? जरूब्बाबेल समन्वा तू एक समतल भुइँया क नाईं

का...बाटइ यहूसू हिआँ यहूदी जिलावतन क प्रस्तुत करत ह जेका (बारत काठे क नाईं आगी स निकारा गवा रहा) उद्देस क पूरा करइ बरे बचावा गवा रहा परमेस्सर क।

अहइ। उ मंदिर क बनाई। जब आखिरी पाथर इ पइ रखा जाइ तब लोग नरियाइ उठिहीं, 'वाह केतॅना सुन्नर, वाह बहोत सुन्नर!'"

8तउ यहोवा वचन मोर लगे आवा, 9"जरूब्बाबेल क हाथन इ मंदिर क नींव पाथर राखब्या अउर ओकर हाथन इ मन्दिर क पूरा करब्या। हे लोगो तब तू पचे समुझब्या कि सर्वसक्तीमान यहोवा मोका तू लोगन क लगे पठएस ह। 10जउन कउनो भी जउन उ दिन क मजाक उड़ावत ह जब छोटे स्तर पइ निर्माणकारी कार्य सुरू कीन्ह गवा रहा तउ जब उ पचे जरूब्बाबेल क हाथ मँ समारोह क पाथर जउन कि अन्तिम पाथर होइ तउ आन्दित होइ। इ सात दीपक यहोवा क आँख अहइ। सचमुच भुइँया पइ खोजइ बरे उ पचे आगे पीछे फिरत।"

11तब मइँ ओहसे कहेउँ, "इ दुइ ठु जइतून क बृच्छ अहइँ। एक दीपाधार क दाईं अउर एक बाईं कइँती अहइ। इ सबइ का अहइँ?" 12मइँ ओहसे इ भी कहेउँ, "मइँ जइतून क दुइनउँ साखा सोने क रंग क तेल लइ जात, सोना क नलन क सहारे लखेउँ। एन चिजियन क अरथ का अहइ?"

13तब सरगदूत मोसे कहेस, "का तू नाहीं जानत्या कि एन चिजियन क अरथ का अरथ का बा?"

मइँ कहेउँ, "नाहीं महोदय।"

14एह बरे उ जवाब दिहेस, "इ दुइ अभिसिक्त कीन्ह भवा मनई क प्रस्तुत करत ह जउन कि समूचइ धरती क सुआमी क बगल मँ खड़ा अहइ।"

उड़त भवा गोल लपटा पत्रक

5 मइँ फुन निगाह ऊँच किहेउँ अउर मइँ एक ठु उड़त भवा लपटा पत्रक लखेउँ। 2सरगदूत मोहसे पूछेस, "तू का लखत अहा?" मइँ जवाब दिहेउँ, "मइँ एक ठु उड़त भवा लपटा पत्रक लखत हउँ जउन तीस फुट लम्बा अउ पन्द्रह फुट चउड़ा अहइ।"

3तब्बइ उ मोहसे कहेस, "उ लपटा पत्रक पइ एक सराप लिखा बा जउन पूरा धरती पइ फेंलिहीं। लपटा पत्रक क एक कोना मँ लिखा अहइ, 'हर कउनो जउन चोर अहइ भेज दीन्ह जाब्या।' दूसर कइँती लिखा भवा अहइ, हर कउनो जउन लबार प्रतिग्या करिही भेज दीन्ह जाब्या। 4सर्वसक्तीमान यहोवा कहत ह, मइँ इ सराप भेजेउँ ह। इ मोर नाउँ लेइके हर चोरन क घरे अउर ओन लोगन क घरे जउन गलत प्रतिग्या करत ह, घुसब। इ सराप ओकरे घरे मँ रहब अउर ओकरे घरे क पाथर अउ काठ दुइनउँ क बरबाद करब।"

मेहरारू अउ टोकरी

5तब मोर संग बात करइवाला सरगदूत बाहेर आवा। उ मोहसे कहेस, "नज़र उठा अउ लखा। का तू जानत ह कि हमार कइँती का अवात ह?"

6मइँ कहेउँ, "इ का अहइ?"

उ कहेस, "उ मापक टोकरी अहइ।" तउ उ कहेस, "उ टोकरी समुचइ धरती क दोख क प्रस्तुत करब।"

7तब टोकरी क ढकना जउन सीसा बना रहा उठावा गवा, अउर हुवाँ टोकरी क भितरे एक मरेहरारू बइठी रहा। 8अउर उ कहेस, "इ मेहरारू बुराई प्रस्तुत करत अहइ।" एह बरे उ ओका टोकरी मँ धकेल दिहस अउ सीसा क ढकना स ओकरे मुँहे बन्द कइ दिहेस। 9तब मइँ नज़र उठाएस अउ लखेस कि दुइ मेहररूअन हमार कइँती आवत हीं। उ सारस क नाईं पखना रखेत रहा। उ पचे आपन पखनन क हवा क पड़करइ बरे फइलाएस। उ पचे टोकरी क लिए भए हवा मँ उड़त रहिन। 10तब मइँ सरगदूत स पूछेउँ कि कउन मोसा बात किहे रहेन, "उ पचे टोकरी क कहाँ लइ जात अहइँ?"

11उ मोहसे कहेस, "उ सबइ एका सिनार मँ लइ जात ह। हुवाँ उ पचे एक ठु घर बनाब। जब घर तइयार होइ जाइ, तउ उ पचे उ टोकरी क ओकरे जगह पइ धरिहीं।"

चार ठु रथ

6 तब फुन मइँ घूमाएउँ अउ आपन निगाह क उठाएउँ अउर मइँ चार रथन क लखेउँ। उ सबइ काँसे क दुइँ ठु पर्वतन क बीच स निकरत रही। 2प्रथम रथ क लाल घोड़न हीचंत रहेन। दूसर रथ क करिया घोड़न हीचंत रहेन। 3तीसर रथे क उज्जर घोड़न हींचत रहेन। 4तब मइँ सरगदूत स पूछेउँ कि कउन मोस बात किहेस।, "महोदय, एन चिजियन क तात्पर्य का अहइ?"

आपन दर्द भूल जाब। अउर खुस होइ जाब्या।'
28किन्तु मइँ अबहुँ तलक पीरा स डेरात हउँ काहेकि मइँ
जानत हउँ कि अबहुँ भी तू (परमेस्सर) मोका निर्दोख नाही
बनाउब्या।
29मइँ परमेस्सर क संग आपन दलील क खोइ देब। तउ
कोसिस करइ मैं मोका आपन समइ काहे बरबाद करइ
चाही।
30चाहे मइँ आपन हाथ धोइ बरे सबन त सुद्ध पानी
अउर बड़िया साबुन क प्रयोग करा।
31फुन भी परमेस्सर मोका घिनौना गड़हा मैं ढकेल देइ
जहाँ मोर ओढ़ना तलक मोहसे घिना करिहीं।
32परमेस्सर, मोर जइसा मनई नाहीं अहइ। एह बरे ओका
मइँ जवाब नाहीं दइ सकत। हम दुइनउँ अदालत मैं एक दूसरे
स मिल सकित नाहीं।
33हुवाँ कउनो एक बिचौलिया नाहीं जउन हमार बीच क
बातन सुन सकत। हुवाँ कउनो एक नाही जउन हम दुइनउँ
क ऊपर अधिकार रखइ सकत।
34अगर परमेस्सर मोका सज़ा देइ बन्द कइ देइ, अउर उ
मोका बहोत जियादा नाही डेरावइ।
35तब मइँ बग़ैर डरे परमेस्सर स उ सब कहि सकत हउँ,
काहेकि मइँ जानत हउँ कि मइँ अइसा दोखी नाहीं हउँ
जइसा मोह क दोखी ठहराइ गवा ह।

10 मुला हाथ, अब मइँ वइसा नाहीं कइ सकत। मोका
खुद आपन जिन्नगी स घिना अहइ एह बरे मइँ
अजाद भाव स आपन दुखड़ा रोउब। मोरे मने मैं कडुआहट
भरी अहइ एह बरे अब मइँ बोलब।
2मइँ परमेस्सर स कहब 'मोह पइ दोख जिन लगावा। मोरे
खिलाफ तोहरे लगे लगावइ बरे का अहइ?
3हे परमेस्सर, का तू मोका चोट पहोंचाइके खुस होत ह?
अइसा लगत ह जइसे तोहका आपन सृस्टि बरे कउनो चिंता
नाहीं अहइ। अउर सायद, तू दुस्टन क कुचालन क पच्छ
लेत अहा।
4हे परमेस्सर, का तोहार आँखिन मनई क समान अहइँ?
का तू चिजियन क अइसे ही लखत ह, जइसे मनइयन लखा
करत हीं।
5का तोहार आयु हम जइसे मनइयन क तरह अल्प
अहइ? का तोहार जिन्नगी हम मनइयन क जइसे अल्प
अहइ?
6तू मोर गलतियन खोजत ह अउर मोरे पापन क हेरत
ह।
7तू जानत ह कि मइँ निरपराध हउँ मुला मोका कउनो भी
तोहार सक्ती स बचाइ नाहीं सकत।
8परमेस्सर, तू मोका रच्या अउर तोहार हाथन मोरे तन क
सँवारेन, मुला अब तू ही मोरे खिलाफ होइ गया अउर मोका
नस्ट करत अहा।
9हे परमेस्सर, याद करा कि तू मोका चिकनी माटी स
मढ्या, मुला अब तू ही मोका फुन स धूलि मैं बदलब्या।
10तू मोका दुधे क नाईं उड़ेरत ह, तब तू मोका दही
बनावत ह अउर निचोड़त ह अउर फुन तू मोका दूधे स
पनीर बनावत ह।
11तू मोका हाड़न अउ माँस पेसियन स बनाएस ह। तू
मोका चमड़ी अउ माँस स ढाँकेस ह।
12तू मोका जिन्नगी क दान दिहा अउर मोरे बरे दयालु
रह्या। तू मोरे धियान राख्या अउर तू मोरे प्राणन क रखवारी
किहा।
13मुला इ उ अहइ जेका तू आपन मने मैं छुपाए राख्या।
मइँ जानत हउँ कि इ उ अहइ जेकर तू आपन मने मैं गुप्त
रुप स जोजना बनाया ह।
14अगर मइँ पाप किहेउँ तउ तू मोका लखत रह्या। यह
बरे तू मोका निर्दोख घोसित नाहीं कर सकत्या ह काहेकि
मइँ बुरा काम किहेउँ ह।
15अगर मइँ दुस्ट जइसा बेउहार किहेउँ ह तउ तू मोका
इ सब झेलइ चाही। अगर मइँ निरपराध भी हउँ तउ भी
आपन मूँड़ नाहीं उठाइ पउतेउ काहेकि मइँ लज्जा अउ पीरा
स भरा भवा हउँ।
16इ अइसा ही लागत ह कि तोहका सिंह क तरह मोर
सिकार करइ पसन्द ह। तू आपन सक्ती मोर खिलाफ
बार-बार देखावत ह।
17तू मोरे खिलाफ सदा ही कउनो न कउनो क नवा
गवाह बनावत ह। तोहार किरोध मोरे खिलाफ अउर जियादा
भड़क उठी अउर मोरे खिलाफ तू नईं नईं दुस्मन क सेना
लिअउब्या।
18हे परमेस्सर, तू मोका काहे जन्म दिहा? एहसे पहिले
कि मोका कउनो लख सकत कास! मइँ मरि जातेउँ!
19कास! मइँ जिअत न रहतेउँ। कास! मोका माता क
गर्भ स सोझइ ही कब्रा मैं उतार दीन्ह जातेउँ!
20मोर जिन्नगी करीब करीब खतम होइ चुकी अहइ।
कृपा कइके मोका अकेल्ले रही द्या। ताकि मइँ इ अल्प
समइ क अनन्द लेइ सकब।
21एहसे पहिले कि मइँ हुआँ चला जाउँ स कबहुँ मइँ
वापस नाहीं आइ सकउँ, जउन जगह पइ अँधियारा अउर
घोर अन्धकार बाटइ,

22जउन तनिक समइ बचा अहइ मोका जिअइ लेइ द्या। एहसे पहिले कि मइँ हुआँ चला जाउँ जउने जगह क कउनो लखि नाहीं पावत, अँधियारा क जगह, छाया अउर गड़वड़ क जगह, उ जगह पइ जहाँ रोसनी भी अँधियारा स भरी होत ह।'"

सोपर क अय्यूब स कहब

11 एह पइ नामात नाउँ क पहँटा क सोपर अय्यूब क जवाब देत भए कहेस,

2"इ सब्दन क प्रवाह क जवाब मिलइ चाही! का कउनो मनई आपन आपन क सिरिफ जियाद बोलइ के निर्दोख बनावइ सकत ह।

3का तू सोचत ह कि तोहार सेखी हम लोगन क सांत कइ सकत? का तू सोचत ह कि बिना हमार स डांट खाए मज़ाक उड़ा सकत ह।

4अय्यूब, तू परमेस्सर स कहत रह्या, 'मोर सिद्धान्त सुद्ध अहइ। तू लख सकत ह कि मइँ निर्दोख अहउँ।'

5सचमुच मैं मोर इ इच्छा अहइ कि परमेस्सर बोलइ अउर तोहसे बात करिहीं।

6तउ उ तोहका बुद्धि क रहस्य बताइ। बुद्धि अनेक सच्चाइ राखत ह। अय्यूब, मोर सुना। परमेस्सर सचमुच ही तोहार कछू पापन क नज़र अन्दाज़ करत ह।

7अय्यूब का तू परमेस्सर क रहस्य समुझ सकत ह? का तू सर्वसक्तीमान परमेस्सर क बुद्धि क सीमा समुझ सकत ह?

8ओकर बुद्धि अकासे स ऊँच अहइँ, तू का कइ सकत्या? ओकर बुद्धि मृत्युलोक स गहिर अहइँ, का तू एका समुझ सकत्या?

9उ सबइ सीमा धरती स बड़ा अउर सागर स बिसाल अहइँ।

10अगर परमेस्सर तोहका बन्दी बनावइ अउर तोहका अदालत मैं लइ जाइ, तउ कउन ओका रोक सकत्या?

11परमेस्सर सचमुच जानत ह कि कउन धोखेबाज़ अहइ। परमेस्सर जब बुरी काम क लखत ह, तउ उ ओकर नज़र अन्दाज़ नाही करब्या।

12मुला कउनो मूरख मनई कबहुँ बुद्धिमान नाहीं होइ सकत ह। जइसे एक जंगली गदहा एक मनई क जन्म नाहीं देइ सकत ह।

13तउ अय्यूब, तोहका आपन सोच-बिचार पइ जरूर रोक लगावइ चाही, अउर आपन हाथन पराथना मैं फइलावइ चाही।

14कउनो दुट्ठता जउन तोहरे हाथन मैं बसा अहइ, ओका तू दूर करा। अउर आपन घरे मैं कउनो बुराइ क जिन रहइ द्या।

15तबहिं सिरिफ तोहार दोख क छिमा कीन्ह जाब्या। तू मजबूती स खड़ा रहब्या अउर नाहीं डेराब्या।

16अय्यूब, तब तू आपन विपत्ति क बिसरि जाब्या। तू आपन दुखड़ा क बस उ पानी जइसा सुमिरन करब्या जउन तोहरे लगे स बहिके चला गवा।

17तोहार जिन्नगी दुपहर क सूरज स भी जियादा उज्जर होइ। जिन्नगी क अंधियर घड़ियन अइसेन चमकिहीं जइसे भिन्सारे क सूरज।

18अय्यूब, तू सुरच्छित अनुभव करब्या काहेकि हुआँ आसा होइ। परमेस्सर तोहार रखवारी करी अउर तोहका आराम देइ।

19चइन स तू सोउब्या, कउनो तोहका नाहीं डेराई अउर बहोत स लोग तोहसे मदद मंगिहीं।

20मुला जब बुरे लोग आसरा हेरिहीं, तब ओनका नाहीं मिली। ओनके लगे कउनो आस नाहीं होइ। मउत ही ओनकर सिरिफ आसा होइ।"

सोपर क अय्यूब क जवाब

12 फुन अय्यूब सोपर क जवाब दिहस।

2"बिना संदेह क तू सोचत अहा कि सिरिफ तू ही लोग बुद्धिमान अहा, तू सोचत अहा कि जब तू मरब्या तउ विवेक मर जाइ तोहरे संग।

3मुला तोहार जेतँनी बुध्दि भी उत्तिम बाटइ, मइँ तोहसे कछू घटिके नाही अहउँ। अइसी बातन क जइसी तू कहत ह, हर कउनो जानत ह।

4अब मोरे मीत मोर मसखरी उड़ावत हीं। 'मइँ प्रतिदिन पराथना किहा करत रहा अउर उ मोर पराथना क जवाब देत रहा। किन्तु अब भी मइँ बेगुनाह अउर निर्दोख अहउँ, मोर परोसी मोर खिल्ली उड़ावत हीं।'

5अइसे लोग जेह पइ कबहुँ विपत्ति नाहीं पड़ी, विपदा स घिरा लोगन क हँसी किया करत हीं। मगर विपदा हमेसा उ लोगन पइ आइ बरे तइयार रहत ही जेकर गोड़ दृढ़ नाही अहइँ।

6डाकुअन आपन डेरन मैं बगैर चिन्ता क रहत हीं। अइसे लोग जउन परमेस्सर क क्रोधित करत हीं, सान्ति स रहत हीं। परमेस्सर ओनका धियान रखत हीं।

7चाहे तू पसु स पूछिके लखा, उ पचे तोहका सिखाइ देइहीं, या हवा क पंछियन स पूछा उ पचे तोहका बताइ देइहीं।

8या तू धरती स पूछि ल्या उ तोहका सिखाइ देइ या सागरे क मछरियन क आपन गियान तोहका बतावइ द्या।

9हर कउनो जानत ह कि यहोवा एँन सबइ चिजियन क रचेस ह।

10हर जिअत पसु अउर हर एक प्राणी जउन साँस लेत ह, परमेस्सर क आधीन अहइ।

11जइसे जीभ भोजन क सुआद चखत ह वइसे ही कानन क सब्दन क परखत ह।

12लोग कहित ह, 'अइसा ही बूढ़न क लगे विवेक रहत ह। अउर लम्बी उमर समुझ बूझ देत ही?'

13किन्तु उ परमेस्सर अहइ जेकर लगे बुद्धि अउर सक्ती अहइ। उ अच्छा सलाह अउर सूझबूझ रखत ही।

14अगर परमेस्सर कउनो चिज क ढहाइ क गिराइ देइ तउ, फुन लोग ओका नाहीं बनाइ सकतेन। अगर परमेसस्र कउनो मनई क बन्दी बनावइ, तउ लोग ओका अजाद नाहीं कइ सकतेन।

15अगर परमेसस्र बर्खा क रोकइ तउ धरती झुराइ जाइ।
अगर परमेस्सर बर्खा क छूट दइ देइ, तउ उ धरती पइ बाढ़
लइ आई।
16परमेस्सर सक्तीसाली अहइ। उ सदा विजयी होत ह। उ
मनई जउन छलत ह अउर उ मनई जउन छला जात ह
दुउनउँ परमेस्सर क अहइँ।
17परमेस्सर सलाहकारन स ओनकर बुद्धि लेइ लेत ह।
उ प्रमुखन क अइसा बनाइ देत ह कि उ पचे मूर्ख मनइयन
जइसा बेउहार करइ लागत हीं।
18परमेस्सर राजा लोगन क अधिकार हटाइ लेत ह अउर
ओनका दास बना देत ह।*
19परमेस्सर याजक लोगन ओनकर सक्ती स वंचित कर
देत ह अउर ओनकर दर्जा क सुरच्छा क छीन लेत ह।
20परमेस्सर बिस्सासनीय सलाहकार क चुप कराइ देत ह।
उ बूढ़े लोगन क बुद्धि लइ लेत ह।
21परमेस्सर महत्वपूर्ण अधिकारियन क साथ अइसा बेउहार
करत ह जइसा उ कछू नाहीं अहइ। उ सासकन क सक्ती
लेइ लेत ही।
22परमेस्सर अँधियारा स रहस्य स भरी सच्चाई क परगट
करत ह। उ घना अँधियारा स घिरा जगहियन पइ, रोसनी
पठवत ह।
23परमेस्सर रास्ट्रन क विसाल अउ सक्तीसाली होइ देत
ह, अउर फुन ओनका उ नस्ट कइ डावत ह। उ रास्ट्न क
विकसित कइके विसाल बनइ देत ह, फुन ओनकर लोगन
क उ तितर बितर कइ देत ह।
24परमेस्सर धरती क रास्ट्रन क प्रमुखन क मूरख अउर
नासमुझ बनाइ देत ह। उ ओनका मरुभूमि मँ जहाँ कउनो
राह नाहीं भटक बरे पठवत ह।
25उ पचे प्रमुख लोग अँधियारा मँ आपन राह टटोरत
रहत हीं। कउनो भी प्रकास ओनके लगे नाहीं होत ह।
परमेस्सर ओनका अइसे चलावत ह, जइसे पीके धुत भए
लोग चलत हीं।"

13 "मोर आँखिन पहिले स ही उ सब चिजियन क
गवाही अहा जउन तू कह्या ह। मोर कानन पहिले
ही सुन अउर समुझ चुका ह जउन कछू तू कहा करत अहा।
2मइँ भी ओतना ही जानत हउँ जेतना तू जानत अहा, मइँ
तोहसे कम नाहीं हउँ। 3किन्तु मइँ सर्वसक्तीमान परमेस्सर स
बोलइ चाहत हउँ, अउर मइँ ओकर समन्वा आपन मुकद्दमा
क सफ़ाइ देउँ। 4मुला तू तीनउँ लोग आपन छूठ बातन स
सच्चाई क ढाँपइ चाहत अहा। तू उ बेकार क चिकित्सक
नाईं अहा जउन कउनो क नीक नाहीं कइ सकत। 5मोर इ
कामना अहइ कि तू पूरी तरह चुप होइ जा। इ तोहरे बरे
बुद्धिमानी क बात होइ जउन तू कइ सकत ह।
6"अब, मोर तर्क सुना। सुना जब मइँ आपन सफाई देउँ।
7का तू परमेस्सर बरे झूठ बोलब्या? का तू सचमुच
परमेस्सर क बारे मँ झूठ बोलब्या?
8का तू मोरे खिलाफ परमेस्सर क पच्छ लेब्या? का तू
अदालत मँ परमेस्सर क बचावइ जात अहा?
9अगर परमेस्सर तोहका बहोत करीब स जाँच लिहस तउ
का उ कछू भी नीक बात पाई? का तू सोचत अहा कि तू
परमेस्सर क छल पउब्या, ठीक उहइ तरह जइसे तू लोगन
क छलत अहा?
10अगर तू अदालत मँ छुपा छुपा कउनो क तरफ़दारी
करब्या, तउ परमेस्सर निहचय ही तोहका लताड़ी।
11ओकर तेज तोहका डरावत ह अउर तू डर जात ह।
12तोहार कहब धूलि जइसे बेकार अहइँ। तोहार तर्कन
माटी जइसी दुर्बल अहइँ।
13चुप रहा अउ मोका कहि लेइ द्या। मोरे संग कछू
बात होइ जाइ द्या।
14मइँ खुद क संकट मँ डावत हउँ अउर मइँ खुद आपन
जिन्नगी आपन हाथन मँ लइ लेत हउँ।
15होइ सकत ह परमेस्सर मोका मारि देइ। यद्यपि मोका
जीत क कछू आसा नाहीं अहइ, तउ भी मइँ आपन मुकदमा
क तर्क ओकरे समन्वा देब।
16परमेस्सर मोर मुक्ति अहइ, काहेकि कउनो दुट्ठ मनई
ओकर आपने-सामने नाही आइ सकत।
17ओका धियान स सुना जेका मइँ कहत हउँ, ओह पइ
कान द्या जेकर व्याख्या मइँ करइ चाहत हउँ।
18अब मइँ आपन बचाव करइ क तैयार हउँ। इ मोका
पता अहइ कि मोका निर्दोख सिद्ध कीन्ह जाइ।
19कउनो भी मनई इ प्रमाणित नाहीं कइ सकत कि मइँ
गलत हउँ। अगर कउनो मनई इ सिद्ध कइ देइ तउ मइँ
चुप होइ जाब अउर मरि जाब।
20हे परमेस्सर, तू मोका दुइ बातन दइ द्या, फिन मइँ
तोहसे नाहीं छुपब।
21मोका दण्ड देइ रोकि द्या, अउर मोसा जियादा लड़इ
छोड़ द्या।
22फिन तू मोका पुकारा अउर मइ तोहका जवाब देब, या
मोका बोलइ द्या अउर तू मोका जावब द्या।
23केतँना पाप मइँ किए हउँ? कउन सा अपराध मोहसे
होइ गवा? मोका मोर पाप अउर अपराध देखाँवा।
24हे परमेस्सर, तू मोहसे काहे बचत अहा? तू मोर संग
दुस्मन जइसा बेउहार काहे करत अहा?
25का तू मोका डेरउब्या? मइँ एक पत्ता जइसा हउँ जेका
पवन उड़ावत ह। एक झुरान तिनका क तू खदेड़त अहा।
26हे परमेस्सर, तू मोरे विरोध मँ गंभीर दोसपूर्ण बात
लिखत अहा। का तू मोका अइसे पापन बरे दुःख देत ह
जउन मइँ आपन जवानी मँ किहे रहेउँ?
27मोरे गोड़न मँ तू काठ डाइ दिह्या ह। तू मोर हर कदम
पइ आँखी गड़ाए रखत ह। मोरे कदमन क तू सीमा बाँध
दिहा ह।
28मइँ सड़ी चीज जइसा छीन होत जात हउँ कीरन स खाए
भए ओढ़नन क टूका जइसा।"

14 "उहइ दिना स जब हमार मताहरी हम पचन क
जन्मेस ह, हमार जिन्नगी छोट अउ दुःख स भरी
अहइ। 2मनई क जिन्नगी फूल क नाईं अहइ जउन हाली
जमत ह अउर फुन खतम होइ जात ह। मनई क जिन्नगी

परमेस्सर ... देत ह परमेस्सर राजा लोगन क सही करमबंध हटाइ लेत ह अउर ओनका बेकार कपड़ा पहनावत ह।

अहइ जइसे कउनो छाया जउन तनिक देर टोकत ह अउर बनी नाहीं रहत।

3हे परमेस्सर, का तू उ मनई पइ धियान देब्या जउन मरा भवा लागत ह? का तू मोर निआउ करइ मोका समन्वा लिअउब्या?

4"कउनो अइसी चीज स जउन खुद स्वच्छ नाहीं अहइ स्वच्छ चीज कउन पाइ सकत ह? कउनो नाहीं।

5मनई क जिन्नगी सीमित अहइ। तू ओकर जीवन काल क सीमित कइ दिहेस ह। तू मनई बरे जउन सीमा बाँध्या ह, ओका कउनो भी नाहीं बदल सकत।

6तउ परमेस्सर, तू हम पइ आँखी रखब तजि द्या। हम लोगन क अकेल्ला तजि द्या। हम पचन्क क आपन जिन्नगी क उहइ तरह समाप्त करइ द्या जे तरह मजदूरन आपन काम क समाप्त करत ह।

7मुला अगर बृच्छ क काटिके गिराइ दीन्ह जाइ तउ भी आसा ओका रहत ह कि उ फुन स पनप सकत ह, काहेकि ओहमा नई नई डारन फूटत रइहीं।

8चाहे ओकर जड़न धरती मँ पुरान काहे न होइ जाइँ अउर ओकर तना चाहे माटी मँ गल जाइ।

9मुला पानी क सिरिफ गंध स उ नई बढ़त देत ह अउर एक पउध क तरह ओहसे डारन फूटत हीं।

10मुला एक मनई कमज़ोर होइ जात ह अउ मरि जात ह, अउर तब उ चला जात ह।

11समुद्दर स पानी गाएब होइ सकत ह अउर नदियन सूख कइ फट सकत ह,

12अउर तउ भी जउन कउनो आपन कब्र मँ मरा भवा अहइ कबहुँ भी नाहीं जी उठब! ओकर नींद स जगाइ स पहिले ही आकास लुप्त होइ जाइ।

13मोर इच्छा अहइ कि तू मोरी कब्र मँ तक तलक छुपाइ लेइ चाही जब तलक तोहार किरोध कम नाहीं होइ जाइ। अउर तोहका आदेस दीन्ह जाइतेन अउर मोका जगावा जातेन।

14अगर कउनो मनई मरि जाइ तउ का जिन्नगी कबहुँ पउब्या? मइँ तब तलक बाट जोहब, जब तलक मोर कर्तव्य पूरा नाहीं होइ जात अउर जब तलक मइँ अजाद न होइ जाऊँ।

15हे परमेस्सर, तू मोका बोलउब्या अउर मइँ तोहका जवाब देब। उ तू ही अहइ जउन मोका बनाया ह यह बरे तोहका मोह पइ धियान देइ चाही।

16तब मोरी इच्छा अहइ कि तू मोर हर कदम क जाँच करा, मुला तोहका मोहमाँ कउनो गल्ती खोजइ क कोसिस नाही करइ चाही।

17तउ इ अइसा होइतेन कि मोर पापन क एक थइला मँ बन्दा कीन्ह जातेन। अउर तू मोरे पापन क हटाइ देतेन।

18एक नस्ट भवा पहाड़ क जइसा जेकर टूका ले लइ जात ह अउर एक चट्टान जउन आपन जगह स हटाइ लेइ जात ह।

19जइसे पानी पाथर क घँसि डावत ह अउ माटी क पानी बहाइके तल मँ लइ जात ह। हे परमेस्सर, उहइ तरह मनई क आसा क तू नस्ट करत अहा।

20तू एक दँई मनई क हरावत अहा अउर उ खतम होइ जात ह। तू ओकरे मुँह बिगाड़त ह अउर ओका पठइ देत ह।

21अगर ओकर पूत कबहुँ सम्मान पावत हीं तउ ओका कबहुँ ओकर पता नाहीं चल पावत। अगर ओकर पूत कबहुँ अपमान भोगत हीं, तउ उ कबहुँ ओका लखि नाहीं पावत ह।

22तउ मनई क देह क कारण ही ओका पीड़ा होत ह अउर ओकर आतिमा ओकरे बरे सोक मनावत ह।"

एलीपज अय्यूब क जवाब देत ह

15 एह पइ तेमान नगर क बसइया एलीपज अय्यूब क जवाब दिहेस।

2"का तू सोचत अहा कि कउनो बुद्धिमान मनई बे अरथ सब्द स जवाब देत ह अउ आपन आप क गर्म हवा स भरि देत ह?

3का तू सोचत ह कि कउनो बुद्धिमान मनई व्यर्थ क सब्दन स अउर ओन भासणन स बहस करी जेनकर कउनो लाभ नाहीं अहइ?

4अय्यूब, तोहार जवाब लोगन क परमेस्सर क आदर अउर ओकर उपासना करइ स रोकइ क कारण होइ।

5तू जउने बातन क कहत ह उ तोहार पाप साफ साफ देखावत ह। अय्यूब, तू चतुराई स भरे भए सब्दन क प्रयोग कइके आपन पापन क छुपावइ क प्रयत्न करत अहा।

6मोका जरुरी नाहीं कि तोहका गलत सिद्ध करँउ। काहे? तू खुद आपन मुँह स जउन बातन कहत ह, उ देखाँवत हीं कि तू बुरा अहा अउर तोहार ओठं खुद तोहरे खिलाफ बोलत हीं।

7अय्यूब, का तू सोचत ह कि जन्म लेइवाला पहिला मनई तू ही अहा अउर पहाड़न क रचना स ही पहिले तोहार जन्म भवा रहा।

8का तू परमेस्सर क रहस्य स भरी सबइ जोजना क सुने रह्या? का तू सोचत ह कि तू बुद्धिमान अहा?

9अय्यूब, तू हम पचन स जियादा कछू नाहीं जानत अहा। उ सबइ बातन हम पचन समझत अही, जेनकर तोहका समुझ अहइ।

10उ सबइ लोग जेनकर बार सफेंद अहइँ अउर बुढ़वा मनई अहइँ उ पचे हम स सहमत रहत हीं। हाँ, तोहरे बाप स भी बुढ़वा लोग हमरे समर्थन मँ अहइँ।

11परमेस्सर तोहका सुख देइ क जतन करत ह। अउर तोहसा नर्मी स बात करत ह। का इ तोहरे बरे काफी नाहीं अहइ? मुला तू सोचत अहा कि इ तोहार बरे काफी नाही अहइ।

12अय्यूब, तू काहे नाहीं समुझब्या? तू सच्चाइ क काहे नाहीं लखइ सकब्या?

13जब कभी तू इ तरह बोलत ह तू परमेस्सर क खिलाफ होत ह।

14फुरइ कउनो मनई सुद्ध नाहीं होइ सकत। मरनसील मनई नीक नाही होइ सकत ह।

15हिआँ तलक कि परमेस्सर आपन दूतन तलक पइ भी
निभर नाहीं रहत हीं। हिआँ तलक कि सरग भी परमेस्सर
क अपेच्छा सुद्ध नाहीं अहइ।
16मानव जाति बहोत जियादा पापी अउर भ्रस्ट अहइँ। उ
बुराई क पानी क तरह गटक जात ह।
17अय्यूब, मोरी बात तू सुना अउर मइँ ओकर व्याख्या
तोहसे करब। मइँ तोहका बताउब, जउन मइँ जानत हउँ।
18मइँ तोहका उ सहइ बतउब्या जउन बुद्धिमान मनई
बतउब्या। उ पचे एन बातन क आपन पुरखन स सुनेस ह
अउर ओनका छिपाइ बिना बताएस।
19सिरिफ ओनकर पुरखन क ही भुइँया दीन्ह गवा रहा।
ओनकर देस मँ कउनो परदेसी नाहीं रहा।
20दुट्ठ मनई जिन्नगी भइ पीरा झेली। एक क्रूर मनई
ओन सबहि बरिसन मँ जउन ओकरे बरे निहचित कीन्ह ग
अहइँ, दुःख भोगत रही।
21ओकरे कानन मँ भयंकर ध्वनियन होत रइहीं। जब उ
सोची उ सुरच्छित अहइ तबहिं ओकर दुस्मन ओह पइ
हमला करिहीं।
22दुट्ठ मनई कउनो आसा नाहीं अहइ कि उ अँधियारा
बचिके निकरि पावइ। कहूँ एक अइसी तरवार अहइ जउन
ओका मार डावइ क इन्तज़ार करत अहइ।
23उ एँह कइँती ओह कइँती भटकत भवा फिरत ह मुला
ओकर देह गीधन क चारा बनि जाइ। ओका इ पता अहइ
कि ओकर मउत बहोत निचके अहइ।
24चिन्ता अउ यातना ओका डरपोक बनावत हीं। इ सबइ
बातन ओह पइ अइसे वार करत हीं जइसे कउनो राजा जुद्ध
करइ बरे तइयार होत ही।
25काहेकि दुट्ठ मनई परमेस्सर क हुकुम मानइ
स इन्कार करत ह अउर सर्वसक्तीमान क नज़र-अन्दाज़
करत ह।
26उ दुट्ठ मनई बहोत हठी अहइ। उ परमेस्सर क
खिलाफ लड़इ चाहत ह, सोचत अहा कि उ मजबूत ढाल स
ओका हराइ सकत ह।
27दुट्ठ मनई क मुँहे पइ चर्बी चढ़ी रहत ह। ओकर
कमर माँस भर जाइ स मोटवार होइ जात ह।
28मुला उ उजाड़ सहरन मँ रही। उ अइसे घरन मँ रही
जहाँ कउनो नाहीं रहत ह। ओकर घरन हाली ही रौंदा जइहीं।
29दुट्ठ मनई जियादा समइ तलक धनी नाहीं रही।
ओनकर भाग्य क धरती पइ स्थिर रूप मँ ठहरावा नाहीं
जाब्या।
30दुट्ठ मनई अँधियारा स न बच पाई। उ उ बृच्छ क
नाईं होइ जेकर सबइ डारन आगी स झउँस गइ अहइँ।
परमेस्सर क साँस दुट्ठन क उड़ाइ देइ।
31दुट्ठ लोग बेकार क चिजियन क भरोसे रहिके आपन
क मूरख न बनावइँ काहेकि ओका कछू प्राप्त न होइ पाई।
32दुट्ठ मनई समइ स पहिले ही मरि जाब। उ पचे उ
बृच्छ क नाईं होइ जाइ जेकर चोटी क डारन मरि गवा ह।
33दुट्ठ मनई उ अंगूरे क बेल क नाईं होत ह जेकर
फल पाकइ स पहिले ही झरि जात हीं। अइसा मनई जइतून
क बृच्छ क नाईं होत ह, जेकर फूल सारि जात हीं।
34काहेकि परमेस्सर क बगइर लोग खाली हाथ रइहिं।
अइसे लोग जेनका पइसन स पियार अहइ, घूस लेत हीं।
ओनकर घर आगी स नस्ट होइ जइहीं।
35उ पचे मूसीबत क कुचक्र रचत हीं अउर बुरे करम
करत हीं। उ पचे लोगन क छलइ क तरकीब क जोजना
बनावत हीं।"

अय्यूब एलीपज क जवाब देत ह

16 एह पइ अय्यूब जवाब देत भए कहेसः
2"मइँ पहिले ही इ सबइ बातन क बहोत बार
सुनेउँ ह। तू "आरामदेइवाला लोग" सचमुच सिरिफ मोका
तंग करत ह!
3तोहार बेकार क लम्बी बातन कबहुँ खतम नाहीं होतिन।
तू काहे तर्क करत ही रहत ह?
4जइसे तू कहत अहा वइसे बातन तउ मइँ भी कहइ
सकत्या। अगर तू पचन्क मोर दुःख झेलइ क पड़त, मइँ भी
तोहार खिलाफ तर्क देइ सकत हउँ अउर तोहार अपमान
कइ सकत्या।
5मुला मइँ आपन बचनन स तोहार हिम्मत बढ़ाइ सकत्या
अउर तोहरे बरे आसा बँधाइ सकत्या।
6मुला जउन कछू मइँ कहत हउँ ओहसे मोर दुःख दूर
नाहीं होइ सकत। मुला अगर मइँ कछू भी न कहउँ तउ भी
मोका चइन नाहीं पड़त।
7पुरइ हे परमेस्सर तू मोर सक्ती क हर लिहा ह। तू मोर
सारा घराने क बर्बाद कइ दिहा ह।
8तू मोर सरीर क झूर्रीदार बनाइ दिहेस ह, अउर इ मोर
खिलाफ गवाही दिहेस ह। मइँ खउफनाक देखाँत हउँ अउर
लोग अइसा सोचत हीं कि मइँ बुराइ करइ क कारण
अपराधी हउँ।
9परमेस्सर मोह पइ प्रहार करत ह। उ मोह पइ कोहान
अहइ। उ मोरी देह क फारिके अलगाइ दिहस ह। परमेस्सर
मोरे ऊपर दाँत पीसत ह। मोर दुस्मन घिना स भरी निगाह स
घूरत हीं।
10लोग मोर हँसी करत हीं। उ पचे सबहिं मोर खिलाफ
इकट्ठा होत ह अउर मोरे मुँह क थपड़ावत ह।
11परमेस्सर मोका दुट्ठ लोगन क हाथे मँ अर्पण कइ
दिहे अहइ। उ दुट्ठ मनई मोहे पइ सक्ती दिहेस ह।
12मोरे संग सब कछू भला चंगा रहा। तबहिं परमेस्सर
मोका कुचर दिहस। हाँ, उ मोका गटई स धइ लिहेस अउर
मोर चिथरा चिथरा कइ डाएस। परमेस्सर मोका निसाना बनाइ
लिहस।
13परमेस्सर क तीरंदाज मोरे चारिहुँ कइँती अहइँ। उ मोरे
गुर्दन क बाणन स बेधत ह। उ मोहे पइ दाया नाहीं देखावत
ह। उ मोरे पित्त क धरती पइ बहाइ देत ह।
14परमेस्सर मोह पइ बार बार वार करत ह। उ मोह पइ
अइसे झपटत ह जइसे कउनो फउजी जुद्ध मँ नाहीं झपटत
ह।
15मइँ बहोत ही दुःखी हउँ। एह बरे मइँ विलाप क
ओढ़ना पहिरत हउँ। मइँ हिआँ धूलि मँ बइठा भवा हउँ
अउर हरा भवा अनुभव करत हउँ।

16मोर मुँह रोवत बिलखत भए लाल भवा। मोरी आँखिन
क खाले करिया घेरा अहइँ।
17मइँ कउनो क संग कबहुँ भी क्रूर नाहीं भएउँ। मुला इ
सबइ बुरी बातन मोरे संग घटित भइन। मोर पराथनन सही
अहइँ।
18हे भुइयाँ, तू कबहुँ ओन अत्याचारन क जिन छिपाया
जउन मोरे संग कीन्ह गवा अहइँ। मोर निआउ क बिनती क
तू कबहुँ रुकइ जिन द्या।
19अब तलक भी होइ सकत ह कि हुआँ आकास मँ
कउनो तउ मोरे पच्छ मँ होइ। कउनो ऊपर अहइ जउन
मोका दोख स रहित सिद्ध करी।
20मोर मीत मोर बारे मँ बोलत अहइँ, जब मइँ आसा स
रोवत रही कि परमेस्सर मोर मदद करब।
21मोर इच्छा अहइ कि कउनो एक मोर अउर परमेस्सर
क बिचउली करी जइसे कउनो एक मनई अउर परोसी क
बीच बिचउली करत ही।
22कछू ही बरिस बाद मइँ हुआँ चला जाब जहाँ स फुन
मइँ कबहुँ वापस न आउब।
17 मोर जिउने कि इच्छा नस्ट कीन्ह ग अहइ। मोर
प्राण लगभग जाइ चुका अहइ। कब्र मोर बाट
जोहत अहइ।
2लोग मोका घेर लेत हीं अउर मोह पइ हँसत हीं। मइँ
ओनका लखत हउँ जब लोग मोर अपमान करत हीं।
3परमेस्सर, मोर बेकसूर होइ क पुस्टि करा। मोर निर्दोख
होइ क गवाही देइ बरे कउनो तइयार नाहीं होइ।
4मोरे मीतन क मन तू मूँद ल्या ह। एह बरे उ पचे जीत
नाहीं सकब।
5लोग जउन कहत ह उ तू जानत ह, 'मनई आपन मीत
क मदद करइ बरे आपन गदेलन क नज़र अन्दाज़ करत
ह।'
6परमेस्सर मोर नाउँ हर कउनो बरे अपसब्द बनाएस ह
अउर लोग मोरे मुँहे पइ थूका करत हीं।
7मोर आँखी लगभग आँधर होइ चुकी अहइ काहेकि मइँ
बहोत दुःखी हउँ। मोर देह एक छाया क तरह दुर्बाल होइ
चुकी अहइ।
8नीक लोगन ब्याकुल अहइँ कि इ घटि सकत ह।
निरअपराध लोग ओन क खिलाफ उत्तेजित अहइ। जउन
परमेस्सर क मज़ाक उड़ावत ह।
9मुला सज्जन नेकी क जिन्नगी जिअत रइहीं। निरापाराधी
लोग सक्तिसाली होइ जइहीं।
10जदि तू लउटि आउब्या, तउ आवा। किन्तु मइँ
दिखाउब कि तू पचन मँ स कउनो बुद्धिमान नाहीं अहइँ।
11मोर जिन्नगी यो ही बीतन अहइ। मोर सबइ जोजना
टूट गइ अहइँ अउर आसा चली गइ अहइ।
12हरेक चीज क उलझा दीन्ह ग ह, उ पचे रात क दिन
कहत ह अउर प्रकास अँधियारा लिआवत ह।
13मइँ आसा करउँ कि कब्र मोर घर अउ अँधियारा मोर
बिछउना होइ।
14अगर मइँ कब्र स कहउँ 'तू मोर बाप अहा,' अउर
कीरा स 'तू मोर महतारी अहा,' या 'तू मोर बहिन' अहा।
15अगर उ मोर सिरिफ एक ठु आसा अहइ तबइ तु
कउनो आसा मोका नाहीं अहइ अउर कउनो भी मनई मोरे
बरे कउनो आसा नाहीं लखि सकत ह।
16का मोर आसा भी मोरे संग मरि जाइ? का मइँ अउर
मोर आसा एक संग कब्र मँ मिलिहीं?"

अय्यूब क बिल्दद क जवाब

18 फिन सूहू प्रदेस क बिल्दद जवाब देत भए कहेस।
2"अय्यूब, इ तरह क बातन करब तू कब तज
देब्या? तोहका चुप रहइ चाही अउर सुनइ चाही, सिरिफ तब
हीं हम कहि सकित ह।
3तू काहे इ सोचत ह कि हम ओतँना मूरख अही जेतना
मूरख एक ठु बर्धा होत ह?
4अय्यूब, तू आपन किरोध स आपन ही नोस्कान करत
अहा। का लोग भुइँया बस तोहरे बरे तजि देइँ? का तू इ
सोचत अहा कि बस तोहका तृप्त करइ क परमेस्सर धरती क
हलाइ देई।
5हाँ, बुरा मनई क प्रकास बुझी अउर ओकर आगी क
लौ न चमकी।
6ओकरे घरे क प्रकास करिया पड़ि जाइ अउर जउन दिया
ओकरे लगे अहइ उ बुझ जाइ।
7सक्तीसाली मनई क कदम धीमे स बढ़त ह। आपन ही
बुरा जोजनन स उ पतन क झेलब्या।
8ओकर आपन ही कदम ओका एक जाल क फंदा मँ
गिराइ देइहीं। उ चलिके जालि मँ जाई अउर फँस जाई।
9कउनो जाल ओकर एड़ी क पकड़िके धइ लेइ। एक ठु
जाल ओका कसिके जकर लेइ।
10एक रस्सा ओकरे बरे धरती मँ छुपा रही। कछू फंदा
ओकरे राहे मँ झूठ बोलब्या।
11ओकरे चारिहुँ कइँती सबहिं आतंक होइ। ओकर हर
कदम क डर पाछा करत रही।
12खउफनाक मुसीबतन ओकरे बरे भुखान होइँ। जब उ
गिरी, विध्वंस ओकरे बरे तइयार रइहीं।
13महा बियाधि ओकरे चमड़ी क हींसन क लील जाई। उ
ओकरी बाँहिन अउ ओकर हँगियन क सड़ाइ देइ।
14आपन घरे क सुरच्छा स दुट्ठ व्यक्ति क दूर कीन्ह
जाइ। आतंक क राजा क लगे ओका लइ जावा जाइ।
15ओकरे घरे मँ तब तलक कछू भी न बची जब तलक
ओकरे समूचइ घरे मँ धधकत भइ गन्धक बिखेरी जाइ।
16ओकर खाले गइ भइ जड़न झुराइ जइहीं अउर ओकरे
ऊपर क डासन मुरझाइ जइहीं।
17धरती क लोग ओका याद नाहीं करिहीं। बस अब
कउनो भी ओका याद नाहीं करी।
18प्रकास स ओका हटाइ दीन्ह जाइ अउर उ अँधियारा मँ
ढकेला जाइ। उ पचे ओका दुनिया स दूर भगाइ देइहीं।
19ओकर कउनो गदेलन अउ सन्तानन नाहीं होइहीं।
ओकरे घरे मँ कउनो जिअत नाहीं बची।
20पच्छिम क लोग सहमा रहि जइहीं जब उ पचे जानिहीं
कि उ दुट्ठ मनइयन क संग का घटेस ह। पूरब मँ लोग
आतंकित होइके सन्न रहि जइहीं।

21फुरइ दुर्जन व्यक्ति क घरे क संग अइसा ही घटी।
अइसा ही घटी उ मनई क संग जउन परमेस्सर क नाहीं
जानतेन।"

अय्यूब क जवाब

19 तब अय्यूब जवाब देत भए कहेस।
2"कब तलक तू पचे मोका सतावत रहब्या अउर
सब्दन स मोका ताड़त रहब्या?
3अब लखा, तू पचे दसउ दाईं मोका बेज्जत किहा ह।
मोह पइ वार करत तू पचन्क सर्म नाहीं आवति ह।
4अउर जदि मइ कउनो बुराई किहेउँ तउ इ मोर ग़ल्ती
अहइ।
5तू पचे इहइ चाहत अहा कि तू पचे मोहसे उत्तिम
देखौंउन। तू पचे कहत अहा कि मोर कस्ट मोका दोखी
साबित करत हीं।
6मुला उ तउ परमेस्सर अहइ जउन मोरे संग बुरा किहस
ह अउर जउन मोरे चारिहुँ कइँती आपन फंदा फइलाएस ह।
7मइँ ग़ोहरावत हउँ 'मोरे संग बुरा किहा ह।' मुला मोका
कउनो जवाब नाहीं मिलत ह। चाहे मइँ निआउ क ग़ुहार
ग़ोहरावउँ मोर कउनो नाहीं सुनत ह।
8मोर रस्ता परमेस्सर रोकेस ह, एह बरे ओका मइँ पार
नाहीं कइ सकत। उ अँधियारा मँ मोर रस्ता छुपाइ दिहस ह।
9मोर सम्मान परमेस्सर छोर लिहस ह। उ मोरे मूँड़ स
मुकुट छोर लिहस ह।
10परमेस्सर मोर पूरा सरीर मँ मोर प्राण निकरि तलक
मारब। उ मोर आसन क अइसे उखाड़ देत ह जइसे कउनो
जड़ स बृच्छ क उखाड़ि देइ।
11मोरे खिलाफ परमेस्सर क किरोध भड़कत अहइ। उ
मोका आपन दुस्मन कहत ह।
12परमेस्सर आपन फउज मोह पइ प्रहार करइ क पठवत
ह। उ पचे मोरे चारिहुँ कइँती बुर्जियन खरा करत हीं। उ पचे
मोरे तम्बू क चारिहुँ कइँती छावनी बनावत हीं।
13परमेस्सर मोरे बन्धुअन क मोर दुस्मन बनाइ दिहेस।
आपन मीतन बरे मइँ पराया होइ ग़एउँ।
14मोर रिस्तेदारन मोका तजि दिहन। मोर मीतन मोका
बिसराइ दिहन।
15मोरे घरे क अतिथियन स लइके मेहरारू नउकरन
तलक मोरे संग अइसा बेउहार करत ह जइसा मइँ कउनो
अजनबी अहउँ।
16मइँ आपन नउकर क बोलावत हउँ पर उ मोर नाहीं
सुनत ह। उ पचे मोका मदद बरे भीख माँगाएस ह।
17मोर पत्नी मोरे साँस क ग़ंध स घिना करत ह। मोर
आपन ही ग़देलन मोहसे घिना करत हीं।
18नान्ह ग़देला तलक मोर हँसी उड़ावत हीं। जब कबहुँ
मइँ जाग़त हउँ, तउ उ पचे मोरे खिलाफ बोलत हीं।
19मोर आपन मीत मोहसे घिना करत हीं। हिआँ तलक
कि अइसे लोग़ जउन प्रिय अहइँ, मोर बिरोधी होइ ग़वा
अहइँ।
20मइँ ऍतना दुर्बल अहउँ जइसे मइँ सिरिफ खाल अउर
हाड़न होइ ग़वा अहउँ। अब मइँ सिरिफ जिअत हउँ।
21हे मोर मीतो मोह पइ दाया करा, दाया करा मोह पइ
काहेकि परमेस्सर क हाथ मोहका छू ग़वा अहइ।
22काहे मोका तू भी सतावत अहा जइसे मोका परमेस्सर
सताएस ह? काहे तू मोका दुख देत भए कबहुँ अघात्या
नाहीं?
23जउन मइँ कहत हउँ ओका कउनो क याद राखइ चाही
अउ किताबे मँ लिख देइ चाही! मोर सब्द कउनो क ग़ोल
पत्रक पइ लिख देइ चाही!
24मइँ जउने बातन क कहत ओनका कउनो लोहा क
कलम स सीसा पइ लिखा जाइ चाही या ओनका चट्टाने पइ
खोद दीन्ह जाइ चाही ताकि उ हमेसा बरे रहइ जाइ।
25मोका इ जानत हउँ कि कउनो एक अइसा अहइ जउन
मोर बरे बोलब्या अउर मोर रच्छा करब्या। मोका बिस्सास
अहइ कि आखीर मँ उ धरती पइ खड़ा होब्या अउर मोरे
बचाव करब्या।
26मोरे आपन देह छोड़इ अउर मोर चमड़ी तबाह होइक
पाछे भी मइँ जानत हउँ कि मइँ परमेस्सर क लखब।
27मइँ परमेस्सर क खुद आपन आँखिन स लखब। मइँ
खुद स कउनो दूसर नाहीं, परमेस्सर क लखब। मइँ बता
नाहीं केतॅना खुसी अनुभव करत हउँ।
28होइ सकत ह तू कहा, 'हम अय्यूब क तंग करब। मइँ
मामला क जड़ तलक जाब।'
29मुला तोहका तरवारे स डरइ चाही, काहेकि परमेस्सर
किरोधित होब्या अउर तोहका तरवार स सजा देब्या। अउर
तब तू पचन्क समझब्या कि हुआँ निआउ क एक निहचित
समइ अहइ।"

सोपर क जवाब

20 एह पइ नामात प्रदेस क सोपर जवाब दिहस।
2"अय्यूब, धियान द्या। मइँ परेसानी मँ हउँ।
यह बरे मइँ हाली तोहका बताएउँ क कि मइँ का सोचत
हउँ।
3तोहार आलोचना हमार अपमान करत हीं। मुला मइँ
बुद्धिमान हउँ अउर जानत हउँ कि तोहका कइसे जवाब दीन्ह
जाइ चाही।
4-5एका तू तब स जानत ह जब बहोत पहिले लोग़न
क धरती पइ पठवा ग़ रहा, दुट्ठ मनई क आनन्द
बहोत दिन नाहीं टिकत ह। अइसा मनई जेका परमेस्सर क
चिन्ता नाहीं अहइ उ तनिक समइ बरे आनन्द मँ भरि जात
ह।
6चाहे दुट्ठ मनई क अपमान अकासे तलक छू जाइ।
7उ आपन तने क मल क नाईं नस्ट होइ जाइ। उ सबइ
लोग़ जउन ओका जानत हीं कइहीं, 'उ कहाँ अहइ?'
8उ अइसे बिलाइ जाइ जइसे सपन हाली ही कहूँ उड़
जात ह। फिन कबहुँ कउनो ओका लखि नाहीं सकी, उ
नस्ट होइ जाइ, ओका राति क सपना क तरह हाँक दीन्ह
जाइ।
9उ सबइ मनई जउन ओका लखे रहेन फुन कबहुँ नाहीं
लखेन। ओकर परिवार फुन कबहुँ ओका नाहीं लखि पाइ।

10जउन कछू भी उ (दुट्ठ) गरीबन स लिहे रहा ओकार संतानन चुकइहीं। ओनका आपन ही हाथन स धन लौटाए होइ।

11जब उ जवान रहा, ओकर सरीर मजबूत रही, मुला उ हाली ही धूलि होइ जाइ।

12दुस्ट क मुँह क दुस्टता बड़ी मीठी लागत ह, उ ओका आपन जिभिया क खाले छुपाइ लेइ।

13बुरा मनई उ बुराई क धामे रही, ओकर दूर होइ जाब ओका कबहुँ नाहीं भाई, तउ उ ओका आपन मुँह मँ थामे रही।

14मुला ओकरे पेटे मँ ओकर भोजन जहर बन जाइ, उ ओकरे भीतर अइसे बन जाइ जइसे कउनो नाग क विख सा कड़ुवा जहर।

15दुस्ट धन दौलत क लील जात ह मुला उ ओन सबका बाहेर उगिली। परमेस्सर दुस्ट क पेटे स ओन सबका उगालिवाइ।

16दुस्ट मनई क विख चूसब साँपे क नाईं होइ। मुला साँपे क विसैला जीभ ओका मारि डइहीं।

17मुला दुस्ट मनई लखइ क आनन्द नाहीं लेइहीं अइसी ओन नदियन क जउन सहद अउर मलाई बरे बहा करत ह।

18दुट्ठ क ओकर लाभ वापिस करइ क दबावा जाइ। ओका ओन चिजियन क आनन्द नाहीं लेइ दीन्ह जाइ जेनके बरे उ मेहनत किहे अहइ।

19काहेकि उ दुस्ट मनई दीन मनई क चिन्ता नाहीं किहस। बलकि, उ दूसर लोगन क घरन क भी लइ लिहेस जेका उ पचे आपन बरे बनाएस रहा।

20दुस्ट मनई कबहुँ संतुट्ठ नाहीं होत ह। उ आपन सबहिं धन क लइ ले जात ह।

21जब उ खात ह तउ कछू नाहीं तजत ह, तउ ओकर कामयाबी बनी नाहीं रही।

22जब दुस्ट जन क लगे भरपूर होइ तबहिं ओन पइ विपत्ती आइहीं अउर उ कस्ट क अनुभव करिहीं।

23दुस्ट जन उ सब कछू खाइ चुकी जेका उ खाइ चाहत ह। परमेस्सर आपन बरत भवा किरोध ओह पइ डाइ। उ दुस्ट मनई पइ परमेस्सर सजा बरसाइ।

24होइ सकत है कि उ दुस्ट लोहा क तरवार स बच निकरइ, मुला कहूँ स काँसा क बाण ओका मार गिरावइ।

25तीर खींचत लिहेस ह, अउर बिजुरि क नाईं ओकरे पीठ मँ घुसत ह अउर ओकर करेजा बाहर आ जात ह, अउर उ आंतकित होइके काँप उठत ह।

26ओकर सबहिं खजाना नस्ट होइ जइहीं, एक ठु अइसी आग्गी जेका कउनो नाहीं बारेस ओका नस्ट करी, उ आग्गी ओनका जउन ओकरे घरे मँ बचा अहइँ नस्ट कइ डाइ।

27सरग सिद्ध करी कि उ दुस्ट अपराधी अहइ, इ गबाही धरती ओकरे खिलाफ देइ।

28जउन कछू भी ओकरे घरे मँ अहइ, उ परमेस्सर क किरोध क बाढ़ मँ बहि जाइ।

29इ उहइ अहइ जेका परमेस्सर दुस्टन क संग करइ क जोजना रचत ह। इ उहइ अहइ जइसा परमेस्सर ओनका देइ क जोजना बनावत ह।"

अय्यूब क जवाब

21 एह पइ अय्यूब जवाब देत भए कहेस।

2"तू पचे चित्त दइके सुना जउन मइँ कहत हउँ, तोहार सुनइ क आपन तरिके स मोर दिलासा होइ जाइ।

3जब मइँ बोलत हउँ तू धीरा धरा, "फुन जब मइँ बोल चुकउँ तब तू मोर हँसी उड़ाइ सकत ह।

4मोर सिकाइत मनइयन क खिलाफ नाहीं अहइ, मइँ काहे सहनसील नाहीं अहउँ ओकर खास वजह अहइ।

5तू मोका लखा अउर चकित होइ जा, आपन सोक दिखाइ बरे आपन हाथ आपन मुँह पइ धरा।

6जब मइँ सोचत हउँ ओन सब क जउन मोर संग घटा तउ मोका डर लागत ह अउर मोर देह थर थर काँपत ह।

7काहे बुरे लोगन क उमर लम्बी होत ह? काहे उ पचे बुढ़ाइ जात हीं अउर कामयाब होत हीं?

8बुरे लोग आपन संतानन क आपन संग बढ़त भए लखत हीं। बुरे लोग आपन आपन नाती पोतन क लखइ क जिअत रहत हीं।

9ओनकर घर सुरच्छित रहत हीं अउर उ पचे डेरातेन नाहीं। परमेस्सर दुस्टन क सजा देइ बरे आपन सजा काम मँ नाहीं लिआवत ह।

10ओकर साँड़ कबहुँ भी मिला कइ मँ नाहीं चुकत ह। ओनकर गइयन बछवन क जनम देइ बरे गाभिन होत। ओनकर भ कबहुँ नाहीं गिरत हीं।

11बुरे लोग गदेलन क बाहेर खेलइ पठवत हीं मेमनन क जइसे, ओनकर गदेलन नाचत हीं चारिहुँ ओर।

12मजीरा, वीणा अउर बाँसुरी क धुन पइ उ पचे गावत हीं अउर नाचत हीं।

13बुरे लोग आपन जिन्नगी भइ कामयाबी क आनन्द लेत हीं। फुन बिना दुख भोगे उ पचे मरि जात हीं अउर आपन कब्रन क बीच चला जात हीं।

14मुला बुरे लोग परमेस्सर स कहा करत हीं, 'हमका अकेला तजि द्या। अउर एकर हमका परवाह नाहीं कि तू हमसे कइसा जिन्नगी जिअइ चाहत ह।'

15दुट्ठ लोग कहा करत हीं, 'सर्वसक्तीमान परमेस्सर कउन अहइ? हमका ओकरी सेवा क जरूरत नाहीं अहइ। ओकरी पराथना करइ क कउनो लाभ नाहीं।'

16दुस्ट मनई सोचत हीं कि ओनका आपन ही कारण कामयाबी मिलत ह, मुला मइँ ओनकर विचारन क नाहीं अपनाइ सकत हउँ।

17मुला का अइसा होत ह कि दुस्ट जन क प्रकास बुताइ जावा करत ह? केतनी दाईं दुस्टन क दु:ख घेरा करत हीं? का परमेस्सर ओनसे कोहाइ जात ह, अउर ओनका सजा देत ह?

18का परमेस्सर दुस्ट लोगन क अइसे उड़ावत ह जइसे हवा तिनके क उड़ावत ह अउर तेज हवा अनाजे क भूसा उड़ाइ देत हीं?

19मुला तू कहत ह: 'परमेस्सर एक गदेला क ओकरे बाप क पापन्क सजा देत ह।' नाहीं, परमेस्सर क चाही कि बुरे जन क राजा देइ। तबहिं उ बुरा मनई जानी कि ओका ओकरे निज पापन बरे सजा मिलति अहइ।

20तू पापी क ओकरे आपन राजा क देखाँइ द्या, तब उ
सर्वसक्तीसाली परमेस्सर क कोप क अनुभव करी।
21जब बुरा मनई क उमर क महीना खतम होइ जात हीं
अउर उ मर जात ह; उ उ परिवार क परवाह नाहीं करत
जेका उ पाछे तजि जात ह।
22कउनो मनई परमेस्सर क गियान नाहीं दइ सकत, उ
ऊँच ओहदन क लोगन क भी निआउ करत ह।
23एक पूरा अउ सफल जिन्नगी क जिअइ क पाछे एक
मनई मरत ह, उ एक सुरच्छित अउ सुखी जिन्नगी जिअत
ह।
24ओकर लगे पिवइ बरे भरपूर दूध रहा। अब समइ
तलक ओकर हाड़ तन्दुरुस्त रहिन।
25मुला कउनो एक अउर मनई कठिन जिन्नगी क पाछे
दु:ख भरे मने स मरत ह, उ जिन्नगी क कबहुँ कउनो रस
नाहीं चखेस।
26इ सबइ दुइनउँ मनई एक संग माटी मँ गड़ा सोवत हीं,
किरउनन दुइनउँ क एक संग ढाँपि लेइहीं।
27मुला मइँ जानत हउँ कि तू का सोचत अहा, अउर
मोका पता अहइ कि तोहरे लगे मोरा बुरा करइ क कुचाल
अहइ।
28मोरे बरे तू इ कहा करत ह, 'अब कहाँ बाटइ उ
महामानुस क घर? कहाँ बा उ घर जेहमाँ उ दुस्ट रहत रहा?'
29-30मुला तू कबहुँ बटोहियन क नाहीं पूछ्या? का तू
ओकर कहानियन पइ बिस्सास नाहीं किहस कि उ दिन
जब परमेस्सर कोहाइके सजा देत ह दुस्ट मनई सदा बच
जात ह?
31अइसा कउन मनई नाहीं जउन ओकरे समन्वा ही
ओकरे करमन क बुराइ करइ। ओकरे पाप क सजा कउनो
मनई ओका नाहीं देत ह।
32जब कउनो मनई कब्र मँ लइ जावा जात ह, तउ
ओकरे कब्र क लगे एक पहरुवा खड़ा रहत ह।
33उ दुट्ठ मनई बरे उ घाटी क माटी मुलायम होइ।
अनगिनत लोग ओकर समन्वा कब्र मँ गएन ह, अउर
भविस्स मँ अउर भी लोग ओहस मिली।
34तउ आपन कोरे सब्दन स तू मोका चइन नाहीं दइ
सकत्या, तोहार जवाब सिरिफ झूठा अहइँ।"

एलीपज क जवाब

22 फुन तेमान क एलीपज जवाब देत भए कहेस।
2"परमेस्सर क कउनो भी मनई सहारा नाहीं दइ
सकत, हिअाँ तलक कि उ भी जउन बहोत बुद्धिमान मनई
होइ परमेस्सर बरे हितकर नाहीं होइ सकत।
3अगर तू उहइ किहा जउन उचित रहा एहसे सर्वसक्तीमान
परमेस्सर क आनन्द नाहीं मिली, अउर अगर तू खरा रहा
ह्वा तउ एहसे ओका पछू नाहीं मिली।
4अय्यूब तोहका परमेस्सर काहे सजा देत ह अउर काहे
तोह पइ दोख लगावत ह? का इ एह बरे कि तू भक्त
अहा।
5नाहीं, इ सबइ एह बरे कि तू बहोत स पाप किहा ह,
अय्यूब, तोहार पाप नाहीं रुकत अहइँ।
6अय्यूब, होइ सकत ह कि तू आपन कउनो भाई क
कछू चिज बिना कउनो कारण क गिरवी रख सकत ह। होइ
सकत ह कि तू कउनो दीन मनइ क ओढ़ना रख लिहे ह्वा
अउर ओनका नंगा बना किहे हवा्।
7तू थके-माँदे लोगन क पानी नाहीं दिहा, तू भुखान
मनइयन क भोजन नाहीं दिहा।
8अय्यूब, अगर तू सक्तीसाली अउ धनी रह्या, तू ओन
लोगन क सहारा नाहीं दिहा। तू बड़का जमींदार अउ समरथ
वाला मनई रह्या।
9मुला तू राँड़ अउरतन क बगइर कछू दिहे लउटाइ दिहा।
अय्यूब, तू अनाथ गदेलन क लूट लिहा अउर ओनसे बुरा
बेउहार किहा।
10एह बरे तोहरे चारिहुँ कइँती जाल बिछा भवा अहइँ
अउर तोहका एकाएक आवत विपत्तियन डेरावत हीं।
11एह बरे घना अँधियारा तोहका ढाँक लिहस ह अउर एह
बरे बाढ़ क पानी तोहका लीलत बाटइ।
12परमेस्सर अकास क सब स ऊँच हींसा मँ रहत ह। उ
आपन जगह स सबन स ऊँच तारन क लखइ बरे खाले
लखत ह।
13मुला अय्यूब, तू कहा करत ह, 'परमेस्सर कछू नाहीं
जानत, करिमा बादरन स कइसे परमेस्सर हमका जाँच सकत
ह?
14घना बादर ओका छुपाइ लेत हीं, एह बरे जब उ
अकास क सबन त ऊँच हींसा मँ बिचरत ह तउ हमका
ऊपर अकासे स लखि नाहीं सकत।'
15अय्यूब, तू उ ही पुरानी राह पइ जेन पइ दुस्ट लोग
चला करत हीं, चलत अहा।
16आपन मउत क समइ स पहिले ही दुट्ठ लोग मर
गएन। बाढ़ ओनका बहाइके लइ गइ रही।
17इ सबइ उहइ लोग अहइँ जउन परमेस्सर स कहत हीं,
'हमका अकेल्ले तजि द्या। उ पचे सोचेन कि सर्वसक्तीमान
परमेस्सर हमार कछू नाहीं कइ सकत ह।'
18मुला परमेस्सर ओन लोगन क कामयाब बनाएस ह
अउर ओनका धनवान बनाइ दिहा। मुला मइँ उ ढंग स जेहसे
दुस्ट सोचत हीं, अपनाइ नाहीं सकत हउँ।
19सज्जन जब बुरे लोगन क नास देखत हीं, तउ उ पचे
खुस होत हीं। पाप स रहित लोग दुस्टन पइ हँसत हीं, अउर
कहा करत हीं।
20'हमार दुस्मन फुरइ नस्ट होइ गएन। आगी ओनके धने
क बारि देत ह।'
21अय्यूब, अब खुद क तू परमेस्सर क अर्पित कइ द्या,
तब तू सान्ति पउब्या। अगर तू अइसा करा तउ तू धन्य
अउर कामयाब होइ जाब्या।
22ओकर सीख अपनाइ ल्या अउर ओकरे सब्द आपन
मने मँ सुरच्छित रखा।
23अय्यूब, अगर तू फुन सर्वसक्तीमान परमेस्सर क लगे
आवा तउ फिन स पहिले जइसा होइ जाइ। तोहका अपने घरे
स पाप क बहोत दूर करइ चाही।
24तोहका सोना क धूरी क नाईं अउर ओफीर क सोना
क नदी क तराई क चट्टान क नाईं समझइ चाही।

25तब सर्वसक्तीमान परमेस्सर तोहरे बरे सोना अउर चाँदी
बन जाइ।
26तब तू बहोत खुस होब्या अउर तोहका सुख मिली।
परमेस्सर क समन्वा तू बिना कउनो सर्म क मूँड़ि उठाइ
सकब्या।
27जब तू ओकर बिनती करब्या तउ उ तोर सुना करी,
जउन प्रतिग्या तू ओहसे किहे रह्या, तू ओका पूरा कइ
सकब्या।
28जउन कछू तू करब्या ओहमाँ तोहका कामयाबी मिली,
तोहरे रास्ते पइ प्रकास चमकी।
29परमेस्सर अहंकारी जन क लज्जित करी, मुला परमेस्सर
नम्र मनई क रच्छा करी।
30परमेस्सर जउन मनई भोला नाहीं अहइ ओकर भी
रच्छा करी, तोहरे हाथन क सफाई स ओका उद्धार मिली।"

अय्यूब जवाब देत ह

23 फिन अय्यूब जवाब देत भए कहेस।
2"मइँ आजु भी बुरी तरह सिकाइत करत हउँ कि
परमेस्सर मोका करी सजा देत अहइ, एह बरे मइँ सिकाइत
करत रहत हउँ।
3कास! मइँ इ जान पावत कि ओका कहाँ हेरउँ। कास!
मइँ इ जान पावत कि परमेस्सर क लगे कइसे जाउँ।
4मइँ आपन मुकद्मा क सफाई परमेस्सर क समन्वा पेस
करब्यू। मइँ आपन क निर्दोख साबित करइ बरे बहस
करब्या।
5मइँ इ जानइ चाहत हउँ कि परमेस्सर कइसे मोरे
दलीलन क जवाब देत ह, तब मइँ परमेस्सर क जवाब
समुझ पउतेउँ।
6का परमेस्सर आपन महासक्ती क संग मोरे खिलाफ
होत? नाहीं! उ मोर सुनी।
7मइँ एक नेक मनई हउँ। परमेस्सर मोका आपन कहानी
क कहइ देइ, तब मोर निआउ कत्ती परमेस्सर मोका अजाद
कइ देइ।
8मुला अगर मइँ पूरब क जाउँ तउ परमेस्सर हुआ नाही
अहइ अउर अगर मइँ पच्छिउँ क जाउँ तउ भी परमेस्सर
मोका नाहीं देखात ह।
9परमेस्सर जब उत्तर मँ छिपत ह* तउ मइँ ओका देख
नाहीं पावत हउँ। जब परमेस्सर दक्खिन क छिपत ह तउ भी
उ मोका नाहीं देखत ह।
10मुला परमेस्सर मोरे हर चरण क लखत ह, जेका मइँ
उठावत हउँ। जब उ मोर परीच्छा लइ उठी तउ उ लखी
कि मोहमाँ कछू भी बुरा नाहीं अहइ, उ लखी कि मइँ खरा
सोना जइसा अहउँ।
11परमेस्सर जउन चाहत ह मइँ हमेसा उहइ पइ चलत
हउँ मइँ कबहुँ भी परमेस्सर क राहे पइ चलइ स नाहीं
रुकेहउँ।
12मइँ हमेसा उहइ बात करत हउँ जेनकर आसा परमेस्सर
देत ह। मइँ आपन मुँहे क भोजन स जियादा परमेस्सर क
मुँहे क सब्दन स पिरेम किहेउँ ह।

13मुला परमेस्सर एक मन वाले अहा, अउर कउनो भी
ओका बदल नाहीं बदलत। परमेस्सर जउन चाहत ह उहइ
करत ह।
14परमेस्सर जउन भी जोजना मोरे विरोध मँ बनाइ लिहस
ह उहइ करी, ओकरे लगे मोरे बरे अउर भी बहोत सारी
जोजना अहइँ।
15एह बरे मइँ ओसे डेरात हउँ। एह बरे परमेस्सर मोका
भयभीत करत ह।
16परमेस्सर मोर हिरदइ क दुर्बल करत ह अउर मोर
हिम्मत टूट जात ह। सर्वसक्तीमान परमेस्सर मोका भयभीत
करत ह।
17अगर तउ मोर मुँह सघन अँधियारा ढकत ह तउ भी
अँधियारा मोका चुप नाहीं कइ सकत ह।

24 "सर्वसक्तीमान परमेस्सर काहे नाहीं निआउ करइ
बरे समइ मुकर्रर करत ह? लोग जउन परमेस्सर
क मानत हीं ओनका काहे निआउ क समइ क बेकार बाट
जोहइ क पड़त ह?
2"लोग आपन धन दौलत क चीन्हन क, जउन ओकर
चउहद्दी बतावत हीं, सरकावत रहत हीं ताकि आपन
पड़ोसी क थोड़ी अउर धरती हड़प लेइँ। लोग पसु क
चोराइ लेत हीं अउर ओनका दूसर चरागाहन मँ हाँक लइ
जात हीं।
3अनाथ बच्चन क गदहन क उ पचे चोराइ लइ जात
हीं। उ पचे रँड़ मेहारुअन क बर्धन खोल लइ जात हीं जब
तलक कि उ ओनकर कर्ज नाहीं चुकावत हीं।
4उ पचे दीन जन क मजबूर करत ही कि उ तजिके दूर
हटि जाइके मजबूर होइ जात ह, एन दुस्टन स खुद क
छुपावइ क।
5उ सबइ दीन लोग ओन जंगली गदहन जइसे अहइँ
जउन मरु भूमि मँ आपन चारा हेरा करत हीं। गरीबन अउ
ओनकर बच्चन क मरुभूमि भोजन देत रहत ह।
6गरीब लोगन क कउनो दूसर क खेत मँ अनाज काटइ
चाही। दुस्टन क अंगूरन क बगियन स बच भवा फलन उ
पचे चुना करत हीं।
7दीन लोगन क बगइर ओढ़नन क सबइ रात बितावइ क
होइ। सर्दी मँ ओनके लगे आपन क ढाँकइ बरे कछू नाहीं
होइ।
8उ पचे बर्खा स पहाड़न मँ भीज गवा अहइँ, ओनका
बड़की चट्टानन स लिपट क रहइ क होइ, काहेकि ओनके
लगे कछू नाहीं जउन ओनका मौसम स बचाइ लेइ।
9बुरे लोग ओन गदेलन क जेकर बाप नाहीं अहइ
ओनकइ महतारी स छिन लेत हीं। उ पचे गरीब लोगन क
आपन दास बनावत हीं।
10गरीब लोगन क लगे ओढ़ना नाहीं होत हीं। यह बरे
ओन लोगन क नंगा ही घूमइ क होइ। उ पचे दुस्टन क
गठरी क भार ढोवत हीं, मुला फुन भी उ पचे भुखान रहत
हीं।
11गरीब लोग जइतून क तेल पेरिके निकारत हीं। उ पचे
कुंडन मँ अंगूर सूँदत हीं फुन भी उ पचे पिआसा रहत हीं।

परमेस्सर ... छिपत ह जब परमेस्सर उत्तर मँ घूमत ह।

12मरत भए लोग जउन आहें भरत हीं उ सबइ सहर मँ
सुनाइ पड़त ह। सतावा भवा लोग सहारा क पुकारत हीं, मुला
परमेस्सर नाहीं सुनत ह।
13कछू अइसे लोग अहइँ जउन प्रकास क खिलाफ होत
हीं। उ पचे नाहीं जानइ चाहत हीं कि परमेस्सर ओनसे का
करवावइ चाहत ह। परमेस्सर क राह पइ उ पचे नाहीं चलत
हीं।
14हत्यारा भिंसारे जाग जात ह गरीबन अउ जरुरतवाले
लोग्न क हत्या करत ह। उ राति मँ चोर क नाईं बन जात
ह।
15उ मनई जउन बिभिचार करत ह, रात आवइ क बाट
जोहा करत ह, उ सोचत ह 'ओका कउनो नाहीं लखी' अउर
उ आपन मुँह ढाँपि लेत ह।
16दुट्ठ मनई जब रात मँ अँधेरा होत ह तउ सेंधे लगाइके
घरे मँ घुसत हीं। मुला दिन मँ उ पचे आपन हि घरन मँ
छुपा रहत हीं। उ पचे प्रकास स बचत हीं।
17ओन दुट्ठ लोग्न क आँधियारा सबुह क नाईं होत
ह, उ पचे आतंक अउ अँध्यिारा क मीत होत हीं।
18दुट्ठ लोग अइसे बाहइ दीन्ह जात हीं जइसे झाग बाढ़
क पानी पाइ। उ धरती अभिसाप स ढकी बा जेकर उ पचे
मालिक अहइँ। कउनो भी अंगूर क बगियन मँ अंगूर जमा
करइ बरे नाहीं जात ह।
19जइसे गरम व सूखा मौसम पिघलत बरफ क पानी क
सोख लेत ह, वइसे ही दुस्ट लोग कब्र क जरिये लील
जइहीं।
20दुस्ट मनइयन मरइ क पाछे ओकर महतारी तलक
ओका बिसरि जाइ। दुस्ट लोग्न क देह क कीरा खाइ
जइहीं। कउनो भी ओन लोग्न क याद नाहीं रखइहीं। दुस्ट
जन गिरे भए बृच्छ क नाई नष्ट कीन्ह जइहीं।
21दुस्ट मनइ बाँझ मेहारुअन क सतावा करत हीं। उ पचे
उ तरह क मेहारु क दुःख देत हीं। उ पचे कउनो भी रँड़
अउरत बरे दाया नाहीं देखौंवत हीं।
22दुस्ट मनई आपन सक्ती क उपयोग बलसाली क नस्ट
करइ बरे करत हीं। बुरे लोग सक्तीसाली होइ जइहीं मुला
आपन ही जिन्नगी क भरोसा नाहीं होइ कि उ पचे जियादा
दिन जी पइहीं।
23होइ सकत ह कि तनिक समइ बरे परमेस्सर सक्तीसाली
क सुरच्छित रहइ देइ, मुला परमेस्सर सदा ओन पइ आँखी
रखत ह।
24दुस्ट मनई तनिक समइ बरे कामयाबी पाइ जात हीं,
मुला फुन उ पचे नस्ट होइ जात हीं। दूसर लोग्न क तरह
उ पचे भी मुझी जात ही अउर उदास होइ जात हीं। अनाजे
क कटी भइ बाले क नाईं उ पचे गिर जात हीं।
25अगर इ सबइ बातन फुरइ नाहीं अहइँ तउ कउन सिध्द
कइ सकत ह कि मइँ झूठ कहेउँ ह। कउन देखाँइ सकत ह
कि मोर सब्द सत्तय नाहीं अहइँ?"

बिल्दद क अय्यूब क जवाब

25 फिन सूह प्रदेस क निवासी बिल्दद जवाब देत भए
कहेस।
2"परमेस्सर सासक अहइ अउर हर मनई क चाही कि
परमेस्सर स डेराइ अउर ओकर मान करइ। परमेस्सर आपन
सरग क राज्ज मँ सान्ति राखत ह।
3कउनो आपन फउजन क गन नाहीं सकत ह, परमेस्सर
क प्रकास सब पइ चमकत ह।
4मुला फुरइ परमेस्सर क अगवा कउनो मनई उचित नाहीं
ठहर सकत ह। कउनो मनई जउन मेहारु स पइदा भवा होइ
फुरइ निर्दोख नाहीं होइ सकत ह।
5परमेस्सर क आँखिन क समन्वा चाँद तलक चमकीला
नाहीं अहइ। परमेस्सर क आँखिन क समन्वा तारन निर्मल
नाहीं अहइँ।
6मनई तउ बहोत कम भला अहइँ। मनई तउ बस कीरा
अहइ एक ठु अइसा कीरा जउन बेकार क होत ह।"

अय्यूब क बिल्दद क जवाब

26 तब अय्यूब कहेस।
2"हे बिल्दद, सोपर अउर एलीपज़ जउन लोग
दुर्बल अहइँ तू फुरइ ओनका सहारा दइ सकत ह। अरे हाँ,
तू दुर्बल बाँहन क फुन स सक्तीसाली बनाया ह।
3हाँ, तू निर्बुध्दि क सम्मति दिहा ह। कइसा महागियान तू
देखाँया ह।
4इ बातन क कहइ मँ कउन तोहार मदद किहस? केकर
आतिमा तोहका प्रेरणा दिहस?
5जउन लोग मरि गवा अहइँ ओनकर आतिमा धरती क
खाले पानी मँ भय स बहोत काँपति अहइँ।
6मउत क जगह परमेस्सर क आँखी क समन्वा खुली
अहइ, परमेस्सर क अगवा विनास क जगह ढका नाहीं
अहइ।
7परमेस्सर उत्तरी अकासे क खाली जगह पइ फइलावत
ह। परमेस्सर खाली जगह मँ धरती लटकाएस ह।
8परमेस्सर घने बादरन क पानी स भरत ह, मुला पानी क
भारी भार स बादरन क फाटइ नाहीं देत ह।
9परमेस्सर पूरा चन्द्मा क ढाँपत ह, परमेस्सर चाँद पइ
आपन बादर फइलावत ह अउर ओका ढँकि लेत ह।
10परमेस्सर छितिज क रचत ह प्रकास अउ अँधेरा क
सीमा रेखा क रुप मँ समुद्दर पइ।
11जब परमेस्सर डाँटत ह तउ उ सबइ नेवंन जउने पइ
आकास टिका अहइ डर स काँपइ लागत हीं।
12परमेस्सर क सक्ती सागर क संात कइ देत ह।
परमेस्सर क बुद्धि राहब* क नस्ट किहस।
13परमेस्सर क साँस अकास क साफ कइ देत ह।
परमेस्सर क हाथ उ साँप क मारि दिहस जउन पराइ जाइ क
जतन किहस।
14इ सबइ तउ परमेस्सर क अजूबा कारजन क तनिक सी
बातन अहइँ। बस हम थोड़के परमेस्सर क अवाज क
फुसफुसाहट क सुनित ह। मुला फुरइ कउनो मनई परमेस्सर
क सक्ती क गार्जन क नाहीं समुझ सकत ह।"

राहब या समुद्दरी अज़गर।

27 फुन अय्यूब कहइ क जारी राखेस। उ कहेस,
2"फुरइ परमेस्सर जिअत ह अउर इ जेतँना सच
अहइ कि परमेस्सर जिअत ह फुरइ उ वइसेन ही मोरे बोर
अनिआउ स भरा रहा अहइ। हाँ! सर्वसक्तीसाली परमेस्सर
मोरे जीवन मँ कड़वाहट भरेस ह।
3मुला जब तलक मोहमाँ प्राण अहइ अउर परमेस्सर क
साँस मोहे मँ अहइ।
4तब तलक मोरे होंठ झूठी बातन नाहीं बोलिहीं, अउर
मोर जिभिया कबहुँ झूठ नाहीं बोली।
5मइँ कबहुँ न मानब कि तू लोग सही अहा। जब
तलक मइँ मरब उ दिन तलक कहत रहब कि मइँ निर्दोख
हउँ।
6मइँ आपन धार्मिक भाव क मजबूती क थामे रहब। मइँ
कबहुँ उचित करम करब न तजब मोर चेतना मोका तंग
नाहीं करी जब तलक मइँ जिअत हउँ।
7मोरे दुस्मनन क दुस्ट जइसा बनइ द्या, अउर ओनका
सजा पावइ द्या जइसे दुस्ट लोग दण्डित होत हीं।
8अइसे उ मनई बरे मरत वक्त कउनो आसा नाहीं अहइ
जउन परमेस्सर क परवाह नाहीं करत ह। जब परमेस्सर
ओकर प्राण लेइ तब भी ओकरे बरे कउनो आसा नाहीं
अहइ।
9जब उ बुरा मनई दु:खी पड़ी अउर ओका पुकारी,
परमेस्सर नाहीं सुनी।
10ओका चाही कि उ उ आनन्द क चाहइ जेका सिरिफ
सर्वसक्तीमान परमेस्सर देत ह। ओका चाही कि उ हर समइ
परमेस्सर स पराथना करत रहा।
11मइँ तोहका परमेस्सर क सक्ती सिखाउब। मइँ
सर्वसक्तीसाली परमेस्सर क योजनन क नाहीं छिपाउब।
12खुद तू आपन अँखिन स परमेस्सर क सक्ती लख्या ह,
तउ काहे तू बेकार क बातन क बोलत ह?
13दुस्ट लोगन बरे अइसी जोजना बनाया ह। दुस्ट लोगन
क सर्वसक्तीसाली परमेस्सर स अइसा ही मिली।
14दुस्ट क चाहे केतँनी ही सन्तानन होइँ, मुला ओकर
संतानन जुद्ध मँ मारी जइहीं। दुस्टन क सन्तानन कबहुँ
भरपेट खाना नाहीं पइहीं।
15अउर अगर दुस्टन क सन्तानन ओकरी मउत क पाछे
भी जिअत रहइँ तउ महामारी ओनका मारि डाई। ओकर रँड़
ओनके बरे दु:खी नाहीं होइहीं।
16दुस्ट जन चाहे चाँदी क ढेर बटोरइँ, एतना बड़का ढेर
जेतँना माटी क ढूहा होत ह, माटी क ढूहन जइसे ओढ़ना
होइँ ओकरे लगे।
17जउने ओढ़नन क दुस्ट मनई जुटावत रहा ओन ओढ़नन
क सज्जन पहिरी, दुस्ट क चाँदी निर्दोखन मँ बँटी।
18दुस्ट क बनावा घर जियादा दिनन नाहीं टिकत ह, उ
मकड़ी जाल जइसा या कउनो चौकीदार क झोपड़ी जइसा
कमजोर होत ह।
19दुस्ट लोग आपन खुद क दौलत क संग आपन
बिछउना पइ सोवइ जात ह, मुला एक अइसा दिन आइ जब
उ फुन बिस्तरे मँ वइसे ही नाहीं जाइ पाई। जब उ अँखी
खोली तउ ओकर सम्पत्ति जाइ चुकी होइ।
20दु:ख ओका बाढ़ क जइसा ढाँक लेइहीं, रातउ रात
तूफान ओका उड़ाइ लइ जाइ।
21पुर वइया हवा ओका दूर उड़ाइ देइ, तूफान ओका
ओकरे घरे क बाहेर खींचली।
22तू फान ओह पइ बग्गैर दाया किए भए पइ आइ अउर
उ ओमँ स दूर भागइ क जतन करी। मुला लपेटके मारी।
23जब दुस्ट मनई पराई, लोग ओह पइ तालियन बजाइहीं,
दुस्ट जन जब निकरिके पराइ, अपने घरे स तउ लोग ओह
पइ सीटियन बजइहीं।
28 "हुआँ चाँदी क खान बाटइ जहाँ लोग चाँदी पावत
हीं, हुआँ अइसे ठउर अहइँ जहाँ लोग सोना
देघराइके ओका सुद्ध करत हीं।
2लोग धरती स खनिके तोहा निकारत हीं, अउर चट्टानन
स टेघराइके ताँबा निकारत हीं।
3लोग सबइ गुफा मँ प्रकास लिआवत हीं उ पचे सबइ
गुफा क गहिराइ मँ हेरा करत हीं, घना अँधियारा मँ उ पचे
खनिज क चट्टानन हेरत हीं।
4जहाँ लोग रहत हीं ओहसे बहोत दूर लोग गहिर गड़हा
खना करत हीं, कबहुँ कउनो अउर एँन गड़हन क नाहीं
छुएस। जब मनई गहिरे गड़हन मँ रस्सन स लटकत ह, तउ
उ दूसरन स बहोत दूर होत ह।
5भोजन धरती क सतह स मिला करत ह, मुला धरती क
भीतर उ बढ़त जावा करत ह जइसे आग्गी चिजियन क बदल
देत ह।
6धरती क भितरे चट्टानन क खाले नीलम मिलि जात हीं,
अउर धरती क खाले माटी आपन आप मँ सोना राखत ह।
7जंगली पंछी धरती क खाले क राहन नाहीं जानत हीं न
ही कउनो बाज इ मारग लखत ह।
8उ राहन पइ कउनो बड़का डीलडोल वाला पसु नाहीं
चलेन, कबहुँ सेर इ राहे पइ नाहीं विचरेन।
9मजदूर सब स कठोर चट्टानन क खनत हीं अउर उ
पचे पहाड़न क ओकर जड़ स खनिके गिरा देत हीं।
10काम करइवालन चट्टानन स सुरंग काटत हीं उ
पचन्क आँखन हुआँ खजानन क लखि लेत हीं।
11काम करइवालन बाँध बनवा करत हीं कि पानी ऊपर
स होइके न बहइ। उ पचे छिपी भइ चिजियन क ऊपर
प्रकास मँ बिआवत हीं।
12मुला कउनो मनई विवेक कहाँ पाइ सकत ह? अउर
हम कहाँ जाइ सकित ह समुझ पावइ क?
13गियान कहाँ रहत ह लोग नाहीं जानत हीं, लोग जउन
धरती पइ रहत हीं, ओमाँ इ नाहीं पाइ जात ह।
14सागरे क गहराइ बतावत ह, 'मोह माँ गियान नाहीं।'
अउर समुद् कहत ह, 'हिआँ मोहमाँ गियान नाहीं अहइ।'
15गियान क बहोत कीमती सोना भी मोल नाहीं लइ
सकत ह, गियान क दाम चाँदी स नाहीं गना जाइ सकत ह।
16गियान ओपीर देस क सोना स या कीमती सुलैमानी
पाथर या नीलमणियन स नाहीं बेसहा जाइ सकत ह।
17गियान सोना अउ स्फटिक स जियादा कीमती बाटइ,
कउनो मनई बहोत कीमती सोना स जड़े भए रत्नन स गियान
नाहीं बेसहि सकत ह।

18गियान मूँगा अउ सूर्यकान्त मणि स जियादा कीमती बा।
गियान क कउनो मनई सिद्ध सोने मँ जुरे कीमती रतन स
नाहीं बेसहा सकत ह।
19जेतना उत्तिम गियान अहइ कूस देस क पद्मराग भी
ओतना उत्तिम नाहीं अहइ। गियान क तू चोख सोना स मोल
नाहीं लइ सकत्या।
20तउ फुन हम कहाँ गियान क पावइ जाइ? हम कहाँ
समुझ सीखइ जाइ?
21गियान धरती क हर मनई स लुका भवा अहइ। हिआँ
तलक कि ऊँच अकास क पंछी भी गियान क नहीं लखि
पावत हीं।
22मउत अउ विनास कहा करत हीं, 'हम तउ बस गियान
क बातन सुनी ह।'
23मुला बस परमेस्सर गियान तलक पहोंचइ क राहे क
जानत ह। परमेस्सर जानत ह गियान कहाँ रहत ह।
24परमेस्सर गियान क जानत ह काहेकि उ धरती क
अखिरी छोर तलक लखा करत ह। परमेस्सर उ हर वस्तु क
जउन अकास क खाले अहइ लखा करत ह।
25जब परमेस्सर हवा क ओकर सक्ती दइ दिहस अउर इ
निहचित किहस कि समुद्दरन क केतना बड़का बनावइ क
अहइ।
26अउर जब परमेस्सर निहचय किहस कि ओका कहाँ स
बर्खा पठवइ क अहइ, अउर बउड़रन क कहाँ तलक जात्रा
करइ क अहइ।
27तब परमेस्सर गियान क लखे रहा। उ ओका मापेस,
ओका साबित किहेस अउर इका परखेस।
28अउर लोगन स परमेसस्र कहे रहा कि 'यहोवा क भय
माना अउर ओका आदर द्या।' बुराइयन स मुँह मोड़ि लेब ही
गियान अहइ, इहइ समझदारी अहइ।"

अय्यूब आपन बात जारी रखत ह

29 आपन बात क जारी रखत भए अय्यूब कहेस।
2"मोर जिन्नगी वइसे ही होइ चाही रही जइसे
गुजरे महीने मँ रही। जब परमेस्सर मोर रखवारी करत रहा,
अउर मोर धियान रखत रहा
3मइँ अइसे उ समइ क इच्छा करत हउँ जब परमेस्सर
क प्रकास मोरे मूँड़े पइ चमचमात रहा। मोका प्रकास देखाँवइ
क उ समइ जब मइँ अँधियारा स होइके चलत रहेउँ।
4अइसे ओन दिनन क इच्छा करत हउँ, जब मोर जिन्नगी
सफल रही, अउर परमेस्सर मोरे निचके मीत रहा। उ सबइ
अइसेन दिन रहेन जब परमेस्सर मोरे घरे क असीसे रहा।
5अइसे समइ क मइँ इच्छा करत हउँ, जब सर्वसक्तीसाली
परमेस्सर अबहुँ तलक मोरे संग मँ रहा अउर मोरे संग मोर
गदेलन रहेन।
6अइसा लगा करत रहा कि दूध-दही क नदियन बहा
करत रहिन, अउर मोरे बरे चट्टानन जइतून क तेल क
नदियन उड़ेरत रहिन।
7इ सबइ ओ दिन रहेन जब मइँ नगर क दुआर अउर
गलीयन क चौराहन पइ जात रहेउँ, अउर नगर नेता लोगन
क संग बइठत रहेउँ।
8हुवाँ सबइ लोग मोर सम्मान किहा करत रहेन। जवान
मनसेधू जब मोका लखत रहेन तउ मोरी राह स हट जावा
करत रहेन अउर बुढ़वा मनसेधू मोरे बरे सम्मान देखाँवइ बरे
उठ खड़ा होत रहेन।
9जब लोगन क नेता लोग मोका लखि लेत रहेन, तउ
बोलब बंद कइ देत रहेन।
10हिआँ तलक कि बहोतइ महत्ववाले नेता भी आपन स्वर
हल्का कइ लेत रहेन, जब मइँ ओनके नियरे जात रहेउँ। हाँ!
अइसा लागत रहा कि ओनकर जिभियन ओनकर तालु स
चिपक गइ होइँ।
11जउन कउनो भी मोका बोलत सुनेस, मोरे बारे मँ नीक
बात कहेस, जउनो कउनो भी मोका लखे रहा, मोर बड़कई
किहे रहा।
12काहेकि जब कउनो दीन मदद बरे गोहँराएस, मइँ मदद
किहेउँ। उ गदेला क मइँ सहारा दिहेउँ जेकरे महतारी बाप
नाहीं अउर जेकर कउनो भी नाहीं धियान रखइ क।
13मोका मरत भए मनई क आसीस मिला, मइँ ओन राँड़
मेहररुअन क जउन जरुरत मँ रहिन, मइँ सहारा दिहेउँ अउर
ओनका खुस किहेउँ।
14मोर ओढ़ना पहिरब मोर खरी जिन्नगी रही, निस्पच्छ
होब मोर चोगा अउर मोर पगड़ी सी रही।
15मइँ आँधरन बरे आँखी बन गएउँ अउर मइँ ओनकर
गोड़ बनेउँ जेनकर गोड़ नाहीं रहेन।
16दीन लोगन बरे मइँ बाप क तरह रहेउँ, मइँ पच्छ लेत
रहेउँ अइसे अनजानन क जउन विपत्तियन मँ पड़ा रहेन।
17मइँ दुस्ट लोगन क सक्ती नस्ट करत रहेउँ। निर्दोख
लोगन क मइँ दुस्टन स अजाद करावत रहेउँ।
18मइँ सोचत रहेउँ कि मइँ बहोत लम्बी जिन्नगी*
जिअब अउर फुन आपन ही घरे मँ प्राण तजब।
19मइँ एक ठु अइसा बृच्छ बनब जेकर जड़न सदा जल
मँ रहत होइँ अउर जेकर डारन सदा ओस स भीजी रहत
होइँ।
20मोर सान सदा ही नई बनी रही, मइँ सदा ही वइसा
बलवान रहब जइसे, मोरे हाथे मँ एक नवा धनुस।
21पहिले, लोग मोर बात सुनत रहत रहेन, अउर उ सबइ
जब मोर सलाह मसवरा क इंतजार करत रहेन, तउ चुप रहा
करत रहेन।
22मोर चुकइ क पाछे, ओन लोगन क लगे जउन मोर
बात सुनत रहेन, कछू भी बोलइ क नाहीं होत रहा। मोर
सब्द धीरे धीरे ओनकर काने मँ बर्खा क तरह पड़ जात
रहेन।
23लोग जइसे बर्खा क बाट जोहत हीं वइसे ही उ पचे
मोरे बोलइ क बाट जोहा करत रहेन। मोरे सब्दन क उ पचे
पी जावा करत रहेन, जइसे मोर सब्द बसन्त मँ बरसा होइ।
24जब मइँ दाया करइ क ओन पइ मुस्कात रहेउँ, तउ
ओनका पहिले पहल ए पइ बिस्सास नाहीं होत रहा। फुन
मोर खुस मुँह दुखी जन क सुख देत रहा।

लम्बी जिन्नगी सम्भवत:ओतॅना ही लम्बी जिन्नगी जेतॅना कि
एक ठू अमर पंछी जिअत ह।

25मइँ जिम्मेदारी बिहेउँ अउर लोगन बरे पइसला किहेउँ,
मइँ नेता बन गएउँ। मइँ ओनकर सोना क दलन क बीच
राजा जइसा जिन्नगी जिएउँ। मइँ अइसा मनई रहेउँ जउन
लोगन क चइत देत रहा जउन बहोत ही दुःखी बाटइ।

30 अब, उमर मँ छोटा लोग मोर मसखरी करत हीं।
ओन जवान मनसेधुअन क बाप बिल्कुल ही
निकम्मा रहेन। ओन कूकुरन जउन मोर भेड़िन क रखवारा
करत ह ओन लोगन स बेहतर अहइँ।
2ओन जवान मनसेधुअन क बाप मोका मदद देइ क
कउनो सक्ती नाहीं राखत हीं, उ पचे बुढ़वा होइ चुका अहइँ
अउ थका भवा अहइँ।
3उ सबइ मनई भूख स मरत अहइँ यह बरे उ पचे झुरान
अउर उजाड़ धरती खावत ह।
4उ सबइ लोग रेगिस्तान मँ खारे पउधन क उखाड़त हीं
अउर उ पचे झाड़ीदार बृच्छन क जड़न क खात हीं।
5उ पचन्क दूसर लोगन स भगाइ दइ गएन। उ पचे ओन
लोगन पइ अइसे गोहरावत हीं जइसे लोग चोर पइ
गोहरावत हीं।
6अइसे उ सबई बुढ़वा लोग झुरान भइ नदी क तलन मँ
चट्टानन क सहारे अउ धरती क बिलन मँ रहइ क मजबूर
अहइँ।
7उ पचे झाड़ियन क बीच गुर्रात हीं। कँटैहरी बृच्छन क
नीचे उ पचे आपुस मँ बटुर जात हीं।
8ओन पचन्क फसादी लोगन क दल अहइ, जेनकर नाउँ
तलक नाहीं अहइ। ओनका आपन भुइँया तजि देइ क मजबूर
कीन्ह गवा अहइ।
9अब अइसे ओन लोगन क पूत मोर हँसी उड़ावइ क
मोरे बारे मँ गीत गावत हीं। मोर नाउँ ओनके बरे अपसब्द
जइसा बन गवा अहइ।
10उ सबइ नउजवान मोहसे घिना करत हीं। उ पचे मोसे
दूर खड़ा रहत हीं। हिअँ तलक कि उ पचे मोरे मुँहे पइ
थूकत हीं।
11परमेस्सर मोरे धनुस स ओकर डोर छोर लिहस ह अउर
मोका दुर्बल किहस ह। उ पचे मोह पइ कोहान होत भए
मोरे खिलाफ होइ जात ह।
12उ सबइ जवान मोर दाहिनी कइँती स मोह पइ प्रहार
करत हीं। उ पचे मोर गोड़न पइ हमला कइके मोका
गिरावत ह अउर मोका चारिहुँ कइँती स घेर लेत ह।
13उ पचे नव जवान मोरी राह पइ निगरानी रखत हीं कि
मइँ बचिके निकरिके पराइ न सकउँ। उ पचे मोका नस्ट
करइ मँ सफल होइ जात हीं। ओनके खिलाफत मँ मोर
मदद करइ क मोरे संग कउनो नाहीं अहइ।
14उ पचे मोह पइ अइसे वार करत हीं जइसे कि सहर
क दिवार क दरार स होत ह। उ पचे टुटे हुए हिस्से स
अन्दर आवत हीं।
15मोका भय जकड़ लेत ह। जइसे हवा चिजियन क उड़ाइ
लइ जात ह, वइसेन ही उ पचे जवान मोर इज्जत धुवस्त
करइ देत हीं। जइसे बादर अदृस्य होइ जात ह, वइसे ही मोर
सुरच्छा अदृस्य होइ जात ह।
16जब मोर जिन्नगी बीतइ क अहइ अउर मइँ हाली ही
मर जाब। मोका संकट क दिन दहबोच लिहे अहइँ।
17मोर सबइ हाड़न राति क दुख देत हीं, पीरा मोका
चबाव नाहीं छोड़त ह।
40अउर यहूदियन क ल्हास गाड़इ क व्यवस्था क अनुसार ओका महकइवाली तमाम चीज क साथ कफन मँ लपेट दिहेन। 41जहाँ प ईसू क क्रूस प चढ़ावा ग रहा, हुवाँ एक ठु बगीचा रहा। अउर उ बगीचा मँ एक ठु नई कब्र रही जउने मँ अब तक केहूँ क नाहीं रखा ग रहा। 42उ दिन सबित क तैयारी क दिन सुक्रवार रहा, अउर उ कब्र बहोतई लगे रही, इ बदे उ सबेन्ह ईसू क उहइ मँ रख दिहेन।

ईसू क कब्र खाली

(मत्ती 28:1-10; मरकुस 16:1-8; लूका 24:1-12)

20 सप्ताह क पहिले दिन धुर सबेरे जउ थोरि क अँधेरा बचा रहा तउ मरियम मगदलीनी कब्र प आइ। अउर उ देखेस कि कब्र क पाथर हटा अहइ। 2फिन उ दौड़ क समौन पतरस अउर ईसू क पियारा चेलन क लगे पहुँची। अउर ओनसे बोली, "उ पचे पर्भू क कब्र स निकालके लइ गएन। अउर हमका पचे क इ पता नाहीं अहइ कि उ सबेन्ह ओका कहाँ रखे अहइँ।"

3फिन पतरस अउर उ दूसर चेला हुवाँ स कब्र क तरफ चल पड़ेन्ह। 4उ दुइनउँ साथे साथे दउरत रहेन मुला दूसर चेला पतरस स आगे चला गवा अउर कब्र प पहिले पहुँच गवा। 5उ नीचे निहुरिके देखेस कि हुवाँ कब्र क कपरा परा अहइ, मुला उ भीतर नाहीं गवा। 6उहइ समइ समौन पतरस जउन ओकरे पाछे पाछे आवत रहा, उहउ आइ पहुँचा अउर कब्र क अन्दर चला गवा। उ देखेस कि हुवाँ कफन क कपरन परा अहइँ। 7अउर उ कपरा जउन गाड़त क समइ ओकरे मूँड़े कइँती रहा, उ कफन क साथ नाहीं अहइ, उ अलग स दूसरी जगह प रखा रहा। 8फिन दूसर चेला जउन कब्र प पहिले पहुँचा रहा, उहउ भीतर घुसा। उ देखेस अउर बिसवास करेस। 9(उ पचे अबहुँ तलक पवित्तर सास्तर क इ बचन नाहीं समझे रहेन कि ओका मरा मनइयन स जी उठब एकदम पक्का अहइ।)

मरियम मगदलीनी क ईसू दर्सन दिहेस

(मरकुस 16:9-11)

10फिन उ दुइनउँ चेलन अपने अपने घरे चला गएन। 11मरियम रोवत चिल्लात कब्र क बाहेर खड़ी रहि गइ। रोवत चिल्लात उ कब्र मँ अन्दर झाँकि के बदे नीचे झुकी। 12जउने जगह ईसू क सव रखा रह, हुवाँ उ सफेद कपरा पहिरे दुइ ठु सरगदूत बइठा रहेन, ओहमाँ स एक ठु सिरहाने प बइठा रहा अउर दूसर पइताने प बइठा रहा।

13उ पचे ओसे पूछेन, "ऐ स्त्री तू काहे क रोअति अहा?" उ जवाब दिहेस, "उ पचे मोरे पर्भू क उठाइ लइ गवा अहइँ अउर मोका इ पता नाहीं बाटइ कि ओका कहाँ रखे अहइँ?" 14ऍतना कहिके उ मुड़ी अउर देखेस कि ईसू खड़ा अहइ। मुला उ जानि नाहीं पाएस कि उ ईसू रहा।

15ईसू ओसे कहेस, "ऐ स्त्री तू काहे रोअति अहा? तू केका खोजति अहा?"

उ इ जानेस कि पूछइवाला माली अहइ, उ ओसे कहेस, "महासय, जउ तू कबहूँ ओका उठाए होया तउ मोका बतावा कि तू ओका कहाँ रखे अहा? मइँ ओका लइ जाबइ।"

16ईसू ओसे कहेस, "मरियम!"

उ पाछे मुड़ी अउर इब्रानी मँ कहेस, "रब्बूनी" (मतलब "हे गुरु।")

17ईसू ओसे कहेस, "मोका जिन छुआ काहेकि मइँ अबहिं तलक परमपिता क पास ऊपर नाहीं पहुँचा अही। तू मोरे भाइयन क लगे जाइके बतावा, 'मइँ अपने परमपिता अउर तोहरे परमपिता तथा अपने परमेस्सर अउर तोहरे परमेस्सर क पास ऊपर जात अही।'"

18मरियम मगदलीनी आइके चेलन क सम्न्वा बताएस, "मइँ पर्भू क देखेउँ!" अउर उ मोका इ बात बताएस।

चेलन क दर्सन देब

(मत्ती 28:16-20; मरकुस 16:14-18; लूका 24:36-49)

19उहइ दिन संझा क, उ हफ्ता क पहिला दिन रहा ओकर चेलन यहूदियन क डरके मारे आपन आपन दरवाजा बन्द करे रहेन। उहइ समइ प ईसू आइके ओनके बीच मँ खड़ा होइ गवा अउर ओनसे कहेस, "तोहका सबका सान्ति मिलइ।" 20ऍतना कहिके उ ओनका सबेन्ह क आपन हाथ अउर आपन बगल देखाॅएस। सब चेलन अपने पर्भू क देखके बहुत आनन्द मँ आइ गएन।

21तउ ईसू ओनसे फिन कहेस, "तोहका सबका सांति मिलइ। वइसेन जइसेन परमपिता मोका भेजेस, मइँ तू पचे क भेजत अही।" 22इ कहिके उ ओनके सबके ऊपर फूँक मारेस अउर ओनसे कहेस, "पवित्तर आतिमा क अपनाइ ल्या। 23जउने मनई क पाप क तू छमा करत ह, ओनका छमा मिलत ह अउर जउन मनई क पापन क तू छमा नाहीं करत्या, उ सब बिना छमा पाए रहत हीं।"

ईसू थोमा क दर्सन दिहेस

24थोमा जउन बारह मँ स एक रहा अउर दिदुमुस कहवावा जात रहा, जब ईसू आवा रहा तउ ओकरे साथे नाहीं रहा। 25दूसर चेलन ओसे कहत रहेन, "हम पर्भू क देखे" मुला उ ओनसे कहेस, "जब उ तलक मइँ ओकरे हाथन मँ कील क निसानी न देख लेब अउर ओहमाँ आपन अंगुरी न डाइ लेब, तथा ओकरे पंजरे मँ आपन हाथ न डाइ लेब तब तक मइँ बिसवास न करब।"

26आठ दिन क बाद ओकर चेलन फिन एक दाईं घरे क भीतर रहेन। अउर थोमा ओनके साथे रहा। दरवाजा प ताला लगा रहा, मुला ईसू आवा अउर ओनके बीचे मँ खड़ा होइके बोला, "तोहका सबन क सान्ति मिलइ!" 27फिन उ थोमा स कहेस, "हाँ आपन अंगुरी अब अउर मोर हाथ देख, आपन हाथ फैलाइके मोरे पंजरे मँ डावा। सन्देह करब छोड़ द्या अउर बिसवास करा।"

28एकर जवाब देत थोमा बोला, "मोर पर्भू, हे मोर परमेस्सर!"

29ईसू थोमा स कहेस, "तू मोका देखिके बिसवास करे अहा। मुला उ पचे धन्य अहइँ जउन बिना देखे बिसवास करत हीं।"

इ किताब यूहन्ना काहे लिखेस

30ईसू अउर तमाम चमत्कार चिन्ह अपने चेलन क देखाएस जउन इ किताब मँ नाहीं लिखी अहइँ। 31अउर जउन बात हिआँ लिखी अहइँ। उ इ बदे लिखी अहइँ कि तू बिसवास करा कि ईसू ही परमेस्सर क पूत मसीह अहइ। अउर इही बदे कि बिसवास करत ओकरे नाउँ स तोहका सबन क अनन्त जीवन मिलइ।

ईसू झील प परगट भवा

21 एकरे बाद झील तिबिरियास प ईसू अपने चेलन क समन्वा फिन खुदइ क परगट किहेस। उ खुदइ क इ तरीके परगट किहेस। 2समौन पतरस, थोमा (जउन जुड़ौधा कहवावा जात रहा) गलील क काना क नतनएल, जब्दी क बेटवन अउर ईसू क दुइ ठु चेलन हुवाँ इकट्ठा रहेन। 3समौन पतरस ओनसे कहेस, "मइँ मछरी पकड़इ जात अही।"

उ पचे ओसे बोलेन, "हमहूँ पचे तोहरे साथे चलत अही।" उ सबेन्ह ओकरे साथे चल दिहेन अउर नाउ प बइठ गएन। मुला उ रात उ पचे कछू नाहीं पकड़ पाएन।

4अब तलक सबेर होइ गवा रहा। मुला चेलन क पता नाहीं चल पावा कि हुवाँ ईसू अहइ। 5फिन ईसू ओनसे कहेस, "लड़को, तोहरे लगे कउनो मछरी अहइ?"

उ पचे जवाब दिहेन, "नाहीं।"

6फिन उ कहेस, "नइया क दहिनी तरफ जाल फेंका तउ तोहका कछू मिली।" तउ उ पचे जाल फेंकेन मुला ऍतना जियादा मछरी रहिन कि फिन जाल क वापस नाहीं खींच पाएन।

7फिन ईसू क पियारा चेला पतरस स कहेस, "इ तउ पर्भू अहइ।" जब समौन इ सुनेस कि उ पर्भू अहइ तउ उ आपन बाहेर पहिनइवाला कपरा कस लिहेस (काहेकि उ नंगा रहा) अउर पानी मँ कूद पड़ा। 8मुला दूसर चेलन मछलिअन स भरा जाल खींचत भए नाउ स किनारे आएन (काहेकि उ धरती स जियादा दूर नाहीं रहेन, ओनकइ दूरी करीब सौ मीटर क रही।) 9जब उ पचे किनारे आएन तउ हुवाँ जरत कोयलन क आग देखेन। ओकरे ऊपर मछरी अउर रोटी पकावइ क बदे रखी रही। 10ईसू ओसे कहेस, "तू पचे जउन मछरी पकरे अहा, ओहमाँ स कछू लइ आवा।"

11फिन समौन पतरस नाउ प गवा अउर एक सौ तिरपन बड़ी मछरिअन स भरा जाल किनारे प खींच लिहेस। जाल मँ ऍतनी अधिक मछरी रहिन मुला जाल फटा नाहीं।

12ईसू ओनसे कहेस, "हियाँ आवा अउर खाना खा।" ओकरे चेलन मँ स कउनो क हिम्मत नाहीं परी कि ओसे पूछ सकइँ कि, "तू कउन मनई अह्या?" काहेकि उ जान ग रहेन कि उ पर्भू अहीं। 13ईसू आगे गवा। उ रोटी लिहेस अउर ओनका दइ दिहेस अउर इहइ तरह स मछरियन क दइ दिहेस।

14अबइ तीसरी बार रहा जब कि मरे क बाद जी उठिके उ आपने चेलन क समन्वा परगट भवा।

ईसू क पतरस स बातचीत

15जब पचे उ खाना खाइ चुकेन तउ ईसू समौन
पतरस स कहेस, "यूहन्ना क बेटवा समौन, जेतॅना पिरेम
इ मोसे करत ह, तू मोसे ओसे जियादा पिरेम करत ह?"
पतरस ईसू स कहेस, "हाँ पर्भू, तू जानत ह कि मइँ
तोहसे केतॅना पिरेम करित ह।"
ईसू पतरस स कहेस, "मोरे मेमनन क रखवाली
करा।"
16उ ओसे दुसरी बार बोला, "यूहन्ना क बेटवा समौन,
का तू मोसे पिरेम करत ह?"
पतरस ईसू स कहेस, "हाँ पर्भू, तू जानत अहा कि
मइँ तोहसे पिरेम करित ह।" ईसू पतरस स कहेस, "मोरी
भेड़न* क देखभाल कर।"
17ईसू फिन तीसरी बार पतरस स कहेस, "यूहन्ना
क बेटवा समौन, का तू हमसे पिरेम करत ह?"
पतरस दुखी होइ गवा कि ईसू ओसे तीसरी बार
पूछेस, "का तू मोसे पिरेम करत ह?" इ बदे पतरस ईसू स
कहेस, "पर्भू तू सब कछू जानत ह, तू जानत अहा कि
मइँ तोहसे पिरेम करित ह!"
ईसू ओसे कहेस, "मोरी भेड़न क चरावा। 18मइँ
तोहसे सत्य कहत अहउँ, जब तू जवान रह्या, तउ तू
अपनी कमर प फेंटा कस क जहाँ चाहत रह्या, चला
जात रह्या। मुला जउ तू बुढ़ाइ जाब्या, तउ हाथ पसरब्या
अउर कउनो दूसर तोहका बांधके जहाँ तू नाहीं जाइ
चहब्या, हुवाँ लइ जाई।" 19(उ इ दरसावइ क बदे अइसा
कहेस कि उ कउने तरह क मउत स परमेस्सर क
महिमा करी।) ऍतना कहिके उ ओसे कहेस, "मोरे पाछे
चला आवा!"
20पतरस पाछे मुड़ा अउर देखेस कि उ चेलन जेसे
ईसू पिरेम करत रहा, ओनके पाछे आवत अहइ। (इ
उहइ रहा जउन भोजन करत ओकरी छाती प झुकके
पूछे रहा, "पर्भू, उ कउन अहइ, जउन तोहका धोखे स
पकड़वाई?") 21जब पतरस ओका देखेस तउ उ ईसू स
बोला, "पर्भू, एकर का होई?"
22ईसू ओसे कहेस, "जदि मइँ इ चाही कि जब तलक
मइँ आई, इ हिआँ रहइ, तउ तोहसे का मतलब? तू मोरे
पाछे चला आवा!"
23इ तरह स इ बात भाइयन (मनवइयन) मँ हिआँ
तलक फइल गइ कि उ चेला जेका ईसू पियार करत ह
न मरी। ईसू इ नाहीं कहे रहा कि उ न मरी, बल्कि उ
तउ ऍतना कहे रहा, "जदि मइँ चाही कि जब तलक मइँ
आई, इ हिआँ रहइ तउ तोहसे का मतलब?"
24इहइ उ चेला अहइ जउन एकइ सबके साच्छी देत
ह कि जउन इ सब बात लिखे अहेउँ सब सही अहइँ।
25ईसू इहइ तरीके बहुत काम करेस। जदि एक एक
कइके ओन सबका लिखा जात तउ मइँ सोचित ह कि
जउन किताब लिखी जातिन, उ ऍतना जियादा होतिन कि
पूरी धरती प न अमातिन।

भेड़न ईसू इ सब्दन क आपन मनइयन बरे बइपरत
रहा।

प्रेरितन क काम

लूका क लिखी भइ दूसर किताबे क जानकारी

1 हे थियुफिलुस, मइँ आपन पहिली किताबे मँ ओन
सबइ कामे क बारे मँ लिखेउँ ह जेका सुरु स ईसू
किहेस ह अउर 2उ दिना तलक उ प्रेरितन* क जेनका
उ चुनेस जब ताईं उ पवित्तर आतिमा क आदेस क
अनुसार उ सरगे मँ ऊपर नाहीं उठाइ लीन्ह गवा। 3आपन
मउत क पाछे उ आपन क ठोस प्रमाण लइ के ओनके
समन्वा परगट भवा कि उ जिअत बा। उ चालीस दिना
तलक ओनके अगवा परगट होत रहा अउर परमेस्सर
क राज्य क बारे मँ ओनका बतावत रहा। 4फिन एक
दाईं ओनके संग खइया क खात रहा तउ उ ओनका
हुकुम दिहेस, "यरूसलेम क जिन तजा अउर मुला जेकरे
बारे मँ तोसे कह्यों कि, परमपिता क सपथ पूरा होइ
तलक जोहत रहा। 5काहेकि यूहन्ना तउ पानी स बपतिस्मा
दिहेस, मुला अब तनिक दिना क पाछे पवित्तर आतिमा
स बपतिस्मा दीन्ह जाइ।"

ईसू क सरगे मँ लइ जावा जाब

6तउ जब उ प्रेरितन आपुस मँ भेंटेन, उ पचे पूछेन,
"पर्भू! का तू इहइ समइ प इस्राएल क राज्य क फिन स
लिआइ देब्या?"

7उ ओनसे कहेस, "उ बेलन या तिथियन का जानब
तोहार काम नाहीं, जेका परमपिता खुद आपन अधिकार
स तय किहे अहइ। 8मुला जब पवित्तर आतिमा तोह प
आइ, तोहका सक्ती मिलि जाइ। अउर यरूसलेम मँ,
समूचइ यहूदिया अउर सामरिया मँ अउर धरती क छोर
तलक तू पचे मोर साच्छी होब्या।"

9ऍतना कहे क पाछे ओनकइ लखत लखत ओका
सरगे मँ ऊपर उठाइ लीन्ह गवा। अउर फिन एक बादर
ओका आँखी स ओझल कइ दिहेस। 10जब उ जात रहा
तउ पचे आँखी पसारि के ओका निहारत रहेन। तबहिं
फउरन सफेद कपड़ा पहिरिके दुइ मनई ओकरे समन्वा
आइके ठाड़ भएन।

11अउर बोलेन, "अरे गलीली मनइयो। तू पचे हुवाँ
ठाड़ भवा टकटकी काहे लगाए बाट्या? इ ईसू तोहरे
बीच स सरगे मँ ऊपर उठाइ लीन्ह गवा, जइसे तू ओका
सरगे मँ जात देख्या, वइसे ही उ फिन वापिस लौटि
आई।"

एक नवा प्रेरित क चुनाव

12फिन उ प्रेरितन जैतून नाउँ क पर्वत स, यरूसलेम
लौटि आएन जउन यरूसलेम स कउनो एक किलोमीटर
दूर रहा। 13अउर हुवाँ पहुँचिके ऊपर क उ कमरा मँ
गएन जहाँ उ पचे ठहरा रहेन। इ पचे रहेन–पतरस,
यूहन्ना, याकूब, अन्द्रियास, फिलिप्पुस, थोमा, बरतुलमै
अउर मत्ती, हलफई क बेटवा याकूब, समौन जेलोतेस
अउर याकूब क बेटवा यहूदा।

14ऍनके संग कछू स्त्रियन, ईसू क महतारी मरियम
अउर ईसू क भाई भी रहेन। इ सबइ आपन क एक संग
पराथना मँ चित लगाए राखत रहेन।

15फिन इ दिनन मँ पतरस भाई–बंद क बीच खड़ा
होइके, जेकर गनती कउनो एक सउ बीस रही, कहेस,

16"मोरे भाइयो, ईसू क गिरफतार करावइ वाले
मनइयन क अगुआ यहूदा क बारे मँ, पवित्तर सास्तर
क उ लेख जेका दाऊद आपन मुँहे स पवित्तर आतिमा
बहोत पहिले ही कहे रही, ओकर पूर होब जरुरी रहा।
17उ हम पचन मँ गना गवा रहा अउर इ सेवा मँ ओकर
हाथ रहा।"

18इ मनई जउन धन ओका ओकरे नीचपना क
कामे बरे मिला रहा, उ धने स एक ठु खेत मोल लिहेस
मुला उ पहिले तउ मूँड़े क बल भहरान अउर फिन बदन
फाटि गवा अउर ओकर अँतड़ी बाहेर निकरि आइ।
19अउर सबइ यरूसलेम क बसइयन क एकर पता लग
गवा। यह बरे ओनकइ भाखा मँ उ खेत क हक्लदमा
कहा गवा जेकर अरथ अहइ "लहू क खेत।" 20पतरस
कहेस, "काहेकि भजन संहिता मँ इ लिखा बा,

'ओकर घर उजरि जाइ अउर ओहमाँ रहइ क
कउनो मँ बचइ।'

भजन संहिता 69:25

अउर,

'ओकर मुखियई कउनो दूसर मनई लइ लेइ।'

भजन संहिता 109:8

प्रेरितन चेलन जेनका ईसू आपन खास मदद करइया चुनेस।

21–22यह बरे इ जरूरी अहइ कि जब पर्भू ईसू हमरे
बीच रहा तउ जउन मनइयन हमरे संग सदा रहेन, ओहमाँ
स कउनो एक क चुना जाए। कहइ क मतलब उ समइ
स लइके जब स यूहन्ना मनइयन क बपतिस्मा देब सुरु
किहेस अउर जब तलक ईसू क हमरे बीच स उठाइ
लीन्ह गवा रहा। इ मनइयन मँ स कउनो एक क ओकरे
फिन स जी उठइ क हमरे संग साच्छी होइ चाही।"
23यह बरे उ पचे दुइ मनई क नाउँ दिहेन। एक
यूसुफ जेका बरसबा कहा जात रहा (यूसतुस नाउँ स
जाना जात रहा) अउर दूसर मत्तियाह। 24फिन उ पचे इ
कहत भवा पराथना करइ लागेन, "पर्भू! तू सबहि क
मनवा क जानत ह, हमका बतावा कि इ दुइनउँ मँ स तू
केका चुन्या ह 25जउन एक प्रेरित क तरह सेवा करइ
बरे इ ओहदा क लइ लेई जेका आपन ठउर पर जाइ बरे
ओहदा छोड़िके चला गवा रहा!" 26फिन उ पचे एकरे
बरे पर्ची नाएन अउर पर्ची मत्तियाह क नाउँ क निकरी।
इ तरह गियारह प्रेरितन क दल मँ गना गवा।

पवित्तर आतिमा क अवाई

2 जब पिन्तेकुस्त क दिन आवा तउ उ पचे एक ठउर
प बटुरा रहेन। 2तब्बइ हुवाँ एकाएक अकासे स
खउफनाक आँधी क सब्द आवा। अउर जउन घरे मँ उ
पचे बइठा रहेन, ओहमाँ समाइ गवा। 3अउर आगी क
उठत लपट जइसी जीभ हुवाँ समन्वा देखाँइ देइ लाग।
अउर ओनका आगी क उठत लपट जइसी जिभिया
देखाँइ लागिन। उ सबइ बँटी भइ जीभ एक क ऊपर आइ
ठहरिन। 4उ पचे पवित्तर आतिमा स भावित भएन।
अउर आतिमा स दीन्ह गए सामर्थ क अनुसार उ सबइ
दूसर भाखन मँ बोलइ लागेन।
5हुवाँ यरूसलेम मँ अकास क तरे सबहिं देसन स
आवा भएन यहूदी भगत रहत रहेन। 6जबहिं इ सब्द क
अवाज सुनि गई तैसहिं एक भीड़ बटुर गइ। उ पचे
अचरज मँ पड़ा रहेन काहेकि हर कउनो ओनका आपन
भाखा मँ बोलत सुनेस।
7उ पचे अचम्भा मँ घबड़ियाइके बोलेन, "इ सबइ
बोलवइया मनइयन गलीली नाहीं अहइँ! 8फिन हम पचन
मँ स हर कउनो ओनका आपन मातृभाखा मँ बोलत
भवा कइसे सुनत अहइ? 9हुवाँ पारथी, मेदी अउर एलामी,
मेसोपोटामिया क बसइया, यहूदिया अउर कप्पूदूकिया,
पुन्तुस अउर एसिया 10फ्रूगिया अउर पंफलिया मिस्र अउर
कूरेने सहर क निअरे लिबिया क कछु पहँटा क मनइयन,
रोम स आवा भएन सैलानी,11जेहमाँ जन्मा भवा यहूदी
अउर यहूदी धरम क मनइयन, क्रेती अउर अरबी लोग
हम सबइ परमेस्सर क अचरज कारजन क आपन
आपन भाखा मँ सुनत अहइँ।"12उ पचे सबइ अचम्भा मँ
पड़िके भउचक्का होइके आपुस मँ पूछइ लागेन, "इ का
होत अहइ?" 13मुला दूसर मनइयन प्रेरितन क मसखरी
करत भए बोलेन, "इ सबइ कछू जिआदा दाखरस पिए
बाटेन।"

पतरस क गोहराउब

1814फिन गियारह प्रेरितन क संग पतरस खड़ा भवा
अउर ऊँची अवाज मँ मनइयन क गोहराइ क कहइ
लाग, "यहूदी भाइयो अउर यरूसलेम क सबहिं बासिंदा,
ऍकर अरथ मोका बतावइ द्या। मोरे बचन क धियान स
सुना। 15इ पचे पिए नाहीं अहइँ, जइसा की तू पचे बूझत
अहा। काहेकि अबहिं तउ भिन्सारे क नौ बजा अहइ।
16मुला इ बात अहइ जेकरे बारे मँ योएल नबी कहे रहा:

17'परमेस्सर कहत ह: आखिरी दिना मँ अइसा
होइ कि मइँ सबहिं मनइयन प आपन आतिमा
उडेल देब फिन तोहार पूत अउर बिटिया
भविस्सबाणी करइ लगिहीं। अउर तोहार जवान
मनई दर्सन पइहीं अउर तोहार बुढ़वा लोग
सपना देखिहीं।
18 हाँ, उ दिना मइँ आपन नउकर अउर नउकराती
प आपन आतिमा उडेर देब अउर उ पचे
भविस्सबाणी करिहीं।
19 मइँ ऊपर अकासे मँ अचरज कारजन अउर
तरखाले भुइयाँ प चीन्हा देखाउब खून, आगी
अउर धुआँ क बादर।
20 सूरज अँधियारा मँ अउर चंदा रकत मँ बदल
जाइ, अउर तब पर्भू का दिव्य अउर महान
दिन आइ।
21 अउर तब हर उ कउनो क बचाव होइ जउन
पर्भू क नाउँ पुकारी।'

योएल 2:28-32

22"ओ इस्राएलियो! इ बचन क सुना: नासरी ईसू एक
ठु अइसा मनई रहा जेका परमेस्सर तोहरे समन्वा अद्भुत
कारज, अचरज कारजन अउर अद्भुत चीन्हन क साथ
जेका परमेस्सर आपन खुद किहे रहा तोहरे बीच ओका
परगट किहेस। जइसा कि तू खुद जानत ह। 23ई मनई
तोहका कउनो तय कीन्ह भइ योजना अउर पहिले क
गियान क अनुसार तोहरे हवाले कीन्ह गवा रहा अउर तू
पचे ओका अधर्मियन क हाथे पकड़वाइके क्रूस प चढ़वाया
अउर खीला ठोंकवाइके मरवाइ दिहा। 24मुला परमेस्सर
मउत क दु:खे स अजाद कराइके फिन जिआइ दिहेस।
काहेकि ओकरे बरे इ होइवाला नाहीं रहा कि मउत
ओका राखि पावत। 25जइसा कि दाऊद ओकरे बारे मँ
कहेस ह:

'मइँ हमेसा पर्भू क आपन समन्वा देखेउँ ह। उ
मोरे दाहिन कइँती बिराजत अहइ, काहेकि
मइँ डुग न पावउँ।

26 ऍहसे मोर हिरदय खुस अहइ अउर मोर बाणी
आनंद मँ बा; मोर देह भी आसा मँ जिई।
27 तू मोर आतिमा क अधोलोक मँ न छोड़ब्या।
तू आपन पवित्तर जन क नास क अनुभव न
होइ देब्या।
28 तू ही मोरी जिन्नगी क राह क गियान कराइ
दिहा ह। अउर तू ही आपन हाजिरी स मोका
आनन्द स पूरा कइ देब्या।'

भजन संहिता 16:8-11

29"मोरे भाइयन, मइँ पतिआइके आदि मनई दाऊद
क बारे मँ तू पचन्स कहि सकत हउँ कि ओकर मउत
होइ गइ अउर ओका माटी दइ दीन्ह गइ। अउर ओकर
कब्र हमरे हियाँ आजु तलक मौजूद बा। 30मुला काहेकि
उ एक नबी रहा अउर जानत रहा परमेस्सर सपथ
खाइके ओका बचन दिहेस ह कि उ ओकरे वंस मँ स
कउनो एक क सिंहासने प बइठाई। 31यह बरे अगवा
जउन होइ क बाटइ, ओका दाऊद लखत भए उ जब इ
कहे रहा कि:

'ओका अधोलोक मँ नाहीं छोरा गवा अउर न
ही ओकरे देह स सड़ब गलब क अंजाद लगाएस।'

तउ उ मसीह क पुनरुत्थान क बारे मँ ही कहे रहा।
32इहइ ईसू क परमेस्सर पुनरुत्थान कइ दिहेस। इ सच्चाई
क हम पचे साच्छी अही। 33परमेस्सर क दाहिन हाथे
कइँती सबन ते उँचका ओहदा पाइके ईसू पिता स सपथ
क अनुसार पवित्तर आतिमा पाएस अउर फिन उ इ
आतिमा क उड़ेरेस जेका अब तू लखत बाट्या अउर
सुनत बाट्या। 34दाऊद सरगे मँ नाहीं गवा तउ उ खुद
कहत ह:

'पर्भू (परमेस्सर) मोर पर्भू स कहेस: मोरे दाहिने
बइठा, जब ताईं मइँ
35 तोहरे बैरिन क तोहरे गोड़वा तरे गोड़ धरइ
क चउकी न बनइ देइ।'

भजन संहिता 110:1

36"यह बरे इस्राएल क समूचइ मनइयन ठीक तरह
स समुझ लेइ कि परमेस्सर इ ईसू क जेका तू पचे क्रूस प
चढ़ाइ दिहे रहा, पर्भू अउर मसीह दुइनउँ ठहरावा ग
रहेन!"

37मनइयन जब इ सुनेन तउ उ पचे घबराइ गएन
अउर पतरस अउर दूसर प्रेरितन स कहेन, "तउ भाई,
हम सबन क का करइ चाही?"

38पतरस ओनसे कहेस, "मनफिराओ अउर आपन
पापे क छमा पावइ बरे तू पचन मँ स हर एक क ईसू
मसीह क नाउँ स बपतिस्मा लेइ चाही। फिन तू पवित्तर
आतिमा क उपहार मँ पउब्या। 39काहेकि इ सपथ तोहरे
बरे, तोहरे संतान बरे अउर ओन सब कामे बरे अहइ
जउन बहोत दूर बाटेन। इ सपथ ओन सब बरे अहइ
जेनका हमार पर्भू परमेस्सर आपन लगे बोलावत ह।"

40अउर बहोत स बचन स उ ओनका चिताउनी
दिहेस अउर समझाय के ओनसे कहेस, "इ कुमार्गी पीढ़ी
स आपन खुद क बचावा!" 41तउ जउन ओकरे संदेसा
क अंगीकार किहेन, ओनका बपतिस्मा दीन्ह गवा। इ
तरह उ दिना उ बिसवासियन क झुण्ड मँ कउनो तीन
हजार मनई अउर जुड़ गएन। 42उ पचे प्रेरितन क उपदेस,
संगत, रोटी क तोड़इ अउर पराथना करइ मँ जिअरा
लगाइ दिहन।

बिसवासी क मिली जुली जिन्नगी

43हर मनई प भय रहा अउर प्रेरितन क जरिये
बहुत अचरज कारजन अउर अद्भुत चीन्हन परगट
कीन्ह जात रहेन। 44सबहिं बिसवासी एक संग बटुरत
रहेन अउर ओनके लगे जउन कछू रहा, उ पचे आपुस
मँ बाँट लेत रहेन। 45उ पचे आपन सबहिं चीजन अउर
धन-दौलत बेंचेन अउर ओन सब चिजन्क आपुस मँ
बाँटि लिहन, जइसे जेका जरूरत रही। 46अउर उ पचे
हर दिन मंदिर मँ ऐक उदेस्स स मिलि जात रहेन। उ पचे
घरे मँ रोटी तोड़ लेतेन अउर आनंद अउर निर्मल मन स
खात रहेन। 47उ पचे सब मनइयन क नीक बिचार क
आनंद लेत भए पर्भू क स्तुति गावत रहेन। अउर हर
दिन परमेस्सर, जेनकइ उद्धार करत, ओनकइ दल मँ
अउर जोरि दीन्ह जात।

लँगड़ा भिखारी क चंगा कीन्ह जाब

3 दुपहरिया क बाद तीन बजे पराथना क समइ पतरस
अउर यूहन्ना मंदिर जात रहेन। 2तबहिं एक ठु
अइसा मनई जउन जनम स ही लँगड़ा रहा, लइ जावा
जात रहा। उ पचे हर दिना ओका मंदिर क सुन्नर नाउँ
क फाटक प बइठाइ देत रहेन। काहेकि उ मंदिर मँ
जाइवाला मनइयन स पइसा माँग सकइ। 3ई मनई ने जब
देखा यूहन्ना अउर पतरस मंदिर मँ प्रवेस करयवाला
अहइँ तउ ओनसे पइसा मागेंस। 4यूहन्ना क संग पतरस
ओकरी कइँती लखत भए बोलेन, "हमरी कइँती लखा।"
5तउ उ ओनसे कछू मिल जाइ क आसा करत भवा
ओनकर कइँती लखेस। 6मुला पतरस कहेस, "मोरे लगे
सोना या चाँदी तउ अहइ नाहीं मुला जउन कछू अहइ,
मइँ तोहका देत हउँ। नासरी ईसू मसीह क नाउँ स ठाड़
ह्वा अउर चला।" 7फिन ओकर दाहिन हथवा धइके
ओका उठाएस. फउरन ओकरे गोड़वा अउर अखनी मँ
जान आइ गइ। 8अउर उ फिन आपन गोड़वा क बल
उछरा अउर चल दिहस। उ उछरत कूदत चलत अउर

परमेस्सर क स्तुति गावत ओनकइ संग मंदिर मँ घुसा। 9सबहिं मनइयन ओका चलत अउर परमेस्सर क स्तुति गावत लखेन। 10पहिचानेन कि इ उहइ अहइ जउन मंदिर क सुन्नर दुआरे प बइठा भीख माँगत रहा। ओकरे संग जउन कछू भवा रहा ओह पइ उ पचे अचरज स भरि अउर चकित होइ गएन।

पतरस क प्रबचन

11उ मनई अबहिं पतरस अउर यूहन्ना क संग रहा। तउ सबहिं मनई अचम्भा मँ पड़िके उ ठउर प ओकरे लगे दउड़त दउड़त आएन जउन सुलैमान क ड्यौढ़ी कहवावत रहा। 12पतरस जब इ लखेस तउ उ मनइयन स बोला, "हे इस्राएल क मनइयन, तू पचे इ बाते प चकित काहे होत बाट्या? अइसे घूरि घूरिके हमका काहे लखत बाट्या, जइसे मान ल्या हम ही आपन सक्ती या बल प इ मनई क चलइ फिरइ जोग्ग बनइ दीन्हह। 13इब्राहीम, इसहाक अउर याकूब क परमेस्सर, हमरे पूर्वजन कपरमेस्सर आपन सेवक ईसू क महिमा स बखानेस। अउर तू पचे ओका मरवावइ बरे धरवाइ दिहा। अउर फिन पिलातुस क जरिए ओका छोर दिहे जाए क जिअरा मँ ठान लेइ स पिलातुस क समन्वा तू पचे ओका मानइ स इनकार कइ दिहा। 14ईसू पवित्तर अउर भोला रहा मुला तू ओका मान्या नाहीं अउर माँग्या कि एक हत्तियारा क तोहरे बरे छोर दीन्ह जाइ। 15जो मनइयन क जिन्नगी देत रहा ओका तू मारि डाया मुला परमेस्सर मरा भवा मँ स ओका पुनर्जीवन दिहस। हम ऍकर साच्छी अही।

16इ ईसू क सक्ती रही जउन इ लँगड़ा क चंगा किहेस। इ भवा काहेकि हम ईसू क सक्ती मँ पतिआइत ह। तू पचे इ मनई क लख सकत ह अउर तू सबइ ओका जानत ह। उ पूरी तरह स चंगा होइ गवा काहेकि उ ईसू मँ ओकर बिसवास रहा। तू पचे निहार्या कि इ सब कछू भवा।

17"हे भाइयो, अब मइँ जानत हउँ कि जइसे अग्याने मँ तू सबइ वइसा ही किहा, वइसा ही तोहार ही नेतन किहन। 18परमेस्सर आपन सबहिं नबियन क मुँहना स बकरवाइ दिहेस कि ओकरे मसीह क दुःख भोगे पड़ी। उ इ तरह पूरा किहेस। 19यह बरे तू आपन मनफिरावा अउर परमेस्सर कइँती फिरि आवा काहेकि तोहार पाप धोइ दीन्ह जाँइ। 20जेसे पर्भू क हाजिर होइ क समइ आतिमा क सान्ति क समइ आइ जाइ अउर पर्भू तोहरे बरे मसीह क पठवइ जेका उ तोहरे बरे चुन लिहे बा, कहइ क अरथ ईसू मसीह। 21मसीह क उ समइ तलक सरग मँ रहइ क होइ जब ताईं सबहिं बातन पहिले जइसी न होंइ जेनके बारे मँ बहोत पहिले ही परमेस्सर पवित्तर नबियन क मुँहना स बताइ दिहे रहा। 22मूसा कहे रहा, 'पर्भू परमेस्सर तोहरे बरे, तोहरे आपन लोगन मँ स ही एक मोरे जइसा नबी खड़ा करी। उ तू पचन स जउन कछू कहइ, तू पचे उहइ प चल्या। 23अउर जउन मनई उ, इ नबी क बात न सुनी, मनइयन मँ स ओका परमेस्सर क मनइयन स अलग कर दीन्ह जाई।'* 24समूएल अउर ओकरे पाछे आए भए सबहिं नबियन जब कबहुँ कछू कहेन तउ एनही दिनन क एलान किहेन। 25अउ तू सबइ तउ ओन नबियन अउर उ करार क उत्तराधिकारी अहा जेका परमेस्सर तोहरे पूर्वजन क संग किहे रहा। उ इब्राहीम स कहे रहा, 'तोहरे सन्ताने स धरती क सभी राष्ट क मनइयन आसीर्बाद पइहीं।'* 26परमेस्सर जब आपन सेवक क पुनर्जीवित किहेस तउ पहिले पहिले उ तोहरे लगे पठएस काहेकि तू पचन्क तोहरे बुरे राहे स दूर कइके आसीर्बाद देइ।"

पतरस अउर यूहन्ना यहूदी सभा क समन्वा

4 अबहिं पतरस अउर यूहन्ना मनइयन स बतियात रहेन कि याजक, मंदिर क सिपाहियन क मुखिया अउर कछू सदूकीयन ओनकइ लगे आएन। 2उ पचे ओनसे इ बाते प भिनका रहेन कि पतरस अउर यूहन्ना उपदेस देत भए ईसू क मरे हुएन मँ स जी उठइ क जरिए पुनरुत्थान क प्रचार करत रहेन। 3तउ उ पचे ओका बंदी बनइ लिहेन अउर काहेकि उ समइ साँझ होइ ग रही, यह बरे दूसर दिना हौलात मँ राखेन। 4मुला उ पचे उ संदेसा सुनेन कि ओनमाँ स बहोतन ओह प बिसवास अउर इ तरह ओनकइ गनती पाँच हजार ताईं पहोंच गइ।

5दूसरे दिन यहूदी नेतन बुजुर्ग यहूदी नेतन अउर धरम सास्तिरियन यरूसलेम मँ बटुरेन। 6महायाजक हन्ना, काइफा, यूहन्ना, सिकन्दर अउर महायाजक क परिवारे क सबहिं मनई भी हुवाँ हाजिर रहेन। 7उ सबइ इ प्रेरितन क आपन समन्वा खड़ा कइके पूछइ लागेन, "तू पचे कउने सक्ती या अधिकार स इ काम किहे ह?"

8फिन पवित्तर आतिमा* क सवार होए स पतरस ओनसे कहेस, "हे मनइयन क नेतन अउर बुजुर्ग नेतन। 9जदि आजु हमसे एक बीमार मनई क संग कीन्ह भलाई क बारे मँ इ पूछब पछोरब होत अहइ कि उ नीक कइसे होइ गवा 10तउ तू सबन्क अउर इस्राएल क मनइयन क इ पता होइ जाइ चाही कि इ काम नासरी ईसू मसीह क नाउँ स भवा ह जेका तू पचे क्रूस प चढ़ाइ दिहा ह जेका परमेस्सर मरि जाए प पुनर्जीवित कइ दिहस ह। उहइ क जरिए पूरी तरह स नीक भवा इ मनई तोहरे समन्वा ठाड़ बा। 11इ ईसू उहइ

'पर्भू ... जाई' व्यवस्था 18:15,19

'तोहरे ... पहहीं' उत्पत्ति 22:18; 26:24

पवित्तर आतिमा परमेस्सर क आतिमा, मसीह क आतिमा अउ सहायक। परमेस्सर अउ ईसू क मिलि जाए स उ मनइयन मँ परमेस्सर क काम करत ह।

'पाथर अहइ जेका तू सबइ राजमिस्तरी लोग
तुच्छ जान्या रहा, उहइ बहोत खास पाथर बन
गवा अहइ।'

भजन संहिता 118:22

12कउनो दूसर स उद्धार नाहीं अहइ, संसारे मँ
अउर दूसर नाउँ नाहीं अहइ जेहसे मानव जाति बचाई
जाय सकइ। हम सब ईसू स ही उद्धार पाउब!"
13उ पचे जब पतरस अउर यूहन्ना क निडर होब
निहारेन अउर इ समुझेन कि पतरस अउर यूहन्ना अनपढ़
अउर साधारण मनइ रहेन तउ ओनका बहोत अचरज
भवा। फिन उ पचे जान गएन कि इ सबइ ईसू क संग
रहि चुका बाटेन। 14अउर काहेकि उ पचे उ मनई क
जउन चंगा भ रहा, ओनकइ संग खड़ा भवा लखत रहेन।
तउ ओनकइ लगे तनिकउ बोलइ क कछू नाहीं रहा।
15उ पचे ओनसे यहूदी महासभा स निकर जाइ क कहेन
अउर फिन उ सबइ इ कहत भए आपुस मँ बिचार करइ
लागेन कि 16"इ पचन्क संग कइसा बिवहार कीन्ह जाइ?
काहेकि यरूसलेम मँ बसइया हर कउनो जानत ह कि
ऍनके जरिये एक ठु अचरज क काम कीन्ह गवा ह
अउर हम ओका मना नाहीं कइ सकित। 17मुला हम
ऍनका चिताउनी दइ देइ कि उ सबइ इ नाउँ क बात
कउनो अउर मनई स जिन करइँ काहेकि मनइयन मँ इ
बात क संचरइ क अउर फैलि जाइ स रोक जाइ सकइ।"
18तउ पचे ओनका भीतर बोलाएन अउर हुकुम
दिहेन कि उ पचे ईसू क नाउँ प न तउ कउनो स कछू
बात करइँ अउर न ही उपदेस देइँ। 19मुला पतरस अउर
यूहन्ना ओनका जवाब दिहेन, "तू पचे ही फरियावा, का
परमेस्सर क समन्वा हमरे बरे इ नीक होइ कि परमेस्सर
न सुनिके हम तोहार सुनी? 20हम, जउन कछू हम पचे
लखा ह अउर सुना ह, ओका कहे क आलावा अउर
कछू नाहिं कर सकित।" 21-22फिन उ पचे ओनका
धमकाए क पाछे छोड़ दिहन। ओनका सजा देइ क
कउनो रस्ता नाहीं मिलि सका काहेकि जउन कछू भवा
रहा, ओकरे बरे सबहिं मनइयन परमेस्सर क स्तुति
करत रहेन। जउने मनई क नीक करइ क इ काम
कीन्ह गवा रहा, ओकर उमिर चालीस बरिस स जिआदा
रही।

पतरस अउर यूहन्ना क लउटब

23जब ओनका छोड़ दीन्ह गवा तउ आपन ही मनइयन
क लगे आइ गएन अउर ओनसे जउन कछू मुख्ययाजक
अउर बुजुर्ग यहूदी नेतन कहेन, उ सब ओनका कहिके
सुनावा गवा। 24जब उ पचे इ सुनेन तउ मिलिके उँची
अवाज मँ परमेस्सर क गोहरावत भवा बोलेन, "स्वामी,
तू ही अकास, धरती, समुद्दर अउर ओकरे अंदर जउन
कछू अहइ, ओका बनाया ह। 25तू ही पवित्तर आतिमा
क जरिये आपन सेवक, हमरे पूर्वज दाऊद क मुँहना स
कहे रहा:

'देखाएन इ जातिन आपन अहंकार काहे?
मनइयन वृथा ही कुचाल काहे किहेन?
26 इ धरती क राजा लोग आपन क तइयार
किहेन ओनके खिलाफ जुद्ध बरे। अउर
राजा बटुर गएन पर्भू अउर ओकरे मसीह क
खिलाफत मँ।'

भजन संहिता 2:1-2

27हाँ, हेरोदेस अउर पुन्तियुस पिलातुस भी इ सहर मँ गैर
यहूदियन अउर इस्राएलियन क संग मिलिके तोहरे पवित्तर
सेवक ईसू क खिलाफ, जेकर तू मसीह रूप मँ अभिसेक
किहे ह, सचमुच उ पचे एक अउट ग रहेन। 28उ पचे
बटुर गएन काहेकि तोहार सक्ती अउर इच्छा क अनुसार
जउन कछू पहिले ही तय होइ चुका रहा, उ पूरा होइ।
29अउर अबहिं हे पर्भू, ओनकइ धमकिन प धियान द्या
अउर आपन सेवक लोगन क निडर होइके 'तोहार
बचन' सुनावइ क सक्ती द्या 30जब कि चंगा किहे क
पाछे आपन हाथ बढ़ाया अउर अद्भुत चीन्हन अउर
अद्भुत कारजन तोहरे पवित्तर सेवकन क जरिये ईसू
क नाउँ प कीन्ह जात रहत हीं।"
31जब उ पचे पराथना कइ चुकेन तउ जउने ठउरे
प उ सबइ बटुरा रहेन, उ हल गवा अउर ओन सब मँ
'पवित्तर आतिमा' समाइ गवा। अउर उ पचे निडर होइके
परमेस्सर क बचन बोलइ लागेन।

बिसवासी क मेल जोल क जिन्नगी

32बिसवासियन क इ समूचा दल एक मन अउर एक
तन स साथ रहा। कउनो भी इ नाहीं कहत रहा कि
ओकर कउनो भी चीज ओकर आपन अहइ। ओनकइ
लगे जउन कछू होत, उ पचे सब कछू क आपुस मँ बाँट
लेतेन। 33अउर प्रेरितन पूरी सक्ती क संग पर्भू ईसू क
पुनरुत्थान क बारे मँ साच्छी देत रहेन। परमेस्सर क
महान बरदान ओन पइ बना रहत।
34दले मँ कउनो क कउनो चीज क कमी नाहीं
रहत रही। काहेकि जउन कउनो क लगे खेत या घर
होत, उ पचे ओका बेच देत रहेन अउर ओसे जउन धन
मिलत, 35ओका लिआइके प्रेरितन क गोड़वा प धइ
देतेन। अउर जेका जेतॅनी जरुरत होत, ओका ओतॅना
धन दइ दीन्ह जात।
36उदाहरण बरे यूसुफ नाउँ क, साइप्रस मँ पइदा भवा,
एक लेवी रहा, जेका प्रेरितन बरनाबास (अर्थात् "सान्ति
क पूत") भी कहा करत रहेन। 37उ एक ठु खेत बेंच
दिहेस जेकर उ मालिक रहा अउर उ धन लाइके प्रेरितन
क गोड़वा प धइ दिहस।

हनन्याह अउर सफीरा

5 हनन्याह नाउँ क एक मनई अउर ओकर पतनी सफीरा मिलिके आपन दौलत क एक हींसा बेंच दिहेन। 2अउ आपन पतनी क जानकारी मँ एहमाँ स कछू धन जुरय लिहेन। अउर कछू धन प्रेरितन क गोड़वा प धइ दिहन। 3ऍह पइ पतरस कहेस, "अरे हनन्याह, सइतान क तू आपन मन मँ इ बात नाइ देइ दिहा कि तू पवित्तर आतिमा स झूठ बोल्या अउर धरती क बेंचे स मिला धन मँ स तनिक बचाइके धइ लिहा? 4ओका बेंचइ स पहिले का उ तोहार ही नाहीं रही? अउर जब तू ओका बेंच दिहा तउ उ धन का तोहरे कब्जा मँ नाहीं रहा? तू इ बात क काहे सोच्या? तू मनइयन स नाहीं, परमेस्सर स झूठ बोल्या हा।" 5हनन्याह जबहिं इ सब्दन क सुनेस तउ उ चकराइके गिरि गवा अउर दम तोड़ दिहस। जउन कउनो भी इ बारे मँ सुनेस, सबन प गहिर भय छाइ गवा। 6फिन जवान पुरुसन उठिके ओका कफन मँ लपेटेन अउर बाहेर लइ जाइके गाड़ दिहेन।

7कउनो तीन घण्टा पाछे, जउन कछू भवा रहा, ओका न जानत भइ ओकर पतनी भितरे आइ। 8पतरस ओसे कहेस, "बतावा, तू आपन खेत क ऍतने मँ ही बेच्या ह?"

तउ उ कहेस, "हाँ, ऍतना मँ ही।"

9तबहिं पतरस ओसे कहेस, "तू पचे दुइनउँ पर्भू क आतिमा क परीच्छा बरे काहे मान लिहा? लखा तोहरे भतारे क दफनावइवालन क गोड़ दुआरे ताईं आइ ग अहइ अउर उ पचे तोहका भी ढोइ लइ जइहीं।" 10तब उ ओकरे गोड़े प गिरि पड़ी अउर मरि गइ। फिन जवान पुरुसन भितरे आएन अउर ओका मरा पाएन। तउ उ पचे ओका ढोइके ओकरे पति क लगे ओका गाड़ दिहन। 11तउ समूचइ कलीसिया अउर जउन कउनो इ बात क सुनेस, ओन सब प गहिरा भय छाइ गवा।

प्रमाण

12प्रेरितन क जरिये मनइयन क बीच बहोत स अद्भुत कारजन परगट होत रहेन अउर अचरज कारजन कीन्ह जात रहेन। उ पचे सबहिं सुलैमान क ओसारे मँ बटुरा रहेन। 13मुला ओनमाँ स कउनो क हिम्मत प्रेरितन मँ मिलइ बरे नाहीं होत रही। मुला मनइयन ओनकइ गुन खूब गावत रहेन। 14ओहर पर्भू प बिसवास करइवालन स्त्रियन अउर पुरुसन जिआदा स जिआदा बाढ़त जात रहेन। 15ऍकरे कारण मनइयन आपन कछू बीमार लोगन क लाइके खटिया अउर बिछौना प गलियन मँ ओलारइ लागेन काहेकि तबहिं पतरस ओहर स निकरा तउ ओनमाँ स कछू प कमती स कमती छाया पड़ि सकइ। 16यरूसलेम क आसपास क नगर स लोग आपन बेरमियन अउर दुस्ट आतिमा स सतावा गएन मनइयन क लइके आवइ लागेन। अउर सबहिं चंगा होइ जात रहेन।

यहूदियन क प्रेरितन क रोकइ क जतन

17फिन महयाजक अउर ओकर संगी यानी सदूकियन क दल, ओनकइ खिलाफ खड़ा होइ गएन। उ पचे मने मँ कुढ़त रहेन। 18यह बरे उ पचे प्रेरितन क बंदी बनाइ लिहन अउर ओनका कैदखाना मँ बन्द कइ दिहेन। 19मुला राति क समइ पर्भू क एक दूत कैद क फाटक खोल दिहस। उ ओनका बाहेर लइ जाइके कहेस, 20"जा, मंदिर मँ ठाड़ होइ जा अउर इ नई जिन्नगी क बारे मँ मनइयन क सब कछू बतावा।" 21जबहिं उ पचे इ सुनेन तउ भोरहिं तड़के मंदिर मँ घुसि गएन अउर उपदेस देइ लागेन।

फिन जब महायाजक अउर ओकर संगी हुवाँ पहोंचेन तउ उ पचे यहूदी संघ अउर इस्राइल क बुजुर्ग क पूरी सभा न्योतेन। उ पचे कैदखाना स प्रेरितन क बोलवावइ पठएन। 22किन्तु जब अधिकारी कैदखाना मँ पहुँचेन तउ उ पचे प्रेरितन क हुवाँ नाहीं पाएन। उ पचे लौटिके ऍका बताएन अउर 23कहेन, "हम पचे कैदखाना मँ सुरच्छा क लगा भवा ताला अउर दुआरे प तैनात सुरच्छाकारियन क पावा। मुला जब हम दरवाजा खोला तउ हमका भितरे कउनो नाहीं मिला।" 24जइसेन मंदिर क सुरच्छाकारी अउर मुख्ययाजकन इ सब्दन क सुनेन तउ उ पचे चकराइ गएन अउर सोचइ लागेन, "अब का होई।" 25ऍतने मँ कउनो दूसर मनई आवा अउर ओनका बताएस, "जेनका तू पचे जेल मँ धाँध दिहा ह, उ पचे मंदिर मँ खड़ा होइके उपदेस देत बाटेन।" 26तउ सुरच्छाकारी आपन अधिकारी क संग हुवाँ गवा अउर बिना ताकत क प्रयोग किए ओनका वापस धइ लिआवा काहेकि उ पचे डेरात रहेन कि कहूँ मनई ओनका (मंदिर क सुरच्छा कर्मी) पाथर स न मारइँ।

27उ पचे ओनका भितरे लइ आएन अउर सबन त ऊँचकी यहूदी सभा क समन्वा खड़ा कइ दिहन। फिन महायाजक ओनसे फरियावत भवा पूछेस, 28"हम इ नाउँ स उपदेस न देइ बरे तोहका कर्रा हुकुम दिहे रहे। अउर तू पचे फिन भी समूचइ यरूसलेम क आपन उपदेस स भरि दिहा ह। अउर तू पचे इ मनई क मउत क अपराध हम पचे पइ लादइ चाहत बाट्या।"

29पतरस अउर दूसर प्रेरितन जवाब दिहेन, "हमका मनइयन क बनिस्बद परमेस्सर क आग्या मानइ चाही। 30उ ईसू क हमरे पूर्वजन क परमेस्सर मउत स फिन जीवित कइके खड़ा कइ दिहेस ह जेका एक सूली प टाँगिके तू पचे मार डाया 31ओका ही प्रमुख अउर उद्धारकर्ता क रूप मँ बड़कइ देत भवा परमेस्सर आपन दाहिन हाथे कइँती बइठाएस काहेकि इस्राएलियन क मनफिराव अउर पाप क छमा दीन्ह जाइ सकइ। 32ऍन सबन बातन क हम साच्छी अही अउर वइसे ही पवित्तर आतिमा भी बा उहइ परमेस्सर ओनका दिहेस ह जउन ओकरे आज्ञा क मानत हीं।"

33जब उ पचे इ सुनेन तउ उ पचे कोहाइ गएन
अउर ओनका मारि डावइ चाहेन। 34मुला महासभा मँ स
एक गमलिएल नाउँ क फरीसियन जउन धरमसास्तिरी
अध्यापक रहा अउर जेकर सब लोग मान सम्मान करत
रहेन, ठाड़ भवा अउर हुकुम दिहेस कि ऍनका तनिक
देरी बरे बाहेर कइ दीन्ह जाइ। 35फिन उ ओनसे कहेस,
"इस्राएल क पुरुसो, तू पचे इ मनइयन क संग जउन कछू
करइ प उतारु अहा, ओका सोच बिचारिके किहा। 36कछू
समइ पहिले आपन क बड़कवा एलान करत भवा थियूदास
परगट भवा। ओर कउनो चार सौ मनई ओकरे पाछे भी
होइ गएन, मुला उ मार डावा गवा अउर ओकर सबहिं
मनवइयन एहर ओहर छिटक गएन। ओकर फल कछू
नाहीं निकरा।

37ओकरे पाछे जनगणना क समइ गलीली क बसइया
यहूदा परगट भवा। उ भी कछू मनइयन क आपन पाछे
कइँती हैंच लिहेस। उ भी मारि डावा गवा। ओकर भी
सबहिं एहर ओहर होइ गएन। 38यह बरे अबहिं मइँ तू
पचन्स कहत हउँ, इ मनइयन स अलग रहा, ऍनका
अइसे ही अकेल्लॅ छोरि द्या काहेकि ऍनकइ इ चाल या
काम मनई कइँती स अहइ तउ खुद नास होइ जाइ।
39मुला जदि उ परमेस्सर स अहइ तउ तू पचे ओनका
रोक न पउब्या। अउर तब होइ सकत ह तू आपन खुद
क ही परमेस्सर क खिलाफ लड़त भिड़त पउब्या!"

उ पचे जइसा गेमलिएल कहेस मान लिहेन। 40अउर
प्रेरितन क भितरे बोलाइके उ पचे कोड़ा लगवाएन अउर
इ आज्ञा दइके कि उ पचे ईसू क नाउँ क कउनो चर्चा
न करइँ, ओनका जाइ दिहेन। 41तउ उ पचे प्रेरितन इ
बात क मजा मारत भए कि ओनका ओकरे नाउँ बरे
बेज्जत रहइ क जोग्ग गना गवा ह, यहूदी महासभा स
बाहिर चला गएन।

42फिन मंदिर अउर घर-घर मँ हर रोज इ सुसमाचार
कि ईसू मसीह अहइ उपदेस देब अउर प्रचार करब उ
पचे कबहुँ नाहीं तजेन।

खास काम बरे सात मनइयन क चुना जाब

6 उ दिनन जबहिं चेलन क गनती बाढ़त रही, तउ
यूनानी बोलवइया अउर इब्रानी बोलवइया यहूदियन
मँ एक झगड़ा होइ गवा काहेकि रोजाना विधवावन क
चीज बाँटइ मँ ओनकइ सुधि नाहीं लीन्ह जात।

2तउ बारहु प्रेरितन क समूची मण्ड़ली क एक साथे
बोलाइके कहेन, "हम सबइ बरे परमेस्सर क बचन क
सेवकइ तजिके खिलाने क इन्तजाम करब नीक नाहीं
अहइ। 3भाइयन, आपन मँ स सात नामी मनइयन क
पवित्तर आतिमा अउर सूझबूझ स भरा भवा सात मनइयन
क चुनि ल्या। हम ओनका इ कामे क हकदार बनइ
देइ। 4अउर आपन आपका पराथना अउर बचन क
सेवा क कामे मँ जिअरा लगाइ क राखब।"

5इ सुझावे स समूचइ मण्डली बहोत खुस भइ। तउ उ
पचे बिसवास अउर पवित्तर आतिमा स भरा भवा स्तिफनुस
नाउँ क मनई क अउर फिलिप्पुस, प्रखुरुस, नीकानोर,
तिमोन, परमिनास अउर अन्ताकिया क निकुलाऊस क
यहूदी धरम क कबूले रहा, चुन लिहेस। 6अउर इ मनइयन
क फिन उ पचे प्रेरितन क समन्वा हाजिर कइ दिहन।
प्रेरितन पराथना किहेन अउर ओन पइ हाथ धरेन।

7इ तरह परमेस्सर क बचन संचरइ लाग अउर
यरूसलेम मँ चेलन क गनती बहोत बाढ़इ लाग। याजकन
क एक बहोत बड़ा गुट भी इ मत क मानइ लाग।

यहूदी स्तिफनुस क खिलाफ

8स्तिफनुस एक अइसा मनई रहा जउन अनुग्रह
अउर सामर्थ स भरपूर रहा। उ मनइयन क बीच बड़ा
बड़ा अद्भुत कारजन अउर अद्भुत चीन्हन परगट करत
रहा। 9मुला अजाद कीन्ह भवा अइसा कहवावत मनइयन
मँ स कछू लोग जउन कुरेनी अउर सिकन्दरिया, अउर
किलिकिया अउर एसिया स आवा भएन यहूदी रहेन, उ
पचे ओनकइ खिलाफ बहस करइ लागेन। 10मुला उ
जउन बुद्धिमानी अउर आतिमा स बोलत रहा, उ पचे
ओकरे समन्वा नाहीं टिक पाएन। 11फिन उ पचे कछू
क लालच दइके कहवाएन, "हम पचे मूसा अउर परमेस्सर
क खिलाफ एँका बेज्जत स भरा सबद कहत सुना ह।"
12इ तरह उ पचे जनता क बुजुर्ग यहूदी नेतन क, अउर
धरम सास्तिरियन लोगन्क हुस्काइ दिहेन। फिन उ पचे
ओका आइके धइ लिहेन अउर सबन स सर्वोच्च यहूदी
महासभा क समन्वा लइ आएन। 13उ पचे उ सब लबार
गवाह हाजिर किहेन जउन कहेन, "इ मनई इ पवित्तर
ठउर अउर व्यवस्था क खिलाफ बोलत बालत कबहुँ
रुकत नाहीं बा। 14हम एँका कहत सुना ह कि इ नासरी
ईसू इ जगह क नास कइ देइ अउर मूसा जउन रीति-रिवाज
क हमका दिहे अहइ ओका बदल देइ।" 15फिन सबन स
सर्वोच्च यहूदी महासभा मँ बइठा भए सबहिं मनइयन मँ
ओका धियान स लखा तउ पावा कि ओकर मुहँना
कउनो सरगदूत क नाई देखाई देत रहा।

स्तिफनुस क भाखन

7 फिन महायाजक कहेस, "का इ बात अइसे ही अहइ?"
2उ जवाब दिहस, "भाइयो, अउर बाप क समान
बुजुर्गन, मोर बात सुना। हारान मँ बसइ स पहिले अबहिं
जब हमार बाप इब्राहीम मेसोपोटामिया मँ रहा, तउ महिमा
वाला परमेस्सर ओका दर्सन दिहेस 3अउर कहेस, 'आपन
देस अउर आपन रिस्तेदारन क तजिके तू उ धरती प
चला जा, जेका तोहॅका मइँ देखाँउब।'* 4तउ उ कसदियन
क धरती क तजिके हारान मँ बसि गवा जहाँ ते ओकरे

'आपन ... देखाँउब' उत्पत्ति 12:1

पिता क मउत क पाछे परमेस्सर ओका इ देस मँ आवइ क न्योतेस जहाँ तू पचे अबहिं रहत बाट्या। 5परमेस्सर हियाँ ओका हेबानामा मँ कछू नाहीं दिहस, डग भइ धरती भी नाहीं। तउ भी ओकरे कउनो पूत नाहीं रहा फिन परमेस्सर ओसे प्रतिज्ञा किहेस इ देस उ ओका अउर ओकरे बंसज क ओकरी दौलत क तरह देइ। 6परमेस्सर ओसे इ भी कहेस, 'तोहार बंसज कहूँ विदेस मँ परदेसी होइके रइहीं अउर चार सौ बरिस ताईं ओका नउकर बनइके, ओनके संग बहोत बुरा बर्ताव कीन्ह जाइ।' 7परमेस्सर कहेस, 'दास बनइवइवाली उ राष्ट्र क मइँ सजा देब अउर ऍकरे पाछे उ पचे देस स बाहेर आइ जइहीं अउर इ स्थान प मोर सेवा करिहीं।'* 8परमेस्सर इब्राहीम क खतना क चीन्हा स करार किहेस। अउर उ इ तरह इसहाक क पिता बना। ओकरे जनम क पाछे अठएँ दिन उ ओकर खतना किहेस। फिन इसहाक स याकूब अउर याकूब स बारहु कुल क पहिला मनई पइदा भएन।

9"उ पचे पहिलउ मनइयन यूसुफ स जलन राखत रहेन। तउ उ पचे ओका मिस्र मँ दास बनवइ बरे बेंच दिहेन। मुला परमेस्सर ओनके संग रहा। 10अउर उ ओका सबहिं मुसीबतन स बचाएस। परमेस्सर यूसुफ क गियान दिहेस अउर ओका इ जोग्ग बनएस जेसे उ मिस्र क राजा फिरौन क अनुग्रह पात्र बन जाइ। फिरौन ओका मिस्र क राज्यपाल अउर आपन घर-बार क अधिकारी तैनात किहेस। 11फिन समूचइ मिस्र अउर कनान देस मँ अकाल पड़ा अउर बड़ा संकट छाइ गवा। हमार पूर्वजन खाइ क कछू नाहीं पाइ सकेन। 12जब याकूब सुनेस कि मिस्र मँ अनाज अहइ, तउ उ हमरे पूर्वजन क हुवाँ पठएस इ पहिला मौका रहा। 13ओनकइ दूसर जात्रा क मौका पइ यूसुफ आपन भाइयन क बारे मँ बताएस अउर तब्बइ फिरौन क भी यूसुफ क परिवार क जानकारी मिली। 14तउ यूसुफ आपन पिता याकूब अउर परिवार क सबहि लोगन्क, जउन कुल मिलाइके पचहत्तर रहेन, बोलवाइ पठएस। 15तब याकूब मिस्र आइ गवा अउर उ हुवाँ वइसे ही प्राण तजेस जइसेन हमार पूर्वजन हुवाँ प्राण तजे रहेन। 16ओनकइ ल्हास हुवाँ स सेकम लइ जावा गएन जहाँ ओनका मकबरा मँ दफनाइ दीन्ह गवा। इ उहइ मकबरा रहा जेका इब्राहीम हमोर क बेटहनन स कछू चान्दी दइके खरीदे रहा।

17"जब परमेस्सर क इब्राहीम क जउन बचन दिहे रहा, ओका पूरा होइ क समइ नगिचे आवा तउ मिस्र मँ हमरे मनइयन क गनती बहोत जिआदा होइ गइ। 18आखिर मँ मिस्र प एक अइसे राजा क राज्य भवा जउन यूसुफ क नाहीं जानत रहा। 19उ हमरे मनइयन क छलेस अउर उ हमरे पूर्वजन क निर्दय होइके मजबूर किहेस कि उ पचे आपन गदेलन क बाहेर मरइ क छोरि देइँ जेहसे उ सबइ जिन्दा न रहि पावइँ। 20उहइ समइ मूसा क जन्म भवा। उ बहोत सुन्नर लरिका रहा। उ तीन महीना भर आपन पिता क घर मँ पलत भवा बाढ़त रहा। 21फिन जब ओका बाहेर छोरि दीन्ह गवा तउ फिरौन क बिटिया ओका आपन बेटवा बनइके उठाइ लइ गइ। उ आपन बेटवा क नाईं ओका पालेस पोसेस। 22मूसा क पूरंपूर मिस्रियन क ग्यान क सिच्छा दीन्ह गइ। ओकर सामर्थ बोलइ अउर कामे मँ दुइनउँ मँ रहा।

23"जब उ चालीस बरिस क भवा तउ उ इस्राएल क बंसज, आपन भाइयन क निअरे जाइके ठान लिहेस। 24तउ जब उ एक दाईं लखेस कि ओनमाँ स कउनो एक क संग बुरा व्यवहार कीन्ह जात अहइ तउ उ ओका बचाएस अउर मिस्री मनई क मारिके उ दलित मनई क कसर लिहेस। 25उ सोचेस कि ओकर भाई बंधु जान जइहीं कि ओनका छोड़ावइ बरे परमेस्सर ओका बइपरत अहइ। मुला उ पचे ओका नाहीं समझ पाएन। 26दुसरे दिना ओहमाँ स (ओकरे आपन मनइयन मँ स) जब कछू मनई झगड़त रहेन तउ उ ओनकइ निअरे पहोंचा अउर इ कहत भवा ओनमाँ बीच-बचाव करइ लाग, 'तू पचे आपुस मँ भाई-भाई अहा! एक दूसर क संग बुरा बर्ताव काहे करत अहा?' 27मुला उ मनई जउन आपन पड़ोसी क संग झगड़त रहा, मूसा क धकियावत भवा कहेस, 'तोहका हमार राजा अउर न्यायाधीस के बनएस? 28जइसे कालह तू उ मिस्रि क हत्या कइ दिहे रहा, का तू वइसे ही मोका मारि डावा चाहत ह?'* 29मूसा जब इ सुनेस तउ उ हुवाँ स चला गवा अउर मिदयान मँ एक पड़ोसी क रूप मँ रहइ लाग। हुवाँ ओकरे दुइ बेटवा भएन। 30"चालीस बरिस बीते क पाछे सिनाई पहाड़े क लगे रेगिस्तान मँ एक बरत भइ झाड़ी क लपट क बीच ओकरे समन्वा एक सरगदूत परगट भवा। 31मूसा जब इ लखेस तउ ओका अचरज भवा। जब अउर जिआदा नगिचे स लखइ बरे उ ओकरे लगे गवा तउ ओका पर्भू क बाणी सुनाई पड़ी। 32'मइँ तोहरे पूर्वजन क परमेस्सर हउँ इब्राहीम, इसहाक अउर याकूब क परमेस्सर हउँ।'* डर स कँपकँपात भवा मूसा कछू निहारइ क हिम्मत नाहीं कइ पावत रहा। 33तबहि पर्भू ओसे कहेस, 'आपन गोड़वा क पनही उतार द्या काहेकि जउने ठउर प तू खड़ा अहा, उ पवित्तर भुइँया अहइ। 34मइँ मिस्र मँ आपन मनइयन क संग दुर्दसा क लखेउँ ह, परखेउँ ह। मइँ ओनका जोर स विलाप करत भवा सुनेउँ ह। ओनका अजाद करइ बरे नीचे उतरेउँ ह। आवा, अब मइँ तोहका मिस्र पठउब।'*

'तोहार ... करिहीं' उत्पत्ति 15:13-14; निर्ग 3:12

'तोहका ... ह' निर्ग 2:14

'मइँ ... हउँ' निर्ग 3:6

'आपन ... पठउब' निर्ग 3:5-10

35"इ उहइ मूसा अहइ जेका उ पचे इ कहत भवा
नकारेन, 'तोहका राजा अउर न्यायकर्ता कउन बनाएस
ह?' इ उहइ अहइ जेका परमेस्सर उ सरगदूत क जरिये,
जउन ओकरे बरे झाड़ी मँ परगट भवा रहा, राजा अउर
मुक्ति देइवाला होइ बरे पठएस। 36उ ओनका मिस्र क
भुइँया अउर लाल सागर अउर रेगिस्ताने मँ चालीस
बरिस ताई बहुत अचरज कारजन करत भवा अउर
अद्भुत चीन्हन दखॉवत भवा, बाहेर निकारि लइ आवा।
37इ उहइ मूसा अहइ जउन इस्राएल क लोगन स कहे
रहा, 'तोहरे भाइयन मँ स ही तोहरे बरे परमेस्सर एक
मोरे जइसा नबी पठइ।' * 38इ उहइ अहइ जउन वीरान
जगह मँ सभा क बीच हमार पूर्वजन अउर उ सरगदूत
क साथे मौजूद रहा जउन सीनै पहाड़े प ओसे बात
किहेस। मूसा परमेस्सर स जीवित बचन पाएस जउन
हमका जिन्नगी देत हीं।

39"मुला हमार पूर्वजन ओका मानइ स इनकार कइ
दिहेन। ऍतना ही नाहीं, उ पचे ओका नकार दिहन अउर
आपन मने मँ फिन उ पचे मिस्र लौटि गएन। 40उ पचे
हारून स कहे रहेन, 'हमरे बरे अइसे देवतन क बनावा
जउन हम पचन्क राह सोझॉवइ। इ मूसा क बारे मँ जउन
मिस्र स बाहेर निकारा गवा रहा, हम नाहीं जानित कि
ओकरे संग का कछू घटा।' * 41ओनही दिनन मँ उ पचे
बछवा क तरह एक ठु मूरत गढ़ेन। उ मूरत प उ सबइ
बलि चढ़ाएन। अउर जेका उ पचे आपन हाथे स चढ़ाएन,
ओह पइ आनन्द मनावइ लागेन। 42मुला परमेस्सर ओनसे
मुँहना मोड़ि लिहस। उ सबन्क अकासे क ग्रह−नछत्र क
आराधना करइ बरे छोड़ दीन्ह गवा। जइसा कि नबियन
क किताबे मँ लिखा अहइ:

'ओ इस्राएल क परिवारे क लोगो, का तू पसु
बलि अउर दूसर बलि वीरान मँ मोका नाहीं
चढ़ावत रह्या? चालीस बरिस तलक।
43 तू पचे मोलेक क तम्बू अउर आपन देवता
रिफान क तारा भी आपन संग लइ गवा रहे।
ओन मूरत क भी लइ गवा रहे जेनका तू पचे
आराधना करइ बरे बनए रह्या। यह बरे मइँ
तोहका बेबिलान स भी परे पठउब।'

आमोस 5:25-27

44"पवित्तर क तम्बू भी उ वीरान मँ हमरे पूर्वजन
क संग रहा। इ तम्बू उहइ नमूने प भी बनवा ग रहा
जइसा कि मूसा लखे रहा अउर जइसा कि मूसा स बात
करवइया बनावइ बनावइ बरे ओसे कहे रहा। 45हमार
पूर्वजन ओका पाइके तबहिं हुवॉ स आए रहेन जब यहोसू
क अगुअइ मँ उ पचे उ राष्ट्रन स धरती लइ लिहे रहेन
जेनका हमरे पूर्वजन क समन्वा परमेस्सर निकारिके
खदेरे रहा। दाऊद क समइ तलक हुवॉ उ रहा। 46दाऊद
परमेस्सर क अनुग्रह क आनन्द उठाएस। उ चाहत रहा
कि उ याकूब क परमेस्सर बरे एक ठु मंदिर बनवाइ
सकइ। 47मुला उ सुलेमान ही रहा जउन ओकरे बरे
मंदिर बनवाएस।

48"कछू भी होइ परम परमेस्सर हथवा स बना भवन
मँ निवास नाहीं करत। जइसा कि नबी कहे अहइ:

'प्रभू कहेस, सरग मोर सिंहासन अहइ
49 धरती गोड़वा क चौकी बनी अहइ। कउने
तरह क तू बनउब्या मोर घर? अहइ कहूँ
अइसी जगह, जहाँ अराम पावउँ?
50 का सबहिं कछू इ, मोर बनवा नाहीं रहा हाथे
का?'"

यसायाह 66:1-2

51"अरे हठीले लोग बिना खतना क मन अउर कान
वाले जिद्दी मनइयन, तू पचे सदा पवित्तर आतिमा क
खिलाफत किहे ह। तू सबइ आपन पूर्वजन जइसा ही
अहा! 52का कउनो भी अइसा नबी रहा, जेका तोहार
पूर्वजन नाहीं सताएन? उ पचे तउ ओनका मारि डाए
रह्या। जउन बहोत पहिले स ही उ धर्मी (मसीह) क
अवाई क एलान कइ दिहे रहेन, जेका अब तू धोखा
दइके पकड़वाइ दिहा अउर मरवाइ डाया। 53तू सबइ
उहइ अहा जउन सरगदूतन क जरिये दीन्ह गवा व्यवस्था
क तउ पाइ लिहा मुला ओह पइ चल्या नाहीं!"

स्तिफनुस क कतल

54जब उ सबइ इ सुनेन तउ उ पचे किरोध स पगलाइ
गएन अउर स्तिफनुस पर दाँत पीसइ लागेन। 55मुला
पवित्तर आतिमा स भरा स्तिफनुस सरगे कइँती लखत
रहा। उ निहारेस परमेस्सर क महिमा क अउर परमेस्सर
क दाहिन कइँती खड़ा भवा ईसू क। 56तउ उ कहेस,
"लखा! मइँ लखत हउँ कि सरग खुला भवा अहइ अउर
मनई क पूत परमेस्सर क दाहिन कइँती खड़ा बा!"

57एह पइ उ पचे चिचिआत भवा आपन कान ढाँपि
लिहेन अउर फिन उ सबइ एक संग टूट पड़ेन। 58उ
सबइ ओका घेरॉवत भए सहर स बाहेर लइ गएन अउर
ओहॅ पइ पाथर बरसावइ लागेन। तबहिं गवाह लोग आपन
ओढ़ना उतारि के साउल नाउँ क एक ठु जवान क गोड़े
प धइ दिहेन।

59स्तिफनुस प जब स उ पचे पाथर बरसाउब सुरु
किहेन, उ इ कहत भवा पराथना करत रहा, "पर्भू ईसू,
मोर आतिमा क ग्रहण करा।" 60फिन उ घुटना क बल
भहराइ गवाँ अउर ऊँची अवाजे मँ चिल्लान, "पर्भू, इ

'तोहरे ... पठइ' व्यवस्था 18:15

'हमरे ... घटा' निर्ग 32:1

पाप क ओनकइ खिलाफ जिन ल्या!" ऍतना कहिके उ हमेसा क नींद मँ सोइ गवा।

8 साउल स्तिफनुस क कतल क ठीक बताएस। उहइ दिना स यरूसलेम क कलीसिया प घोर अत्याचार होब सुरु भवा। प्रेरितन क तजिके उ पते सबहिं मनइयन यहूदिया अउर सामरिया क गाउँ मँ तितराइ-बितराइके फैलि गएन।

बिसवासियन प अत्याचार

2-3 कछू भगत लोग स्तिफनुस क गाड़ दिहन अउर ओकरे बरे बहोत दुःख मनाएन। साऊल कलीसिया क बरबाद करब सुरु कइ दिहेस। उ घर-घर जाइके स्त्रियन अउर पुरुसन क घेर्रावत भवा जेल मँ धाँधइ लाग। 4ओहर तितराए बितराए मनई हर ठउरे प जाइके नीक खबर क सुसमाचार देइ लागेन।

सामरिया मँ फिलिप्पुस क उपदेस

5फिलिप्पुस सामरिया नगर क चला गवा अउर हुवाँ मनइयन मँ मसीह क बारे मँ प्रचार करइ लाग। 6फिलिप्पुस क मनइयन जब सुनेन अउर जउन अद्भुत चीन्हन क उ परगट करत रहा, लखेस, तउ जउन बातन क उ बतावा करत रहा, ओन पइ उ पचे एक चित्त लाइके धियान दिहेन। 7बहोत स मनइयन मँ स, जेनमाँ दुस्ट आतिमा समाई रहिन, उ सबई ऊँच अवाजे मँ चिल्लात भइ बाहेर निकरि आइन। बहोत स सुखाड़ी क बेरिमिया अउर अंग भंग नीक होत रहेन। 8उ सहर मँ खुसी छाइ रही।

9हुवँइ समौन नाउँ क मनई रहत रहा। फिलिप्पुस क अवाई स पहिले उ ढेर समइ स उ सहर मँ जादू टोटका करत रहा। अउर सामरिया क मनइयन क अचरज मँ डाइ देत रहा। उ महा पुरुख होइ क दावा करत रहा। 10नान्ह स लइके बड़वारे तलक सबहिं मनइयन ओकरे बात प धियान देतेन अउर कहत रहतेन, "इ मिला परमेस्सर क उहइ सक्ती बा जउन 'महान सक्ती' कहवावत ह!" 11काहेकि उ ढेर दिनन स ओन पचन्क आपन चमत्कारन क घनचक्कर मँ नाइ देत रहा, यह बरे उ पचे ओह पइ धियान देत रहेन। 12मुला उ पचे जब फिलिप्पुस प पतिमानेन काहेकि उ ओनका परमेस्सर क राज्य क सुसमाचार अउर ईसू मसीह क नाउँ बाँचत रहा, तउ उ पचे स्त्रियन अउर पुरुसन दुइनउँ ही बपतिस्मा लेइ लागेन। 13अउर खुद समौन ही ओन पइ पतियाइ लाग। अउर बपतिस्मा लेइ क पाछे फिलिप्पुस क संग उ बड़े निचके स बसइ लाग। उ अद्भुत कारजन अउर अद्भुत चीन्हन क जब उ लखेस, तब दंग रहि गवा।

14जब यरूसलेम मँ प्रेरितन इ सुनेन कि सामरिया क मनइयन परमेस्सर क बचन क मान लिहे अहइँ तउ उ पचे पतरस अउर यूहन्ना क ओनके लगे पठएन। 15जबहिं उ पचे आएन, तब उ दुइनउँ सामरियन बरे पराथना किहेन कि ओनका पवित्तर आतिमा मिलि जाइ। 16काहेकि अबहुँ तलक पवित्तर आतिमा कउनो प नाहीं ओतरी, ओनका फिन पर्भू ईसू क नाउँ प बपतिस्मा हि दीन्ह गवा रहा 17तउ पतरस अउर यूहन्ना ओन पइ आपन हाथ धरेस अउर ओनका पवित्तर आतिमा मिलि गइ।

18जब समौन लखेस कि प्रेरितन क हाथ धरे भइ स पवित्तर आतिमा मिलि गइ तउ ओनके समन्वा धन धरत भवा कहेस, 19"इ सक्ती मोका दइ द्या काहेकि जेह पइ मइँ हाथ धरउँ, ओका पवित्तर आतिमा मिलि जाइ।"

20पतरस ओसे कहेस, "तोहार अउर तोहरे धने क सतियानास होइ! काहेकि तू इ बिचार्या ह कि तू धने स परमेस्सर क बरदान क मोल लइ सकत ह। 21इ बारे मँ तोहार हमार मेल नाहीं खात काहेकि परमेस्सर क समन्वा तोहार हिरदय सही नाहीं बा। 22यह बरे आपन इ दुस्टता बरे मनफिराव अउर आपन कुकरम प पछतावा करा अउर पर्भू स पराथना करा। इ होइ सकत ह कि इ बिचार बरे तोहका छमा कइ दीन्ह जाइ जउन तोहरे मने मँ रहा। 23मइँ लखत हउँ कि तू परिहँसे स भरा अहा अउर पाप क पंजा मँ फँसा बाट्या।"

24यह पइ समौन जवाब दिहेस, "तू पर्भू स मोरे बरे पराथना करा काहेकि तू जउन कहया ह, ओहमाँ स कउनो भी बात मोह प न आइ जाइ!"

25फिन प्रेरितन साच्छी दइके अउर पर्भू क बचन सुनाइके, राहे मँ टेर क सामरी गाँवन मँ सुसमाचार क उपदेस देत भएन यरूसलेम लौटि गएन।

इथियोपिया स आवा भएन मनइयन क फिलिप्पुस क उपदेस

26पर्भू क एक सरगदूत फिलिप्पुस क कहत भवा बताएस, "तइयार होइ जा, अउर सरक प दक्खिन कइँती जा, जउन सरक यरूसलेम स गाजा क जात ह। इ एक निर्जन राह अहइ।" 27तउ उ तइयार भवा अउर निकरि गवा। सरक पइ इथियोपिया क मनई क लखेस। उ नामर्द रहा। इथियोपियन क रानी कंदाके क एक अधिकारी रहा जउन ओकरे सारा खजाना क खजांची रहा। उ आराधना करइ यरूसलेम गवा रहा। 28लउटत भवा उ आपन रथे मँ बैठिके नबी यसायाह क पोथी बाँचत रहा। 29तबहिं उ आतिमा फिलिप्पुस स कहेस, "उ रथे क निचके जा अउर हुवँइ ठहर जा।" 30फिलिप्पुस जब उ रथे क निचके दौड़िके गवा तउ उ ओका यसायाह क पढ़त भवा लखेस। तउ उ कहेस, "का तू जेका बाँचत अहा, ओका बूझत भी बाट्या?"

31उ कहेस, "मइँ भला कहाँ तलक समुझ बूझ सकत हउँ? जब तलक कउनो मोका एकर अरथ न बतावइ?"

फिन उ फिलिप्पुस क रथे प आपन संग बइठाएस।
32पवित्तर सास्तर क जउन हींसा क उ बाँचत रहा, उ
रहा:

"उ भेंड़ क नाईं जप कइ दीन्ह बरे लइ जावा
जात रहा उ ओ मेम्ना क नाईं चुप रहा जउन
आपन उन क कतरइवाला क समन्वा चुप
रहत ह। ठीक वइसे ही उ आपन मुँह खोलेस
नाहीं।
33 अब अइसी दीन दसा मँ ओका निआव स
दुरिआवा गवा।
ओकरी पीढ़ी क कबहँ गाथा कउन गाई?
काहेकि धरती स तउओकर जिन्नगी लइ लीन्ह
गइ।"

यसायाह 53:7-8

34उ अधिकारी फिलिप्पुस स कहेस, "अनुग्रह कइके
बतावा कि इ नबी केकर बारे मँ कहत बाटइ? इ आपन
बारे मँ या कउनो अउर क बारे मँ?" 35फिन फिलिप्पुस
कहब सुरु किहेस अउर इ सास्तर स लइके ईसू क
सुसमाचार तलक सब कछू ओका कहिके सुनाएस।
36रस्ता मँ आगे बढ़त भए उ सबइ पानी क निचके
पहुँचेन। फिन उ अधिकारी कहेस, "लखा! हिआँ पानी
बाटइ। अब मोका बपतिस्मा लेइ मँ का बियाधा अहइ?"
37* 38तब उ रथे क रोकइ बरे आज्ञा दिहेस। फिन
फिलिप्पुस अउर उ अधिकारी दुइनउँ ही पानी मँ उतरि
गएन अउर फिलिप्पुस ओका बपतिस्मा दिहेस। 39अउर
फिन जब उ पचे पानी स बाहेर निकसेन तउ फिलिप्पुस
क पर्भू क आतिमा छीन लइ गवा। अउर उ अधिकारी
फिन ओका कबहुँ नाहीं लखेस। ओहर उ अधिकारी
खुसी मनावत आपन राहे प चला गवा। 40ओह कइँती
फिलिप्पुस खुद क असदोद मँ पाएस अउर कैसरिया
पहोंच तलक उ सब नगरन मँ सुसमाचार प्रचार करत
रहा।

साउल क हिरदय बदलब

9 साउल अबहुँ पर्भू क चेलन क मारि डावइ क
धमकी देत रहा। उ महायाजक क लगे गवा 2अउर
उ दमिस्क क आराधनालय क नाउँ इ मंसा क चिट्ठी
लिहेस कि जेहसे ओका हुवाँ अगर कउनो इ पंथ क
चेलन मिलइ, फिन चाहे उ स्त्रियन होइ, चाहे पुरुसन,
तउ उ ओका बंदी बनाइ सकइ अउर फिन वापिस
यरूसलेम लइ आवइ।

3तउ जब चलत चलत उ दमिस्क क निचके पहोंचा,
तउ एकाएक ओकरे चारिहुँ कइँती अकासे स रोसनी
कउँधी 4अउर उ भुइँया प जाइ गिरा। उ एक अवाज
अनकेस जउन ओसे कहत रही, "साउल, अरे ओ साउल!
तू मोका काहे सतावत अहा?"

5साउल कहेस, "पर्भू, तू कउन अहा?"

उ कहेस, "मइँ ईसू अहउँ जेका तू सतावत बाट्या।
6मुला अब तू खड़ा ह्वा अउर नगर मँ जा। हुवाँ तोहका
बताइ दीन्ह जाइ कि तोहका का करइ चाही।"

7जउन मनई ओकरे संग जात्रा करत रहेन, उ पचे
चुपचाप रहि गएन। उ पचे अवाज तउ अनकेन मुला
कउनो क लखेन नाहीं। 8फिन साउल भुइँया पइ स खड़ा
भवा। मुला जब उ आपन आँखी खोलेस तउ उ कछू भी
नाहीं निहारि सका। यह बरे उ पचे ओकर हाथ धइके
दमिस्क लइ गएन। 9तीन दिना तलक उ न तउ कछू
निहारि पाएस, अउर न ही कछू खाएस या पीएस।

10दमिस्क मँ हनन्याह नाउँ क ईसू क एक चेला
रहा। पर्भू दर्सन दइके ओसे कहेस, "हनन्याह!"

तउ उ बोला, "पर्भू, मइँ इ हउँ।"

11पर्भू ओसे कहेस, "खड़ा ह्वा अउर उ गली मँ
जेका सोझ कहवावइ वाली गली कहा जात ह। अउर
हुवाँ यहूदी क घरे मँ जाइके तारसी क बसइया साउल
नाउँ क एक मनई क बारे मँ पूछताछ करा काहेकि उ
पराथना करत बाटइ। 12उ एक दर्सन मँ लखेस ह कि
हनन्याह नाउँ क एक मनई घरे मँ आइके ओह प हाथ
रखेस ह ताकि उ फिन लखि सकइ।"

13हनन्याह जवाब दिहेस, "पर्भू, मइँ इ मनई क बारे
मँ बहोतन स सुना ह। यरूसलेम मँ तोहरे संत लोगन क
संग इ जउन बुरा काम किहेस ह, उ सब मइँ सुनेउँ ह।
14अउर हियाँ भी इ मुख्ययाजक स तोहरे नाउँ मँ सबहिं
बिसवासी मनइयन क बंदी बनावइ क हुकुम लइ आवा
ह।"

15मुला पर्भू ओसे कहेस, "तू जा काहेकि इ मनई क
विधर्मी मनइयन, राजा लोगन अउर इस्राएल क मनइयन
क समन्वा मोर नाउँ लेइ बरे, एक जरिया क रूप मँ मइँ
चुनेउँ ह। 16मइँ खुद ओका उ सब कछू बताउब, जउन
ओका मोरे नाउँ बरे सहइ क होइ।"

17तउ हनन्याह चला गवा अउर उ घरे क भितरे
पहोंचा अउर साउल प आपन हाथ रखि दिहेस अउर
कहेस, "भाइ साउल! पर्भू ईसू मोका पठएस ह जउन
तोहरे राह मँ तोहरे समन्वा परगट भ रहा जेहसे तू फिन
स लखि सका अउर पवित्तर आतिमा स भरि उठा।"
18फिन तुरतहि बोकला जइसी कउनो चीज ओकरी
आँखिन स टेघरी अउर ओका फिन देखॉइ देइ लाग। उ
खड़ा भवा अउर उ बपतिस्मा लिहेस। 19ओकरे पाछे
फिन तनिक खइया खाए क बाद आपन ताकत पाइ
गवा।

पद 37 'प्रेरितन क काम' की कछू बाद की प्रतियन
मँ पद 37 मिलत ह: "फिलिप्पुस जवाब दिहेस, 'जदि तू आपन
पूरंपूर हिरदय स बिसवास करत ह तउ लइ सकत ह।' अधिकारी
कहेस, 'हाँ! मइँ पतियात हउँ कि ईसू मसीह परमेस्सर क पूत
अहइ।'"

साउल क दमिस्क मँ प्रचार काम

उ दमिस्क मँ चेलन क संग कछू समइ ठहरा।
20फिन इ सोझइ यहूदी आराधनालय मँ पहोंचा अउर ईसू
क प्रचार करइ लाग। उ कहेस, "इ ईसू परमेस्सर क पूत
अहइ।" 21जउन कउनो भी ओका सुनेन, चकित रहि
गएन अउर बोलेन, "का इ उहइ नाहीं अहइ, जउन
यरूसलेम मँ ईसू क नाउँ मँ बिसवास करइया मनइयन
क नास करइ क जतन नाहीं किहेस। अउर का इ
ओनका धरवावइ अउर मुख्ययाजक क समन्वा लइ
जाइ नाहीं आवा रहा?" 22मुला साउल जिआदा स जिआदा
सक्तीसाली होत गवा अउर दमिस्क मँ बसइया यहूदियन
क इ सिद्ध करत भवा कि इ ईसू ही मसीह अहइ,
हरावइ लाग।

साउल क यहूदियन स बच निकरब

23बहोत दिन बीति जाए क पाछे यहूदियन ओका
मारि डावइ क षडयन्त्र किहेन। 24मुला ओनकइ चाल
क पता साउल क होइ गवा। उ पचे सहर क दुआरन प
घात लगाए रहत रहेन जेहसे ओका मारि डावइँ। 25मुला
ओकर चेलन ओका राति मँ उठाइ लइ गएन अउर
झउआ मँ बइठाइके सहर क चहरदीवार के छेदे स
ओका खाले उतारि दिहेन।

यरूसलेम मँ साउल क पहुँचब

26फिन जब उ यरूसलेम पहोंचा तउ उ चेलन क
संग मिलइ क जतन करइ लाग। मुला उ पचे तउ ओसे
ससान रहेन। ओनका इ बिसवास नाहीं रहा कि उ भी
ईसू का एक चेलन अहइ। 27मुला बरनाबास ओका आपन
संग प्रेरितन क लगे लइ गवा अउर उ ओनका बताएस
कि साउल पर्भू क राहे मँ कउने तरह लखेस अउर पर्भू
ओसे कइसे बतियान ह। अउर दमिस्क मँ कउने तरह उ
बेडर होइके ईसू क नाउँ क प्रचार करइ लाग।

28फिन साउल ओनके संग यरूसलेम मँ अजादी स
आवइ जाइ लाग। उ बेडर होइके पर्भू क नाउँ क प्रबचन
करत रहा। 29उ यूनानी भाखा क बोलवइया क साथ
तहत्तुक अउर धरम चर्चा करत रहा मुला उ सबइ तउ
ओका मारि डावा चाहत रहेन। 30मुला जब भाई लोगन्क
इ बात क पता लाग तउ उ पचे ओका कैसरिया लइ
गएन अउर फुव ओका तरसुस पहोंचाइ दिहेन।

31इ तरह समूचइ यहूदिया, गलील अउर सामरिया क
कलीसिया क उ समइ सांति स बीति गवा। उ कलीसिया
अउर जिआदा सक्तीसाली होइ लाग। काहेकि उ पर्भू स
डेराइके आपन जिन्नगी काटत रही, अउर पवित्तर
आतिमा ओका अउर जिआदा हिम्मत देत रही तउ ओकर
गनती बाढ़इ लाग।

32फिन उ समूचइ पहँटा मँ टहरत घूमत पतरस लुद्दा
क संत लोगन स भेंटइ पहोंचा। 33हुवाँ ओका एनियास
नाउँ क एक मनई मिला जउन आठ बरिस स बिछउना
प ओलरा रहा। ओका लकुआ मारि गवा रहा। 34पतरस
ओसे कहेस, "एनियास, ईसू मसीह तोहका चंगा करत ह।
खड़ा ह्वा अउर आपन बिछउना सोझ करा!" तउ उ
तुरंत खड़ा होइ गवा। 35फिन लूद्दा अउर सारोन मँ बसइया
सब मनइयन ओका लखेन अउर उ पचे पर्भू कइँती घूमि
गएन।

पतरस याफा मँ

36याफा मँ तबीता नाउँ क एक चेली रहत रही
(जेकर यूनानी अनुवाद अहइ दोरकास अरथ अहइ
"हिरनी"।) हमेसा नीक नीक काम करत अउर गरीबन
क दान देत। 37ओनही दिनाँ उ बीमार भइ अउर मरि
गइ। उ पचे ओकरे ल्हासे क नहवाइके सीढ़ी क ऊपर
खोली मँ धइ दिहेन। 38लुद्दा याफा क लगे रहा, तउ
चेलन जबहिं इ सुनेन कि पतरस लुद्दा मँ बाटइ तउ उ
पचे ओकरे लगे दुइ मनई पठएन कि उ सबइ ओसे
बिनती करइँ, "अनुग्रह कइके हाली स हाली हमरे लगे
आइ जा!" 39तउ पतरस तइयार होइके ओनके संग चला
गवा। जब पतरस हुवाँ पहोंचा तउ उ पचे ओका सीढ़ी क
ऊपर खोली मँ लइ गएन। हुवाँ सबहिं विधवावन छाती
पीटिके रोवत भइन अउर उ सबइ कुर्ती अउर ओढ़ना
क, जेनका दोरकास बनाए रहा; जबहिं उ पचे ओकरे
संग रहिन देखॉवत भइन खड़ी होइ गइन। 40पतरस हर
कउनो क बाहेर पठएस अउर घुटना क बल निहुरिके
ओसे पराथना किहेस। फिन ल्हास कइँती घूमत भवा
बोला, "तबीता–खड़ी होइजा!" उ आपन आँखिन उघारेस
अउर पतरस क लखतन भइ उठिके बइठी। 41ओका
आपन हाथ दइके पतरस खड़ा किहेस अउर फिन संत
अउर विधवावन क बोलवाइ के ओनका ओका जिन्दा
सौंप दिहेस। 42समूचइ याफा मँ हर कउनो क इ बात क
महाधीरज स तू सब सहि ल्या। 12ओह परमपिता क
धन्यबाद करा, जेका तोहका एह योग्य बनायेस कि
परमेस्सर क उन संत जनन क साथे जउन प्रकासमय
जीवन जिअत हीं, तू उनके लोगन क उत्तराधिकार
पावइ मँ सहभागी बनि सका 13परमेस्सर तउ अँधियारे
क सक्ती स हमार उद्धार किहेस अउर अपने प्रिय
बेटवा क राज्य मँ हमार प्रवेश कराएस। 14ओह बेटवा
क जरिये ही हमका छुटकारा मिला बा आनी हमका
मिली बा हमरे पापन क छमा।

मसीह क दरसन मँ, परमेस्सर क दरसन

15उ न देखाइ देइवाला परमेस्सर क देखाइ देइवाला
रूप अहइ। उ सभन सिस्टी क ऊपर सासन करत ह।
16काहेकि जउन कछू सरगे मँ बा अउर धरती पर बा,
उही क सक्ती स पैदा भवा बा। कछूउ चाहे देखाई देइ
अउर चाहे न देखाइ देइ चाहे सिंहासन होइ चाहे साम्राज्य,
चाहे केउ सासक होइ अउर चाहे अधिकारी, सब कछू
उही क द्वारा रचा गवा बा अउर उही बरे रचा गवा बा।
17सबसे पहिले उही क मौजूदगी रही। ऊही क सक्ती स
सब बस्तु स्थिर बनी रहत हीं। 18एह देह अउर कलीसिया
क मुखिया उहइ अहई। उहइ आदि अहइ अउर मरेन
क फिन स जी उठावइ क उहइ सबसे बड़का अधिकारी
भी उहइ अहई ताकि सब बाते मँ पहिला स्थान उही क
मिलइ। 19काहेकि परमात्मा की इहइ माया कि पूरे जने
क साथे परमेस्सर उही मँ वास करइ चाहेस। 20उही क
जरिये पूरा ब्रह्माण्ड क परमेस्सर तउ अपने स फिन
जोड़इ चाहेस। सभन क जउन धरती क हयेन अउर
सरगे क हयेन। उही लहू क द्वारा परमेस्सर तउ सान्ति
कराएस जेका तउ क्रूस पर बहाए रहा।

21एक समइ रहा जब तू अपने बिचारन अउर बुरे
कामन क कारण परमेस्सर क बरे अनजान अउर
ओकर दुस्मन रहेन। 22परन्तु अब जब मसीह अपने
भौतिक देहे मँ रहा, तब मसीह क मउत क द्वारा
परमेस्सर तउ तोहे खुद अपने आपेन स जोडि लिहेस।
ताकि तोहे अपने सम्मुख पवित्तर, निहकलंक अउर
निर्दोष बनाइके पेस कीन्ह जाई। 23इ तबइ होइ सकत ह
जब तू अपने बिसवासे मँ स्थिरता क साथे अटल बना
रहा अउर इ सुसमाचार क दुवारा दीन्ह गइ ओह आसा
क परित्याग न करा, जेका तू सुने अहा। एह अकास क
नीचे हर कीहीउ परानी क ओकर उपदेस कीन्ह गवा
था। अउर मइँ पौलुस उही क सेवक बना हउँ।

कलीसिया क बरे पौलुस क काम

24अब देखा! मइँ तोहरे बरे जउन कस्ट उठाइत ह,
ओहमाँ आनन्द क अनुभव करत हउँ अउर मसीह क
देह, अउर कलीसिया क बरे मसीह क जातना मँ जउन
कछू कमी रहि गइ रही, ओका अपने सरीरी मँ पूरा
करत हउँ। 25परमेस्सर तउ जउन तोहरे सबन क लाभ
बरे मोका आदेस दिहे रहा, उही क अनुसार मइँ कलीसिया
का एक सेवक ठहरावा गवा हउँ। ताकि मइँ परमेस्सर
क उपदेस क पूरी तरह प्रचार करउँ। 26इ सुसमाचार
सन्तन का गुप्त सत्य अहइ। जउन आदिकाल स सबहिं
आपन लोगन क आँखी स ओझल रहा। परन्तु अब ऐका
परमेस्सर द्वारा लोगन प परगट कई दीन्ह गवा बा।
27परमेस्सर अपने लोगन क इ परगट कई देई चाहत ह
कि उ रहस्यपूर्ण सत्य केतना वैभवपूर्ण बा। ओकरे लगे
इ रहस्यपूर्ण सत्य सभन क बरे बा। अउर उ रहस्यपूर्ण
सत्य इ अहइ कि मसीह तोहरे भित्तरई रहत ह अउर
परमेस्सर क महिमा पावइ बरे उहइ हमार एक मात्र
आसा अहइ। 28हमका जउन गियान मिला बा ओह पूरा
क उपयोग करत भए हम हर कीहीउ क निर्देस अउर
सिच्छा प्रदान करत अही ताकि हम ओका मसीह मँ एक
पूरा व्यक्तित्व बनि के परमेस्सर क आगे हाजिर कइ
सकी। 29मइँ इही प्रयोजन स जउन मसीह मोका दिहेस,
अउर जउन हममे सक्रिय अहइ, संघर्ष करत भए मइँ
कठोर मेहनत करत अहउँ।

2 मइँ चाहत हउँ कि तोहे एह बातन क पता चलि जाइ
कि मइँ तोहरे बरे, लौदीकिया क रहइवालन क बरे
ओन्हन सबके बरे जउन निजी तरह स हमेसा कभउँ
नाहीं मिला हयेन। केतना कठोर मेहनत करत हउँ मइँ
इ एह बरे करत हउँ। 2ताकि ओनके मने क जोस मिलइ
अउर उ परस्पर पिरेम मँ बँधि जाइँ। अउर बिसवासे क
उ सब धन जउन सच्चा गियान स मिलत थ, ओन्हे मिलि
जाइ अउर परमेस्सर क रहस्य भरा सच ओन्हे मिलइ उ
रहस्य भरा सच खुद मसीह अहइ। 3मसीह मँ विवेक
अउर गियान क सब निधियन छुपी बांटिन।

4अइसेन मइँ एह बरे कहत हउँ कि केउ तोहे ओन
तर्क भरी युक्तियन स जेह देखइ मँ अच्छी मीठी देखात ह
मुला असत्य अहइँ भरमाइ न देइ। 5जद्यपि सरीर रूप स
मइँ तोहमें नाहीं हउँ। फिन भी तोहरे मँ आध्यात्मिक रूप
स हउँ। मइँ तोहरे जीवन क अनुसासन अउर मसीह मँ
तोहरे बिसवासे क मजबूती क देखिके खुश हउँ।

मसीह मँ बना रहा

6तउन तू जइसेन क ईसू मसीह अउर पर्भू क रूप मँ
ग्रहण किहे हउँ, तू ओहमे वइसेन ही बना रहा। 7तोहार
जड़ उही मँ होइँ अउर तोहार निर्माण उही पर होइ अउर
तू आपने बिसवासे मँ दृढ़ता पावत रहा जइसेन कि तोहे
सिखावा गवा बा। परमेस्सर क बरे अधिक स अधिक
आभारी बना। 8धियान रखा कि तोहे अपने उ संसारी
बिचारन अउर खोखला परपंच स केउ भरमाइ न लेइ
जउन मानुस ज्ञान स मिलत ह, इ मानव परम्परा पर
आधारित बाटइ, अउर जउन ब्रह्माण्ड क कब्जा
करइवाली सबइ आतिमा क देन अहइ। मसीह स नाहीं
आवत। ये विचार निरर्थक अहइ, अउर संसार क लोगन
स आवत ह। 9काहेकि परमेस्सर मसीह मँ आपन पूरेपने
क साथे मँ निवास करत ह। इहाँ तक कि सांसारिक
जीवन मँ भी 10अउर उही मँ रहिके तू पूरा बना अहा। उ
सब सासकन अउर आधिकारियन क सिरे क मउर
अहइ अहई।

11तोहर खतनउ तउ उही मँ भवा बा। इ खतना
मनई क हाथे स सम्पन्न नाहीं भवा, बल्कि इ खतना जब
तोहे तोहर पापपूर्ण मानऊ सुभाऊ क प्रभाव स छुटकारा
देवॉइ दीन्ह गवा रहा। तब मसीह का जरिये भवा। 12इ एह
बरे भवा कि जब तोहे बपतिस्मा मँ ओकरे साथे गाड़
दीन्ह गवा तउ जे परमेस्सर ओका मरन भएन क बीचे स
जिआइ दिहे रहा, अउर परमेस्सर क काम मँ तोहरे
बिसवासे क कारण मसीह क साथे तोहेउ फिन स जिन्दा
कइ दीन्ह गवा।

13अपने पापन अउर अपने खतना रहित सरीर क
कारण तू मरा भवा रह्या परन्तु तोहे परमेस्सर तउ
मसीह क साथे साथे जीवन प्रदान किहेस अउर हमरे सब
पापन क मुक्तरूप स छमा कइ दिहेस। 14परमेस्सर तउ
हमरे ओह उलटा करजा क जेहमन हमरे द्वारा परमेस्सर
का नियम तोड़ा गवा नियमन क सूचीबद्ध किहे रहा।
जेहका पालन करइ मँ हम असमर्थ रहेन। ओका बेकारइ
ठहराइ दिहेस अउर ओका क्रूस पर कीलन मँ गाड़िके
हमरे राह स दूर हटाइ दिहेस। 15परमेस्सर तउ क्रूस क
द्वारा आध्यात्मिक सासकन अउर अपने अधिकारियन
क साधन बिना कइ दिहेस अउर अपने मँ सार्वजनिक
तमासा क रूप मँ विजय अभियान मँ अपने पीछे पीछे
चलायेस।

मनइयन क बनावा नियमन पर न चला

16तउन खाई पिअइ क चीजियन अउर पर्व क नवा
चाँद क त्यौहार, या सबित क दिना क लइके कउनउ
तोहार आलोचना न करइ। 17इ त, जउन बात आवइवाली
अहइँ, ओनकर छाया भर बाटिन। परन्तु एह छाया क
असली काया तउ मसीह क बाटइ। 18कउनउ मनई
जउन अपने आप क प्रताड़ित करइ क करम सरगदूतन
क आराधना क कामन मँ लगा भवा होइ, ओका तू
तोहरे प्रतिफल क पावइ मँ अयोग्य न बनइ देइ चाही।
अइसेन मनई हमेसा ओन्हन दिव्य दर्सनन क डींग मारत
रहत ह जेका उ देखे अहइ अउर अपने दुनियावी सोच
क वजह स झूठा तथा निरर्थक धमण्ड स भरा रहत ह।
19उ मसीह स नाहीं जुड़त जउन कि सिर मँ अउर जेकर

ऊपर पूरे सरीर आधरित अहइ। मसीह क कारण ही सरीर क सब भाग एक दूसर क ध्यान लखत हीं अउर एक दूसरे क मदद करत हीं। इससे सरीर एक इकाई होत ह, परमेस्सर क इच्छा क अनुसार मजबूत करइ अउर आध्यात्मिक विकास मँ योगदान क बरे।

20काहेकि तू मसीह क साथे मरी चुका अहा अउर ओन आतिमन स अजाद करावा गवा अहा जउन ब्रहमाण्ड क सासन करत हीं एकर मतलब अहइ कि, संसार क व्यर्थ सिच्छन स छुटकारा देवावा जाइ सकत ह त एह तरह क आचरण काहे करत अहा जइसे तू एह दुनिया क अहा अउर अइसेन नियमन क पालन करत अहा जइसे: 21"एका हाथ न लगावा" "एका जिन चखा" या "एका जिन छुआ।" 22इ सब चीजन त काम मँ आवत आवत नस्ट होई जाइ क बरे बाटिन। अइसेन आचार व्यवहार क अधीनता कइके तउ तू मनई क बनाए आचार व्यवहार अउर सब सिच्छा क अनुसरण करत अहा। 23ये नियम बुद्धिमान क तो देखात ह। ये एक ऐसे धरम का निर्माण करत हीं जउन मानवीय इच्छा पर आधारित अहइँ: अउर सरीर का सेवत अहइँ। लेकिन इ नियमन पापात्मान क ओनके बुरा काम रोकइ मँ मूल्यहीन अहइँ।

मसीह मँ नवाजीवन

3 काहेकि अगर तोहे मसीह क साथे मरा हुआ मँ स जियाइके उठावा गवा अहइ तउ ओन्हन चीजन क बरे कोसिस करत रहा जउन सरगे मँ हयेन जहाँ परमेस्सर क दहिनी कइँती मसीह विराजत ह। 2सरगे क चीजन क सम्बन्ध मँ सोचत रहा। संसारी चीजन क सम्बन्ध मँ न सोचा। 3काहेकि तू लोगन क पुराना पापी जीव मरि चुका बा अउर तोहर नवा जीवन मसीह क साथे साथे परमेस्सर मँ छिपा बा। 4जब मसीह, जउन हमार जीवन अहइ, फिन स परगट होई तउ तूहउ ओनके साथे ओनके महिमा मँ परगट होब्या।

5इही बरे तोहमे जउन कछू संसारी बा, ओकर अन्त कइ द्या यौन अनाचार, अपवित्तरता, वासना, बुरी इच्छा अउर लालच जउन मूर्ति पूजा क ही एक्कई रूप अहइ, 6एनहीन बातन क कारण परमेस्सर क गुस्सा* परगट होई जात बा। 7एक समइ रहा जब तूहउ अइसेन करम करत इही तरह क जीवन जिया करत रह्या।

8परन्तु अब तोहे इन सब बातन क साथे साथे गुस्सा झुँझलाहट, सत्रुता, निन्दा भाऊ, अउर अपसब्द बोलइ स छुटकारा पाइ लेइ चाही। 9आपस मँ झूठ न बोला काहेकि तू अपने पुरानी पापी-जीव, अउर उ तरह जीवन जउन ओकरे साथ जाता ह ओनके उतार फेंके अहा। 10अउर नवा जीवन क धारण कइ लिहे अहा। हमेसा नवा होत जात बा जउन अपने रचइता क सरूप मँ स्थित होइके परमेस्सर क सत्य गियान क निमित्त। 11परिणाम सरूप उहाँ यहूदी अउर गैर यहूदी मँ कउनउ अन्तर नाहीं रहि गवा बा, न कीहीउ खतना युक्त अउर खतना रहित मँ, न केउ सुसभ्य अउर बर्बर मँ, न दास अउर एक स्वतन्त्र मनई मँ कउनउ अन्तर बा। मसीह सर्वेसर्वा अहइ अउर सब बिसवासियन मँ उही क निवास बाटई।

12काहेकि तू परमेस्सर क चुना भवा पवित्तर अउर प्रिय जने अहा इही बरे सहानुभूति, दया, नम्रता, कोमलता अउर धीरज क धारण करा। 13तोहे आपस मँ जब कभउँ कीहीउ स कउनउ कस्ट होइ तउ एक दुसरे स सहि ल्या अउर परस्पर एक दुसरे क मुक्त भाऊ स छमा कई द्या। यदि केउ ने तोहरे साथ गलत किया अहइ तोहे आपस मँ एक दुसरे क अइसेन ही छमा कइ देइ चाही जइसेन परमेस्सर तोहे मुक्त भाऊ स छमा कई दिहेस। 14इन बातन क अलावा सबसे महत्वपूर्ण अहइ कि तू पिरेम क धारण करा। पिरेम इ सबके आपस मँ बाँधत अउर पूरा करत ह। 15तोहरे मने पर मसीह स मिलइवाली सान्ति क सासन होई। इही बरे तोहे उही एक्क देहए* मँ बोलावा गवा ह। हमेसा धन्यबाद करत रहा। 16अपने सम्पन्नता क साथे मसीह क संदेसा तोहमें वास करइ। ग्यान स एक दूसरे क सिच्छा अउर चेतावनी द्या। भजन, स्तुतियन अउर आतमिक गीतन क गावत भए अपने हिरदय मँ परमेस्सर का धन्यबाद द्या। परमेस्सर क मने-मने धन्यबाद देत इहइ गावत रहा। 17अउर तू जउन कछू भी करा या कहा, उ सब पर्भू ईसू क नाउँ प करा। उही क द्वारा तू हर समइ परमपिता परमेस्सर क धन्यबाद देत रहा।

नवा जीवन क नियम

18हे पत्नियन, अपने पतियन क बरे ओह तरह स समर्पित रहा जइसे पर्भू क अनुयायियन क इ सोभा देत ह। 19हे पतियन, अपने पत्नियन स पिरेम करा , ओनके बरे कठोर न बना।

20बचवन सब बातन मँ अपने माता-पिता क आज्ञा क पालन करा। काहेकि पर्भू क अनुयायिन क एह व्यवहारे स परमेस्सर खुश होत ह।

21हे बाप, अपने बचवन क हतोउत्साह स न भरा। कहूँ अइसेन न होइ कि उ जतन करबई छोड़ देइ।

22हे सेवकन, अपने संसारी स्वामियन क सब बातन क पालन करा। केवल लोगन क खुस भर करइ क बरे ऊही समइ नाहीं जब उ देखत रहइ, बल्कि सच्चे मने स ओनका माना। काहेकि तू पर्भू क आदर करत ह। 23तू

पद 6 कछू यूनानी प्रतियन मँ इ भाग जोड़ा गवा बा, "ओन्ह पर जउन आज्ञा क नाहीं मनतेन।"

देहए साब्दिक सिथियन इ लोग बड़ा जंगली अउर असभ्य समझी जात हीं।

जउन कछू करा अपने पूरे मने स करा। माना कि जउन करा इ मान करा तू ओका लोगन क बरे नाहीं बल्कि पर्भू क बरे करत अहा। 24याद रखा कि तोहे पर्भू स उत्तराधिकार क फल-मिलइ। अपने स्वामी मसीह क सेवा करत रहा। 25काहेकि जे बुरा करम करइ, ओका ओकर फल मिलइ अउर उहाँ कउनउ पच्छपात नाहीं बा।

4 हे स्वामियन! तू अपने सेवकन क जउन ओनकर बनत ह अउर उचित बा, द्या। याद रखा सरगे मँ तोहार कउनउ स्वामी बा।

पौलुस क मसीहियन क बरे सलाह

2पराथना मँ हमेसा लगा रहा। अउर जब तू पराथना करा त हमेसा परमेस्सर क धन्यबाद करत रहा। 3साथ ही साथे हमरे बरे आपन संदेस क प्रचार क अउर मसीह स सम्बन्धित सत्य क प्रबचन क अवसर प्रदान करइ काहेकि एकरे कारण ही मइँ बंदीघरे मँ हउँ। 4पराथना करा कि मइँ सच्चाई क लगन मँ स्पस्ट कइ देइ जइसेन मोका बतावइ चाही।

5बाहर क लोगन क साथे विवेकपून व्यवहार करा। सब अवसरन क पूरा-पूरा उपयोग करा। 6तोहर बोली हमेसा मीठी रहइ द्या अउर ओसे बुद्धि क छटा बिखरइ ताकि तोहका एक दूसर का उत्तर कइसे देइ चाही इ जानइ चाही।

पौलुस क साथियन क समाचार

7हमार प्यारा बन्धु तुखिकुस जउन एक बिसवासी सेवक अउर पर्भू मँ स्थित साथी दास बा, तोहे मोरे सभन समाचार बताइ देई। 8मइँ ओका तोहरे लगे एह बरे भेजत हउँ कि तोहे ओसे हमार हालचाल क पता चलि जाई उ तोहरे हीये क जोस स भरि देइ। 9मइँ अपने बिसवासी अउर प्रिय बन्धु उनेसिमुस क भी ओकरे साथे भेजत हउँ जउन तोहरे मँ स एक बा। उ पचे, इहाँ जउन कछू घटत बा, ओका तोहे बतइहीं।

10अरिस्तर्खुस क जउन बंदीघरे मँ मोरे साथे रहा बा अउर बरनाबास क बन्धु मरकुस क तोहे नमस्कार, (ओकरे बारे मँ तू निर्देस पाई चुका अहा कि अगर उ तोहरे लगे आवइ तउ ओकर सुवागत करा.) 11यूस्तुस कहवावइ वाले ईसू क तोहे नमस्कार पहुँचइ। यहूदी बिसवासी मँ बस इहइ अब परमेस्सर क राज्य क बरे मोरे साथे काम करत अहइँ। इ मोरे बरे आनन्द क कारण रहा बा।

12इपफ्रास क तोहे नमस्कार पहुँचइ। उ तोहरे मँ स एक अहइ अउर मसीह ईसू क सेवक अहइ। उ हमेसा बड़ी बेदना क साथे तोहरे बरे लगनपूर्वक पराथना करत रहत ह कि तू आध्यात्मिक रूप स पूरा बनइ क बरे विकास करत रहा। अउर बिसवास पूर्वक परमेस्सर क इच्छा चाहत अहा। 13मइँ ऐकर साच्छी हउँ कि उ तोहरे बरे अउर लौदीकिया अउर हियरापुलिस क रहइ वालन क बरे हमेसा कड़ा मेहनत करत रहा बाटइ। 14प्यारे चिकित्सक लूका अउर देमास तोहे नमस्कार भेजत हयेन।

15लौदीकिया मँ रहइवाले भाइयन क अउर नुमफास अउर ओहे कलीसिया क जउन ओकरे घरे मँ जुड़त हीं, नमस्कार पहुँचइ। 16अउर देखा, चिट्ठी जब तोहरे सामने पढ़ी जाइ चुकइ, तब एह बात क निस्चय कइ लिहा कि एका लौदीकिया क कलीसिया मँ भी पढ़वाइ दीन्ह जाइ। अउर लौदीकिया स मोर जउन चिट्ठी तोहे लिखा मिलइ, ओका तूहँउ पढ़ी लिहा। 17अर्खिप्पुस स कहा कि उ एह बात क धियान रखइ कि पर्भू मँ जउन सेवा ओका सँऊपी गइ बा, उ ओका निस्चय क साथे पूरा करइ। 18मइँ पौलुस खुद आपन हाथ स इ नमस्कार लिखत हउँ। याद रखा हम कारागार मँ हउँ, परमेस्सर क अनुग्रह तोहरे साथे रहइ।

थिस्सलुनीकियन क पहिली पत्र

1 थिस्सलुनीकियन क परमपिता अउर पर्भू ईसू मसीह
मँ स्थित कलीसिया क पौलुस, सिलवानुस अउर
तीमुथियुस क तरफ स परमेस्सर क अनुग्रह अउर सान्ति
तोहरे साथे रहइ।

थिस्सलुनीकियन क जीवन अउर बिसवास

[2]हम तोहे सब जने क बरे हमेसा परमेस्सर क
धन्यबाद देत रहित ह अउर अपने पराथनन मँ हमका
तोहर याद बनी रहत ह।

[3]पराथना करत भए हम हमेसा तोहरे ओह काम क
याद करित ह जउन फल अहइ, बिसवास क, पिरेम स
पैदा भइ तोहर कठिन मेहनत क, अउर हमरे पर्भू ईसू
मसीह मँ आसा स पैदा तोहर धैर्यपूर्ण सहनशीलता क
हमका हमेसा धियान बना रहत ह। [4]हे परमेस्सर क
प्यारा हमार भाइयो तथा बहिनियो, हम जानित ह कि तू
ओनकर चुना भवा अहा।

[5]काहेकि हमरे सुसमाचार क प्रचार तोहरे लगे मात्र
सब्दन मँ ही नाहीं पहुँचा बा बल्कि पवित्तर आतिमा
समरथ अउर गहन स्रद्धा क साथे पहुँचा बा। तू जानत ह
कि हम जब तोहरे साथे रहे, तोहरे लाभ क बरे कइसेन
जीवन जिअत रहे।

[6]कठोर सब यातना क बीच तू पवित्तर आतिमा स
मिलइवाली खुशी क साथे उपदेस क ग्रहण किहा अउर
हमार अउर पर्भू क अनुकरण करई लाग्या।

[7]अउर इही बरे मैसीडोनया अउर अखाया क सभन
बिसवासियन क बरे तू एक आदर्स बन गया [8]काहेकि तू
पर्भू क उपदेस क जउन गूँज उठा, उ न केवल मैसीडोनिया
अउर अखाया मँ सुना गवा बल्कि परमेस्सर मँ तोहर
बिसवास सब कहूँउ जाना माना गवा। तउन हमका कछू
कहइ क अब जरूरत नाहीं बाटइ।

[9–10]काहेकि ओ पचे खुदइ हमरे बारे मँ बतावतत हीं
कि तू हमार कइसेन सुवागत किहे रह्या अउर सजीव
अउर सच्चा परमेस्सर क सेवा करइ क बरे अउर
सरगेस ओकरे बेटवा क आगमन क इन्तजार करइ क
बरे तू मूर्तियन क ओर स सजीव अउर सच्चे
परमेस्सर कइँती कइसे मुड़ा रह्या। पूत मतलब ईसू
क ओ मरे हुवन मँ स फिन स जियाइ उठाए रहा। अउर
उहइ परमेस्सर क आवइवाली कोप स हमार रच्छा
करत ह।

थिस्सलुनीका मँ पौलुस क काम

2 भाइयो तथा बहिनियो, तोहरे लगे हमार आवइ क
सम्बन्ध क तू खुदइ जानत ह कि उ निरर्थक नाहीं
बाटइ। [2]तू जानत ह कि फिलिप्पी मँ सब यातना झेलइ
अउर दुर्व्यवहार सहइ क बाद उ परमेस्सर क सहायता
स हमका कड़ा विरोध क रहत भए परमेस्सर क
सुसमाचार क सुनावइ क साहस मिला रहा। [3]इ निस्चय
स जब हम लोगन अपने उपदेसन बरे प्रोत्साहित करित ह
एह बरे नाहीं कि हम भटका भए अही। अउर न तउ एह
बरे कि हमार उद्देस्य गन्दा अहइ अउर एहबरे की नाहीं
कि हम लोगन क छलई क जतन करित ह। [4]हम
सुसमाचार का प्रचार लोगन क खुस करइ क कोसिस
नाहीं करित ह बल्कि हम त उ परमेस्सर क खुस करित
ह जउन हमरे मने क भेद जानत ह। [5]निस्चय ही हम
कभउँ ठकुर सुहात बानी क साथे तोहरे सामने नाहीं
आए। जइसेन क तू जनबइ करत ह, हमार उपदेस कउनउ
लोभ क बहाना नाहीं बा। परमेस्सर साच्छी बा [6]हम
लोगन स कउनउ मान सम्मान नाहीं चाहा। न तोहसे
अउर न कीहीउ अउर स।

[7]जद्यपि हम मसीह क प्रेरितन क रूप मँ आपन
अधिकार जताइ सकत रहे किन्तु हम तोहरे बीच वइसेन
ही नरमी क साथे रही जइसे एक महतारी अपने बचवन
क पालन पोषन करत ह। [8]हम तोहरे बरे वइसेन ही
नरमी क अनुभव किहे अही, इही बरे परमेस्सर स
मिलइ सुसमाचार क ही नाहीं, बल्कि खुद अपने आपके
भी हम तोहरे साथे बाँटि लेइ चाहित ह काहेकि तू हमार
प्यारा होइ ग अहा। [9]भाइयो तथा बहिनियो, तू हमार
कठिन मेहनत अउर कठिनाई क याद रखा जउन हम
दिन–रात इही बरे किहे अही ताकि हम परमेस्सर क
सुसमाचार क सुनावत तोह पर बोझ न बनी।

[10]तू साच्छी अहा अउर परमेस्सर भी साच्छी अहइ
कि तू बिसवासियन क प्रति हम कैतनी आस्था, धार्मिकता
अउर दोस रहित क साथे व्यवहार किहे रहेन। [11]तू
जनबइ करत ह कि जइसेन एक पिता अपने बचवन क
साथे व्यवहार करत ह [12]वइसेन ही हम तोहमाँ स हर
एक्क क आग्रह क साथे प्रेरित कीन्ह ह अउर आराम
दिहे अही। अउर ओह रीति स जाइ क आदेस दिहा ह,
जेहसे परमेस्सर, जे तोहका अपना राज्य अउर महिमा मँ
बोलाई भेजेस ह, खुस होत ह।

13अउर इही बरे हम परमेस्सर क धन्यबाद हमेसा
करत रहित ह काहेकि हमसे तू जब परमेस्सर क बचन
ग्रहण किहा ह तउ ओका मानवीय संदेस क रूप मँ
नाहीं, बल्कि परमेस्सर क संदेस क रूप मँ ग्रहण किहा,
जइसेन कि उ सही मँ बा। अउर तू बिसवासियन पर
जेकर प्रभाव भी बा। 14भाइयो तथा बहिनियो, तू यहूदियन
मँ रहिके मसीह ईसू मँ परमेस्सर क कलीसियावन क
अनुसरण करत रहे रह्या। तू अपने साथी देस भाइयन स
वइसेन ही यातना झेले अहा जइसे उ पचे ओन्हन यहूदियन
क हाथे झेले रहेन। 15यहूदियन पर्भू ईसू क मारि डाएन
अउर नबियन क बहरे खदेड़ दिहेन, उ परमेस्सर क
खुस नाहीं करतेन उ त सम्मइ मानवता क दुस्मन हयेन।
16उ गैर यहूदियन क सुसमाचार क उपदेस देइ मँ बाधा
खड़ी करत हीं कि कहूँ ओन्हन पचन क उद्धार न होइ
जाई। इ बातेन स उ हमेसा अपने पापन क घड़ा भरत
रहत हीं अउर अन्ततः अब त परमेस्सर क प्रकोप
ओनपर पूरी तरह स आई पड़त ह।

फिन मिलइ क इच्छा

17भाइयो तथा बहिनियो! जहाँ तलक हमार बात बा,
हम रचिके समइ क बरे तोहसे बिछुड़ ग रहे। बिचारन स
नाहीं, केवल सरीरे स। तउन हम तोहसे मिलइ क बहुत
उतावला होइ उठे। हमार इच्छा तेज होइ उठी रही। 18हाँ!
हम तोहसे मिलइ क बरे बहुत जतन करत रहे। मुझ
पौलुस कइयउ दाईं कोसिस किहेस परन्तु सइतान ओहमे
बाँधा डाएस। 19भला बतावा तउ हमार आसा, हमार
उल्लास य हमार उ मुकुट जेहपर हमका गरब बा, का
अहइ? का उ तूही नाहीं अहा। हमार पर्भू ईसू मसीह क
दोबारा अवाई प जब हम ओनके सामने हाजिर होबइ
20तउ उहाँ तू हमार महिमा अउर हमारे आनन्द मँ
होब्या।

3 काहेकि हम अउर जियादा इन्तजार नाहीं कइ सकित
ह, इही बरे हम एथेन्स मँ अकेलइ रुकि जाइ क
निस्चय कइ लिन्ह। 2अउर हम हमार परमेस्सर सेवक
बन्धु अउर परमेस्सर क बरे मसीह क सुसमाचार क
प्रचार मँ अपने सहकर्मी तीमुथियुस क तोहे मजबूत बनवइ
अउर बिसवास मँ उत्साहित करइ क तोहरे लगे भेजि
दीन्ह

3ताकि एन्हन वर्तमान यातनन स केउ घबराइ न
उठइ। काहेकि तू तउ जनबई करत ह कि हम त यातना
सहइ क बरे ही निस्चित कीहा ग अही। 4सही मँ हम जब
तोहरे लगे रहे, तोहे पहिलेन स ही कहा करत रह्या कि
हमपे कस्ट आवइवाला बा, अउर इ ठीक वइसेन ही
भवा ह। तू तउ इ जनबइ करत ह। 5इहीं बरे काहेकि मइँ
अउर जियादा इन्तजार नाहीं कइ सकत रहउँ, इही बरे
मइँ तोहरे बिसवास क बारे मँ जानइ तीमुथियुस क पठइ
दिहेउँ। काहेकि मोका डर रहा कि लुभावइवाला (सइतान)
कहूँ तोहे ललचाइ क हमरे कठिन मेहनत क खराब तउ
नाहीं कइ दिहे बा।

6तोहरे लगे स तीमुथियुस अबहीं-अबहीं हमरे लगे
वापस लउटा ह। अउर उ हमका तोहरे बिसवास अउर
तोहरे पिरेम क सुभ समाचार दिहेस ह। उ हमका बताए
बाटइ कि तोहे हमार मधुर याद आवत ह अउर तू हमसे
मिलइ क बहुत अधीर अहा। वइसेन जइसे हम तोहसे
मिलइ क अधीर भ अही। 7तउन भाइयो अउ बहिनियो
हमार सबहिं पीड़ा अउर यातना मँ तोहर बिसवास क
कारण हमार उत्साह बढ़ा बा। 8हाँ जब हम फिन साँस
लइ पावत हई काहेकि हम जानि गवा अही कि पर्भू मँ तू
अटल खड़ा अहा। 9तोहरे बारे मँ तोहरे ही कारण जउन
आनन्द हम पचन क मिला बा, ओकरे बरे हम परमेस्सर
क सामने ओकर धन्यबाद कइसे करी। 10हम रात-दिन
खूब लगन स पराथना करत रहित ह कि केह तरह तोह
सबन क फिन देखि पाई अउर तोहरे बिसवास मँ जउन
कमी रहि गइ बाटइ, ओका पूरा करत भए मजबूत
करी।

11हमार परमपिता परमेस्सर अउर हमार पर्भू ईसू
तोहरे लगे लगे आवइ क हमका रस्ता देखावइँ। 12अउर
पर्भू एक दुसरे क बरे अउर सभन क बरे तोहसे जउन
पिरेम बा, ओकर बढ़ोत्तरी करइ। वइसेन ही जइसे तोहरे
बरे हमार पिरेम उमड़ पड़त ह। 13एह तरह उ तोहरे
हिरदइ क मजबूत करइ अउर ओन्हे हमार परमपिता
परमेस्सर क अगवा पर्भू ईसू क आवई पर सभन पवित्तर
लोगन क साथे पवित्तर अउर दोस रहित बनाइ देइ।

परमेस्सर क खुस करइवाला जीवन

4 भाइयो तथा बहिनियो, अब हमका तोहे कछु अउर
बात बतावइ क बा। पर्भू ईसू क नाउँ पर हम तोहसे
पराथना अउर बिनती करत हई कि तू हमसे जेह तरह
उपदेस ग्रहण किहे अहा, तोहे परमेस्सर क खुस करइ
क बरे उहीं क अनुसार चलइ चाही। जरूर तू उही तरह
चलत भी अहा। परन्तु हम तू पचन स वइसेन ही अउर
जियादा स जियादा अनुसरण करइ क अनुरोध करत
अही। 2काहेकि तू इ जानत ह कि पर्भू ईसू क अधिकार
स हम तोहे सबन क आज्ञा दिए अही। 3अउर परमेस्सर
क इहइ इच्छा बा कि तू पचे ओहका अर्पण होइ जा। यौन
दुराचार स दूर रहा। 4अपने सरीर क सबइ वासना * पर
नियन्त्रण रखइ सीखा-अइसे ढंग स जउन पवित्तर बा
अउर आदर क योग्ग बा। 5न कि ओह वासना स भरी
इच्छन स जउन परमेस्सर क नाहीं जानइवाले अधर्मियन
क जइसी अहइ। 6इहउ परमेस्सर क इच्छा बा कि एह
बारे मँ केउ अपने भाई क बारे मँ कउनउ अपराध न

वासना वासना एकर अनुवाद इ तरह स कीन्ह जाइ सकत ह
आपन ही पत्नी क संग कहसे रहा जात ह।

करइ य कउनउ अनुचित लाभ न उठावइ, काहेकि अइसेन सभन पापन क बरे पर्भू दण्ड दइ जइसे कि हम तोहका बताइ चुका अही अउर तोहे सावधान भी कइ चुका हई।

7परमेस्सर तउ हमका पापन मँ रहइ क बरे नाहीं बोलायेस पर पवित्तर जीवन बितावइ क बरे बोलायस ह। 8एह बरे जउन इ उपदेस क नकारत हीं उ कउनउ मनई क नाहीं नकारत ह बल्कि परमेस्सर क ही नकारत ह। ओह परमेस्सर क जउन तोहे सबन क आपन पवित्तर आतिमा देत ह।

9अब तोहे तोहरे भाइयन तथा बहिनियन क ईसू मँ पिरेम क बारे मँ लिखा जाइ, एकर तोहे सबन क जरूरत नाहीं बा काहेकि परमेस्सर त खुदइ तोहका एक दुसरे क बरे पिरेम करई क सिच्छा दिहे बाटइ। 10अउर सही मँ तू अपने सबहिं भाइयन तथा बहिनियन क साथे समूचा मैसीडोनिया मँ अइसेन ही पिरेम करत अहा। मुला भाइयो तथा बहिनियो, हम तोहसे अइसन ई जियादा स जियादा करइ क कहित ह।

11सान्ति स जीअइ क आदर क वस्तु समझा अपने काम स काम रखा। खुद अपने हाथे स काम करा जइसेन कि हम तोहे बताइ चका हई।

12एहसे कलीसिया मँ न बिसवास करइवाले तोहरे जीवन क ढंग क आदर करिहीं। एहसे तोहे कउनो पर निर्भर न रहइ क पड़ी।

पर्भू क लउटब

13भाइयो तथा बहिनियो, हम चाहित ह कि जउन हमेसा हमेसा क नींद मँ सोवत हयेन तू ओनके बारे मँ जाना ताकि तोहे ओन्हन अउरन क समान, जेकरे लगे आसा नाहीं बा, सोक न करइ क पड़इ।

14काहेकि अगर हम इ बिसवास करित ह त ईसू क मउत होइ गइ अउर उ फिन स जी उठा, त उही तरह जे ओहमे बिसवास करत भए परान तियाग दिहे अहइँ, ओनके साथेउ परमेस्सर वइसे ही करी। अउर ओनका लइ के ईसू क साथे लउटि जाई।15एहि कारण हम पर्भू क वचन क अनुसार तोहसे कहत अही कि हम जउन जिअत अही, पर्भू क फिन स आवइ तक बचा रहब, हम जे उ समइ तलक जिअबइ पर्भू क संग होइजाब। अउर ओनसे अगवा न निकर पाउब जउन मरि चुका अहइँ। 16काहेकि प्रधान सरगदूत क मुखिया जब अपने ऊँचा स्वरे स आदेस देइ फिन जब परमेस्सर क बिगुल बजी तबहिं पर्भू खुदई सरग स उतरी। ओह समइ जे मसीह मँ परान तियागे हयेन, उ पहिले उठिहीं। 17ओकरे बाद हम जउन जिन्दा अही, अउर अबउ इहीं हई ओकरे साथे हवा मँ पर्भू स मिलई क बरे बादलन क बीच उप्पर उठाइ लीन्ह जाबइ एह तरह हम हमेसा बरे पर्भू क साथे होइ जाब।

18अउर इ सब्दन क साथे एक दुसरे क उत्साहित करत रहा।

पर्भू क अवाई क सुवागत बरे तइयार रहा

5 भाइयो तथा बहिनियो, समइ अउर तिथियन क बारे मँ तोहे लिखइ क कउनउ जरूरत नाहीं बा 2काहेकि तू खुदई बहुत अच्छी तरह जानत ह कि जइसे जोर रस्ता स चुप्पे चला आवत ह, वइसेन ही पर्भू क फिन स लउटइ क दिन भी आइ जइहीं। 3जब लोग कहत होइहीं कि "सब कछू सांत अउर सुरच्छित बा" तबइ जइसे एक गर्भवती स्त्री क अचानक प्रसव वेदना आइ घेरत ह वइसेन ही ओह पर बिनास उत्तर आइ अउर उ कहूँ बचिके भाग न पावइ।

4मुला भाइयो तथा बहिनियो, तू अँधियारे (पाप) क वासी नाहीं अहा कि तोह पर उ दिन अचानक ही चोर की नाईं आइ जाइ। 5तू सब तउ प्रकास (भलाई) स जुड़ा अहा अउर दिन क संतान स भी। हम न तउ रात या अँधियारा (बुराई) जुड़ा हई। 6इही बरे हमका अउरन क नाईं सोवत रहत न चाही, बल्कि सावधानी क साथे हमका तउ अपने प नियन्त्रण रखइ चाहीं। 7काहेकि जउन सोवत हीं, रात मँ सोवत हीं अउर जउन नसा करत हीं, उ रात मँ ही मदमस्त होत हीं। 8मुला हम पचे तउ दिने (भलाई) स जुरा हई इही बरे हमका अपने प काबू रखइ चाही। आवा बिसवास अउर पिरेम क चिलम धारण कइ लेई अउर उद्धार पावई क आसा क सिरस्त्राण क तरह ओढ़ि लेई। 9काहेकि परमेस्सर हमका ओनके प्रकोपे क बरे नाहीं चुनेस ह बल्कि हमार पर्भू ईसू मसीह द्वारा उद्धार पावई क बरे बनाए अहइ। 10ईसू तउ हमरे बरे परान तियाग दिहेस ताकि चाहे हम सजीव ओकरे संग होई, इ जरूरी नाहीं कि जब उ आवइ हम जिअत या मरा रही। 11इहीं बरे एक दुसरे क सुख पहुँचाव अउर एक दुसरे क आध्यात्मिक रूपे स मजबूत बनावत रहा। जइसेन कि तू करत अहा।

अन्तिम निर्देस अउर अभिवादन

12भाइयो तथा बहिनियो, हमार तोहसे निवेदन बा कि जउन लोग तोहरे बीच मेहनत करत हीं अउर पर्भू मँ जउन तोहे राह देखावत हीं, ओनकर आदर करत रहा। 13हमार तोहसे निवेदन बा कि ओनके कामे क कारण पिरेम क साथे ओन्हे पूरा आदर देत रहा।

परस्पर सान्ति स रहा 14अउर भाइयन, हमार तोहसे निवेदन बा आलसियन क चेतावा, डरपोकन क प्रेरित करा, दीनन क सहायता मँ रुचि ल्या, सबके साथे-धीरज रखा। 15देखत रहा केउ क बुराई क बदला बुराई स न द्या बल्कि सब जने हमेसा एक दुसरे क साथे भलाई करई क जतन करा। 16हमेसा आनन्दित रहा। 17पराथना करब कबहुँ न छोड़ा। 18हर परिस्थिति मँ परमेस्सर क

धन्यबाद द्या, काहेकि मसीह ईसू मँ, तोहरे बरे परमेस्सर क इहइ इच्छा बाटइ।

19पवित्तर आतिमा क कार्य क दमन मत करत रहा। 20नबियन क संदेसन क कभउँ छोट न जाना 21सब बातन क असलियत क परखा, जउन अच्छा बा, ओका ग्रहण किहे रहा 22अउर हर तरह क बुराई स बचा रहा। 23सान्ति क स्रोत परमेस्सर खुद तोहे पूरे तरह पवित्तर करी। पूरी तरह स ओनका समर्पित होई जा अउर तू अपने पूरा अस्तित्व अर्थात आतिमा, परान अउर देह क हमार पर्भू ईसू मसीह क अवाई तलक सब तरह स दोस रहित बनाए रखा।

24उ परमेस्सर जे तोहे बोलाए अहइ, बिसवास क योग्ग बाटइ। निस्चय ही उ अइसनई करी। 25भाइयो तथा बहिनियो, हमरे भी बरे पराथना करा। 26सब भाइयन अउर बहिनियन क पवित्तर चुम्मा स सत्कार करा। 27तोहे पर्भू क सपथ दई क मइँ इ आग्रह करित ह कि इ चिठ्ठी क सब भाइयन क पढ़ाई क सुनावा जाइ।

28हमार पर्भू ईसू मसीह क अनुग्रह तोहरे साथे रहइ।

थिस्सलुनीकियन क दूसरी पत्र

1 पौलुस, सिलवानुस अउर तीमुथियुस क ओर स हमरे
परमपिता परमेस्सर अउर पर्भू ईसू मसीह मँ स्थित
थिस्सलुनीकियन क कलीसिया क नाउँ,
2तू सबन क पिता परमेस्सर अउर ईसू मसीह कइँती
स अनुग्रह अउर सान्ति मिलइ।

3भाइयो तथा बहिनियो, तू पचन क बरे हमका हमेसा
परमेस्सर क धन्यबाद करइ चाही: अइसेन करब उचित
बा। काहेकि तू पचन क बिसवासे क अचरज भरा रूप
स विकास होत बा अउर तोहमाँ आपस इ मँ पिरेम बढ़त
बा। 4इही बरे परमेस्सर क कलीसियन मँ हम खुद तू
सबन प गरब करित अही। तू पचन क यातना क बीच
अउर कस्टन क सहत धैर्यपूर्वक सहन करई तू सबन
क बिसवासे क परगट करत ह।

परमेस्सर क निआव क चर्चा

5इ एह बाते क स्पस्ट प्रमाण बा कि परमेस्सर क
निआव सच्चा बा। ओकर उद्देस इहई बा कि तू पचे
परमेस्सर क राज्य मँ प्रवेस करइ योग्ग ठहरा। तू सबइ
अब उही क बरे तउ कस्ट उठावत अहा। 6निस्चय ही
परमेस्सर क दिस्टी मँ इ निआव ठीक बा कि तोहे सबन
क जउन दुखन देत अहइँ, ओनका बदले मँ दुख हीं दीन्ह
जाइ।

7अउर तू जउन कस्ट सहत अहा, ओनका हमरे
साथे ओह समइ आराम दीन्ह जाई जब पर्भू ईसू अपने
समरथ दूतन क साथे सरग स 8धधकत आगी मँ परगट
होई। अउर जउन परमेस्सर क नाहीं जनतेन अउर
हमरे पर्भू ईसू मसीह क सुसमाचार पर नाहीं चलतेन,
ओनका दण्ड दीन्ह जाई। 9ओन्हे अनंत बिनास क दण्ड
दीन्ह जाई। ओन्हे पर्भू अउर ओनकर महिमा भरी सक्ति
क सामने स हटाई दीन्ह जाई। 10उ अपने पवित्तर लोगन
क साथ महिमा प्राप्त करइ आई, अउर अपने
आस्चर्यचकित करइ क अभिव्यक्ति करी ओनके बीच
जो उन पर बिसवास करत हीं।

11इही बरे हम तोहरे बरे परमेस्सर स हमेसा पराथना
करित ह कि हमार परमेस्सर तोहे ओह जीवन क योग्ग
समझई जेका जिअइ क बरे तोहे सबन क बोलावा गवा
बा। अउर उ तोहार सब सुभ इच्छा क प्रबल रूप स पूरा
करइ अउर सब ओह कामे क उ सफल बनावइ जउन
तोहरे बिसवासे क प्रमाण अहइ। 12इही तरह हमर पर्भू
ईसू मसीह क नाउँ तोहरे द्वारा आदर पइहीं। तू पचे
ओकरे द्वारा आदर पउब्या। इ सब कछू हमरे परमेस्सर
क अउर पर्भू ईसू क अनुग्रह स होइ।

पर्भू क अवाई स पहिले दुर्घटना घटिहीं

2 भाइयो तथा बहिनियो, अब हम अपने पर्भू ईसू मसीह
क फिन स अवाई अउर ओकरे साथे आपस मँ
एकट्ठ होइ क बारे मँ निवेदन करत अही 2कि तू
अचानक अपने विवेके क कउनउ भविस्सबाणी कउनो
उपदेस अउर कउनो अइसेन चिट्ठ स न खोवा जेकॉ
हमरे द्वारा लिखा गवा समझा जात होइ अउर तथाकथित
रूप स जेहमाँ बतावा गवा होइ कि पर्भू क दिन आई
चुका अहइ, तू अपने मने मँ डावॉडोल जिन ह्वा। 3तू
पचे अपने आपके कउनो क द्वारा कउनउ प्रकार
छला न जाइ सका। मइँ अइसेन एह बरे कहत हउँ
काहेकि उ दिन ओह समइ तक न आई जब तक कि
परमेस्सर स मुँह मोड़ लेइ क समइ नाहीं आई जात,
अउर दुस्ट मनइ परगट नाहीं होइ जात। ओह दुस्ट-मनइ
क नियति तउ नरक बा।

4उ अपने क सब चीज स उप्पर कही अउर ओनकर
विरोध करी अइसेन चीजन का परमेस्सर का कही जात
हीं अउर जउन पूजनीय बा। इहाँ तक कि उ परमेस्सर
क मंदिर मँ जाइ क सिंहासन पर बइठिके इ दावा करी
कि उहइ परमेस्सर बा।

5का तोहे याद नाहीं बा कि जब मइँ तोहरे साथे रहे
तउ तोहे इ सब बतावा गवा रहा 6अउर तू तउ अबइ
जनतइ अहा कि ओका का अबहीं परगट होइ स रोके
अहइ, ताकि उ ऊचित अवसर आए पर ही परगट होइ।
7मइँ अइसेन एह बरे कहत हउँ काहेकि दुस्ट मनइ क
रहस्य भरी सक्ती जउन बे व्यवस्था क अहइ अबहुँ
आपन काम करत बा। अब केउ ऐका रोक रहा बा
अउर उ तब तक ऐका रोकत रही, जब तलक, ओका
रोके रखइवाले क रस्ता स हटाई न दीन्ह जाइ। 8तबइ उ
दुस्ट मनइ परगट होइ जब पर्भू ईसू आपन महिमा मँ
फिन परगट होई तब ओका पर्भू ईसू अपने मुँह क फूँक
स मार डाईगा अउर अपने उपस्थिति क तेज स ओका
भस्म कर देई। 9ओह दुस्ट मनइ सइतान क सक्ती स
परगट होइ अउर उ बहुत बड़ी सक्ती, झूठे चमत्कारन,
अद्भुत चिन्हन अउर अचरजे कारजन, 10अउर सब

परकार क पाप स भरा छल-परपंच स भरा होइ। उ एनकर उपयोग मनइन क विरुद्ध करी जउन सर्वनासे क रस्ता मँ खोवा हवा अहइँ। उ भटक गवा हयेन काहेकि ओन्हन सत्य स पिरेम नाहीं किहे बाटेन, कहूँ ओनकर उद्धार न होइ जाइ। 11इही बरे परमेस्सर ओहमन एक छली सक्ती क काम मँ कई देई जेहसे उ झूठ मँ बिसवास करइ लाग रहेन। एहसे ओनकर बिसवास जउन झूठ बा, ओह पर होई। 12एहसे उ सभन जे सत्य पर बिसवास नाहीं किहेन अउर झूठ मँ आनन्द लेत रहेन, दण्ड पइहीं।

तोहे छुटकारा क बरे चुना गवा बा

13भाइयो तथा बहिनियो, पर्भू तोहका पियार करत ह। तोहरे पचन क बरे हमका हमेसा परमेस्सर क धन्यबाद करइ चाही काहेकि परमेस्सर तउ आतिमा क द्वारा तोहे सबन क पवित्तर कइक अउर सत्य मँ तोहरे बिसवास क कारण उद्धार पावइ क बरे तोहे सबन क चुने अहइ। जेन्हन मनइन क उद्धार होइ क बा, तू ओह सबन क पहिली फसल क एक हींसा अहा। 14अउर इही उद्धार क बरे जेका सुसमाचार क हम तोहे सबन क उपदेस दिहे हई ओकरे द्वारा परमेस्सर तउ तोहे पचन क बोलाएस ताकि तू पचे हमार पर्भू ईसू मसीह क महिमा क धारण कइ सका। 15इही बरे भाइयो तथा बहिनियो, अटल बना रहा अउर जउन उपदेस तोहे मौखिक रूप स या हमरे चिटिठयन क द्वारा दीन्ह गवा रहा, ओका थामे रखा।

16–17अब हमार पर्भू खुद ईसू मसीह अउर हमार परमपिता परमेस्सर जे हम पइ आपन पिरेम दर्साए अहइ अउर हमका परम प्रोत्साहन प्रदान किहे अहइ अउर जे हमका अपने अनुग्रह मँ मजबूत आसा प्रदान किहे अहइ तोहरे सबन क हिरदइ क आनन्द देइ अउर सब अच्छी बातन मँ जेका तू कहत ह या करत ह, तोहे प्रोत्साहित बनावइ।

हमरे बरे पराथना करा

3 भाइयो तथा बहिनियो, तोहे पचन क कछू अउर बात हमका बतावइ क बाटइ। हमरे करे पराथना करा कि पर्भू क उपदेस तेजी स फइलइ अउर महिमा पावई। जइसेन कि तोहे लोगन क बीच मँ भवा बा। 2पराथना करा कि हम बुरे अउर दुस्ट मनइन स दूर रही। (काहेकि सभन जने क तउ पर्भू मँ बिसवास नाहीं होत ह।) 3मुला पर्भू तउ बिसवास स भरा अहइ। उ तोहर सक्ती बढ़ाई अउर तोहे सबन क ओह दुस्ट स बचाइ रखी। 4हमका पर्भू मँ तोहर स्थिति क बारे मँ दृढ़ बिसवास बा। अउर हमका पूरा निस्चय बा कि हम तोहे जउन कछू करइ क कहे हई, तू वइसेन ही कइ चुका रह्या अउर करत रहब्या। 5पर्भू तोहरे पचन क हिरदइ क परमेस्सर क पिरेम अउर मसीह क धैर्य भरा मजबूती कइँती आगे करइ।

करम क अनिवार्यता

6भाइयो तथा बहिनियो, अब तोहे सबन क हमार पर्भू ईसू मसीह क नाउँ मँ इ हुकुम बा कि तू हर ओह भाइयन स दूर रहा जउन अइसेन जीवन जिअत ह जउन अनुचित चाल चलत अहइ। 7मइँ इ एह बरे कहत हउँ काहेकि तू तउ खुदइ इ जानत बाट्या कि तोहे पचन क हमार अनुकरण कइसे करइ चाही काहेकि तोहरे बीच रहत भए हम कभउँ आलसी नाहीं रहे। 8हम बिना मूल चुकाए कीहीउँ स भोजन नाहीं ग्रहण कीन्ह, बल्कि जतन अउर मेहनत करत भए हम दिन रात काम मँ जुटा रहे ताकि तोहमाँ स कीहीउँ पर बोझ न पड़इ। 9अइसा नाहीं अहइ कि हमका तोहसे सहायता लेइ क कउनउ अधिकार नाहीं बाटइ, बल्कि हम एह बरे कड़ी मेहनत करत अही ताकि तू ओकर अनुसरण कइ सका। 10इही बरे हम जब तोहरे साथे रहे, हम तोहे पचन क इ हुकुम दिहे रहे, "अगर केउ काम न करइ चाहइ तउ उ खाना भी न खाइ।"

11हमका अइसा बतावा गवा ह कि तोहरे बीच कछू अइसेन भी बाटेन जउन अइसेन जीवन जिअत हीं जउन ओनके अनुकूल नाहीं अहइ। उ कउनउ काम नाहीं करतेन, दुसरेन क बातन मँ टाँग अड़ावत हीं एहर-ओहर घूमत फिरत हीं। 12अइसेन लोगन क हम पर्भू ईसू मसीह क नाउँ प समझावत समझावत हुकुम देत अही कि उ सान्ति क साथे आपन काम करइ अउर अपने कमाई क ही खाना खाइँ। 13मुला भाइयो अउ बहिनियो! जहाँ तक तोहर बात बा, भलाई करत कभउँ न थका।

14इ चिट्ठी क माध्यम स दीन्ह गए हमरे हुकुमन पर अगर केउ न चलइ त ओह मनई पर नजर रखा कि उ कउन बाटइ अउर ओनकर संगत स दूर रहा ताकि ओका सरम आवइ। 15मुला ओनके साथे सत्रुअन जइसा व्यवहार न करा बल्कि भाई क समान ओका चेतावा।

चिठ्ठी समापन

16अब सान्ति क पर्भू खुद तोहे सब समइ, सब तरह स सान्ति देइ। पर्भू तू सबके साथे रहा।

17मइँ पौलुस खुद आपन लिखाई मँ इ नमस्कार लिखत हउँ। मइँ एह तरह सब चिट्ठी पर दसखत करत हउँ। मोरी लिखाई क सैली इहइ अहइ।

18हमार पर्भू ईसू मसीह क अनुग्रह तोहे सभन पर बना रहइ।

तीमुथियुस क पहिली पत्र

1 पौलुस कइँती स जउन हमार उद्धारकर्ता परमेस्सर
अउर हमार आसा मसीह ईसू क हुकुम स मसीह ईसू
क प्रेरित बना बा, 2तीमुथियुस क जउन बिसवासे मँ मोर
सच्चा बेटवा बा, परमपिता परमेस्सर अउर हमरे पर्भू ईसू
मसीह कइँती स अनुग्रह, दया अउर सान्ति मिलइ।

झूठा उपदेसन क विरोध मँ चेतावनी

3मैसीडोनिया जात समइ मइँ तोह सबन स जउन
इफिसुस मँ ठहरा रहइ क कहे रहेउँ, मइँ अबहुँ उही
आग्रह-क दोहरावत रहेउँ। ताकि तू उहाँ कछू लोगन क
झूठा उपदेस देत रहइ, 4कल्पना स भरी कहानी अउर
अनन्त वंसावलियन पर जउन लड़ाई-झगड़ा क बढ़ावा
देत हीं, अउर परमेस्सर क ओह प्रयोजन क सिद्ध नाहीं
होइ देत हीं; जउन बिसवासे पर टिका बा, धियान देइ स
रोक सकइँ। 5एह आग्रह क प्रयोजन बा उ पिरेम जउन
पवित्तर हिरदय, उत्तिम चेतना अउर छल रहित बिसवास
स पैदा होत ह।

6कछू जने तउ इन बातन स छिटक क भटक गवा
अहइँ अउर बेकार क वाद विवादन मँ जाईके फँसा
बाटेन। 7उ पचे व्यवस्था क उपदेसक तउ बनई चाहत
हीं, मुला जउन कछू उ कहत रहेन य जेन्हन बातन पइ
वो बहुत बल देत हयेन, ओन्हन तक क ओ सबइ नाहीं
समझतेन।

8हम अब इ जानित ह कि अगर केउ व्यवस्था क
ठीक ठीक तरह स प्रयोग करइ, त व्यवस्था उत्तिम
बाटइ। 9मतलब इ जानइ क बा कि व्यवस्था धर्मियन क
बरे नाहीं बल्कि अबिसवासी, पापी, अउर अपवित्तर
अधर्मियन, महतारी, बाप, क मारी डावइवालन, हतियारन,
10व्यभिचारिन समलिंग कामुकन, सोसण कर्ता लोगन,
झूठ क बोलवइयन, कसम तोड़इवालन या अइसेन हीं
अन्य कामन क बारे बा, जउन सिच्छा क विरोध मँ बा।
11उ सिच्छा परमेस्सर क महिमामय सुसमाचार क अनुसार
बा। उ सुधन्य परमेस्सर स मिलत ह। अउर उ सुसमाचार
का मोहका सँउपा गवा बा।

परमेस्सर क अनुग्रह क धन्यबाद

12मइँ, हमार पर्भू मसीह ईसू क धन्यबाद करत हउँ।
मोका उहइ सक्ती दिहेस ह। उ मोका बिसवासी समझिके
अपने सेवा मँ तैनात किहे बाटइ। 13जद्यपि पहिले मइँ
ओकर अपमान करइवाला, सतावइवाला अउर एक
बिनयरहित मनई रहेउँ। मुला मोहे पइ दया कीन्ह गइ
काहेकि एक अबिसवासी क रूपे मँ इ नाहीं जानत भए
कि मइँ का कछू करत हउँ मइँ सब कछू किहेउँ।
14अउर पर्भू क अनुग्रह मोका बहुतायत स मिला ह
अउर साथे ही उ बिसवास अउर पिरेम उ जउन मसीह
ईसू मँ बा।

15इ कथन सही बा अउर सब केउ क स्वीकार
करइ जोग्ग बा कि मसीह ईसू एह संसारे मँ पापियन क
उद्धार करइ बरे आई बाटइ। सच मइँ तउ सबसे बड़ा
पापी हउँ। 16अउर इही बरे तउ मोहे पइ दया कीन्ह गइ।
कि मसीह ईसू एक बड़इका पापी क रूपे मँ मोर उपयोग
करत आगे चलिके जउन लोग ओहमाँ बिसवास ग्रहण
करिहीं, ओनके बरे अनन्त जीवन मिलइ बरे एक उदाहरण
क रूप मँ मोका स्थापित कइके आपन असीम सहनसीलता
देखॉइ सकइ। 17अब उ अनन्त सम्राट अविनासी, अदृस्य
एक मात्र परमेस्सर क युग युगान्तर तक सम्मान अउर
महिमा होत रहइ। आमीन।

18मोर बच्चा तीमुथियुस! नबियन क बचनन क
अनुसार बहुत पहिले स ही तोहरे सम्बन्धे मँ जउन
भविस्सबाणियन कइ दीन्ह गइ रहिन, मइँ तोहका इ
हुकुम देत अही जम कइ ताकि तू ओनके अनुसार
19बिसवास अउर उत्तम चेतना स सहित होइके नेकी क
लड़ाई जम कइ लड़ सका। कछू अइसेन हयेन जेनकर
उत्तिम चेतना अउर बिसवास रूपी जहाज बूड़ गवा बा।
20हुमिनयुस अउर सिकन्दर अइसेन ही हयेन। हम ओनका
सइतान क सँउप दिहे हई ताकि ओनका परमेस्सर क
विरोध मँ परमेस्सर क निन्दा करइ स रोकई क पाठ
पढ़ावा जाइ सकइ।

स्त्री-पुरुसन बरे कछू नेम

2 सबसे पहिले मोर बिसेस रूपे स इ निवेदन बा कि
सबके बरे आवेदन, पराथना, अनुरोध अउर सब
मनइयन कइँती स धन्यबाद दिहा जाइ। 2सासकन अउर
सभन अधिकरियन क धन्यबाद दिहा जाइ। ताकि हम
चैन क साथे सांतिपूर्वक पूरे स्रद्धा अउर परमेस्सर बरे
सम्मान स भरा जीवन जी सकी। 3इ हमार उद्धारकर्ता
परमेस्सर क खुसी करईवाला अहइ। उ उत्तिम अहइ।
4उ सभन मनइयन क उद्धार चाहत ह अउर सत्य का

गियान चाहत ह। [5]काहेकि परमेस्सर एक्कई बा। अउर मानुस अउर परमेस्सर क बीच मँ मध्यस्थता एक्कई बा। उ खुदइ एक मानुस अहइ ईसू मसीह। [6]उ सबन क बरे खुद क फिरौती क रूप मँ दइ डाए अहइ। अउर परमेस्सर क सब लोगन क बचाबै क उदेस्स को व्यक्त किहे अहइ। [7]अउर इ साच्छी क प्रचार करइ बरे मोका एक प्रचारक अउर प्रेरित रखा गवा (इ मइँ सचइ कहत हउँ, झूठ नाहीं) मोका गैर यहूदियन क बरे बिसवास अउर सत्य क उपदेसक क रूपे मँ ठहरावा गवा।

[8]इन्ही बरे मोर इच्छा बा कि हर कहूँ सब मनइयन पवित्तर हाथन क उप्पर उठाइके परमेस्सर क बरे समर्पित होइ बिना कीहीउँ गुस्सा या मन-मोटाऊ पराथना करइँ।

[9]इही तरह स्त्रियन स भी मइँ इ चाहित हउँ कि उ पचे सीधी-सादी वेस-भूसा मँ सालीनता अउर आतिम संयम क साथे रहइँ। अपने आपे क सजावइ सँवारइ क बरे उ बारे क बेणियन न सजावइँ अउर सोना, मोतियन अउर बहुमूल्य वस्त्रन स सृंगार न करइँ। [10]बल्कि अइसेन स्त्रियन क जउन अपने आप क परमेस्सर क उपासिका मानत हीं, ओनके बरे उचित इ बा कि वो खुदइ क उत्तिम कामे स सजावइँ।

[11]एक स्त्री क चाही कि उ सांत भाव स सारे सम्पर्ण क साथे सिच्छा ग्रहण करइ। [12]मइँ इ नाहीं चाहित कि कउनउ स्त्री कउनउ मनई क सिखावइ पढ़ावइ अउर ओह पर सासन करइ। मुला ओका तउ चुपचाप ही रहइ चाही। [13]काहेकि आदम क पहिले बनावा गवा बा अउर तब पाछे हव्वा क। [14]आदम क बहकावा नाहीं जाइ सका मुला स्त्री क बहकाइ लिहा गवा अउर उ पापे मँ पतित होइ गइ। [15]मुला अगर उ मँ जइसन क करतब क निभावत भए बिसवास, पिरेम, पवित्तर अउर परमेस्सर क बरे समर्पण मँ बनी रहइ तउ स्त्रियन क उद्धार तउ जरूर मिल जाई।

कलीसिया क निरीच्छक

3 इ एक बिसवास करइ जोग्ग कथन बा कि अगर केउ निरीच्छक बनइ चाहत ह तउ उ एक अच्छे कामे क इच्छा रखत ह। [2]अब देखा ओका एक अइसी जिन्नगी जिअइ चाही जेकर लोग निआव स भरी आलोचना न कइ पावइँ। ओकर एकई पत्नी होइ चाही, ओका आत्मसंयमी, सुसील अउर अतिथि सत्कार करइवाला अउर सिच्छा देइ मँ निपुण होइ चाही। ओका पइसा क पिरेमी न होइ चाही। [3]ओका पियक्कड़ न होइ चाही, न तउ ओका झगड़ालू होइ चाही। ओका तउ सज्जन अउर सान्ति प्रेमी होइ चाही। ओका पैसे का पिरेमी न होइ चाही।

[4]अपने परिवारे क उ अच्छा प्रबन्धक होइ अउर ओनकर बच्चन ओकरे कब्जे मँ रहत रहइँ। ओकर पूरा सम्मान करत होइँ। [5]अगर केउ अपने परिवारे क प्रबन्ध करइ नाहीं जानत तउ उ परमेस्सर क कलीसिया क प्रबन्ध कइसे कइ पाई? [6]उ एक नवा बिसवासी न होइ चाही ताकि उ अहंकार स फूलि न जाइ। अउर ओका सइतान क जइसा दण्ड पावइ पड़इ। [7]एकरे अलावा बाहेर क लोगन मँ भी ओकर अच्छी इज्जत होइ चाही ताकि उ कउनउ आलोचना मँ फँसिके सइतान क फंदा मँ न पड़ि जाइ।

कलीसिया क सेवक

[8]इही तरह कलीसिया क सेवकन केउ आदरणीय होइ चाही अउ ओका अउर दु मुँहा न होइ चाही। ओकर मदिरापान मँ रुचि न होई चाही। बुरे रस्तन स ओनका धन कमाइ क इच्छुक न होइ चाही। [9]ओनका तउ पवित्तर मने स हमरे अभिव्यक्त सत्यन क थामे रखइ चाहे।

[10]ऐन्हऊ क पहिले निरीच्छकन क समान परखा जाइ चाही फिन अगर ओनके विरोध मँ कछू आपत्ति न होइ तबहिं एनका कलीसिया क सेवकन क न रूप मँ सेवा-काम करइ देइ चाही।

[11]इही तरह स्त्रियन क भी सम्मान क जोग्ग होइ चाही। ओनका निंदक न होइ चाही। बल्कि सालीन अउर सब तरह स भरोसा करइवाली होइ चाही। [12]कलीसिया क सेवक क केवल एक्कई पत्नी होइ चाही अउर ओका आपन बाल बच्चन अउर अपने घरारन क अच्छा प्रबन्धक होइ चाही।

[13]काहेकि अगर क कलीसिया क अइसेन सेवक क रूप मँ होइहीं जउन अच्छा सेवा प्रदान करत हीं, तउ उ पचे अपने बरे सम्मान स भरा स्थान अर्जित करिहीं। मसीह ईसू क बरे बिसवासे मँ जरूरइ ओनकइ आस्था होई।

हमार जीवन क रहस्य

[14]मइँ इ आसा क साथे तोहे इ बातन क लिखत हउँ कि जल्दी ही तोहरे लगे आउबइ। [15]अगर मोका आवइ मँ समइ लग जाइ तउ तोहे सबन क पता रहइ कि परमेस्सर क परिवारे मँ, जउन सजीव परमेस्सर क कलीसिया बा, कउनो क आपन व्यवहार कइसे रखइ चाही। कलीसिया तउ सब क जड़ अउर आधार स्तम्भ अहइ।

[16]बिना संदेह क हमरे भक्ति का रहस्य महान बाटइ:

> उ नर-देह धरे परगट भवा आतिमा द्वारा धर्मी प्रमाणित भवा देखेन ओका सरगदूतन हुआ प्रचारित उ राष्ट्रन मँ, जग तउ ओहपइ बिसवास किहेस, अउर उठावा गवा ओका महिमा मँ उप्पर।

झूठन उपदेसकन स सचेत रहा

4 पवित्तर आतिमा तउ स्पस्ट रूपे स कहत बाटइ कि आगे चलिके कछू लोग सच्चे बिसवास (उपदेस) पइ बिसवास न करिहीं अउर भटकावइवालन झूठन नबियन अउर दुस्ट आतिमन की सिच्छा पर धियान देइ लगिहीं जउन झूठ बोलिहीं अउर धोखा देत रइहीं। [2]ओन झूठन पाखण्डी लोगन क कारण अइसे मनइयन होइहीं जे सच अउर झूठ क विवेक न कइ सकिहीं अउर इ जेनकइ मन माना तपत लोहे स दाग दीन्ह गवा होइ। [3]उ पचे बियाह क निसेध करिहीं। कछू चीज खाई क मना करिहीं जेका परमेस्सर क बिसवासियन अउर जउन सच क पहिचानत हीं, ओनके बरे धन्यबाद दइके ग्रहण कइ लेइके बनावा गवा बा। [4]काहेकि परमेस्सर क रची सब चीज अच्छी बा अउर कउनउ चीज तियागइ जोग्ग नाहीं बा बसर्ते ओका धन्यबाद क साथे ग्रहण कीन्ह जाइ। [5]काहेकि उ परमेस्सर क बचन अउर पराथना स पवित्तर होइ जात ह।

मसीह ईसू क अच्छा सेवक बनअ

[6]अगर तू भाइयन क इन बातन क धियान दियावत रहब्या तउ मसीह ईसू क अइसेन अच्छा सेवक ठहरब्या जेकर पालन-पोसण, बिसवासे क द्वारा अउर ओन्हीं सिच्छा क द्वारा होत ह जेका तू ग्रहण किहे अहा।

[7]मनइयन क स्रद्धा विहीन कल्पित सबइ कथा स दूर रहा अउर परमेस्सर क सेवा क बरे अपने क साधना मँ लगाए रखा। [8]काहेकि सारीरिक साधना स तउ केवल तनिक ही लाभ होत ह जबकि परमेस्सर क सेवा सब कइँती स मूल्यवान बा काहेकि एहमाँ आज क समइ अउर आवइवाला जीवन क बरे दीन्ह गवा आसीर्वाद समावा बाटइ। [9]एइ कहावत पूर रूप स सच अहइ। अउर इ पूरी तरह ग्रहण करइ जोग्ग अहइ। [10]अउर हम सबहिं इही बरे कठिन मेहनत करत जूझत रहित ह। हम आपन आसा सबके विसेस कर बिसवासियन क, उद्धारकर्त्ता सजीव परमेस्सर पइ टिकाइ दीन्ह ह।

[11]एनही बातन क हुकुम अउर उपदेस द्या। [12]तू अबहिं जवान अहा। इही स कउनउ तोहे निम्न न समझइ। बल्कि तू आपन बातचीत, चाल-चलन, पिरेम-प्रकास, अपने बिसवास अउर पवित्तर जीवन स बिसवासियन क बरे एक उदाहरण बनि जा। [13]जब तक मइँ आई तू पवित्तर सास्तरन क सार्वजनिक पाठ करा, उपदेस अउर सिच्छा देई मँ अपने आप क लगाए रखा।

[14]तोहका जउन बरदान मिला बा, तू ओकर उपयोग कइके इ तोहे नबियन क भविस्सबाणी क परिणाम सरूप बुर्जुगन क द्वारा तोहपइ हाथ रखि दीन्ह गवा बा। [15]इन बातन क कारण पइ पूरा धियान लगाए रखा। एन्ही मँ स्थित रहा ताकि तोहार प्रगति सब लोगन क सामने परगट होइ।

[16]अपने जीवन अउर उपदेस क विसेस धियान रखा। ओनही पर टिका रहा काहेकि ओन पइ चलइ अउर सही रूप स पालन करइ मँ विसेस बल दा। अइसेन आचरण करत रहे स तू खुद अपने आपइ क अउर अपने सुनइवालन क उद्धार करब्या।

व्यवहारे क कछू नेम

5 कउनउ बड़ी आयु क मनई क साथे कठोरता स न बोला, बल्कि ओनहे बापे क रूप मँ देखत ओनके बरे विनम्र रहा। सलाह देत समइ अपने स छोटन क साथे भाइयन जइसा बर्ताव करा। [2]बड़ी स्त्रियन क महतारी समझा अउर जवान स्त्रियन क आपन बहिन समझिके सब पवित्रतन क साथे बर्ताव करा।

[3]ओन्हन विधवन क विसेस धियान रखा जउन वास्तव मँ अकेले अहइँ। [4]मुला अगर कउनउ विधवा क बेटवा-बिटिया अउर नाती पोता अहइँ तउ ओन्हे सबसे पहिले अपने धरम पर चलत चलत अपने परिवार क देखभाल करइ सीखइ चाही। ओनका चाही कि ओ पचे अपने महतारी-बापे क पालन पोसन क बदला चुकावइँ काहेकि एहसे परमेस्सर खुस होत ह। [5]उ विधवा जउन सही मँ विधवा बाटइ अउर जेकर धियान रखइवाला केउ नाहीं बाटइ, अउर परमेस्सर तउ जेकर सबइ आसा क सहारा बा उ दिन रात बिनती अउर पराथना मँ लगी रहत हीं। [6]मुला उ विधवा जे बिसय भोग क दास होइ गइ अहइँ जीते जी मरे भएन क समान बाटिन। [7]इही बरे बिसवासी लोगन क इन बातन क (ओनके सहायता क) आदेस द्या ताकि कउनउ भी ओनकर आलोचना न कइ पावइ। [8]मुला अगर केउ आपन रिस्तेदारन, विसेसकर आपन परिवार क सदस्यन क सहायता नाहीं करत, तउ उ बिसवास स फिन गवा बा अउर कउनो अबिसवासी से भी जियादा खराब बा।

[9]ओन्हन विधवन क विसेस सूची मँ जउन आर्थिक सहायता लेत बाटिन ओनही विधवा क नाउँ लिखा जाइ जउन कम स कम साठ साल क होइ चुकी बाटिन अउर जउन पतिब्रता रही हईन

[10]अउर जउन बाल बच्चन क पालत करत, अतिथि सत्कार करत भए, परमेस्सर क लोगन क पाउँ धोवत भए दुखियन क सहायता करत-करत, अच्छा कामन क बरे समर्पित होइके सब तरह क अच्छा कामन क बरे जाना-मानी जात रहिन।

[11]मुला सयानी-विधवन क एह सूची मँ सामिल न करा काहेकि मसीह क बरे ओनकर समर्पण पइ जब ओनकर बिसय वासना भरी इच्छा हावी होत ह तउ उ फिन बियाह करइ चाहत ह। [12]उ सबइ अपराधिन हइन काहेकि ओन्हन आपन मूलभूत प्रतिज्ञा क तोड़े हइन। [13]एकरे अलावा ओनका आलस क आदत पड़ि जात ह। उ सबइ एक घरे स दुसरे घरे घूमत फिरत हीं अउर उ

सबइ न केवल आलसी होइ जात हीं, बल्कि उ बातूनी बचिके लोगन क कामन मँ टाँग अड़ावइ लागत हीं अउर अइसेन बात बोलइ लागत हीं जइसे ओंहे न बोलइ चाही। 14इही बरे मइँ चाहत हउँ कि जवान-विधवन बियाह कइ लेइँ अउर औलाद क पइदा करत भए अपने घर बारे क देखभाल करइँ ताकि हमरे दुस्मनन क हम पर कटाच्छ करइ क कउनउ अवसर न मिलि पावइ। 15मइँ इ एह बरे बतावत हउँ कि कछू जवान विधवन क सइतान द्वारा पहिलेन स ही बहकाई गई रहिन।

16अगर कउनो बिसवासी स्त्री क घरे मँ विधवा हइन तउ ओन्हे ओकर सहायता खुद करइ चाही। अउर कलीसिया प कउनउ भार न डावइ चाही ताकि कलीसिया सच्ची विधवन क सहायता कइ सकइ।

17जउन निरीच्छक कलीसिया क अच्छी अगुआइ करत हीं ओनका दुगना सम्मान क पात्र होइ चाही। विसेस कर उ पचे जेनकर काम उपदेस देब अउर पढ़ाउब बा। 18काहेकि पवित्तर सास्तर मँ कहा गवा बा, "बरधा जब खरिहाने मँ होइ तउ ओकर मुँह न बाँधा।"* अउर "मजदूर क आपन मजदूरी पावइ क अधिकार बा।"*

19कउनो निरीच्छन पइ लगावा गवा कउनउ लांछन क तब तक स्वीकार न करा जब तलक दुई य तीन साच्छी न होइँ। 20जउन हमेसा पापे मँ लगा रहत हीं ओनका सबके सामने डाटा-फटकारा ताकि बाकी लोग डेराइँ।

21परमेस्सर , ईसू मसीह अउर चुना भवा सरगदूतन क सामने हम सचाई क साथे आदेस देत हई कि तू बिना कउनो पूर्वाग्रह क इन बातन क पालन करा। पच्छपात क साथे कउनउ काम न करा।

22बिना विचारे केउ क कलीसिया क मुखिया बनवइ क बरे ओह प जल्दी मँ हाथ न रखा। केउ क पापन मँ भागीदारी न बना। अपने क हमेसा पवित्तर रखा। 23तीमुथियुस, केवल पानी ही न पिअत रहअ। बल्कि अपने हाजमा अउर बार बार बीमार पड़इ स बचइ क बरे तनिक दाखरस भी लइ लिहा करा।

24कछू लोगन क पापन सही रूप स परगट होइ जात हीं अउर निआव क बरे पेस-कई दीन्ह जात ह मुला दुसरे लोगन क पापन बाद मँ परगट होत हीं। 25इही तरह अच्छा काम भी सही रूप स परगट होइ जात ह मुला जउन परगट नाहीं होतेन तउ उ पचे भी छुपा नाहीं रह सकतेन।

6 जउन लोग अंधबिसवासी क जुए क नीचे क दास बना अहइँ, ओन्हे अपने स्वामियन क सम्मान क जोग्ग समझइ चाही ताकि परमेस्सर क नाउँ अउर हमरे उपदेसन क निन्दा न होइ। 2अउर अइसेन दासन के भी जेनकर स्वामी बिसवासी हयेन, बस इही बरे कि उ पचे ओनकर धरमभाई अहइँ, ओनके बरे कम सम्मान न देखॉवइ चाही, बल्कि ओनका तउ अपने स्वामियन क अउर अधिक सेवा करइ चाही काहेकि जेनका एकर लाभ मिलत बा, उ पचे बिसवासी अहइँ, जेनसे उ पचे पिरेम करत हीं।

झूठइ उपदेस अउर सच्चइ धन

इन बातन क सिखावत रहा अउर एनकर प्रचार करत रहा। 3अगर केउ एनमाँ स अलग बात सिखावत ह अउर हमार पर्भू ईसू मसीह क ओन्हन सदबचनन क नाहीं मानत ह अउर परमेस्सर क सही तरीके स सेवा करे की सिच्छा स सहमत नाहीं होत ह 4तउ उ अंहकार मँ फूला बा अउर कछू भी नाहीं जानत ह। उ तउ कुतर्क करइ अउर सब्दन क लेइके झगड़इ क रोग स घिरा बाटइ। इन बातन स त ईर्सा, बैर, निन्दा-भाव अउर गाली-गलौज 5अउर ओन लोगन क बीच जेकर बुद्धि बिगड़ गइ बा, कबहुँ न खत्म होइवाला मतभेद पैदा होत ह अउर भ्रष्ट दिमाग क अहइ, जउन सत्य क खोइ चुका अहइ। अइसेन लोगन क बिचार बा कि परमेस्सर क सेवा धन कमाइ क ही एक साधन अहइ।

6निस्चय ही परमेस्सर क सेवा-भक्ति स ही आदमी बहुत सम्पन्न बनत ह। पर ई ओन्हीं क बरे सत्य बा जउन ओसे संतुस्ट होइ जात ह, जउन ओका मिलत ह। 7काहेकि हम संसारे मँ न तउ कछू लइके आइ रहे अउर न ही इहाँ स कछू लइके जाइ पाउब। 8तउन अगर हमरे लगे रोटी अउर कपड़ा बा त हम उही मँ सन्तुस्ट हई।

9मुला जउन धनवान बनइ चाहत हीं, जे प्रलोभन मँ पड़िके जाल मँ फँसि जात हीं ओनका अइसेन ढेर मूर्खपना अउर बिनास करइवाली इच्छन घेरि लेत हीं जउन ओनकर पतन अउर बिनास होय जात ह। 10काहेकि धन क पिरेम सब तरह क बुराइ क जनम देत ह। कछू लोग आपन इच्छन क कारण ही बिसवास स भटकि गवा हयेन अउर अपने क पीड़ित कइके कस्टमय समस्याआ का झेलत बाटेन।

याद रखइ जोग्ग बातन

11मुला हे परमेस्सर क लोग, तू इन बातन स दूर रहा अउर नेकी, परमेस्सर क सेवा, बिसवास, पिरेम धीरज, अउर सज्जनता मँ लगा रहा। 12हमार बिसवास जउन उत्तिम स्पर्धा क अपेच्छा करत ह, तू उही क बरे संघर्ष करत रहा अउर अपने बरे अनन्त जीवन क अर्जित कइ ल्या। तोहका उही क बरे बोलावा गवा अहा। तू बहुत स लोगन क सामने उस परम सत्य का (ईसू मसीह का) बहुत अच्छे तरह स अंगीकार किहे अहा।

"बरधा ... बाँधा" लूका 10:7

'मजदूर ... बा' व्यवस्था 25:4

13परमेस्सर क सामने, जउन सब क जीवन देत ह
अउर ईसू मसीह क सामने जे पुन्तियुस पिलातुस क
सामने बहुत अच्छी साच्छी दिहे रहा, मइँ तोहका इ हुकुम
देत हउँ कि 14जब तलक हमार पर्भू ईसू मसीह परगट
होत ह, जब तलक तोहे जउन हुकुम दीन्ह गवा बा, तू
उही पर बिना कउनउ कबहुँ छोड़े निर्दोस भाव स चलत
रहा। 15उ ओह पइ धन्य, एक छत्र, राजा लोगन क राजा
अउर सम्राटन क पर्भू क उचित समइ आए पइ घटित
करी।

16उ अगम प्रकास क निवासी अहइ। ओका न
केउ देखे बा, न केउ देखि सकत ह। ओकर सम्मान
अउर ओकर अनन्त सक्ती क बिस्तार होत रहइ। आमीन।

17वर्तमान युग क चीजन क कारण जउन लोग
अमीर बने भए अहइँ, ओन्हे आज्ञा द्या कि उ पचे
अभिमान न करइँ। अउर ओह धने स जउन जल्दी चला
आई कउनउ आसा न रखइँ। परमेस्सर पर ही आपन
आसा टिकावइँ जउन हमका हमार आनन्द क बरे सब
कछू भरपूर देत ह। 18ओनका आज्ञा देइँ कि उ पचे
अच्छा अच्छा काम करइँ। अच्छा कामन स ही धनी
बनइँ। उदार रहइँ अउर दूसरन क साथे आपन चीज
बाँटइँ। 19अइसेन करई स ही उ पचे एक सरगे क
खजाना क संचय करिहीं जउन भविस्य क बरे मजबूत
नींव सिद्ध होई। इहीं स उ सच्चा जीवन क थामे रइहीं।
20तीमुथियुस! तोहे जउन सँउपा गवा बा, तू ओकर रच्छा
करा। बेकार क संसारी बातन स बचा रहा। अउर
जउन "झूठा गियान" स सम्बन्धित बेकार क विरोधी
बिसवासी हयेन, ओनसे दूर रहा काहेकि 21कछू लोग
यह दावा करत हीं कि वे इसे "गियान" क जानत अहा,
पर उ वास्तव मँ बिसवासे स दूर चला जात हीं। परमेस्सर
क अनुग्रह तोहरे साथे रहई।

तीमुथियुस क दूसरी पत्र

1 पौलुस कइँती स जउन परमेस्सर क इच्छा स ईसू
मसीह क प्रेरित अहइ। अउर जेका मसीह ईसू मँ
जीवन पावइ क प्रतिज्ञा क प्रचार करइ के बरे भेजा गवा
बा।

[2]पियारा बेटवा तीमुथियुस क नाउँ: परमपिता अउर
हमरे पर्भू मसीह ईसू कइँती स तोहे अनुग्रह दया अउर
सान्ति मिलइ।

धन्यबाद अउर उत्साह

[3]रात दिन आपन पराथनन मँ हमेसा तोहर याद
करत भवा, मइँ ओह परमेस्सर क धन्यबाद करत हउँ,
अउर ओकर सेवा अपने पूर्वजन क रीति क अनुसार
सुद्ध मने स करत हउँ। [4]मोरे बरे तू जउन आँसू बहाए
अहा, ओकर याद कइके मइँ तोहसे मिलइ क आतुर
हउँ, ताकि आनन्द स भर उठउँ! [5]मोका तोहार उ सच्चा
बिसवास भी याद बा जउन पहिले तोहार नानी लोइस
अउर तोहर महतारी यूनीके मँ रहा। मोका भरोसा बा
कि उहइ बिसवास तोहरे भी मँ बा। [6]इही बरे मइँ तोहे
याद देवावत हउँ कि परमेस्सर क भेट क ओह जुवाला
क जलाइ राखा जउन तोहे सब क मिली रही जब तोह प
मइँ आपन हाथ रखे रहेउँ। [7]काहेकि परमेस्सर तउ
हमका जउन आतिमा दिहे बाटइ, उ हमका कायर नाहीं
बनवत बल्कि हमका सक्ती, पिरेम, अउर आतमसंयम
स भरि देत ह।

[8]इही बरे तू हमरे पर्भू या मोर, जउन ओनके बरे
बन्दी बना भवा बा, साच्छी देइ स लजा जिन। बल्कि
तोहका परमेस्सर जउन सक्ती दिहे बाटइ, ओसे परमेस्सर
क सक्ती दुआरा जातना झेलइ मँ मोर साथ द्या। [9]उहइ
हमका रच्छा किहेस अउर पवित्तर जीवन क बरे हमका
बोलाए अहइ–हमार आपन ओह कीन्ह कर्मन क आधार
प नाहीं, बल्कि ओकरे आपन ओह प्रयोजन अउर अनुग्रह
क अनुसार जउन परमेस्सर द्वारा मसीह ईसू मँ हमका
पहिले ही अनादिकाल स सऊँप दीन्ह गवा बा। [10]परन्तु
अब हमार बचावइवाले ईसू मसीह क परगट होइ क
साथे–साथे हमरे बरे प्रकासित कीन्ह गवा बा। उ मउत
क अन्त कइ दिहेस अउर जीवन अउर अमरता क
सुसमाचार क द्वारा प्रकासित किहे बाटइ। [11]इही
सुसमाचार क फइलावइ क बरे मोका एक प्रचारक,
प्रेरित अउर सिच्छक क रूप मँ नियुक्त कीन्ह गवा बा।

[12]अउर इहइ कारण अहइ जेहसे मइँ एन बातन क
दुख उठावत अहउँ। अउर फिन भी लज्जित नाहीं हउँ
काहेकि जेह प मइँ बिसवास किहे हउँ, मइँ ओका जानत
हउँ अउर मइँ इ मानत हउँ कि उ मोका जउन सँऊपे
अहइ, उ ओकर रच्छा करइ मँ समर्थ बाटइ जब तलक
उ दिन* आवइ, [13]ओह अच्छी सिच्छा क जेका तू मोसे
सुने अहा, ओका बिसवास अउर पिरेम मँ, जो मसीह ईसू
मँ अहइ ओकर आपन आदर्स सिच्छा बनाए रहा।

[14]हमरे भीतर निवास करइवाली पवित्तर आतिमा
क द्वारा तू उस सत्य की रच्छा करा, जउन तोहका
सँउपा गवा बा।

[15]जइसेन कि तू जानत ह कि उ सभन जउन एसिया
मँ रहत हीं, मोका छोड़ ग रहेन। फुगिलुस अउर हिरमुगिनेस
ओनहीं मँ स अहइँ। [16]उनेसिफुरुस क परिवारे प पर्भू
दया करइ। काहेकि उ कइयउ अवसरन प मोका सुख
पहुँचाए रहा। अउर उ मोरे जेल मँ रहइ स सरमान नाहीं।
[17]बल्कि उ तउ जब रोम आवा रहा, जब तलक मोसे
मिल नाहीं लिहेस, जतन स मोका निरन्तर ढूँढ़त रहा।
[18]पर्भू करइ ओका, ओह दिन पर्भू कइँती स दया मिलइ,
ओ इफिसुस मँ मोरी तरह-तरह स जउन सेवा किहेस ह
कउनो तरह स उ सेवा किहेस ओका तू अच्छी तरह स
जानत अहा।

मसीह ईसू क सच्चा सिपाही

2 जहाँ तक तोहर बात बा, मोर बेटवा! मसीह ईसू मँ
मिलइ वाली अनुग्रह स मजबूत होइ जा, [2]बहुत स
लोगन क साच्छी मँ मोसे तू जउन कछू सुने अहा, ओका
ओन बिसवास करइ जोग्ग मनइयन क सऊँप द्या जउन
दुसरेउ केउ क भी सिच्छा देई मँ समर्थ होइ। [3]जउन
यातना सबइ आवइँ ओनका मिलकर सामना करा।
जातना झेलई मँ मसीह ईसू क एक अच्छा सैनिक क
समान सेवा करत रहा। [4]अइसे सबहिं जउन सैनिक क
समान सेवा करत हीं अपने आप क साधारण जीवन क
जंजाल मँ नाहीं फँसउतेन काहेकि उ अपने सासक
अधिकरियन क खुस करई क बरे कोसिस करत रहत

दिन अरथ अहइ उठइ दिन जब सबहीं मनइयन क
निआव करइ बरे मसीह आइ अउर ओनका अपने संग रहइ
बरे लइ जाइ।

हीं। 5अउर अइसेनइ अगर केउ कीहीउ दउड़इ वाली प्रतियोगितन मँ हींसा लेत ह अउर नियमन क नमानइ, तउ ओका विजय क मुकुट ओह समइ तलक नाहीं मिलत, जब तलक कि उ नियमन क पालन करत करत प्रतियोगितन मँ भाग नाहीं लेत। 6किसान जो मेहनत करत ह इ उपज क सबसे पहिला भाग पावइ क अधिकारी अहइ। 7मइँ जउन बताइत हउँ; ओह प बिचार करा। पर्भू तोहे सब कछू समझइ क छमता प्रदान करी।

